वाराणसी, रविवार, 15 जनवरी, 2023
माघ मास, कृष्ण पक्ष 9, वर्ष 11, अंक 338, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

# जनसंदेश टाइम्स
परख सच की

मकर संक्रांति

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

नगर/डाक संस्करण
E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# अब बिजली भी पैदा करेंगे यूपी के किसान

## योगी सरकार ने तैयार की योजना, अन्नदाता के साथ-साथ ऊर्जादाता बनाने की है तैयारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अन्नदाता किसानों को सौर ऊर्जा से जोड़ने के लिए विशेष योजना तैयार की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अन्नदाता किसानों को ऊर्जादाता किसानों के रूप में भी विकसित करने का निर्णय लिया है। सीएम योगी की योजना को यूपी पावर कॉरपोरेशन (यूपीपीसीएल) ने कुसुम योजना के माध्यम से 6 जिलों में लागू करने का निर्णय लिया है। निजी विकासकर्ताओं (किसानों) के साथ 7 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन की परियोजनाओं पर पावर परचेज एग्रीमेंट किया गया है।

इसके तहत किसान अपनी बंजर जमीन पर सौर ऊर्जा उत्पादन केंद्र की स्थापना करेंगे। इसमें विभिन्न बैंक उनकी मदद करेंगे। सरकार भी इसमें सब्सिडी प्रदान करेगी। इस सौर ऊर्जा उत्पादन केंद्र के माध्यम से पैदा होने वाली बिजली को किसान सरकार या निजी बिजली कंपनियों को बेचकर अपनी आमदनी बढ़ा सकेंगे। योजना के

**विशेष योजना**

**योगी सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए सोलर ऊर्जा से जोड़ने की बनाई योजना**

**प्रदेश के छह जिलों में शुरू हुई कवायद, किसानों के साथ सोलर ऊर्जा की खरीद का करार**

तहत बिजनौर, हाथरस, महोबा, जालौन, देवरिया तथा लखनऊ में सौर ऊर्जा उत्पादन केंद्र की स्थापना की जाएगी।

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष एम देवराज ने बताया कि बिजनौर के ग्राम विलासपुर में 1.5 मेगावाट, हाथरस के ग्राम मौहारी में आधा मेगावाट, महोबा के ग्राम देवगांव में एक मेगावाट, जालौन के ग्राम खुक्सिस में एक मेगावाट, देवरिया के ग्राम बरियारपुर में एक मेगावाट तथा लखनऊ के ग्राम परसेनी में 2 मेगावाट



सौर ऊर्जा उत्पादन केंद्र स्थापित किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि इस योजना से किसानों को दो तरह के लाभ मिलेंगे। पहले पुराने डीजल सिंचाई पंप की जगह वो सोलर पैनल से चलने वाले सिंचाई पंपों का प्रयोग कर पाएंगे। दूसरा उन्हें खेत में लगे सोलर प्लांट से उत्पन्न बिजली को बिजली कंपनियों को बेच कर एक्स्ट्रा आय के तौर पर सालाना 80 हजार रुपये तक कमा सकते हैं। सरकार इस योजना के तहत किसानों को सब्सिडी के तौर पर सोलर पंप की कुल लागत का 90 प्रतिशत रकम देती है। इस योजना के अंतर्गत किसान अपनी बंजर जमीनों पर सोलर पैनल लगाकर सौर ऊर्जा से बिजली बना सकते हैं तथा इसे विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी बिजली कंपनियों को बेचकर प्रतिमाह पैसा कमा सकते हैं। कुसुम योजना के अंतर्गत 1 मेगावाट का सोलर प्लांट लगाने के लिए 5 एकड़ जमीन की आवश्यकता होती है। यानी, एक एकड़ जमीन 0.2 मेगा वाट बिजली उत्पन्न करती है। इस योजना के

**सोलर संबंधित जानकारी के लिए वॉट्सऐप नंबर**

पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड- 8010968292
मंध्याचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड- 88010924203
दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड- 8010957826
पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड- 7859804803
केस्को- 8189045247

माध्यम से किसान अपने क्षेत्र की बिजली से जुड़ी समस्याओं को भी खत्म कर सकते हैं। इस योजना के अंतर्गत दिए जाने वाले पंप बिजली और डीजल से चलने वाले कृषि पंप की जगह स्थापित किए जाएंगे।

यूपी पावर कारपोरेशन बिजली उपभोक्ताओं को वाट्सएप मैसेज के माध्यम से विद्युत बिल एवं समस्याओं के समाधान की सुविधा पहुंचा रहा है। इस समय प्रदेश में लगभग 3 करोड़ 30 लाख विद्युत उपभोक्ता हैं, जिसमें 33 लाख उपभोक्ताओं ने मैसेज प्राप्ति की सुविधा का लाभ लेने की सहमति दी है। यूपीपीसीएल के अध्यक्ष एम देवराज ने सभी उपभोक्ताओं तक इस सुविधा का लाभ पहुंचाने हेतु एक अभियान चलाने हेतु निर्देश दिए हैं। शक्ति भवन में आयोजित बैठक में उन्होंने प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं से अपील भी की है कि पावर कारपोरेशन द्वारा दी जा रही इस सुविधा का लाभ उठाएं। बिजली बिल और अन्य समस्याओं का ऑनलाइन निराकरण कराएं।

एम देवराज ने बताया कि प्रदेश के लगभग 33 लाख उपभोक्ता इस सुविधा का लाभ ले रहे हैं। इसके लिये उपभोक्ताओं को अपनी सहमति देनी पड़ती है। वॉट्सऐप सुविधा प्राप्त करने के लिए डिस्कॉम के मोबाइल नंबर पर मैसेज कर सकते है या फिर मोबाइल नंबरों पर मिस्ड कॉल देकर विद्युत बिल से संबंधित जानकारी एवं विद्युत संबंधी समस्याओं के तेजी से समाधान के लिए वॉट्सऐप से जुड़ सकते है।

# दिल्ली को दहलाने की साजिश नाकाम

## हैंड ग्रेनेड के साथ खून के निशान भी मिले



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने 26 जनवरी से पहले बड़ी कार्रवाई की है। स्पेशल सेल ने कनाडा में बैठे आतंकी अर्शदीप डल्ला के दो साथियों को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आतंकी गणतंत्र दिवस से पहले दिल्ली को माहौल खराब होने के लिए टॉरगेट किलिंग की साजिश रच रहे थे। पुलिस को आतंकियों के मोबाइल से आतंकी वारदात का ब्लू प्रिंट मिला है। दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार आतंकी जगजीत सिंह उर्फ जग्गा उर्फ जस्सा उर्फ याकूब उर्फ कप्तान और नौशाद के कब्जे से तीन आधुनिक पिस्टल व 22 कारतूस बरामद किए गए हैं। दिल्ली पुलिस की प्रवक्ता सुमन नलवा ने आरोपियों के गिरफ्तार करने की पुष्टि की है।

जग्गा के कनाडा में रह रहे एक खालिस्तानी आतंकवादी से संबंध होने का संदेह है। पुलिस ने बताया था कि नौशाद आतंकवादी संगठन हरकत उल-अंसार से जुड़ा है। जगजीत कुख्यात बंबीहा गिरोह का सदस्य है और उसे विदेश में रहने वाले राष्ट्र-विरोधी तत्वों से निर्देश मिलते रहे हैं। पुलिस ने कहा था कि वह उत्तराखंड में हत्या के एक मामले में पैरोल पर रिहा होने के बाद फरार हो गया था।

स्पेशल सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 26 जनवरी को देखते हुए स्पेशल सेल में तैनात एसीपी ललित मोहन नेगी की देखरेख में कई टीमें आतंकी व शरारती तत्वों पर नजर रखे हुए थीं। कई दिन की निगरानी के बाद

**चौकसी**

**26 जनवरी से पहले खालिस्तानी आतंकी डल्ला का मददगार गिरफ्तार**

**जग्गा और नौशाद की निशानदेही पर मिले ग्रेनेड, संदिग्धों को विदेश से मिलते थे कमांड**

स्पेशल सेल ने कोपा किरपाली गुलाट भोज, उधम सिंह नगर उत्तराखंड निवासी जगजीत सिंह (29) और जहांगीरपुरी दिल्ली निवासी नौशाद (56) को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। नौशाद आतंकी संगठन हरकत उल अंसार का सदस्य रहा है। उसे हत्या के दो मामलों में उम्र कैद और विस्फोटक अभिनियम के तहत 10 वर्ष की सजा हो चुकी है। जगजीत सिंह पंजाब के बंबीहा गिरोह का सदस्य है। उसे देशविरोधी वारदातों के लिए कनाडा में बैठे आतंकी अर्शदीप डल्ला से निर्देश मिलते थे। उसे अर्शदीप का खास सहयोगी बताया जा रहा है। वह उत्तराखंड में हत्या के मामले में पेरोल जंप कर गया था। अर्शदीप डल्ला खालिस्तान टास्क फोर्स(केटीएफ) का खूंखार आतंकी है। भारत सरकार ने उसे दो दिन पहले ही आतंकी घोषित किया था। अर्शदीप वर्ष 2017 में कनाड़ा फरार हो गया था। तभी से वह कनाडा से देश में देश विरोधी गतिविधियां चला रहा है।

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
वाराणसी
916 हॉलमार्क ज्वेलरी
SUNDAY OPEN

# नितिन गडकरी को जान से मारने की धमकी


**नागपुर।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को जान से मारने की धमकी मिली है। नितिन गडकरी के नागपुर स्थित कार्यालय में शनिवार (14 जनवरी 2023) सुबह तीन बार धमकी भरे फोन आए। नागपुर पुलिस का कहना है कि आगे की जांच जारी है।

नागपुर स्थित कार्यालय में लैंडलाइन फोन पर किसी अज्ञात शख्स द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई है। नितिन गडकरी के कार्यालय की ओर से इसकी शिकायत नागपुर पुलिस को दी गई है। नागपुर पुलिस ने जानकारी दी कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के नागपुर स्थित कार्यालय में सुबह 11.30 से 12.30 बजे के बीच तीन बार धमकी भरे दो कॉल आए। आगे की जांच जारी है। जानकारी के मुताबिक, किसी अज्ञात व्यक्ति ने नितिन गडकरी के

**जांच शुरू**

**गडकरी के ऑफिस में आया तीन बार कॉल, केंद्रीय मंत्री की बढ़ाई गई सुरक्षा**

नागपुर स्थित कार्यालय में फोन कर उन्हें जान से मारने की धमकी दी। इसके साथ ही उनके कार्यालय को भी उड़ाने की धमकी दी गयी। नितिन गडकरी के कार्यालय में सुबह लगातार तीन बार फोन आए। केंद्रीय मंत्री के कार्यालय की ओर से मिली शिकायत के बाद नागपुर पुलिस आगे की तफ्तीश करने जुट गई है। पुलिस कॉल करने वाले की लोकेशन ट्रेस कर रही है। केंद्रीय मंत्री का जनसंपर्क कार्यालय नागपुर के खामला चौक पर स्थित है। डीसीपी नागपुर राहुल मदान ने जानकारी दी,



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के कार्यालय के लैंडलाइन पर इरठछ से सुबह 11.25 बजे, 11.32 बजे और दोपहर 12.32 बजे तीन कॉल आईं। कॉल डिटेल रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं। आगे की जांच चल रही है। डिटेल मिल रहे हैं और हमारी क्राइम ब्रांच सीडीआर पर काम करेगी। एक विश्लेषण चल रहा है। मौजूदा सुरक्षा बढ़ा दी गई है। मंत्री गडकरी के कार्यक्रम स्थल पर भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने जिस नंबर से कॉल की गई उसे ट्रेस कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी की कोशिशें जारी हैं।

**बीजेपी के नेता को खालिस्तानी आतंकी की धमकी**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के नेता जसपाल सिंह अरोड़ा को खालिस्तान समर्थक और एसजेएफ के आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने फोन पर जान से मारने की धमकी दी है। इस बात की जानकारी खुद भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोड़ा ने दी है। दरअसल एसजेएफ के आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू का सिर काटकर लाने वाले व्यक्ति को बीजेपी नेता जसपाल सिंह अरोड़ा ने अपनी तरफ से 10 करोड़ रुपये इनाम देने की घोषणा की थी।

## लखनऊ में पकड़ा गया बांग्लादेशी डकैत

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में बांग्लादेशी डकैत को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सूत्रों के अनुसार पकडे गए डकैत का नाम असलम है। ये गिरोह बनाकर कई बड़ी वारदातों को अब तक अंजाम दे चुका है। सूत्रों के अनुसार राजधानी की चिनहट पुलिस ने देर रात इस शातिर को गिरफ्तार किया है। जबकि इसके 4 साथी अभी भी फरार हैं। पुलिस गिरफ्तार अपराधी से पूछताछ में जुटी है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त के पास से आधार कार्ड, श्रम कार्ड सहित 2174 रुपये बरामद किए गए हैं। असलम मूल रूप से बांग्लादेश का रहने वाला है और गिरोह बंद डकैती जैसी घटनाओं को अंजाम देता था इसने राजधानी लखनऊ में भी कई घटनाओं को अंजाम दिया था। इसके गैंग में एक दर्जन से अधिक सदस्य हैं जो अलग-अलग जगह पर रहते हैं और घटना को अंजाम देने के लिए इकट्ठा होते हैं।

## पीएम मोदी को लेकर आरजेडी का विवादित पोस्टर, मचा बवाल

**राबड़ी के घर के बाहर चस्पा पोस्टर में नीतीश द्वारा पीएम को मारने की बात की गई**



**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में आरजेडी के पोस्टर पर विवाद खड़ा हो गया है। पीएम मोदी के खिलाफ आरजेडी ने बेहद विवादित पोस्टर लगवाया है। ये पोस्टर बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी के घर के बाहर लगा है। पोस्टर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मारने की की बात की गई है। पोस्टर में लिखा है कि जैसे राम ने रावण को मारा और कृष्ण ने कंस को मारा वैसे ही बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मारेंगे। पोस्टर में सीएम नीतीश कुमार को हाथ में तीर धनुष के साथ दिखाया गया है। साथ में राहुल गांधी, तेजस्वी यादव, शरद पवार, केसीआर की तस्वीर भी लगी है और सामने नरेंद्र मोदी हैं। ये विवादित पोस्टर छपरा के अमनौर विधानसभा की महिला आरजेडी महासचिव पूनम राय ने लगाया है।

# ट्रक व स्कूल बस में टक्कर

**हादसा**

**दस लोग घायल, हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर फरार**

**रेणुकूट।** स्थानीय पुलिस चौकी क्षेत्र के मुर्धवा-हाथीनाला मार्ग पर शनिवार की सुबह एक स्कूल बस-ट्रक की भिड़ंत में 10 लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को हिंडाल्को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां सभी का इलाज कराकर प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।

क्षेत्र के खाड़पाथर में स्थित बाबूराम सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय की बस शनिवार की सुबह छात्रों और अध्यापकों को लेकर रेणुकूट से कॉलेज की ओर जा रही थी। इस दौरान मुर्धवा से आगे बढ़ने पर ट्रक चालक द्वारा गलत दिशा में जाकर बस को सामने से धक्का मार दिया गया। जिससे बस में



हादसे के बाद मौके पर जुटी भीड़

बैठे लगभग 10 लोग मामूली रूप से घायल हो गए। चौकी प्रभारी शिवकुमार सिंह ने बताया कि ट्रक चालक की गलती से हुए इस हादसे में प्रज्ञा सिंह पत्नी विकास सिंह, सुमन देवी पत्नी मुकेश साहनी, किरण यादव पत्नी अशोक यादव, श्रुति सिंह पुत्री अखिलेश्वर सिंह, रीना यादव पत्नी किशन यादव, आशीष तिवारी पुत्र वीरेंद्र तिवारी सभी निवासी रेणुकूट, रंजीत कुमार पुत्र नंदलाल, रिशु सिंह पत्नी चंद्रबली सिंह निवासी पिपरी व बस चालक भजन पाल 55 निवासी खाड़पाथर घायल हो गए। सभी घायलों को हिंडाल्को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां सभी को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। वहीं ट्रक को लेकर वाहन चालक फरार हो गया।

## मनीष सिसोदिया के ऑफिस पर सीबीआई की रेड

**नई दिल्ली।** दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ऑफिस में सीबीआई की रेड पड़ी है। शाम 4 बजे ट्वीट करते हुए मनीष सिसोदिया ने इसकी जानकारी दी। सिसोदिया ने ट्वीट करते हुए लिखा कि आज फिर मेरे दफ्तर सीबीआई पहुंची है उनका स्वागत है। इन्होंने मेरे घर, दफ्तर पर रेड कराई कुछ नहीं मिला। मेरे गांव



तक गए लॉकर तक में छानबीन की लेकिन कुछ नहीं मिला और नहीं मिलेगा। वहीं सीबीआई से जुड़े सूत्रों का कहना है कि छापेमारी नहीं की जा रही है। आबकारी केस से जुड़े केस में कुछ दस्तावेज लेने के लिए टीम सचिवालय गई थी और उसके बाद वहां से निकल गई।

# कांग्रेस सांसद संतोख सिंह चौधरी का निधन

**जालंधर।** पंजाब के जालंधर से कांग्रेस सांसद संतोख सिंह का शनिवार सुबह निधन हो गया। वे राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए थे। यात्रा के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। बताया जा रहा है कि संतोख सिंह कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ चल रहे थे तभी उनकी धड़कन तेज हो गई। तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। राहुल गांधी की यात्रा आज सुबह 7 बजे लुधियाना के लोडोवाल से शुरू हुई थी। यात्रा को सुबह 10 बजे जालंधर के गोराया में पहुंचना था। अचानक सांसद को हार्टअटैक आया और वे गिरकर बेहोश हो गए। उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनका के निधन हो गया। 24 घंटे के लिए रोकी यात्रा : भारत जोड़ो यात्रा के दौरान दिल का दौरा पड़ने के कारण कांग्रेस नेता एवं सांसद संतोख सिंह चौधरी के निधन के बाद पार्टी ने उनके सम्मान में शनिवार को एक दिन के लिए यात्रा रोक दी। यात्रा इस समय पंजाब में है।



**दुखद**

**भारत जोड़ो यात्रा के दौरान आया हार्ट अटैक**

## ललित मोदी कोविड निमोनिया के कारण अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पूर्व अध्यक्ष ललित मोदी को कोविड-19 और निमोनिया के कारण लंदन के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने लंदन लुटोन हवाई अड्डे पर पहुंचने की तस्वीरों के साथ इंस्टाग्राम पोस्ट में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वह अभी मेक्सिको सिटी से विमान से लाए जाने के दौरान बाहरी ऑक्सीजन प्रणाली की मदद ले रहे हैं। ललित मोदी ने उपचार की तस्वीरें साझा करते हुए कहा, दो सप्ताह में दो बार कोविड के साथ इनफ्लूएंजा और गंभीर निमोनिया के चलते तीन सप्ताह तक कैद रहने के बाद आखिरकार दो डॉक्टरों के साथ हवाई एम्बुलेंस के जरिए पहुंच गया हूं। उन्होंने कहा कि उड़ान सुगम रही। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से अब भी चौबीस घंटे बाहरी ऑक्सीजन प्रणाली की मदद ले रहा हूं। ललित मोदी ने मेक्सिको सिटी में उनका इलाज करने वाले और वापस ब्रिटेन लाए जाने के दौरान उनके साथ आए डॉक्टरों का शुक्रिया अदा किया।

# जोशीमठ-औली रोपवे के प्लेटफॉर्म में दरार

## अगले आदेश तक बंद, वैज्ञानिकों की टीम ने किया निरीक्षण

**देहरादून।** उत्तराखंड के जोशीमठ में भू-धंसाव के चलते जोशीमठ-औली को जोड़ने वाली रोपवे के प्लेटफॉर्म में दरार आ गई है। खतरे को देखते हुए रोपवे को अगले आदेश तक बंद कर दिया गया है।

रोपवे में आयी दरारों के बाद रोपवे मैनेजर दिनेश भट्ट ने बताया, ह्लयह दरारें कल से आई हैं और इससे खतरा बना हुआ है। हमने एहतियात के तौर पर रोपवे बंद किया है। रोपवे अगले आदेश तक बंद है। मैंने रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी है। जोशीमठ की स्थिति के कारण रोपवे को 5 जनवरी से बंद कर दिया गया है। वहीं, इंजीनियरों की टीम ने जोशीमठ में दरार वाले घरों का निरीक्षण किया। भू-धंसाव के चलते प्रसाशन ने जोशीमठ में घरों के ध्वस्तीकरण का काम शुरू किया।

**वैज्ञानिक बोले**

**जिन घरों में दरारें आई हैं उनकी स्थिति अच्छी नहीं**

सीबीआरआई के चीफ इंजीनियर डॉ. अजय चौरसिया ने कहा कि जोशीमठ के 9 वार्डों में 4000 भवनों का आकलन किया जा रहा है। हम भवनों के विवरण का आकलन कर रहे हैं कि भवन का निर्माण कैसे किया गया, किस सामग्री का उपयोग किया गया, क्या यह निर्धारित मानदंडों के अनुसार था? उन्होंने कहा कि जिन घरों में दरारें आने की सूचना मिली है, उनके बाहर मीटर नापें मूल्यांकन रिपोर्ट उत्तराखंड सरकार को प्रस्तुत की जाएगी ताकि वे उसके अनुसार एक प्रशासनिक योजना बना सकें। जोशीमठ भू-धंसाव प्रभावित



क्षेत्र का पर्यावरण और जलवायु वैज्ञानिकों की टीम ने निरीक्षण किया। वैज्ञानिक डॉ. जेसी कुनियाल ने बताया, हम पर्यावरण और पारिस्थितिक आकलन करेंगे और यहां पानी की गुणवत्ता का भी आकलन करेंगे। हमारी 4-5 टीमें अलग-अलग क्षेत्रों में इस पर काम कर रही हैं। डॉ जेसी कुनियाल ने जानकारी दी, जिन घरों में दरारें आई हैं, उनकी स्थिति अच्छी नहीं है। सरकार ने पहले ही उन लोगों का पुनर्वास कर दिया है। हम देख रहे हैं कि क्या भूमि के और धंसने की संभावना है या क्या भूमि को उसकी मूल स्थिति में बहाल किया जा सकता है। यह हमारे लिए चुनौती की बात है।

## सुल्तानपुर से ही लोकसभा चुनाव लड़ेंगी मेनका गांधी

**सुल्तानपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद मेनका गांधी सुल्तानपुर से एक बार फिर लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरेंगी। अपने कार्यों के आधार पर अपनी दावेदारी पेश करती वे दिख रही हैं। इसके संकेत उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे पर दिए हैं। उन्होंने अपना फ्यूचर रोडमैप भी शेयर किया है। तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचीं मेनका गांधी ने कहा कि ये मेरा आखरी साल है। मैं चाहती हूं कि आखिरी मिनट में भागा-दौड़ी न करें। इससे अच्छा है कि हर गांव के जो 15-20 मुखिया लोग हैं, उनसे बात करके अभी से ही हम लोग तैयारी करें। मेनका गांधी ने ये भी कहा कि अगर मुझमें कोई कमी है तो यही वक्त है बताने के लिए। अगर हम गलतियां कर रहे हैं तो ये समय सुधार का है। मेनका ने कहा है कि मेरी अब इतनी उम्र नहीं है कि एक दिन में 70-70 मीटिंग करूं।

# यूपी के 20 जिलों में ऑरेंज व 30 जिलों में येलो अलर्ट जारी

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ समते यूपी के कई जिलों में मौसम की करवट ने सुबह से ही आसमान साफ रखा और धूप निकलने से लोगों ने सर्दी से राहत महसूस की। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार से एक बार फिर से घने कोहरे के आसार हैं। सोमवार से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों में शीतलहर के लिए चेतावनी भी जारी की गई है। मौसम केंद्र के वैज्ञानिक एम दानिश के अनुसार शनिवार से एक बार फिर तापमान में दो से चार डिग्री तक की गिरावट शुरू हो रही है। साथ ही पश्चिमी हवाओं का असर भी देखने को मिलेगा। इसकी वजह से गलन का अहसास हो सकता है। शीत दिन की स्थिति भी बनेगी। ठंडी हवा और कोहरे से बचाव के लिए उपाय करने चाहिए। कोहरे के अलर्ट के



**मौसम**

**घने से अत्यधिक घने कोहरे की चेतावनी जारी**

साथ 15 जनवरी से पश्चिमी उत्तर प्रदेश, तराई बेल्ट के जिलों और पूर्वांचल समेत 20 जिलों में घने कोहरे के साथ शीत दिन के लिए आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इनमें सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर , मुरादाबाद, रामपुर , बरेली, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, गोंडा, बलरामपुर, बस्ती, सिद्धार्थनगर, संत कबीर नगर, गोरखपुर, महाराजगंज, कुशीनगर और देवरिया शामिल हैं।

इनके अलावा अन्य 30 जिलों में घने कोहरे के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके तहत कोहरे के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। मौसम विभाग के पूवानुंमान के अनुसार, लखनऊ और आसपास के जिलों में शनिवार को मध्यम से घना कोहरा हो सकता है। प्रदेश के कुछ जिलों में घने से अत्यधिक घने कोहरे के लिए चेतावनी जारी की गई है। मौसम शुष्क रहेगा।

# ट्रिपल मर्डर का आरोपी दामाद अरेस्ट

## पत्नी से चल रहा था मनमुटाव, आंगन में पत्नी को मारा

**कबूला जुर्म**

**बचाव में आये साला और सास पर भी हंसिया से किया था वार**



पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी

**वाराणसी।** राजातालाब थाना क्षेत्र अंतर्गत मिल्कीपुर में हुए ट्रिपल मर्डर में हत्यारा दामाद गिरफ्तार हो गया। सीपी ने आरोपी दामाद की गिरफ्तारी के लिए चार टीम गठित की थी। पुलिस पूछताछ में आरोपी दामाद अरविंद गुप्ता ने गुनाह कबूला और आगे की कार्रवाई में उसे जेल भेजा गया। मामले का पर्दाफाश एडिशनल सीपी अपराध एंव मुख्यालय संतोष कुमार सिंह और डीसीपी गोमती जोन विक्रांत वीर ने किया। राजातालाब मिल्कीपुर में मां रानी देवी, बेटा मोहन और बेटी पूजा यानी अरविंद की पत्नी की हंसिया और बांस के डंडे से वार कर हत्या कर दी गयी थी। इस हत्याकांड को अंजाम मृतका का दामाद अरविंद ने दिया था। संतोष कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी अरविंद की उसकी पत्नी पूजा गुप्ता के साथ मनमुटाव चल रहा था। घटना के चार दिन पहले अरविंद और पूजा में विवाद हुआ था। इसके बाद उसने पूजा को मायके छोड़ दिया था। सोमवार की रात में अरविंद मिल्कीपुर पहुंचा। उस समय सास रानी गुप्ता मटर छील रही थी और उसकी पत्नी पूजा मसाला पीस रही थी। इसी दौरान अरविंद ने पत्नी को मारना शुरू किया। उसकी आवाज सुनकर साला मोहन अपने कमरे से निकला तो अरविंद ने उसे आंगन में ही जमकर पीटा और मौत के घाट उतार दिया। इसी बीच पहुंची पत्नी और सास के गर्दन पर हंसिया से मारकर उन्हें मौत की नींद सुला दी। तीनों की हत्या के बाद वह पिछले दरवाजे से निकला और खेतों से होकर भाग निकला। अरविंद ने हत्या को अपनी समझ से सुनियोजित ढंग से अंजाम दिया। हत्या के बाद भागते समय उसे गांव के ही एक व्यक्ति ने देख लिया था। पुलिस ने सर्विलांस पर उसका मोबाइल स्विच आफ था। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त आलाकतल बरामद कर लिया है।

### मजदूर ने लगाई फांसी

**बड़ागांव।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के दल्लुपुर (बसनी) गांव निवासी मजदूर रविशंकर पटेल (30) पत्नी से विवाद के बाद शुक्रवार रात नौ बजे घर से निकला और पास स्थित एक बगीचे में पेड़ के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह टहलने निकले गांव के लोगों ने की सूचना परिवार को दी तो पत्नी बेहोश हो गई। रविशंकर पटेल तीन भाइयों में सबसे छोटा है। युवक शराब पीने का आदती था। शराब पीने के बाद पत्नी से अक्सर झगड़ा करता था। शुक्रवार रात भी वह शराब पीकर आया और पत्नी से उसका झगड़ा कर घर से चला गया। घर से लगभग दो सौ मीटर दूर स्थित एक बगीचे में शीशम के पेड़ के डाल में मफलर से फांसी का फंदा बनाकर झूल गया। उसके तीन पुत्र हैं।

# बेटी के घर से लौट रहे पिता की हादसे में मौत

**दुखद**

**बेटा घायल, ऑटो और बाइक की हुई टक्कर**

**सेवापुरी।** बेटी के घर खिचड़ी पहुंचाकर बाइक से लौट रहे पिता की सड़क हादसे में मौत हो गयी। जबकि बेटा गंभीर रूप से घायल हुआ। हादसा वाराणसी-भदोही मार्ग कपसेटी बाजार में हुआ। यहां बाइक से ऑटो की टक्कर हुई जो मौत की वजह बनी। घटना के ऑटो छोड़कर चालक भाग निकला। जानकारी के अनुसार रोहनिया थाना क्षेत्र के जफराबाद गांव निवासी बबलू 24 वर्ष अपने पिता राजेंद्र प्रसाद 55 वर्ष के साथ बाइक से अपने बहन के घर भदोही खिचड़ी पहुंचाने गया था और लौटते वक्त ऑटो ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से पहले ऑटो चालक एक पशु को भी टक्कर मारी थी। कपसेठी पुलिस ने ऑटो को कब्जे में लिया वहीं मृतक की डेडबॉडी पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक पेशे से बुनकर था तथा दो पुत्र व दो पुत्रियों का पिता था। मौत की सूचना पर पत्नी मंझारी और बच्चों का रोकर हाल बेहाल है।

### सैन्य अधिकारी बनकर लगाया 95 हजार का चूना

वाराणसी। कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत आइसक्रीम विक्रेता को सैन्य अधिकारी बनकर जालसाज आर्डर दिया और 95 हजार का चुना लगाया। पीड़ित ने कैंट थाने में तहरीर दी। पुलिस द्वारा 66 डी का मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गयी। कैंट थाना क्षेत्र के विंध्यवासिनी नगर निवासी अनुभव बरनवाल के अनुसार शुक्रवार को उसके मोबाइल पर फोन कर आइसक्रीम का आर्डर दिया गया। आरोप है कि 39जीटीसी के गेट के पास पहुंच कर जब उसने फोन से सम्पर्क किया तो वह अपने को ब्रिगेडियर बताते हुए आर्डर का पेमेंट ऑनलाइन करने का झांसा देकर उसके फोन पर एक रुपये भेजने को कहा। पेमेंट न मिलने का बहाना बना कर उसने तीन चार बार यही शिकायत की। इस तरह की बात कर उसने मेरे खाते से पांच बार में 95 हजार रुपये की निकासी कर ली।

## संक्षेप

### सीपी ने सुनीं शिकायतें, दिया निस्तारण का निर्देश

वाराणसी। पुलिस कमिश्नर मुथा अशोक जैन शनिवार को समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना और मातहतों को निस्तारण के लिए निर्देशित किया। उन्होंने जनसुनवाई को प्राथमिकता देने की बात कही। सुनवाई के दौरान आयी शिकायतों को संबंधित विभाग से कोआर्डिनेशन कर निस्तारण करने का निर्देश दिया। जनसुनवाई के बाद सीपी ने थाने का कार्यालय रजिस्टर जांचा,महिला हेल्प डेस्क सीसीटीएनएस कार्यालय और मालखाने की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आपराधिक प्रवृति के लोगों पर ठोस कार्रवाई करें। असमाजिक तत्वों की निगरानी बराबर की जाए साथ ही थाने में दर्ज मुकदमों की विवेचना में तेजी लाए और लाने गुणवत्तापूर्वक छानबीन करने को कहा।

### डीसीपी ने सुनी शिकायत

बड़ागांव। बड़ागांव थाने में डीसीपी विक्रांत वीर और जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों ने जनसुनवाई की। इस दौरान यहां आयी शिकायतों को जांच कर निस्तारण करने को कहा गया। सुनवाई के दौरान राजस्व से छह एवं पुलिस विभाग से जुड़ा एक मामला सामने आया। अधिकारियों ने राजस्व विभाग एवं थाना प्रभारी को मौके पर जाकर जांच कर निस्तारण करने को कहा। दूसरी तरफ चौबेपुर थाने पर एसीपी और नायब तहसीलदार फरियादियों की समस्याओं को सुना और निस्तारण का निर्देश दिया। सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ अमित श्रीवास्तव व नायब तहसीलदार जाल्हूपुर प्रतिमा द्विवेदी समक्ष कुल 9 शिकायतें आयी।

### तीन में एक मामला निकला फर्जी

पिंडरा। एसडीएम पिंडरा अंशिका दीक्षित ने सिंधोरा और फूलपुर थाने में जन शिकायतों का निस्तारण किया। उन्होंने संबन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करने को कहा साथ ही मौके पर जाकर जांच करने की बात की। सिंधोरा थाने पर तीन मामले आये जिसे मौके पर मातहतों को भेज जांच करायी गयी। इसमें एक मामला चकरोड को कटाने का था वो फर्जी निकला। यहां तीन मामलों में से एक का निस्तारण हुआ। वही फूलपुर में एक भी फरियादी नही पहुंचे।

### मोबाइल चोरी करने वाला गिरफ्तार

तरना। शिवपुर थाना क्षेत्र के सब्जी मंडी स्थित मोबाइल की दुकान में 25 जनवरी को शटर चाढ कर मोबाइल चोरी करने वाला चोर शिवपुर पुलिस के हत्थे चढ़ा। सब इंस्पेक्टर विवेक सिंह ने बताया कि 25 जनवरी को मेहता नगर कालोनी के समीप एक मोबाइल की दुकान से चोरों ने 26 मोबाइल चोरी हुई थी। इस बाबत रपट दर्ज होने के बाद पुलिस छानबीन कर रही थी। शनिवार की रात चोरी करने वाला आरोपी आशीष पटेल को पकड़ा गया। उसके पास से चोरी का एक मोबाइल भी बरामद हुआ। गिरफ्तार करने वाली टीम में सब इंस्पेक्टर विवेक सिंह, कांस्टेबल राकेश कुमार एवं कांस्टेबल गौतम विश्वकर्मा सम्मिलित रहे।

### मां की डांट पर किशोरी भागी

वाराणसी। चितईपुर थाना क्षेत्र विश्वकर्मा नगर कॉलोनी में रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी को मां ने डांट इस कदर नागवार लगी कि वो कोचिंग जाने की बात कहकर निकली और नहीं लौटी। काफी खोजबीन करने के बाद भी किशोरी के पिता ने चितईपुर थाने में गुमशुदगी की रपट दर्ज करायी। पुलिस जांच में जुट गयी है।

### डॉक्टर समेत छह लोग चाइनीज मंझे से जख्मी

वाराणसी। चायनीज मंझा ने शनिवार को एक चिकित्सक समेत छह लोगों की जख्मी कर दिया। घायलों ने मण्डलीय व निजी अस्पताल में इलाज करवाया। मण्डलीय अस्पताल के आकस्मिक कक्ष के प्रभारी डॉक्टर जयेश मिश्रा ने बताया कि शनिवार को सुबह आठ बजे ड्यूटी वह ड्यूटी करने अस्पताल पहुंचे। परिसर में ही चायनीज मंझा उनके चेहरे पर आ गया। जब तक वह छुड़ाते तब तक नाक को हल्का से रेत दिया। इसके अलावा पिपलानी कटरा के पास बाइक से जा रहे मनोज 30 वर्ष नामक युवक की दाया हाथ जख्मी कर दिया। विशेश्वरगंज के पास चायनीज मंझा की चपेट ने आने से सुधीर 40 वर्ष, लहुराबीर के पास संतोष 44 वर्ष, भुलेटन के दीपक 12 वर्ष समेत छह लोग जख्मी हो गये।

### कुलपति ने विजेता विद्यार्थियों से किया संवाद, दी बधाई

वाराणसी। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में आयोजित युवा महोत्सव में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ का परचम लहराने वाले समस्त विद्यार्थियों से कुलपति आनंद त्यागी ने संवाद किया और बधाई दी। प्रोफेसर त्यागी ने कहा कि कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प एवं निरंतर प्रयास से ही लक्ष्य की प्राप्ति होती है और बुलंदियों को छुआ जा सकता है। इस अवसर पर संकायाध्यक्ष छात्र कल्याण संकाय, प्रोफेसर केके सिंह, टीम मैनेजर सुमित घोष, प्रभारी एनटीपीसी परिसर चंद्रशेखर सिंह, प्रभारी मंच कला विभाग संगीता घोष, सुमंत कुमार, श्रेयांश सिंह, अनुभव मिश्रा, मनीष कुमार, जय गुप्ता, मनोज कुमार, अंशु कुमारी, दिव्यांशी पांडे, नेहा यादव, तृप्ति यादव, सूरज तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# टीकाकरण के नाम पर की गई ठगी

**तरना।** लाख सतर्कता के बावजूद साइबर ठग नए-नए तरीके ईजाद कर लोगों को ठगने में कामयाब हो जा रहे हैं। साइबर फ्राड का एक ऐसा ही मामला प्रकाश में आया जिसमें साइबर ठग नवजात शिशु के टीकाकरण कराने के लिए फोन कर महिला के बैंक अकाउंट से हजारों रुपए उड़ा लिया। शिवपुर निवासी आकांक्षा राय की माने तो 29 दिसंबर को उसके मोबाइल पर राजेश राय नाम के व्यक्ति का फोन आया और उसने कहा कि वह टीकाकरण डिपार्टमेंट से बोल रहा है, अपने बच्चे का टीकाकरण कराने के लिए रजिस्ट्रेशन करा लें। थोड़ी ही देर बाद दूसरे नंबर से फोन आया और उसने रजिस्ट्रेशन के लिए लिंक भेज कर 10 ट्रांसफर करने के लिए कहा। पीड़िता के अनुसार जैसे ही उसने लिंक के माध्यम से 10 ट्रांसफर किया, उसके खाते से 36999 कट गया। पीड़िता ने घटना के संदर्भ में शिवपुर थाने में तहरीर दी।

### ऑनलाइन नंबर सर्च करना पड़ा भारी, लगा 52 हजार का चूना

**तरना।** शिवपुर थानाक्षेत्र के ऊँचावालाज निवासी व्यक्ति के बैंक अकाउंट से 52598 रुपया कट गया। पीड़ित राकेश राममूर्ति दुबे ने बताया कि उसने कुरियर से मंगाए गए डिलेवरी के लिए ऑनलाइन नंबर सर्च किया। उक्त नंबर पर फोन किया तो राकेश को रजिस्ट्रेशन कराने की बात कही गयी।

रजिस्ट्रेशन के लिए जालसाज ने दूसरा नंबर दिया, जिसपर बात करने पर नाम, पता और मोबाइल नंबर पूछा और कहा कि आपका रजिस्ट्रेशन हो गया है। जालसाज ने बताया कि 31 दिसंबर को माल मिल जाएगा। राकेश दुबे के अनुसार तीन जनवरी को उसके बैंक एकाउन्ट से 52598 रुपया निकल गया। पीड़ित ने शिवपुर थाने में तहरीर दी।

## एटीएम में 70 हजार की जालसाजी

**रोहनिया।** राजातालाब थाना क्षेत्र में एटीएम मशीन के अंदर युवक से 70 हजार की जालसाजी हो गयी। इस मामले में वह चार दिन से राजातालाब थाने का चक्कर लगा रहा है लेकिन उसकी रपट दर्ज नहीं हो रही। जानकारी के अनुसार खुशीपुर निवासी अशोक कुमार यादव अपने भाई सुरेश कुमार यादव का एटीएम कार्ड लेकर नौ जनवरी को राजातालाब स्थित एसबीआई के एटीएम मशीन में पैसा निकालने पहुंचा था। इस बीच वहां मौजूद एक अज्ञात ने उसे अपनी बातों में उलझाया और पैसे नहीं निकलने की बात कहकर उसका कार्ड लिया, कार्ड का पिन डालने को कहा। इस दौरान जालसाज पिन नंबर प्राप्त कर लिया और कार्ड बदलकर 70 हजार निकाल लिया। मामले की जानकारी तब हुई जब पीड़ित अगले दिन पैसा निकालने दूसरे एटीएम मशीन में पहुंचा यहां खाता चेक किया तो पता चला कि 70 हजार निकाले जा चुके हैं। उसने तत्काल इसकी सूचना बैंक को दी। इस मामले वह शिकायत दर्ज कराने के लिए राजातालाब का चक्कर लगा रहा है लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हो रही।

# लड़कियों को देख बजाते थे सीटी, गाते थे गाना

**मिली सजा**

**चार शोहदों को पुलिस ने किया अंदर**

**जनसंदेश न्यूज**



**वाराणसी।** सिगरा थाना पुलिस ने शनिवार को रोडवेज के पास से चार शोहदों को दबोचा। ये सभी रोडवेज के पास आने जाने वाली लड़कियों को देखकर सिटी मारते और अश्लील गाना गाते थे। इस बात की जानकारी सिगरा थाना पुलिस को मिली। मौके पर रोडवेज चौकी प्रभारी आदित्य सिंह, उपनिरीक्षक गणेश दत्त त्रिपाठी, उपनिरीक्षक आरिफ खान खान समेत अन्य पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी कर सभी को दबोचा। अभियुक्तों की पहचान पप्पू निवासी सिकंदरपुर बलिया, गोलू कुमार पोठी थाना पुनपुन पटना बिहार, सुनील कुमार यादव पिसौर ताढिया थाना शिवपुर और सुजीत सोनकर सिंधोरा वाराणसी के तौर पर हुई। सभी को आगे की कार्रवाई में जेल भेजा गया। थाना प्रभारी राजू सिंह ने बताया कि रोडवेज और स्टेशन परिसर समेत इंग्लिशिया लाइन पर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। रोडवेज के आसपास शोहदों पर नजर रखी जा रही है। साथ ही यहां गलत कृत्य अब सख्ती के बाद न के बराबर है। महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है और उसे पूरा करना हमारी जिम्मेदारी। रोडवेज और कैंट परिसर के आसपास लगातार अभियान चलाया जा रहा है इसका असर भी दिखने को मिल रहा है।

### डूब रहे व्यक्ति को पीएसी के जवान ने बचाया

वाराणसी। भेलुपुर थाना क्षेत्र के केदारघाट के सामने स्नान के दौरान पैर फिसलने से श्री के चंदू 40 वर्षीय शनिवार सुबह डूबने लगें। घाट पर ड्यूटी पर तैनात पीएसी के जवान रोहित कुमार कन्नौजिया ने समय रहते बाहर निकाला। श्री चंदू आगेड़ि बाजार यादा मंदिर के रहने वाले हैं। काशी भ्रमण करने के लिए आए हैं। सोनारपुरा स्थित एक लाज में ठहरे हैं।दर्शनर्थी ने जवान को धन्यवाद करते हुए वापस लौट गया।

# आभूषण की दुकान में चोरी, लाखों का माल पार

**वाराणसी।** चितईपुर चौराहा से दो सौ मीटर दूर स्थित एक आभूषण की दुकान में नकबजनी कर पांच लाख के आभूषण और 20 हजार नकदी पर चोरों ने हाथ साफ किया। मामले की जानकारी शनिवार की सुबह दुकान खोलने के दौरान दुकान मालिक को हुई। उसे तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर डीसीपी काशी जोन समेत अन्य पुलिसकर्मी वहां पहुंच छानबीन की। मैदागिन निवासी दुकान मालिक रजनीश कुमार की माने तो घटना शुक्रवार की रात की है और बगल में बंद पड़े गोदमा में प्रवेश कर नकबजनी कर चोर अंदर घूसे। अच्छी बात ये रही कि जिस लॉकर में ज्यादा आभूषण थे उसे चोर खोल नहीं सके। बाकि बाहर बिखरे कुछ आभूषण और नकदी पर हाथ साफ किया। करीब पांच लाख का माल चोरी हुआ।

### सेंध लगाकर बैटरी चोरी

रोहनिया। रोहनिया थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहनसराय में राजातालाब टोडरपुर निवासी सुशील सिंह की बैटरी की दुकान में सेंधमारी कर लाखों की बैटरी चोर उठा ले गये। सुशील ने रोहनिया थाने में तहरीर दी है। सुशील ने बताया कूल 18 बैटरीया चोरी हुई है। जिसकी कीमत लगभग लाख में है। बैटरी में 80,90 100 एंपियर की बैटरी की थी।

# खूब हुई तिल-तिलवा-तिलकुट की खरीदारी

**संक्रांति बाजार**

**स्थायी-अस्थायी दुकानों पर उमड़ी भीड़**

**युवाओं में रही पतंग-मांझा की डिमांड**



शनिवार को लोगों ने तिलकुट-तिलवा की खूब की खरीदारी

**वाराणसी।** मकर संक्रांति रविवार को मनायी जाएगी। इसकी तैयारियों में लोग शनिवार को जुटे नजर आए। संक्रांति बाजार में तिल-तिलवा-तिलकुट समेत लाई-चूड़ा, ढुंढा आदि की खरीदारी के लिए थोक एवं फुटकर की स्थायी-अस्थायी दुकानों पर खूब भीड़ उमड़ी। इसके इतर, पतंग बाजार में भी भीड़ कम नहीं थी। दालमंडी-चौक में तो तिल रखने की जगह नहीं थी। युवा मन पतंग और मांझा की खरीदारी करते नजर आए। मकर संक्रांति के दिन स्नान-ध्यान के बाद तिल-तिलवा-तिलकुट खाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। इसको लेकर निर्माताओं ने एक माह पूर्व से ही तैयारी शुरू कर दी थी। बाजार में चीनी व गुड़ निर्मित तिलकुट तो बिक ही रहे हैं। इसके बीच मूंगफली बादाम, चना दाल, सेव, लाई आदि के तिलकुट भी है। हर शख्स अपने पॉकिट के हिसाब से खरीदारी करने में जुटा दिखा। थोक एवं फुटकर विक्रेताओं की माने तो कच्चे माल की कीमतें बढ़ने के कारण तैयार सामग्रियों के दाम में 15 से 20 फीसदी तक उछाल आया है। विक्रेताओं ने बताया कि जालपा देवी, औरंगाबाद, नरिया, सुंदरपुर, मंडुवाडीह, लहरतारा, पांडेयपुर, भोजूबीर, पहड़िया समेत नगर के विभिन्न इलाकों में तिल-तिलवा-तिलकुट आदि का निर्माण बड़े पैमाने पर होता है। यहां से पूर्वांचल के विभिन्न जिलों के फुटकर व्यापारी माल खरीद कर ले जाते हैं। थोक कारोबारियों की माने तो इस सीजन में करीब 20 करोड़ का लाई, चूड़ा, तिल, तिलकूट, गजक आदि बिक जाते हैं। दूसरी तरफ, मकर संक्रांति पर पतंग उड़ाने की पुरानी परम्परा के चलते इसकी बिक्री भी खूब होती है। प्रमुख मंडी कुंदीगर टोला में इन दिनों ग्राहकों की जहां भारी भीड़ उमड़ रही है। वहीं नगर के विभिन्न इलाकों में खुली अस्थायी दुकानों पर भी ग्राहकी खूब निकल रही है। पतंग के साथ मांझा, परेती आदि की बिक्री भी हो रही है। इनके दाम भी 20 से 25 फीसदी तक चढ़े हैं।

# चायनीज मंझा से गला कटा



**हरहुआ।** बड़ागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत हरहुआ बाजार ओवर ब्रिज के ऊपर बाइक से अपने घर लौट रहे अभिषेक श्रीवास्तव निवासी जमालापुर का गला चाइनीज मंझे से कट गया। घाव इतना गहना था कि खून बहाव तेजी से होने लगा। चक्कर खाकर वह बाइक समेत वह सड़क पर गिर गया। इस दौरान साक्षात्कार देकर घर लौट रहे दो युवक सौरभ उपाध्याय और पंकज निवासी जौनपुर ने उसकी मदद की। सौरभ ने अपने मोफलर से उसका गला बांधा और बाइक पर बैठाकर हरहुआ स्थित निजी अस्पताल लेकर गया। यहां इलाज के बाद उसकी हालत खतरे से बाहर बतायी गयी। प्रशासन भले ही अपनी पीठ चौड़ी करे कि चाइनजी मंझे की बिक्री नहीं हो रही लेकिन नतीजा सड़कों पर देखा जा सकता है। हरहुआ पुलिस चौकी से मात्र 20 मीटर की दूरी पर एक पतंग की दुकान से प्रतिदिन प्रतिबंधित चाइनीज मंझे बेचे जाते हैं। दासेपुर निवासी और आरटीआई कार्यकर्ता राजेश नाथ पाण्डेय ने चाइनीज मंझे की हो रही बिक्री की प्रमाण सहित जानकारी हरहुआ पुलिस चौकी प्रभारी को दी। लेकिन हरहुआ पुलिस कार्यवाही के बजाए आनाकानी करती रही। शनिवार को भी दुकानदार चाइनीज मांझा बेचते देखा गया।

# क्राइम कंट्रोल में फेल थाना प्रभारी लाइनहाजिर

**वाराणसी।** चोलापुर थाना प्रभारी दुर्गेश मिश्रा लाइन हाजिर किए गए। जानकारी के अनुसार अपराध नियंत्रण में विफल रहने पर ये कार्रवाई हुई है। राजेश त्रिपाठी को चोलापुर थाना का प्रभारी बनाया गया है। चोलापुर थाना क्षेत्र में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। बीते कई दिनों से चोलापुर इलाके में कई आपराधिक मामले सामने आए हैं। जिसको कंट्रोल करने में चोलापुर थाना प्रभारी दुर्गेश मिश्रा विफल पाए गए। वहीं दूसरी तरफ वरुणा जोन में करीब दो दर्जन पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण किया गया। इन पुलिसकर्मियों को चौबेपुर, चोलापुर, सारनाथ,लालपुर, कैंट, रोहनिया, मंडुवाडीह, पांडेयपुर,लोहता और शिवपुर भेजा गया।

जनसंदेश टाइम्स
वर्गीकृत
सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे हाईस्कूल के अंकपत्र में मेरा नाम महमूद पुत्र अब्दुल्लाह खान अंकित है जो गलत है। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम महमूद खान पुत्र ओबैदुल्लाह खान लिखा गया है जो सही है। मुझे मेरे सही नाम महमूद खान पुत्र ओबैदुल्लाह खान के नाम से जाना व पहचाना जाय।

मेरे पासपोर्ट संख्या-K5320951 में मेरा नाम सुरेंद्र पुत्र राजभवन अंकित हो गया है जो गलत है, जबकि मेरा सही नाम सुरेंद्र राजभर पुत्र राजभवन है अन्य प्रमाण पत्रों में आधार कार्ड, पैन कार्ड में मेरा नाम सुरेंद्र राजभर है, मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाता है, सुरेंद्र राजभर पुत्र राजभवन ग्राम-बाकरकोल, पोस्ट-छितौना, थाना-अहरौला, तहसील-बूढ़नपुर, जिला-आजमगढ़, उत्तर प्रदेश पिन संख्या-223221

### सीएम आवास का पैसा रोजगार सेवक पर हड़पने का आरोप

सेवापुरी। शनिवार को समाधान दिवस पर जंसा थाना परिसर में नायब तहसीलदार राजातालाब श्याम नारायण तिवारी एवं अपर पुलिस उपायुक्त गोमती जोन नीरज कुमार पांडेय ने फरियादियों की समस्याएं सुनी इस दौरान कुल तीन प्रार्थना पत्र पड़े जिसमें दो राजस्व के एवं एक प्रार्थना पत्र पुलिस विभाग से संबंधित था। इस दौरान बरनी गांव बनवासी बस्ती की अनीता देवी पत्नी राजेश सहित पिंटू रामसूरत, लाल बहादुर,राजेश ने संयुक्त प्रार्थना पत्र देकर गांव के रोजगार सेवक चंद्रशेखर मौर्य के ऊपर आरोप लगाया कि हम लोगों को सरकार द्वारा प्राप्त मुख्यमंत्री आवास योजना की धनराशि उक्त रोजगार सेवक ने कई बार में अंगूठा लगवाकर आवास की धनराशि हड़प लिया गया है। जिससे हम लोगों का आवास अधर में लटक गया है। इस पर नायब तहसीलदार ने संबंधित लेखपाल एवं थानाध्यक्ष जंसा को उक्त मामले को संज्ञान में लेकर उचित कार्यवाही का आदेश दिया गया।

# किसान इंटर कॉलेज की जमीन पर बनेगा बस अड्डा

**मीटिंग**

**मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने की वीडीए की निर्माणाधीन व प्रस्तावित परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा**

**जनसंदेश न्यूज**



कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने शनिवार को वाराणसी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति के बारे में समीक्षा की

**वाराणसी।** मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने शनिवार को वीडीए से अफसरों संग बैठक कर शहर में निमार्णाधीन परियोजनाओं और प्रस्तावित प्रोजेक्ट्स की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने रोप-वे बनाने वाली वाली कंपनी को निर्देश दिया कि आगामी छह माह में किये जाने वाले कार्यों का ब्योरा लिखित तौर पर सोमवार तक वीडीए को उपलब्ध कराएं। ट्रांसपोर्ट नगर की समीक्षा में उन्होंने मुआवजा देकर जमीन पर काबिज भू-स्वामियों से उचित वसूली करने का आदेश दिया। इस मौके पर श्री शर्मा ने ट्रांसपोर्ट नगर योजना के बारे में कहा कि जिन्होंने मुआवजा नहीं लिया है उनसे बात करके मुआवजा दें। कमिश्नर ने सारनाथ में पर्यटन विकास से जुड़े सुंदरीकरण कार्य करा रही एजेंसी को मैनपावर तथा संसाधन बढ़ाकर आगामी अप्रैल माह कार्य पूर्ण कराने को कहा। ताकि जी-20 की प्रस्तावित बैठक से काम पूरा हो जाय। उन्होंने सर्किट हाउस के सामने उपलब्ध जमीन को पार्किंग स्थल के तौर पर विकसित करने के लिए खाका तैयार करने के निर्देश दिये। श्री शर्मा ने चौक क्षेत्र से शिफ्ट हुए व्यापारियों के लिये मार्केट कॉम्प्लेक्स बनाने के लिए व्यापारी समूहों की ओर से सुझाये गये कुछ स्थलों पर भी चर्चा की। वहीं, शहर में प्रस्तावित नयी ग्रीन फील्ड टाउनशिप की प्लानिंग बनारस के माहौल के अनुसार से करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस बारे में ऐसी कार्ययोजना न तैयार हो कि भविष्य में प्रोजेक्ट और पैसा फंस जाये। उन्होंने हरहुआ क्षेत्र स्थित किसान इंटर कॉलेज की जमीन पर बस अड्डा बनाने की बात भी कही। बैठक में वीडीए उपाध्यक्ष अभिषेक गोयल, सचिव सुनील वर्मा समेत अन्य संबंधित अफसर भी थे।

कार्यालय ग्राम पंचायत बहुती, वि0 ख0 पटेहरा कलां, मीरजापुर

अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत बहुती,विकास खण्ड पटेहरा कलां मीरजापुर द्वारा वर्ष 2022-23 में मनरेगा योजनान्तर्गत निम्नांकित कार्यो को कराये जाने हेतु वाणिज्यकर में पंजीकृत फर्मो दिनांक 17.01.2023 को 2 बजे अपराह्न तक नीचे दिये गये विवरण के अनुसार आपूर्ति हेतु सामग्री का दर आमंत्रित किया जाता है। उसी दिन निविदा गठित समिति द्वारा 3 बजे अपराह्न खोला जायेगा। इच्छुक फर्म सामग्री दर (कार्यस्थल तक आपूर्ति एवं अनुमन्य कर आदि सहित) बन्द लिफाफे में पंजीयन प्रमाण पत्र स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति के साथ नियत तिथि को टेण्डर खोला जायेगा। निविदा प्रपत्र कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में मूल्य 100 रुपया मात्र में प्राप्त किया जा सकता है। टेण्डर के समय सामग्री अंश का 2 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी की धनराशि एन0एस0सी0 या एफ0 डी0 जो ग्राम विकास अधिकारी के पक्ष में बंधक होगा उसे जमा करना होगा। टेण्डर खोलते समय टेण्डर दाता जो उपस्थित रहना चाहते हो वो रह सकते है। जिसका टेण्डर न्यूनतम होगा उसी का टेण्डर स्वीकृत किया जायेगा। कायार्देश के पश्चात 3 प्रतिशत जमानती धनराशि के रूप में एफ0डी0/एन0एस0सी0 जमा करना होगा तथा बिना कारण बताये निविदा अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। बिल के साथ विभाग के रूप पत्र एम0 एम0 11 सलंग्न करना अनिवार्य होगा।

**कार्य का नाम** - बहुती बिंद बस्ती से प्रेम बिंद के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण।

**सामग्री** - स्टोन ब्लास्ट 40 एम एम, स्टोन ब्लास्ट 20 एम एम, स्टोन ब्लास्ट 80 एम एम, स्टोन ब्लास्ट 63 एम एम, स्टोन ब्लास्ट 50 एम एम, स्टोन चिपिंग स्क्रीनिंग 150 माइक्रॉन, फाईन सेन्ड, पोर्टलैण्ड सीमेन्ट, कोर्स सेन्ड, ईंट प्रथम श्रेणी, सनड्राइज, इण्टरलाकिंग ब्लाक 80 एम एम, सेन्ड जोन, स्टोन चिपिंग/स्क्रीनिंग 10/11.2 एम एम, स्टोन चिपिंग/स्क्रीनिंग 4.75 एम एम, साईन बोर्ड 1 नग, एक्स्ट्रा चार्ज।

सचिव - अरुण प्रकाश शुक्ल
ग्राम प्रधान - आशा देवी



# वाराणसी भास्कर





गंगा में स्नानार्थियों की भीड़

# मकर संक्रांति पर आस्थावानों ने गंगा में लगायी डुबकी

## गंगा घाटों पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**छतों पर जमकर हुई पतंगबाजी, भक्काटे से गूंजा इलाका**

**भोजपुरी गीतों व डीजे की धुन पर छतों पर की मस्ती**

**आज भी मनायी जायेगी मकर संक्रांति**

**वाराणसी।** मकर संक्रांति पर शनिवार को आस्थावानों ने गंगा में डुबकी लगायी। गंगा में पुण्य स्नान करने को लेकर घाटों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा रहा। श्रद्धालुओं ने गंगा घाटों पर अपने सामर्थ्य के अनुसार दान-पुण्य भी किया। लोगों ने घाटों पर तिल, तिलवा पट्टी, लाई-चूड़ा और गर्म कपड़ों का भी वितरण किया। मकर संक्रांति पर शहर के विभिन्न इलाकों में मकान की छतों पर जम कर पतंगबाजी हुई। युवाओं व बच्चों ने रंग-बिरंगी पतंगों को आसमान में उड़ा कर इसका आनंद लिया। शहर के विभिन्न मुहल्लों व इलाकों में मकानों की छतों पर डीजे की धुनों व भोजपुरी गीतों पर भी सभी ने मस्ती की। इस दौरान चूड़ा-मटर, मगदल व खिचड़ी का भी सभी ने स्वाद लिया। गंगा घाटों पर शनिवार को प्रातःकाल से ही स्नानार्थियों के जाने का सिलसिला शुरू हो गया था। सर्वाधिक भीड़ दशाश्वमेधघाट, प्रयागघाट, डा. राजेन्द्र प्रसाद घाट, राणामहल घाट, मान मंदिर, अस्सी, केदारघाट, मीरघाट, त्रिलोचन घाट, गायघाट, प्रहलादघाट, राजघाट, भैंसासुर घाट पर देखी गई। अस्सी घाट व दशाश्वमेधघाट समेत अन्य घाटों पर दान-पुण्य भी चल रहा था। श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से गंगा में डुबकी लगा कर मां गंगा से प्रार्थना की। घाटों पर स्नान को लेकर गोदौलिया से दशाश्वमेध मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रही। यही हाल भैंसासुर घाट (राजघाट- नमोघाट) जाने वाले मार्ग पर दिखी। भैंसासुर घाट पर भी लोगों ने तिलवा-पट्टी, लाई-चूड़ा व कंबल का वितरण किया।

काशी में अधिकांशतः 14 जनवरी को ही मकर संक्रांति का पावन पर्व मना कर लोग पुण्य अर्जित करते हैं। जबकि सूर्यदेव के मकर राशि में प्रवेश होने पर ही मकर संक्रांति मनानी चाहिए। ज्योतिषविद् पं. विमल जैन के मुताबिक सूर्यदेव 14 जनवरी की रात्रि 3.01 मिनट पर धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश कर गये थे। इसके फलस्वरुप जो लोग मकर राशि में सूर्य के आने पर मकर संक्रांति का पर्व मनाते हैं वह 15 जनवरी को मकर संक्रांति का पर्व मनायेंगे। ज्योतिषीय गणना व धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक मकर राशि में सूर्य के आने पर ही यह पर्व विशेष रूप से शुभ फलदायी माना गया है।

मकर संक्रांति के पर्व पर अन्नपूर्णा मंदिर की ओर से हजारों भक्तो में प्रसाद रूप में खिचड़ी व लड्डू बांटा गया। काशी में आए श्रद्धालुओं को गंगा किनारे दशाश्वमेधघाट पर महंत शंकरपुरी महराज की उपस्थिति में भक्तो को खिचड़ी व लड्डू वितरित किया गया। सुबह छ बजे से ही प्रसाद वितरण का कार्य शुरू हुआ जो शाम तक चलता रहा। इस मौके पर दिलीप तुलस्यान,रमेश तिवारी नरसिंह दास,अभिषेक शर्मा व पवन शुक्ला रहे। इसी तरह लक्सा व गोदौलिया में भी मकर संक्रांति पर सभी कचौड़ी-जलेबी खिलायी गई।



घाटों पर लड़कियों ने लिया पतंगबाजी का आनंद

# मकर संक्रांति पर ठंड हुई कम, राहत

**वाराणसी।** शनिवार को दिन में एकाएक ठंडक कम हो गई है। अधिकतम तापमान 14 डिग्री से सीधे 24 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। अचानक से 10 डिग्री तक पारा गिरने से ठंड कम हो गई। मौसम भी लगभग साफ नजर आया। तेज धूप खिली। मकर संक्रांति से सूर्य का उत्तरायण होना काफी राहत देता नजर आया। हालांकि शाम ढलने के बाद मौसम नम होने लगा था। लेकिन दिन में राहत मिलने से लोगों में सुकून नजर आया। शहर में सुबह की विजिबिलिटी एक किलोमीटर और गांवों में 500 मीटर दर्ज की गई। हवा बिल्कुल शांत नजर आया तो राहत मिली। मौसम विज्ञान विभाग का मानना है कि मकर संक्रांति के बाद ठंड की एक और लहर आएगी। तापमान भी गिरेगा। पछुआ जोर पकड़ेगी। शनिवार को अच्छी धूप निकलने का अर्थ यह नहीं है कि ठंड ही खत्म हो गई। ठंडक अभी जनवरी भर ठीक-ठाक रहेगी। शनिवार को अन्य दिनों की कल्पना कर बदन पर गर्म कपड़े लादकर निकले लोगों ने दिन में गर्मी का एहसास किया। लोगों को लगा कि गर्मी शायद लौट आयी। तमाम लोगों के बदन से जैकेट आदि उतरते नजर आए। लेकिन मौसम में आए क्षणिक बदलाव से सतर्क रहने की जरुरत है। चिकित्सकों का कहना है कि मौसम में उतार-चढ़ाव ही बीमारी का घर होता है। वैसे भी अभी सर्दी गयी नहीं है। लिहाजा, लोगों को सतर्कता बरतने की जरुरत है।

**मौसम की राहत**

**कोहरा नहीं, हवा शांत और अच्छी धूप निकली**



घाटों पर किया गया दान-पुण्य

# काशी समेत 5 शहरों में करेंगे 'कल्चरल स्पेस' विकसित



जनपद में कल्चरल स्पेस विकसित करने के बारे में शनिवार को सर्किट हाउस में आला अफसरों ने बैठक कर सुझावों का आदान-प्रदान किया

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कल्पना के अनुरूप देश में वाराणसी समेत कोलकाता, दिल्ली, मुंबई और अहमदाबाद में सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए 'कल्चरल स्पेस' के विकास के उद्देश्य से पहल की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार की संयुक्त सचिव मुग्धा सिन्हा की अध्यक्षता में सर्किट हाउस सभागार में बैठक हुई। उसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

मीटिंग के दौरान क्लचरल स्पेस के लिए चयनित शहरों से जुड़ी संबंधित जानकारियों का प्रेजेंटेशन दिया गया। मुग्धा सिन्हा ने अधिकारियों को बताया की वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर व नमो घाट समेत अन्य स्थलों को चिह्नत कर कल्चरल स्पेस के रूप में विकसित किया जा सकता है। उसमें कैलेंडर के अनुसार नियमित रूप से काशी की विशाल सांकृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों के माहात्म्य को प्रसारित करने के लिए कार्यक्रम और उत्सव आदि कर आमलोगों की हिस्सेदारी तय हो सकती है। कमिश्नर कौशल राज शर्मा जिले में गत वर्षों में हुए प्रमुख आयोजनों समेत आगामी छह महीनों में प्रस्तावित कार्यक्रमों की जानकारी दी।

**बैठक**

**संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार की संयुक्त सचिव मुग्धा सिन्हा की अध्यक्षता में हुआ मंथन**

काशी विश्वनाथ मंदिर में श्री काशी विश्वनाथ धाम परिसर में नित्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु कैलेंडर बनाया जा रहा है। देव दीपावली से 7 दिन पूर्व से ही वाराणसी में वृहद् कार्यक्रम आयोजित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भविष्य में टेंट सिटी में भी कई कार्यक्रम कराए जा सकते हैं। डीएम एस. राजलिंगम ने बनारस में दशकों से रह रहे विभिन्न प्रांतों व समाज के लोगों के लिए भी विशेष कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता बतायी। साथ ही कहा कि हेरिटेज वॉक एवं घाट वॉक के लिए कंटेंट घाटों से जुड़े ऐतिहासिक, पारंपरिक, भौगोलिक बिंदुओं की पुष्टि कर ऑडियो एवं गाइड आदि जरिये बताया जाय।

## कार्यक्रमों में नदी पर्यटन भी जोड़ें

कल्चरल स्पेस संबंधी मीटिंग में नगर आयुक्त प्रणय सिंह ने जिले में मिनी इंडिया की तर्ज पर कार्यक्रम कराने का सुझाव दिया। उन्होंने विभिन्न राज्यों में होने वाले मुख्य कार्यक्रम वाराणसी में आयोजित किया जाए। वहीं, जनपद की कल्चरल ब्रांडिंग एवं युवा आधारित कार्यक्रमों की जरूरत भी बतायी। मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने सुझाया कि दक्षिण पूर्वी बौद्ध देशों को भी वाराणसी में प्रस्तावित कार्यक्रमों में आमंत्रित करें और नदी पर्यटन को भी कार्यक्रमों से जोड़ा जाए। सीडीओ हिमांशु नागपाल ने क्विजीन फेस्टिवल, बुक फेस्टिवल आदि की ओर ध्यान दिलाया।

## रवि अध्यक्ष व सत्येन्द्र सचिव चुने गये

**वाराणसी।** स्माइल सिंधी समिति का 8वां दायित्व ग्रहण समारोह शनिवार को सायंकाल सिगरा स्थित एक होटल में सम्पन्न हुआ जिसमें रवि होतवानी अध्यक्ष, सत्येन्द्र मंशानी सचिव व सागर सावलानी कोषाध्यक्ष चुने गये। इस मौके पर महिला संयोजिका पद पर स्नेहा सेहता, सीमा रुपेजा, प्रिया गिडवानी ने दायित्व की शपथ ली। सभी को जय प्रदवानी ने शपथ दिलायी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ओपी बदलानी व विशिष्ट अतिथि राजकुमार वाधवानी व एस कुमार सुखवानी रहे। संचालन रवि सेहता, बादल बत्रा, प्रमोद वर्मा ने किया। स्वागत अध्यक्ष अमित चांगरानी व धन्यवाद ज्ञापन रोहित आडवाणी ने किया। कार्यक्रम संयोजक आशीष कलवानी, विजय वाधवानी, कमल चोथवानी, रोहित मेघानी, दिलीप खष्ठी, दीपक साधवानी, मुकेश टहलानी, प्रदीप रामचंदानी रहे। कार्यक्रम में हेतल बत्रा, अविका आडवानी, पलक वाधवानी, शालवी होतवानी, अंजू सचदेव, भूमिका तलरेजा, कशिश भटेजा समेत काफी लोग मौजूद थे।

## गोंदिया-बरौनी एक्स. 23 घंटे लेट

**वाराणसी।** कोहरे की मार ट्रेनों पर ऐसी की सारे एंटी फॉग डिवाइस फेल होता जा रहा है, 13 जनवरी को कैंट स्टेशन आने वाली गोंदिया बरौनी अभी तक कैंट स्टेशन नहीं पहुंची, कुल 23 घंटे लेट से संचालित होती रही, खबर लिखे जाने तक ट्रेन कैंट स्टेशन पर नहीं पहुंची थी। वहीं मुम्बई से आने वाली महानगरी एक्स्प्रेस साढ़े 12 घंटे आई और लगभग 10 घंटे देरी से मुम्बई के लिए रवाना हुई। बनारस लोकमान्य तिलक साढ़े सात घंटे लेट आई और तीन घंटे लेट गई, अहमदाबाद गोरखपुर छह घंटे, फरक्का एक्स्प्रेस चार घंटे, सदभावना एक्स्प्रेस सात घंटे, दुर्ग नौतनवां तीन घंटे, कोटा पटना पांच घंटे, वंदे भारत एक्स्प्रेस ढाई घंटे लेट आई और सवा दो घंटे लेट गई, पंजाब मेल चार घंटे, फरक्का एक्स्प्रेस चार घंटे देरी से कैंट स्टेशन पर पहुंची।



# काशी की पहचान विद्वानों व कला से है

**बोले डॉ दयाशंकर मिश्र**

**कई पुस्तकों का हुआ लोकार्पण**



कविता संग्रह का विमोचन करते डॉ. दयाशंकर मिश्र व अन्य

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान लखनऊ साहित्य अकादमी नई दिल्ली व लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय दीनदयाल उपाध्याय नगर व विद्याश्री न्यास के संयुक्त आयोजन में शनिवार को दुर्गाकुंड स्थित धर्मसंघ में मध्यकालीन कविता व अवधारणाओं का पुनराविष्कार नामक विषय पर आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी सम्पन्न हुई। समारोह में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र ने कहा कि काशी की पहचान विद्वानों व कला से है। हमारी काशी विद्वत व कला से हमेशा समृद्ध रही है । विशिष्ट वक्ता सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ हरेराम त्रिपाठी रहे। इस मौके पर प्रो आनंदवर्धन, राजेश कुमार गौतम अमिता दुबे, अरुणेश नीरन आदि ने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर मध्यकालीन कविता विमर्श के नए आयाम,प्रमुख भारतीय भाषाएं , समकालीन प्रवित्तियाँ चिकितुषी 2023 पं विद्या निवास मिश्र रचनावली के 21 खंड के आवरण चित्र का लोकार्पण,प्रो मंजुला चतुर्वेदी की कविता संग्रह - एक उम्मीद है दीये की तरह व धर्मेंद्र सिंह की पुस्तक व भारत विभाजन व कश्मीर का लोकार्पण किया गया। सायंकाल सत्र में चन्द्रभाल सुकुमार की अध्यक्षता में कवि सम्मेलन हुआ। प्रमुख कवि अखिलेश दूबे, नीलम सिंह, अशोक घायल, प्रकाश उदय, सुरेंद्र वाजपेयी, ब्रजेश, धर्मेन्द्र गुप्त साहिल,सविता सौरभ, रिचा शुक्ला आदि ने काव्य पाठ किया । संचालन डा अशोक सिंह ने किया। इस मौके पर गौरव राठी, कौशल मिश्र, जसमीत, सौरभ पाठक, डा बब्बन, डा पीके राय, डा प्रदीप पाण्डेय, डा आरपी सिंह, डा हरिश्चंद्र सिंह, डा अशोक सिंह समेत काफी लोग मौजूद थे।










# चालान से बचने को बनवा रहे नकली वाहन नंबर प्लेट

## बेखौफ फर्जीवाड़ा

### शहर भर में फैले नंबर प्लेट की दुकानों पर कम पैसे में बना दिया जा रहा नकली एचएसआरपी

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** देश भर में वाहनों की जालसाजी से निबटने के लिए हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट (एसएचआरपी) को अनिवार्य कर दिया गया है। शहर में हर स्थान से ऑनलाइन हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट्स के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया भी है बावजूद इसके चालान से बचने के लिए वाहन चालक अपने वाहनों पर फर्जी हाई सिक्योरिटी प्लेट नंबर लगाकर शहर की सड़कों पर फर्राटा भर रहे हैं।

**दुकानों पर बना रहें फर्जी नंबर प्लेट :** दरअसल, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट को लेकर अभी भी लोगों में जागरूकता नहीं है, लोगों को ये भी नहीं मालूम की एचएसआरपी में कौन कौन से फीचर्स दिए गए हैं। जिसके चलते शहर में फर्जी प्लेट लगाई जा रही है। लोग अपना समय और पैसा बचाने के लिए भी फर्जी नंबर प्लेट का सहारा ले रहे हैं। शहर भर में कई क्षेत्रों में नंबर प्लेट बनाने वाले लोग धड़ल्ले से इसे बना दे रहे हैं।




### एचएसआरपी में आईएनडी का मतलब

केंद्रीय मोटर वाहन नियम 1989 में 2005 के संशोधन की सूची के अनुसार आईएनडी हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट है। ये नंबर केवल आरटीओ के रजिस्टर्ड नंबर प्लेट वेंडर के पास ही मिलता है। इस हाई सिक्योरिटी नंबर के पीछे उनकी सुरक्षा मुख्य कारण है। इन नई प्लेटों पर टैंपर प्रूफ और स्नैप लॉक जैसी सुविधाएं दी गई हैं जिन्हें हटाना मुश्किल है। यह नंबर उच्च सुरक्षा पंजीकरण प्लेट (एचएसआरपी) से मिलता है।

### ऐसे करें पहचान

- हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट पर व्हीकल के इंजन नंबर, चेचिस नंबर आदि की डिटेल्स अंकित है।
- यह नंबर प्लेट एल्युमीनियम से बनी होती है और इसमें एक क्रोमियम वेल्ड 20 एमएम गुणे 20 एमएम का नीले रंग में अशोक चक्र का होलोग्राम भी दिया जाता है। जो प्लेट के बाई तरफ मौजूद होता है।
- लेफ्ट साइड में नीचे 10 अंकों का पिन अंकित होता है। दो डिजिट अल्फांवेट का भी होता है, जिसे लेजर के मध्यम से बताया जाता है।

हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट सिर्फ अधिकृत डीलर्स को देने का अधिकार है। यदि कोई कॉपी कर रहा है तो अभियान चलाकर कार्रवाई की जायेगी।

सर्वेश चतुर्वेदी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन)

# शहरी क्षेत्रों में टीकाकरण अभियान आज से

**वाराणसी।** बच्चों को 11 विभिन्न जानलेवा बीमारियों से बचाव को लेकर संचालित किए जाने वाले नियमित टीकाकरण में ग्रामीण क्षेत्रों के मुकाबले शहरी क्षेत्रों के कवरेज को बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने विशेष पहल की है। विभाग की ओर से शहरी क्षेत्रों के कवरेज को बढ़ाने के लिए 15 जनवरी (रविवार) से प्रतिदिन नियमित टीकाकरण सत्र संचालित किए जायेंगे।

इस संबंध में प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा ने आदेश जारी किया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ संदीप चौधरी ने बताया कि अवकाश के दिन में टीकाकरण कार्य करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को एक दिन का प्रतिकर अवकाश मिलेगा। शासन के निर्देश जारी होते ही विभाग ने समस्त तैयारी पूरी कर ली हैं। अभी तक बुधवार, शनिवार को ही नियमित टीकाकरण होता रहा है। बीच-बीच में कवरेज को सुधारने के लिए विशेष अभियान भी चलते रहे हैं। लेकिन नियमित टीकाकरण को और अधिक गति देने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

सीएमओ ने कहा कि जिला महिला चिकित्सालय सहित समस्त राजकीय व मंडलीय अस्पताल एवं शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में सप्ताह में सातों तक सुबह 8 बजे से अपराह्न 2 बजे तक नियमित टीकाकरण सत्र आयोजित किया जाएगा। रविवार को स्थापित सत्र स्थल पर सहयोग देने वाले कर्मचारियों को सोमवार को प्रतिकर अवकाश अनुमन्य होगा। समस्त शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रत्येक सप्ताह मंगलवार से रविवार तक टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे। सत्रों का समय ग्रीष्म एवं शरद ऋतु में चिकित्सालय ओपीडी के समय के अनुरूप होगा। टीकाकरण को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म का भी प्रयोग किया जाएगा। शासन से जारी पत्र में कहा गया है कि सहयोगी संस्थाओं आईसीडीएस, शहरी स्थानीय निकाय, डूडा, सूडा आदि के प्रतिनिधियों, श्रमिक संगठनों एवं व्यापार मंडल आदि से भी सहयोग लेकर अधिक से अधिक लाभार्थियों को टीकाकरण सत्र स्थल पर आमंत्रित किया जाए।

## संक्षेप

### वीटीजी ने वितरित किये कंबल



**वाराणसी।** शहरी क्षेत्र के रिक्शा चालकों, नाविकों, टोटो ड्राइवरों और अन्य जरूरतमंदों को शनिवार को कंबल वितरित किये गये। वाराणसी टूरिज्म गिल्ड (वीटीजी) की ओर से यह पहल की। उत्तर प्रदेश पर्यटन की उप निदेशक प्रीति श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य में यह आयोजन था। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष संदीप पटियाल, सचिव सुभाष कपूर, पंकज सिंह, अनिल त्रिपाठी, प्रवीण मेहता, डीके मिश्र, अभिषेक सिंह, अवनीश पाठक, राशिद खान, जैनेंद्र कुमार राय, अभिषेक पाठक एवं सोतोष सिंह आदि रहे।

### रविदास जयंती को लेकर रविदास मंदिर में तैयारियां शुरू

**वाराणसी।** संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती को लेकर राजघाट स्थित गुरु रविदास मंदिर में तैयारियां जोरशोर से चल रही है। मंदिर में रंगरोगन के साथ ही साफ सफाई का कार्य भी युद्ध स्तर पर चल रहा है। दी रविदास स्मारक सोसायटी के महासचिव सतीश कुमार ने बताया कि इस मौके पर पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार व उनके पति अध्यक्ष मंजुल कुमार तथा पुत्र अंशुल अभिजीत तथा सचिव आरएल भगत समारोह में भाग लेंगे। इस मौके पर देश विदेश से श्रद्धालुओं का आगमन होगा। तीन दिनों तक मंदिर परिसर में लंगर भी चलेगा। जिसमें भारी संख्या में लोग भाग लेंगे। इसके साथ ही रोज भजन व कीर्तन भी चलेगा।

### चालकों को सुरक्षित संचालन की टिप्स

**वाराणसी।** सड़क सुरक्षा माह के तहत कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) के प्री-पेड ऑटो स्टैंड पर सम्भागीय परिवहन विभाग की ओर से चालकों के सुरक्षित संचालन का टिप्स दिया गया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने ऑटो चालकों को सुरक्षित संचालन के टिप्स देते हुए ईधन बचत पर भी अपनी बात रखी, इस दौरान ऑटो चालकों की ओर से अधिकारी से संचालन को लेकर कई सवाल पूछे गये, जिसका उन्होंने उत्तर दिया। उन्होंने सभी को डीएल का भी महत्व बताया कहा कि डीएल सिर्फ नाम पर सिर्फ चालकों की परिपक्ता को दर्शाता है बल्कि उनकी पहचान करने की इंगित करता है। इस दौरान सभी में यातायात नियामों से संबंधित पम्फलेट भी वितरित किया गया। ऑटो/ई रिक्शा चालक यूनियन के जिलाध्यक्ष घनश्याम यादव ने बताया कि चालकों को सुरक्षित यातयात के लिए जागरुक किया गया है।

### मुस्तफाबाद में जरूरतमंदों को बांटा कंबल



**चिरईगांव।** स्थानीय ब्लॉक मुस्तफाबाद ग्राम पंचायत में शनिवार को गरीबों व जरूरतमंदों को कंबल बांटे गये। सिद्धांत भूषण त्रिपाठी एवं श्वेतभूषण त्रिपाठी की ओर से यह आयोजन था। इस मौके पर उन्होंने बताया कि दोनों अपनी आय का कुछ हिस्सा जरूरतमंद परिवारों के कल्याण के लिए खर्च करते हैं। इसके उन्होंने फ्रीक इनफॉर्म वेलफेयर ट्रस्ट का गठन किया है। ट्रस्ट के माध्यम से गंभीर रोग से पीड़ित गरीबों के इलाज और उनकी बेटियों की शादी के लिए आर्थिक मदद भी दी जाती है। कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष ज्योतिभूषण त्रिपाठी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पारसनाथ, रविभूषण त्रिपाठी एडवोकेट, अवनीश सिंह, संध्या त्रिपाठी, उपेंद्र सिंह, सीमा त्रिपाठी, हवलदार सिंह, भारत भूषण, शशिभूषण एवं श्यामनारायण सिंह आदि भी थे।

### यूपी व महाराष्ट्र के बीच रहा कड़ा मुकाबला




**चिरईगांव।** स्थानीय विकास खंड के गौराकला स्थित एक शिक्षण संस्थान में चल रहे 17वीं नेशनल एरोबिक्स चैंपियनशिप के दूसरे दिन शनिवार को उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के बालक-बालिकाओं की भागीदारी थी। प्रतियोगिता में दोनों राज्यों के खिलाड़ियों के बीच कड़ी स्पर्धा दिखी। इंडियन स्पोर्ट्स एंड फिटनेस फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं स्पोर्ट्स एरोबिक्स एंड फिटनेस एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में इस तीन दिनी प्रतियोगिता का रविवार को समापन होगा। कार्यक्रम में यूपी ओलंपिक संघ के सचिव आनंदेश्वर पांडेय, आनंद शेखर सिंह, किशन पांडेय, अजय यादव, जया सिंह, संतोष देशमुख, संतोष खैरनार एवं शशिबाला यादव आदि की प्रमुख उपस्थिति रही।

### साधुओं में कंबल वितरण

**वाराणसी।** प्रयागराज में संगम के तट पर माघ माह में कल्पवास करने वाले साधुओं में शनिवार को गर्म कपड़ों व कंबल का वितरण किया गया। राजकीय महिला चिकित्सालय की पूर्व अधीक्षिका डॉ.स्वर्णलता प्रयागराज जाने वाले सभी साधुओं में कुल 101 कंबल वितरित किया, इसके साथ ही असहाय बुजुर्ग लोगों में भी कंबल वितरण किया। साधुओं ने बताया कि प्रत्येक वर्ष इन्हीं के द्वारा कंबल वगैरह लेकर यात्रा प्रारम्भ की जाती है। डॉ.स्वर्णलता सिंह ने बताया कि नर सेवा ही नारायण सेवा है, इसी को ध्यान में रखते हुए हर वर्ष कल्पवास करने वाले साधुओं में कंबल व गर्म कपड़ों का वितरण किया जाता है।

### बीएचयू की वैज्ञानिक को मिला प्रतिष्ठित अनुदान



**वाराणसी।** कैंसर जीनोमिक्स विशेषज्ञ एवं बीएचयू के सेंटर फॉर जेनेटिक डिसऑर्डर विभाग में कार्यरत वैज्ञानिक डॉ. गरिमा जैन के स्टार्टअप को प्रतिष्ठित 'अमृतोंड चैलेंज प्रोग्राम : जन केयर' अनुदान दिया गया है। यह सब्सिडी स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवोन्मेष के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार से वित्त पोषित है। डॉ. जैन ने 'मिरनाऊ' नामक स्टार्टअप आरंभ किया है। वह नैदानिक समाधानों के जरिये मरीज की देखभाल समेत उसे बचाने और परिणामों में सुधार करना चाहती हैं। यह स्टार्टअप नए बायोमार्कर की पहचान करने और अभिनव स्वास्थ्य सेवा समाधान देने का प्रयास करता है। साथ ही टेलीमेडिसिन, डिजिटल हेल्थ, बिग डेटा, एआई और ब्लॉक चेन क्षेत्र के लिए हुई प्रतियोगिता में चुने गए 75 स्टार्टअप इनोवेशन में से एक है। डॉ. जैन ने कहा कि इस अनुदान का उपयोग प्रोस्टेट कैंसर का जल्द पता लगाने के लिए की खोज के लिए किया होगा। वर्तमान में इसका पता लगाने के लिए बायोप्सी प्रक्रिया का प्रयोग होता है जिसमें चीरफाड़ की आवश्यकता पड़ती है।

### मकर संक्रांति पर गंगा गोमती संगम पर लगायी डुबकी



**चौबेपुर।** मकर संक्रांति पर शनिवार की सुबह से ही मारकंडेय महादेव कैथी घाट, गंगा गोमती संगम गौरा उपरवार स्थित मौनी बाबा घाट पर पुण्यकाल में श्रद्धालुओं ने स्नान किया। इसके बाद मारकंडे महादेव मंदिर में जलाभिषेक के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। पुजारी नितेश गिरी, लालू गिरी, हरिवंश गिरी ने बताया कि मंदिर में पूजा के बाद बाहर खड़े सैकड़ों गरीबों को लोगों ने दान दिया। बाबा का पूजन से भव्य श्रृंगार किया गया था। मकर संक्रांति के साथ ही खरमास समाप्त हो गया। सुबह लोगों ने स्नान और पूजन के बाद दही चूड़ा और तिलकुट खाया। संध्या में खिचड़ी खाकर लोगों ने इस पर्व को मनाया। बच्चों ने दोपहर में जमकर पतंगबाजी की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राहुल गांधी सिद्धू मुसेवाला की तस्वीर वाली पतंग एक दूसरे पर भारी पड़ रही थी।

### माघ मेले की तैयारी में जुटा रोडवेज प्रशासन

**वाराणसी।** प्रयागराज में शुरू हो चुके माघ स्नान के लिए निगम ने भी कमर कस ली है। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की ओर से अतिरिक्त बसों के संचालन करने का निर्णय लिया गया है। वाराणसी सहित जौनपुर जिलों के कई क्षेत्रों से प्रयागराज झूसी तक के लिए बसों को लगाया गया है। रोडवेज प्रशासन के अधिकारियों की माने तो इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। वाराणसी, चंदौली, जौनपुर, गाजीपुर, सोनभद्र, से बसों को विभिन्न रूटों के माध्यम से संचालित किया जायेगा। हर एक घंटे में उपलब्ध होने वाली परिवहन निगम की बसों में साधारण के अलावा जनरथ भी शामिल होंगी। रोडवेज अधिकारियों के अनुसार सुबह चार बजे से इन बसों को प्रयागराज के लिए संचालित किया जाना शुरू कर दिया जायेगा।

**विशेष तिथियों पर अधिक दबाव:** प्रयागराज में इस बार भी माघ मेला में प्रमुख स्नान किया जायेगा। इन खास तिथियों पर भी परिवहन विभाग की ओर से विशेष व्यवस्था की तैयारी की जा रही है। इस साल माघ मेला में छह प्रमुख स्नान होंगे जिसके तहत एक मौनी अमावस्या, बसंत पंचमी, माघी पूर्णिमा और महाशिवरात्रि पर्व विशेष होगा।

### यूपी कालेज के पूर्व अध्यक्ष अशोक सिंह का निधन

**वाराणसी।** उदय प्रताप महाविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह का निधन हो गया। सपा के पूर्व प्रदेश सचिव डा. उमाशंकर सिंह यादव व राष्ट्रीय कृषक दल के अध्यक्ष महेन्द्र प्रसाद एडवोकेट ने उनके निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। कहा कि उनके निधन से काशी की अपूरणीय क्षति हुई है।

# रानी सिंह सौम्या ने भरतनाट्यम की प्रस्तुति से मोहा सबका मन




**वाराणसी।** दीनदयाल हस्तकला संकुल, बड़ालालपुर, में कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार एवं सुबह-ए-बनारस के तत्वावधान में 'सांस्कृतिक संध्या' का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक संध्या में रानी सिंह एवं सौम्या ने भरतनाट्यम नृत्य की प्रस्तुति की। नृत्य का आरम्भ गणेश वंदना,अलारिपु एवं और शिव स्तुति से की गई। सौम्या ने सरस्वती एवं भाग्य लक्ष्मी स्तुति की एकल प्रस्तुति की। अंत में रानी सिंह द्वारा तोड़ी मंगल की प्रस्तुति से कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम की संकल्पना और संयोजन डॉक्टर रत्नेश वर्मा का रहा। शुभारम्भ संग्रहालय अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव एवं कलाकारों ने संयुक्तरूप से दीप प्रज्वलित कर किया। संचालन ललिता शर्मा ने किया।

# रामकृष्ण अद्वैत आश्रम में विवेकानन्द की जयंती मनी

**वाराणसी।** लक्सा स्थित रामकृष्ण अद्वैत आश्रम में शनिवार को स्वामी विवेकानन्द की जयंती मनाई गयी। प्रातः 4 बजे मंगलारती के पश्चात वेद पाठ व उषा कीर्तन किया गया। स्वामी अलोकानन्द के निर्देशन में विशेष पूजा व हवन हुआ। प्रातः स्वामी ब्रह्मेशानन्द का कठोपनीषद् पर प्रवचन हुआ। सायंकाल धर्म सभा का आयोजन किया गया जिसमें डॉ स्वामी दयापूर्णानन्द का उद्बोधन हुआ। आश्रम महन्त स्वामी विश्वात्मानन्द ने आगत भक्तों का स्वागत किया। वक्ताओं में स्वामी राजेन्द्रानन्द प्रो अवधेश प्रधान रहे। अध्यक्षता रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम के सचिव स्वामी भेदातितानन्द ने की। संचालन उत्कर्ष चौबे व धन्यवाद ज्ञापन स्वामी शास्त्र विदानन्द ने दिया। संध्या आरती के पश्चात सामूहिक कीर्तन हुआ। मध्याह्न 12 बजे से खिचड़ी-भंडारा का आयोजन हुआ जिसमें लगभग 1200 लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# सीवर के पानी से आने-जाने को हैं विवश



जनसंदेश न्यूज

## नाली जाम

### कर्दमेश्वर नगर कॉलोनी से परमहंस नगर होते हुए कंदवा मार्ग पर लगा गंदा पानी

**वाराणसी।** कर्दमेश्वर नगर कॉलोनी से परमहंस नगर होते हुए कंदवा (कर्दमेश्वर महादेव) मंदिर तक जाने वाले मार्ग पर सीवर का पानी जमा होने से आने-जाने वाले लोगों को दुश्वारियां झेलनी पड़ रही है। पैदल तो इस मार्ग से आप जा भी नहीं सकते हैं। बाइक से चलने पर गंदे पानी का छींटा कपड़ों पर पड़ना तय है।

कर्दमेश्वर नगर कॉलोनी से कंचनपुर गेट होते हुए कन्दवा जाने वाले मार्ग से रोजाना हजारों लोग गुजरते हैं, लेकिन नालियां जाम होने से इस मार्ग पर बहता मलजल संक्रामक रोगों को दावत दे रहा है।

बताते चलें कि इसी के बगल में बीएलडब्ल्यू की कॉलोनी भी है। बीएलडब्ल्यू कैम्पस में रहने वाले लोग भी कर्दमेश्वर महादेव के दर्शन के लिए इसी मार्ग का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन लोग सड़क पर बहते सीवर के पानी से गुजरने को मजबूर हो रहे हैं।

परमहंस नगर कॉलोनी में रहने वाले सतीश कुमार समेत तमाम लोगों ने बताया कि इस समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए हम लोग क्षेत्रीय विधायक से गुहार भी लगा चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई।

# किसानों के हक की लड़ाई सरदार सेना लड़ेगी



जनसंदेश न्यूज

## बोले आर एस पटेल

### किसान क्रान्ति का किसानों ने लिया संकल्प

**वाराणसी।** मकर संक्रान्ति दिन शनिवार को भूमि अधिग्रहण एवं पुनर्वास अधिनियम 2013 के खण्ड 24, धारा 5 (1) के तहत ट्रांसपोर्ट नगर योजना निरस्त करने एवं धारा 93 (1) के तहत शासन पर डिनोटिफाई की संस्तुति के बाद वाराणसी जिला प्रशासन द्वारा पुनः ट्रान्सपोर्ट नगर बसाने हेतु अवैधानिक तानाशाही रवैये अपनाने के खिलाफ बैरवन मोहनसराय में किसान संघर्ष समिति के मुख्य संरक्षक विनय शंकर राय मुन्ना की अध्यक्षता में दोपहर 12 बजे से किसान पंचायत हुई। मुख्य अतिथि सरदार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर एस पटेल ने कहा कि मोहनसराय ट्रान्सपोर्ट नगर योजना से प्रभावित किसानो के वैधानिक हक अधिकार की लड़ाई सड़क से न्यायालय तक सरदार सेना लड़ेगी। किसान पंचायत की अध्यक्षता किसान नेता विनय शंकर राय मुन्ना, संचालन सरदार सेना के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. रामायण पटेल एवं धन्यवाद ज्ञापन अमलेश पटेल ने किया। पंचायत में प्रमुख रूप से गोवर्धन सिंह पटेल प्रधान,जितेंद्र राजभर,अरविंद यादव, छेदी पटेल, मेवा पटेल, दिनेश तिवारी, प्रेम शाह, लालमनी देवी ने क्रान्तिकारी विचार व्यक्त किये।

# शरद यादव को दी गई श्रद्धांजलि

**पिंडरा।** विधानसभा पिंडरा में राजनीति के जननायक पिछड़ों दलित अल्पसंख्यक किसान मजदूर के नेता स्व. शरद यादव को खालिसपुर बाजार में श्रद्धांजलि देते हुए पूर्व सांसद वर्तमान विधायक तूफानी सरोज ने कहा कि शरद यादव हमेशा गरीब दलित मजदूरों की लड़ाई लड़ते रहे। उनकी कमी समाज में हमेशा रहेगी। इस मौके पर कमलेश पटेल, फूलचंद यादव, जियाउल्लाह, डॉ विनोद भास्कर, चंद्रशेखर सरोज, अशोक पटेल, रविंद्र यादव, गुड्डू ,संतोष यादव, राजू पटेल, सुरेंद्र पटेल सहित पिंडरा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने शरद यादव की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

## शोक समाचार

**चौबेपुर।** स्थानीय चौबेपुर बाजार निवासी स्वर्णकार समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी बंगाली बाबू सेठ के बड़े भाई रामाधार सेठ का शनिवार शाम को हृदयगति रुकने से निधन हो गया। गत दिनों तबियत खराब होने पे वाराणसी स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। स्वास्थ्य ठीक होने पर कुछ दिनों पूर्व घर आये थे। अचानक शुक्रवार को तबियत बिगड़ी जब तक परिजन अस्पताल ले जाते उनका निधन हो गया। वे अपने पीछे भरा पुरा परिवार छोड़ गए है। रविवार को उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# बीबी फातिमा की शान में सजी महफिल



**वाराणसी।** शहर भर में शनिवार को इमाम हसन के दस्तरख्वान की शुरुआत हुई। इस अवसर पर बीबी फातमा की विलादत के सिलसिले से महफिल का आयोजन भी किया गया। महफिल का आयोजन मस्जिद लाल मोहम्मद राजापुरा में किया गया।

जहां शहर के कई शायरों ने कलाम पेश किए। इमाम हसन के दस्तरखान के सिलसिले से मशहूर शायर अनवर बनारसी के जैतपुरा स्थित निवास पर दस्तरखान का आयोजन किया गया। जामा मस्जिद के प्रवक्ता हाजी सैयद फरमान हैदर ने बताया की इमाम हसन के दस्तरख्वान की परंपरा पिछले 14सौ सालों से जारी है। पूर्व संध्या पर

## विलादत

### इमाम हसन का बिछा दस्तरखान, शुरू हुआ दावत का दौर

दस्तरखान का यह सिलसिला प्रारंभ हो गया। शहर भर के विभिन्न मोहल्लों में इमाम हसन की नजर का आयोजन किया जाएगा।

इमाम हसन ने अपने नाना हजरत मोहम्मद और अपने बाबा हजरत अली की राह पर चलते हुए सारी दुनिया को यह पैगाम दिया यह यातीमों की मदद करो लोगों को खाना खिलाओ और सब को आजादी दो।

# सद्गुरु का अवतार मानव कल्याण के लिए: सिद्धार्थ

**कछवांरोड।** कछवांरोड चौराहा स्थित कछवां बाजार मार्ग पर शनिवार को मकर संक्रांति की पूर्व संध्या पर संत निरंकारी समागम की ओर से आयोजित सत्संग में सन्त सिद्धार्थ सिंह जौनल इंचार्ज ने कहा कि सद्गुरु का अवतार मानव कल्याण के लिए ही होता है। भक्ति की कोई उम्र नहीं होती। ईश्वर किसी के साथ भेदभाव नही रखते। समागम में आये श्रद्धालुओं को चौराहे के पास स्थित एक सिनेमा हाल के प्रांगण में लंगर में प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से हरिशंकर, मुन्नीलाल बिंद, ओमप्रकाश मौर्य, अर्जुन गुप्ता, घिन्हु बिंद, राजकुमार माली, मदन यादव, नान्हक, इंदजीत, कलावती देवी आदि ने सेवाभाव कर भागीदारी निभाई।

## रिपोजी पर कार्यशाला कल से

**वाराणसी।** बीएचयू के दृश्य कला संकाय स्थित मूर्तिकला विभाग में छह दिनी रिपोजी आर्ट विषयक कार्यशाला आगामी 16 जनवरी से आरंभ होगी। 21 जनवरी तक चलने वाले इस वर्कशॉप में विशेषज्ञ के तौर पर शिल्पकार संजय कुमार कसेरा प्रशिक्षण देंगे। कार्यशाला प्रतिदिन पूर्वाह्न दस बजे से सायं पांच बजे तक चलेगी। पहले दिन इसका उद्घाटन दिन में 11 बजे होगा।

# रामानंदाचार्य जयंती पर निकली शोभायात्रा

## मनी जयंती

### जगद्गुरु के विचारों व सिद्धांतों को आत्मा में अपनाएं : डॉ. वेदांती

### साधु-संत समेत विभिन्न सम्प्रदायों के लोग रहे शामिल



**वाराणसी।** श्रीमद जगद्गुरु रामानंदाचार्य की 173वें जयंती महोत्सव के अवसर पर श्री रामानंद विश्व हितकारिणी परिषद एवं विरक्त संत समाज काशी के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को अस्सी घाट से एक भव्य विशाल शोभायात्रा पूर्वाह्न में निकाली गई। शोभायात्रा में सबसे आगे ध्वज लिए बटुक बच्चे पीछे सैकड़ों महिलाएं सिर पर मंगल कलश लिए चल रही थीं।

बैंड बाजा डीजे ताशा व शहनाई की धुन पर लोग भक्ति धुन में भजन गीत गाते चल रहे थे। काशी की कई मठ व पीठों के श्रीमहन्त, महन्त संत समाज काशी पीठाधीश्वर डॉक्टर रामकमल वेदांती के साथ यात्रा में चल रहे थे। घोड़ों पर सवार विविध प्रकार के स्वरूप व रथ-बग्गी, गाड़ियों पर झांकी व बाहर से आए कलाकारों द्वारा नित्य सभी के आकर्षण का केंद्र रहा।

शोभा यात्रा अस्सी घाट लंका, संकटमोचन, दुर्गाकुंड, कबीर नगर, खोजवां बाजार चेतमणि चौराहा से गुरुधाम चौराहा होते हुए श्री राम मंदिर कार्यक्रम स्थल पहुंचा। यहां स्वागत व आरती उतारी गई। इसके पश्चात रामानंदाचार्य की 173 वें जयंती पर विद्वानों व संत समाज की डॉ वेदांती की अध्यक्षता में संगोष्ठी हुई। जिसमें अखिल भारतीय संत समाज के राष्ट्रीय सचिव स्वामी जितेंद्रानन्द विरक्त संत समाज के सर्वेश शरण दास मोहन कोतवाल अवध किशोर दास रामदास राम लोचन दास सर्वेश्वर शरण दास ज्ञान प्रकाश दास श्रवण दास सहित अनेकों महन्तों व विद्वानों ने जगद्गुरु स्वामी रामानंदाचार्य के विचारों व सिद्धांतों को आत्मा में अपनाने पर जोर दिए।

कार्यक्रम में मंदिर के प्रबंधक राम भरत शास्त्री सनत त्रिपाठी कृष्ण कुमार दीक्षित गोविंद पुरोहित गोविंद तिवारी चंदन चौबे प्यारेलाल सोनकर गुरु प्रसाद जायसवाल विजेंद्र सोनकर आशीष ओझा घनश्यामदास सुहाने सतीश उपाध्याय अभिषेक भोंडले आदि मौजूद थे।

# तेरहवीं में न खायेंगे, न खिलाएंगे, आयर में ग्रामीणों ने लिया फैसला

**चांदमारी।** जब जब समाज में प्रथा बोझ बनने लगी तब तब उसके खिलाफ लोगो ने प्रमुखता से आवाज उठाकर उसे खत्म किया है। वर्तमान समय में तेरहवीं कुप्रथा बन गई है जिसके खिलाफ शनिवार को आयर में गांव के लोगो ने बैठक कर तेरहवीं को खत्म करने की शपथ ली। बैठक आयर, नादीपर रामधनी यादव के मृत्यु के बाद उनके बेटे अशोक यादव के आह्वान पर बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में निर्णय लिया गया कि गांव में न खायेंगे और न ही खिलायेंगे। सभी लोग खुद के मालिक है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि तेरहवीं यात्रा में कोई भी जलपान नहीं करेगा। कफन के स्थान पर आर्थिक सहयोग दिया जाएगा। लोगो ने सरकार से कानून बनाकर तेरहवीं भोज खत्म करने की मांग की। बैठक में नागेंद्र यादव एडवोकेट, ग्राम प्रधान सूर्यप्रकाश उर्फ भीम मौर्य, आत्मा यादव, दिनेश यादव गायक, राजकुमार यादव, राजेश यादव, सियाराम यादव, पांचू यादव, रामभजन यादव, दयाराम राजभर, मोहन राजभर आदि ने विचार व्यक्त किये।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-प्रापण निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।
क्रम सं.-1, ई-प्रापण निविदा संख्या: [illegible]-01-2023,दिनांक06-01-2023, कार्य का नाम: पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल के [illegible] में इन्फ्रास्ट्रक्चर [illegible] के [illegible] हेतु आर.डी.एस.ओ. के [illegible] के अनुसार [illegible] की आपूर्ति। अनुमानित निविदा मूल्य ₹ 1,33,06,800/-, बयाना राशि (रु.) ₹ 2,26,500/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.)-, कार्य पूर्ण करने की अवधि 04 (चार) माह।
• बिड प्रारम्भ करने की तिथि-दिनांक 23-01-2023
• उपरोक्त ई-निविदा समापित की अन्तिम तिथि-दिनांक 06-02-2023, 15:00 बजे तक।
• उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि-दिनांक 06-02-2023, 15:00 बजे। • निविदा सूचना [illegible] नियम एवं शर्तें वेबसाइट https://ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।
• निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।
कार्यकारी इंजीनियर/निर्माण/सामान्य
पूर्वोरे/एसयू-334 गोरखपुर
[illegible]
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें

# पिकअप ने बाइक सवार को रौंदा, गंभीर

हादसा

## अपने पुत्र के साथ साइकिल की खरीदारी कर जा रहा था घर


सीएचसी सोनबरसा में घायल व्यक्ति का उपचार करते चिकित्सक

**बैरिया।** राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर मिश्र के मठिया गांव सामने बेकाबू पिकअप ने बाइक सवार को रौंद दिया। इससे बाइक सवार गम्भीर रुप से घायल हो गया। आस-पास के लोगों ने उसे आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनबरसा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के दौरान हालत गंभीर होने पर उसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। जिला चिकित्सालय से भी उसे गंभीरावस्था में वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार डोमन टोला निवासी राकेश यादव शनिवार को बाइक से अपने 10 वर्षीय पुत्र के साथ बैरिया में साइकिल खरीदने आया था। साइकिल की खरीदारी करने के बाद वह अपने पुत्र के साथ बाइक से वापस गांव जा रहा था कि एनएच-31 पर मिश्र के मठिया गांव के सामने सामने से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दिया। इससे बाइक के पीछे बैठा 10 वर्षीय पुत्र दीपू दूर जा गिरा, जबकि राकेश यादव को रौंदते हुए पिकअप बैरिया की तरफ भाग गई। खून से लथपथ राकेश यादव को आस-पास के लोगों ने सीएचसी सोनबरसा पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। जिला चिकित्सालय से भी उसे गंभीरावस्था में वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया। घटना के बाद बाइक एवं साइकिल के परखच्चे उड़ गये। सूचना पर पहुंची पुलिस बाइक एवं साइकिल को कब्जे में लेकर थाने चली गई।

### ई-रिक्शा से टकराकर मोटरसाइकिल सवार युवक घायल

**सिकन्दरपुर।** बेल्थरा मार्ग पर मालदह चट्टी के समीप ई-रिक्शा से टकराकर बाइक सवार युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार उभांव थाना क्षेत्र के जमुआव गांव निवासी संदीप कुमार राम (27) पुत्र देवमुनी राम शुक्रवार की देर रात्रि बाइक द्वारा सिकन्दरपुर थाना क्षेत्र के लीलकर गांव स्थित अपने ससुराल जा रहा था। वह जैसे ही मालदह चट्टी के समीप पहुंचा कि विपरीत दिशा से आ रहे ई-रिक्शा से टकरा गया। इससे संदीप कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकन्दरपुर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया।

# स्कूलों की दीवारों पर अंकित होगा खर्च का ब्योरा

**बलिया।** विद्यालयों की सूरत बदलने के लिए दी जाने वाली कंपोजिट ग्रांट का दुरुपयोग रोकने के लिए शासन सख्त हो गया है। परिषदीय स्कूलों के प्रधानाध्यापकों और प्रभारी प्रधानाध्यापकों को ग्रांट के तहत खर्च होने वाले धन का पूरा लेखा-जोखा स्कूल की दीवार पर अंकित कराना होगा। इसके साथ ही कार्य कराने से पूर्व एवं पश्चात का फोटो विद्यालय में संरक्षित रखा जाएगा। जिला में 2249 परिषदीय विद्यालय संचालित हैं। शासन से विद्यालयों की दशा सुधारने के लिए प्रतिवर्ष कंपोजिट ग्रांट दी जाती है। यह धनराशि स्कूलों में पंजीत छात्र संख्या के आधार पर दी जाती है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में करीब दस करोड़ रुपये इस ग्रांट के तहत स्कूलों को दिए जा चुके हैं। इससे स्कूलों के हिस्से में 10 हजार से एक लाख रुपये की धनराशि आई है, ताकि विद्यालयों की रंगाई-पुताई से लेकर सभी आवश्यक कार्य कराए जा सकें, लेकिन इस धनराशि के उपयोग में खेल होता है। स्कूलों की सही ढंग से रंगाई-पुताई तक नहीं कराई जाती। अब शासन इस धनराशि के सदुपयोग के लिए गंभीर है। अब कंपोजिट ग्रांट से होने वाले कार्य का पूरा विवरण स्कूल की दीवारों पर अंकित होगा, जिससे जनसामान्य आसानी से देख कर जान सकेंगे।

### विद्यालयों में इन चीजों पर होगा खर्च

**बलिया।** इस संबंध में बेसिक शिक्षा अधिकारी मनीराम सिंह ने बताया कि स्वच्छता और हैंडवाशिंग, शौचालय की क्रियाशीलता, शुद्ध पेयजल, शिक्षण सहायक सामग्री, फर्स्ट एड बाक्स, अग्निशमन यंत्र, विद्युत उपकरण, कंप्यूटर शिक्षण, रंगाई-पुताई, स्टेशनरी के अनुरक्षण कार्य आदि पर यह धनराशि खर्च की जाएगी। न्यूनतम 10 प्रतिशत धनराशि स्वच्छता कार्यक्रम पर व्यय होगी। इससे विद्यालय भवन परिसर और छात्रों की स्वच्छता पर व्यय होगी। कंपोजिट ग्रांट के तहत दी गई धनराशि का वर्ष और मदवार विवरण अंकित होगा। इसके साथ प्रेरणा पोर्टल पर विवरण के साथ फोटो अपलोड किए जाएंगे। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

## संक्षेप

### थाने पहुंचा किसान, मांगा न्याय

**बैरिया।** क्षेत्र के रामपुर गांव में दबंगों द्वारा बार-बार पिलर ध्वस्त करने एवं तार काटने की घटना से आजीज किसान ने दोकटी थाने में शनिवार को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। रामपुर निवासी रमेश कुमार पांडेय ने अपने घर के पास खेत में फसल की सुरक्षा के लिए सीमेंट के खंभे लगाकर कटीले तार का बाड़ लगवाया है। दबंगों द्वारा जबरन रात में बार-बार काटकर कटीला तार गिरा दिया जा रहा है और पिलर ध्वस्त कर दिया जा रहा है। इससे आजीज किसान ने पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। इस बाबत पूछे जाने पर थानाध्यक्ष दोकटी मदन पटेल ने बताया कि इस प्रकरण में तहरीर मिली है। मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाएगी।

### ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे में सहयोग करें किसान

**बैरिया।** स्थानीय तहसील में एक तरफ जहां ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के लिए जमीन की रजिस्ट्री का काम चल रहा है, वहीं दूसरी तरफ बैरिया के किसान भूमि के दर को लेकर आंदोलित हैं। उनका आरोप है कि औने-पौने मूल्य पर सरकार उनकी जमीन जबरन लेने पर तुली हुई है। इधर, उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने बताया कि 168 किसानों ने अपनी जमीन ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे को रजिस्ट्री कर दिया है। 125 किसानों का पैसा भुगतान के लिए कागजी खानापूर्ति कर भेज दिया गया है। इसमे 56 किसानों का भुगतान भी कर दिया गया है। शेष किसानों का भुगतान एक सप्ताह के अंदर हो जाएगा। उप जिलाधिकारी ने बताया कि किसानों की भूमि एवं सरकारी भूमि को मिलाकर अब तक 25 हेक्टेटर भूमि बैनामा हो चुका है। शेष 95 से 97 हेक्टेयर भूमि और बैनामा कराना बाकी है। वह भी जल्द हो जाएगा। श्री मिश्र ने बलिया के विकास के लिए किसानों से ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे में सहयोग की अपेक्षा की है।

### यूरिया की बड़े पैमाने पर हो रही तस्करी

**बैरिया।** क्षेत्र में अब यूरिया खाद की तस्करी एवं कालाबजारी की चर्चा जोरों पर है। एक तरफ जहां क्षेत्र के किसान यूरिया की किल्लत का सामना कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ बड़े पैमाने पर उत्तर प्रदेश से तस्करी के माध्यम से यूरिया बिहार भेजी जा रही है। फलस्वरूप मुनाफाखोर लाभ कमा रहे हैं और अन्नदाता परेशान हो रहे हैं। क्षेत्र के जयप्रभा सेतु, महुली पीपा पुल के रास्ते पिकअप एवं अन्य छोटे वाहनों पर यूरिया लादकर बिहार जाते देखा जा सकता है। वही, डुमाईगढ़ घाट पर सरयू नदी में चलने वाली नाव के माध्यम से यूरिया खाद बिहार भेजा जा रहा है। गंगा एवं घाघरा के छोटे-छोटे घाटों से भी यूरिया बिहार भेजी जा रही हैं। इस बाबत पुलिस का कहना है कि बिना संबंधित विभाग के सहयोग के पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर सकती हैं। इसलिए यूरिया की कालाबाजारी करने वालो का हौसला बुलंद है। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से यूरिया की तस्करी पर रोक लगाने की मांग की है।

### कार्यक्रम एवं सहभोज आज

**बलिया।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बलिया नगर द्वारा मकर संक्रांति उत्सव के अवसर पर 15 जनवरी, दिन रविवार को पूर्वान्ह 11.30 बजे तिखमपुर स्थित कृषि मण्डी में कार्यक्रम एवं सहभोज का आयोजन किया गया है। इसमें स्वयंसेववकों के साथ सर्वसमाज के व्यक्ति भी सम्मिलित होंगे। इसकी तैयारी स्वयंसेवकों द्वारा की जा रही है। ज्ञात हो कि मकर संक्रांति का पर्व हमें अंधकार से प्रकाश की ओर, अज्ञान से ज्ञान की ओर एवं आलस्य से कर्मठता की ओर प्रवृत्त होने की प्रेरणा देता है। समाज में परस्पर प्रेम, समता, ममता का व्यवहार सदैव बना रहे, तभी समाज सुव्यवस्थित एवं एक सूत्र में बंधा रह सकता है। इस पावन पर्व पर यही संदेश सर्वसमाज तक पहुंचे, इसी उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा समाजिक समरसता के प्रतीक मकर संक्रांति उत्सव मनाया जाता है। यह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के छह उत्सवों में से एक है। यह जानकारी जिला प्रचार प्रमुख मारूति नंदन ने दी है।

### पैमाइश के बाद पत्थर उखाड़ने का मुकदमा दर्ज, पुलिस ने शुरू की तफतीश

उभांव थाने पर भूमि विवाद के 6 मामलों में 3 मौके पर निस्तारित

**बेल्थरा रोड।** उत्तर प्रदेश सरकार तथा शासन की मंशा के अनुरूप उभांव थाने पर शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन बेल्थरा रोड तहसील के नायब तहसीलदार दीपक सिंह की अध्यक्षता में भूमि विवाद के निस्तारण हेतु आयोजन किया गया। जिसमे भूमि विवाद के कुल 6 मामले सामने आए, जिसमे 3 मामलों का मौके पर ही गुण दोष के आधार पर निपटारा कर दिया गया। विवादों की सुनवाई में नायब तहसीलदार दीपक सिंह के साथ उभांव थाने के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार मिश्र सहयोगी रहे। भूमि पैमाईश के बाद चकबंदी लेखपाल ओमकार नाथ सिंह की तहरीर पर ग्राम चंदायर वली पुर में वीरेन्द्र तिवारी के विरोधी पक्ष पर पत्थर उखाड़ने का मुकदमा धारा 434 आईपीसी के तहत पुलिस ने दर्ज कर विवेचना उप निरीक्षक रज्जन द्विवेदी को सिपुर्द किया गया है। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक समेत अनेक लेखपाल मौजूद रहे।

### रोजगार मेले में 65 अभ्यर्थियों का चयन

**बलिया।** सोहांव ब्लाक मुख्यालय के डवाकरा हाल में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में तीन कंपनियों ने हिस्सा लिया। इसमें एलएनटी अहमदाबाद, जीफोर एस सिक्योरिटी दिल्ली और याजिकी इंडिया अहमदाबाद शामिल रही। इन तीनों कंपनियों ने प्रपत्रों की जांच एवं साक्षात्कार के पश्चात 65 अभ्यर्थियों का चयन किया। रोजगार मेला के मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी शिवांकित वर्मा ने अभ्यर्थियों को चयन पत्र देकर उनका हौसला अफजाई किया। जिला सेवा योजन अधिकारी आशुतोष प्रसाद ने कहा कि अभ्यर्थियों को कम्पनी अपने यहां रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। रोजगार मेले का उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में होनहार युवाओं को करियर बनाने का बेहतर सुविधा उपलब्ध कराया जाना है। इस अवसर पर अनुदेशक परमानन्द सिंह यादव, मेला प्रभारी अशोक यादव, कैरियर काउंसलर सोनू देव, कम्पनी के एचआर पुष्पेन्द्र कुमार पाण्डेय, शैलेन्द्र पाण्डेय, नीरज पाण्डेय, मुकेश सिंह, रामु रावत आदि उपस्थित रहे।

# बाजारों में मकर संक्रांति की खरीदारी को उमड़ी भीड़


पतंग की खरीदारी करते लोग

पर्व

## तिलवा-तिलकुट की मांग आसमान में पतंगों का जमावड़ा

**बलिया।** जिले भर में मकर संक्राति 15 जनवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा। इसको लेकर बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई हैं। पतंग की दुकानों पर खरीदारी तेज हो गयी है। सबसे ज्यादा डिमांड पतंगों पर बने छोटा भीम, डोरेमान, आई लव माई इंडिया की बढ़ी हुई है। व्यापारी तिलवा और तिलकुट बनाने में व्यस्त हैं। जगह-जगह लगी दुकानों से लोग खिचड़ी के लिए सामानों की खरीदारी करते नजर आए।

इस त्योहार में कपड़े की दुकानों पर भी भीड़ देखी जा रही है। पतंग की दुकानों पर खरीदारी के लिये भीड़ उमड़ रही है। बाजार में इस बार कई तरह के तिलकुट व तिलवा उपलब्ध हैं। मकर संक्राति पर गुड़, तिल, चिउरा, मूरी की मांग अधिक रहती है। बाजार में बिकने वाले तिलवा की बात करें तो यह 80 रुपये से लेकर 100 रुपये प्रति किग्रा है। वहीं, बाजरा का तिलवा 140 रुपये व तिलकुट 250 से 400 रुपये प्रति किग्रा की दर से बिक रहा है। तिलकुट पारंपरिक रूप से तिल, चीनी या गुड़ से बनाया जाता है। मगर इस बार फ्लेवर तिलकुट भी बाजार में मौजूद है। मकर संक्राति पर गंगा में स्नान का भी रेला रहेगा। नगर के महावीर घाट से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के स्नान घाटों पर भी भारी भीड़ होगी। इस दिन गंगा और सरयू में स्नान करने के बाद ही लोग दही और चिउरा का भोजन करते हैं। मकर संक्राति की घर-घर तैयारी चल रही है।

### पतंग की दुकानों पर खरीदारी तेज

**बलिया।** मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाये जाने की तैयारी चल रही है। इस पर्व पर तिल के पकवान बनाने के साथ-साथ जमकर पतंगबाजी भी की जाती है। जैसे-जैसे यह पर्व नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे पतंगो की मांग बढ़ने लगी है। शहर के जंगे अली मोहल्ला में पतंग की दुकानें सज गयी है। दुकानों पर पांच रूपये से लेकर 60 रूपये तक की पतंग उपलब्ध है। सबसे ज्यादा खरीदारी पतंगों पर बने डोरेमान, छोटा भीम, आई लव माई इंडिया, गणतंत्र दिवस, मोटू-पतलू आदि की हो रही है। जिले की कई दुकानों पर तरह-तरह की पतंगे बिक्री के लिए सजकर तैयार है।

# विद्युत स्पर्शाघात से सपा नेता की मौत

दुखद

## आवास पर शोक सभा व्यक्त करने वालों का लगा तांता


मनीष दूबे मनन (फाइल फोटो)


मृतक के आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करते लोग

**बलिया।** टाउन डिग्री कालेज के छात्रसंघ के पूर्व महामंत्री एवं समाजवादी पार्टी के युवा नेता मनीष दूबे मनन का शनिवार को विद्युत स्पर्शाघात से मौत हो गयी। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। युवा नेता मनन दुबे की असामयिक मौत से चारो तरफ शोक की लहर दौड़ गयी। उनके आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालो का तांता लग गया।

जानकारी के अनुसार मुरली मनोहर टाउन डिग्री कालेज के पूर्व महामंत्री एवं छात्र नेता मनन दुबे शनिवार को गड़वार रोड स्थित निधरिया नई बस्ती आवास के छत पर जाकर साफ-सफाई कर रहे थे। इसी दौरान छत के ऊपर से गुजर रहे एचडी लाइन की चपेट में आ गए। इससे उनकी मौत हो गई। मनन दुबे की मौत पर समाजवादी पार्टी ने अपने ट्विटर हैंडल पर शोक संवेदना जताते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। गाजीपुर के अमवां गांव निवासी मनीष दुबे उर्फ मनन दुबे मुरली मनोहर टाउन डिग्री कालेज में महामंत्री रह चुके थे। इसके अलावा वह समाजवादी पार्टी में भी विभिन्न पदों पर रह चुके थे। उनकी मौत से परिवार सहित क्षेत्र में मातम पसर गया। शोक संवेदना व्यक्त करने वालो का उनके आवास पर तांता लगा रहा।

### प्रदेश सचिव के निधन पर व्यक्त किया शोक

**बलिया।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर छात्र सभा के प्रदेश सचिव एवं टीडी कालेज के पूर्व महामंत्री मनीष दूबे मनन के असामयिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। सपा जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव ने दुख प्रकट करते हुए कहा कि जिला ही नहीं, बल्कि प्रदेश का एक होनहार युवा नेता चला गया। मनीष दूबे मनन के असामयिक निधन से परिवार के साथ ही पार्टी को अपूर्णीय क्षति हुई है। अंत में गतात्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण करके प्रार्थना की गई। इस अवसर पर लक्ष्मण गुप्त, राजन कन्नौजिया, सुशील पांडेय कान्हजी, रविन्द्र नाथ यादव, अनिल राय, जलालुद्दीन जेडी, वीरबल राम, बदरूद्दीन, मुन्ना गिरि, वीरा खां, सुभाष यादव, सुनील यादव, सुभाष यादव, राजमंगल यादव टिकरी, अक्षयलाल यादव, जयप्रकाश यादव मुन्ना, राकेश यादव, राजेश यादव, राधेश्याम यादव, रामदर्शन, हरिन्द्र गोंड, छोटू यादव आदि मौजूद रहे।

# जले ट्रांसफार्मर को बदलने की मांग

**बैरिया।** स्थानीय नगर के शीतगृह में लगा 400 केवीए का ट्रांसफार्मर जलने से बैरिया कस्बे में शनिवार को पिछले 24 घंटे से विद्युत आपूर्ति ठप हो गई है। इसके चलते उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई है। लोगों को टुल्लू वाटर पंप व समरसेबल से पानी चढ़ाने, प्रकाश तथा विद्युत पर आधारित व्यवसायियों को काफी परेशानी हो रही है। विद्युत आपूर्ति ठप होने के चलते भैया बाजार में रात में अंधेरा रहने से अपराधिक घटनाओं के बढ़ने की आशंका बढ़ गई है। बाजारवासियों ने शीघ्र नया ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड चतुर्थ से की है।

# वार्षिक योजनाओं के क्रियान्वयन को बनायी रणनीति

बैठक

## 21 से 27 जनवरी विभिन्न कार्यक्रम कराने का निर्णय



**बलिया।** क्षेत्र पंचायत हनुमानगंज के ग्राम सभा बसंतपुर के प्रबुद्धजनों, पं. विवेकानंद सेवा समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की संयुक्त वार्षिक बैठक शनिवार को पंडित जी की फुलवारी में श्री नयन ब्रह्म बाबा जी के चबूतरे पर पुरोहिताचार्य डॉ. विजयानन्द पाण्डेय उर्फ अखिला बाबा की अध्यक्षता में हुई। इसमें जनवरी से दिसंबर तक की योजनाओं के क्रियान्वयन की रूपरेखा तैयार की गई।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बसंत पंचमी के पावन पर्व पर बसंत ऋतु में बसंतपुर ग्राम में नित्य प्रातः स्मरणीय नैन बाबा के वार्षिक पूजन व ब्रह्मलीन योगीराज श्रीश्री 1008 पंडित सौदागर महाराज के 75वें चरण पादुका पूजन समारोह के उपलक्ष्य में दिव्य धर्म महासंगम के अंतर्गत आगामी 21 जनवरी से 27 जनवरी तक सात दिवसीय श्रीरामायण, श्री नवचंडी पाठात्मक, श्री रुद्राभिषेकात्मक तथा श्रीलक्ष्मी नारायण हवनात्मक महायज्ञ के साथ निःशुल्क योग व चिकित्सा शिविर का आयोजन नहर किनारे पंडित की फुलवारी बसंतपुर में किया जाएगा। मौके पर ताराचंद मिश्रा, प्रधान विजय प्रताप सिंह, रंजीत बहादुर, वशिष्ठ नारायण, संतोष कुमार, गीता देवी, अरविंद सिंह, राधामोहन, रामबाबू, लक्ष्मण, रामनाथ गोंड, राजनारायण, अजय, दीपू, रमेश वर्मा, रंजय सिंह, मनसा चौधरी, सोनू प्रसाद, कन्हैया गोंड, विनायक शरण सिंह, जया सिंह, किरण सिंह, कामिनी सिंह, श्वेता सिंह, उषा सिंह, रिंकी सिंह, अंजली सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन पूनम पांडेय ने किया।

# अनुपस्थित लेखपालों का वेतन काटने का निर्देश


बैरिया थाना में फरियाद सुनते एसडीएम

थाना समाधान दिवस

## प्रभारी निरीक्षक की शिकायत पर एसडीएम ने की कार्रवाई

**बैरिया।** स्थानीय थाना प्रांगण में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे का बहाना बनाकर राजस्व कर्मी अनुपस्थित रहे। प्रभारी निरीक्षक ने इसकी शिकायत एसडीएम आत्रेय मिश्र ने की। कहा कि थाना समाधान दिवस पर लेखपालों की अनुपस्थिति के कारण राजस्व से संबंधित मामलों का निस्तारण नहीं हो पा रहा है।

कहा कि छोटे-छोटे मामलों को लेकर बड़ी-बड़ी घटनाएं हो जाती हैं। इससे पुलिस को अकारण परेशान होना पड़ता है। इस तरफ जनहित में ध्यान देने की कृपा करें। उप जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद दो लेखपालों को छोड़कर अनुपस्थित रहने वाले सभी लेखपालों का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया है। थाना समाधान दिवस में चक गिरधर निवासी वसुधानन्द एवं कपिल के मामले में न्यायालय के आदेश का अनुपालन कराने का आदेश उप जिलाधिकारी ने दिया। शराफत अली के जमीनी विवाद का मौके पर जाकर निस्तारण किया गया। बैरिया निवासी भीम राम के घर जाने वाले रास्ते पर कांटा लगाकर अवरुद्ध करने वाले मामले का भी निस्तारण किया गया। जगदेवा के मंटू कुमार का भूमि विवाद, दया छपरा के धर्मशीला देवी के नाली सोख्ता का विवाद, बैरिया के कांति देवी का भूमि विवाद, इब्राहिमाबाद के लक्ष्मण सिंह का नाली विवाद का निस्तारण मौके पर लेखपालों के नहीं रहने के कारण नहीं हो पाया। मौके पर एसडीएम आत्रेय, क्षेत्राधिकारी उस्मान, एसएसओ धर्मवीर, चौकी इंचार्ज बैरिया अतुल, लेखपाल मनोज मौजूद रहे।




# दुकान ध्वस्त करने के मामले में 11 पर मुकदमा

**रसड़ा (बलिया)।** नगर स्थित गुलाबचंद का हाता प्राइवेट बस स्टॉप स्थित एक फर्नीचर की दुकान को रात में जेसीबी से ध्वस्त किए जाने के मामले में पुलिस ने मकान मालिक समेत 11 लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही प्रारंभ कर दिया। विगत 11 जनवरी की आधी रात में कोर्ट के स्थगन आदेश के बावजूद कोतवाली एवं पुलिस चौकी से कुछ ही दूरी स्थित उक्त दुकान को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया था। थाना क्षेत्र के मुड़ेरा गांव निवासी अशोक शर्मा एवं संजय शर्मा की गुलाब चंद्र के हाता में उनके बाप दादा के समय से लगभग 65 वर्षों से फर्नीचर की दुकान करते आ रहे थे। भू माफियाओं से मिल रही धमकियों से डरकर दुकानदारों ने न्यायालय की शरण ली। जहां इनका मामला सिविल कोर्ट में चल रहा है। जहां से इन दुकानदारों को स्थगन आदेश भी प्राप्त था। बावजूद जेसीबी लगाकर उक्त दुकानों को ध्वस्त कर दिया गया। दुकानदारों ने आरोप लगाया की सीसी कैमरा होने के बावजूद भी दो दिन बाद पुलिसिया कार्यवाही पर संदेह व्यक्त कर रहे है। उन्होंने तत्काल कार्यवाही की मांग किया।

## कर्मचारी आवास में लगी आग, भगदड़

**बलिया।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नरही पर 108 एंबुलेंस गाड़ी के कर्मचारी के आवास में संदिग्ध परिस्थितियो में में आग लग गयी। इससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। कर्मचारियों के सूझ बूझ से किसी तरह आग पर काबू पा लिया गया। जानकारी के अनुसार 108 एम्बुलेंस के कर्मचारी अनिल, एमटी रामचंद्र के आवास में शनिवार को दोपहर में आग की लपटे उठनी शुरु हुई। इसकी जानकारी मिलते ही मौके पर अस्पताल के कर्मचारी जुट गयी। कड़ी मशक्कत के बाद कर्मचारियों ने किसी तरह आग पर काबू पा लिया जिससे बड़ी घटना रूक गई। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया।

# दिव्यांगजनों को मिला सहायक उपकरण



दिव्यांगजनों में सहायक उपकरण वितरित करते मंत्री दयाशंकर सिंह, राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी, राज्यसभा सांसद नीरज शेखर व अन्य



कार्यक्रम में पोस्टर का विमोचन करते अतिथिगण

जनसंदेश न्यूज

**आयोजन**

### कार्यक्रम में शामिल हुए जिले के 500 दिव्यांगजन

**बलिया।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा शनिवार को आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में पूरे भारतवर्ष में 67 शिविरों का आयोजन किया गया। इसका वर्चुअल उद्घाटन जिला झाबुआ, मध्य प्रदेश से केंद्रीय मंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार डॉ. वीरेंद्र कुमार ने किया। इसी क्रम में जिले में श्री मुरली मनोहर स्नात्कोत्तर महाविद्यालय में एडिप योजना के तहत उपकरण वितरण का आयोजन एलिम्को एवं सीआरसी गोरखपुर तथा जिला प्रशासन बलिया के सहयोग से किया गया। इसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद नीरज शेखर, बलिया सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त, सलेमपुर सांसद रविन्द्र कुशवाहा, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी, भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, जिला विकास अधिकारी राजित राम मिश्रा, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अशोक कुमार गौतम, सीआरसी गोरखपुर के रेजिडेंट कोआर्डिनेटर नीरज मधुकर शामिल रहे। लाभार्थियों को जनप्रतिनिधियों द्वारा उपकरण वितरण किया गया, जिसमें ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, बैशाखी, श्रवण यंत्र, केन आदि शामिल रहा। कार्यक्रम में लगभग 500 दिव्यांगजन उपस्थित रहे एवं उपकरण प्राप्त किया।

# विक्रमादित्य पांडेय का व्यक्तित्व अनुकरणीय : शशिकांत



कदम चौराहा पर पूर्व मंत्री विक्रमादित्य पांडेय के चित्र पर माल्यार्पण करते शशिकांत चतुर्वेदी व अन्य

### पूर्व मंत्री के चित्र पर अर्पित किया पुष्प



**बलिया।** नगर के टाउन हाल में पूर्व मंत्री विक्रमादित्य पांडेय की 16वीं पुण्यतिथि पर शनिवार को सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने पूर्व मंत्री विक्रमादित्य पांडेय के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया। मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने अपनी विधायक निधि से पूर्व मंत्री विक्रमादित्य पांडेय की आदमकद प्रतिमा लगवाने की घोषणा की। कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष अवध बिहारी चौबे ने पूर्व मंत्री विकास पुरूष विक्रमादित्य पांडेय की कृतियों का वर्णन किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद नीरज शेखर, सपा जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव, पांडेय गोविन्द, लक्ष्मण गुप्त, पूर्व मंत्री नारद राय, सनातन पांडेय, डॉ. शत्रुध्न पांडेय, पराग श्रीवास्तव, चिराग उपाध्याय, निषिद्ध श्रीवास्तव, डॉ. विद्यासागर उपाध्याय, गुड्डू सिंह, प्रिंस दूबे, बबलू मिश्र आदि मौजूद रहे। संचालन प्रेमचंद्र मिश्र ने किया। अंत में श्रीप्रकाश पांडेय मुन्ना एवं संतोष पांडेय ने सभी आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया।

जनसंदेश न्यूज

**नेक कार्य**

### पूर्व मंत्री की पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों में वितरित किया कंबल

**बलिया।** सियासत सेवा का माध्यम बने तो राजनीति निश्चित तौर अपना सुनहरा मुकाम तय कर लेती है। सेवा ही जिनका आजीवन संकल्प रहा। जिसने राजनीति को ही अपना जीवन लक्ष्य बना रखा था और पीड़ितों का दर्द सहलाकर समाज की पृष्ठभूमि में सियासत की अमिट रेखा खींची। ऐसे राजनीति के पुजारी रहे पूर्व मंत्री विकास पुरूष विक्रमादित्य पांडेय का व्यक्तित्व न केवल अनुकरणीय है, बल्कि प्रशंसनीय भी।

उक्त बातें पूर्व मंत्री विक्रमादित्य पांडेय की 16वीं पुण्यतिथि पर कदम चौराहा स्थित अमर शहीद मंगल पांडेय स्मारक परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में सपा के वरिष्ठ नेता शशिकांत चतुर्वेदी ने व्यक्त किया। सपा जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव ने कहा कि बलिया विकास पुरूष विक्रमादित्य पांडेय का ऋणी है।

इनकी स्मृतियों को समेटकर वर्तमान में राजनीति की नई पटकथा लिखी जा सकती है। तत्पश्चात सपा जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव, राजीव उपाध्याय एवं शशिकांत चतुर्वेदी ने जरूरतमंदों में कंबल वितरण किया। इस अवसर पर सनातन पांडेय, यशपाल सिंह, मिठाई लाल भारती, लक्ष्मण गुप्त, अनिल राय, साथी रामजी गुप्त, अकमल नईम खां मुन्ना, सुशील पांडेय कान्हजी, प्रमोद उपाध्याय, ओमप्रकाश तिवारी, अजीत मिश्र, सियाराम यादव, अखिलेश दूबे, शिवकुमार मिश्र, शत्रुध्न पांडेय, ददन यादव, सागर सिंह राहुल, वीरबल राम, रविन्द्र यादव, रामेश्वर पासवान, बब्लू चौबे, दीना भाई, अजय चौबे, बबुआ उपाध्याय, देवानंद पांडेय, राजेन्द्र ओझा, जितेन्द्र, मुन्ना पाठक, गिरजाशंकर यादव, केके पाठक, केके पांडेय, छोटे पांडेय, नीशू श्रीवास्तव, शंकर तिवारी, अखिलेश पांडेय, मनोज पांडेय, पिंटू खां, राधेलाल यादव, राहुल राय आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता अवध बिहारी चौबे ने किया।

# बंदियों में वितरित किया कंबल



जिला कारागार में बंदी को कंबल देते भाजपा जिलाध्यक्ष

**बलिया।** जिला कारागार बलिया में बंद कैदियों को कड़ाके की ठंड से राहत दिलाने के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू के नेतृत्व में कम्बल वितरण किया।

जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने कहा कि जीवन में इन्सान से गलतियां हो जाती है, लेकिन गलतियों से सीख लेते हुए जो व्यक्ति परिवर्तन लाता है। ऐसे व्यक्ति को समाज से हर समय सहयोग मिलता रहता है। कहा कि हमारी सरकार की प्रथमिकता है कि कोई भी व्यक्ति ठंड की वजह से प्रभावित ना हो।

जिला जेलर ने कहा कि भाजपा के प्रतिनिधि मण्डल द्वारा कम्बल वितरण किया जाना सराहनीय और पुनीत कार्य है। समाजसेवियों की बदौलत समाज का कार्य चल रहा है। इस अवसर पर सुरेन्द्र सिंह, प्रदीप सिंह, अरुण सिंह बंटू, अजय सिंह, विजय गुप्ता, कमलेश सिंह, आलोक सिंह मोनू, मनीष गुप्ता मोनू, दिलीप गुप्ता, मोहन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### रेलवे की भूमि से हटाया गया अतिक्रमण

**बलिया।** शहर से सटे काजीपुरा मोहल्ले में रेलवे की भूमि पर किए गए अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण को हटाने का कार्य सीनियर सेक्शन इंजीनियर कमलेश कुमार और रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी निरीक्षक बीके सिंह के नेतृत्व में रेलवे पुलिस की ओर से जेसीबी की मदद से आधा दर्जन पक्के मकान एवं चहारदीवारी को ध्वस्त कर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। रेलवे सुरक्षा बल की इस कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में खलबली मची रही। लोग ठंड में अपने आशियाने को बचाने के लिए अधिकारियों से गुहार करते रहे लेकिन अवैध निर्माण हटाने के बाद ही रेलवे का बुलडोजर रुका। बलिया मॉडल रेलवे स्टेशन के पूरब स्थित काजीपुरा मोहल्ले में काफी दिनों से अतिक्रमणकारियों की ओर से झोपड़ी एवं पक्के निर्माण कर रेलवे की भूमि पर अवैध कब्जा किया गया था। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, अतिक्रमणकारियों को 20 दिन पहले ही नोटिस जारी की गई थी। मजबूरन रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर तथा रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में शुक्रवार को अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। इस दौरान पक्के निर्माण को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त करा दिया गया।

### थाना दिवस पर पुलिस अधीक्षक ने सुनी समस्याएं



**मऊ।** शनिवार को जनपद मऊ के समस्त थानों पर समाधान/थाना दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय द्वारा थाना सरायलखंसी पर उपस्थित रह जनशिकायतों को सुना गया तथा इसके समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इस दौरान थाना चिरैयाकोट में 01, थाना दक्षिणटोला में 02, थाना दोहरीघाट में 07, थाना घोसी में 08, थाना हलधरपुर में 07, थाना कोपागंज में 06, थाना कोतवाली में 03, थाना मधुबन में 05, थाना मुहम्मदाबाद में 02, थाना रानीपुर में 03, थाना सरायलखंसी में 04 प्रार्थना-पत्र पड़े।

# मकर संक्रांति की तैयारी को लेकर रामघाट पहुंचे अधिकारी

**निरीक्षण**

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के लिए दिया सख्त निर्देश

जनसंदेश न्यूज



**दोहरीघाट, मऊ।** नगर स्थित राम घाट पर शनिवार को एडिशनल एसपी त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में अधिकारियों की एक टीम रामघाट का दौरा की। रविवार को मकर संक्रांति के पर्व पर क्षेत्र से ही नहीं अन्य जनपदों से भी हजारों की संख्या में लोग दोहरीघाट सरयू नदी के किनारे पहुंचकर स्नान करते हैं।

इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए एडिशनल एसपी द्वारा थाना प्रभारी हरिशंकर सिंह को निर्देशित करते हुए कहा कि पुलिस के जवान चप्पे-चप्पे पर तैनात किया जाए तथा स्नान करने आए हुए लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत ना इसकी पूरी तैयारी कर लिया जाये। उपजिलाधिकारी घोसी सुरेश कुमार द्वारा नगर पंचायत दोहरीघाट के योग को निर्देशित करते हुए कहा कि नदी के किनारे गहरे नदी में जाने से बचने के लिए बैरेकेंटिंग की व्यवस्था किया जाए। जगह जगह पर अलाव की व्यवस्था किया जाए।

क्षेत्राधिकारी घोसी ने थाना प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा कि चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान मुस्तैद रहने चाहिए जिससे किसी प्रकार की घटना ना घटित हो सके तथा गोताखोरों की भी तैनाती किया जाए इसके लिए थाना प्रभारी को निर्देशित किया। उक्त अवसर पर सीओ घोसी, सीआरओ, तहसीलदार घोसी संजीव कुमार सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

# चोरी के सामान के साथ एक गिरफ्तार

**बलिया।** सहतवार थाना पुलिस 24 घण्टे के भीतर चोरी का पदार्फाश करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी का सामान भी बरामद किया गया। पुलिस ने चोर के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया। थाना सहतवार पर वादी मुकदमा द्वारा लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया कि वे अपने नीजी कार्य से दिल्ली गये थे घर पर कोई नही था, लगभग 20 दिन बाद दिल्ली से वापस घर आने पर देखा कि उनके घर का ताला टूटा था और घर से घरेलू सामान गैस सिलेन्डर, बर्तन, साड़ी आदि नही थे जिन्हे चोरी कर लिया गया था। पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत कर मात्र 24 घंटे के भीतर ही शनिवार को अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया व चोरी गये सामान की सकुशल बरामदगी की गयी है। पूछताछ में चोर ने अपना नाम अनिल कुमार गुप्ता पुत्र जंगबहादुर गुप्ता निवासी वार्ड नं. 9 कस्बा व थाना सहतवार बताया। पुलिस ने चोर के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया।

### प्रधान ने 300 जरूरतमंदों को ओढ़ाया कंबल



**बेल्थरारोड।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत हल्दी रामपुर के ग्राम प्रधान अनंत देव सिंह यादव ने मकर संक्रांति के अवसर पर शनिवार को सामुदायिक भवन धराहरा पर लगभग 300 जरूरतमंदों में कंबल का वितरण किया। कहा कि किसी भी गरीब परिवार को शीतलहर का शिकार नहीं होने दिया जायेगा। सरकारी स्तर पर कंबल का वितरण ऊंट के मुह में जीरा के समान है। कड़ाके की ठंड को देखते हुए गांव में जगह-जगह निरंतर अलाव जलवाया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व प्रधान रामवृक्ष सिंह यादव, अरुण तिवारी, अजीत सिंह, आशुतोष यादव, सुभाष यादव आदि मौजूद रहे।

### कंबल पाकर खिले जरूरतमंदों के चेहरे



**रतसर।** क्षेत्र के नूरपुर गांव में प्रधान विक्रमा वर्मा द्वारा शनिवार को कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राजस्व निरीक्षक शिवशंकर उपाध्याय ने 101 जरुरतमंदों में कंबल वितरित किया। कहा कि भूखे व्यक्ति को जिस तरह रोटी की जरूरत होती है, उसी तरह ठंड में असहायों को कंबल देना बड़ा पुनीत कार्य है। इस तरह का कार्य सभी सामर्थ्यवान लोगों को करना चाहिए। प्रधान विक्रमा वर्मा ने कहा कि मै सभी जरूरतमंदों की मदद के लिए सदैव तैयार हूं। मौके पर तकनीकी सहायक दीपक कुमार, शिव कुमार, विजय शंकर वर्मा, रामलखन, रामाश्रय, राम सागर, हरिन्द्र कुमार, दिनेश, लक्ष्मण राजभर आदि मौजूद रहे।

# चौपाल लगाकर अधिकारियों ने सुनी जनता की समस्यायें

**जिगना।** छानबे विकास खंड के माडल गांव अकोढ़ी के रामलीला मैदान और गोगांव के पंचायत भवन पर ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में ग्रामीणों की समस्या सुनी गयी। समाधान का आश्वासन दिया गया। साथ ही अकोढ़ी गांव के ग्राम प्रधान सतीश तिवारी उर्फ पंकज तिवारी द्वारा स्वयं के खर्च से 500 सौ कंबल गरीबों असहाय व दिव्यांगों को वितरण किया गया। ग्राम प्रधान द्वारा चौपाल में ही गरीबों को कंबल का संबल प्रदान किए जाने पर उपस्थित मुख्य अतिथि नगर विधायक रत्नाकर मिश्र विशिष्ट अतिथि खंड विकास अधिकारी छानबे हरिओम गुप्ता व अन्य विभाग के अधिकारियों ने उनकी प्रशंसा की। पंचायत भवन गोगांव पर ग्राम चौपाल में भी काफी संख्या में महिला और पुरुष मौजूद रहे। चौपाल में समाज कल्याण, कृषि, पशुपालन, पंचायत विभाग, शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने अपने विभाग से संबंधित आवश्यक जानकारी दी। ग्रामीणों ने आवास, पेंशन, अंडर ग्राउंड पुल मे बरसात का पानी, विद्युत पोल, पेयजल की समस्या से अधिकारियों को अवगत कराया। चौपाल में विद्युत विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के न आने से ग्रामीणों की समस्या का समाधान नही हो पाया। इस दौरान पीडी अनय कुमार मिश्रा, एडीओ समाज कल्याण प्रेम चद्र, खंड विकास अधिकारी हरिओम गुप्ता, एडीओ पंचायत प्रभा शंकर पटेल, ग्राम प्रधान सतीश चंद तिवारी, प्रमुख प्रतिनिधि कुलदीप सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ग्राम प्रधान शिव दुलारी यादव प्रधान प्रतिनिधि केशव यादव भाजपा मंडल अध्यक्ष 96 सुजीत मोदनवाल अजय यादव, प्रकाश चंद्र दुबे सहित बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### हनुमान जी की वीरगाथा सुन भाव विह्वल हुए श्रोता

**चहनियां।** बैष्णव रामशाला हनुमान मंदिर रामगढ़ में सात दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन किया गया शनिवार को कथा के छठवें दिन कथावाचक परमपूज्य शशिकांत महाराज अपने सुमधुर अमृतवाणी से श्रोताओं को रामचरित मानस पाठ के सुन्दर कांड पर विस्तृत वाचन किया। शशिकांत महाराज ने सुन्दरकाण्ड में हनुमान का सीता माता को खोजने के लिए की गयी। लंका यात्रा का सम्पूर्ण मनमोहक बखान किया। बताया कि जहाँ सम्पूर्ण रामायण में श्रीराम के सुंदर स्वरूप, उनके जीवन काल, स्वभाव, आदर्शों का गुण गान किया गया है वहीं सुन्दरकांड एक ऐसा भाग है जो सिर्फ हनुमान जी की वीरता का बखान करता है। सुन्दर कांड हनुमान पर केंद्रित सबसे पुरानी रचना है। ऐसा माना जाता है कि सुन्दरकांड के पाठ से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस दौरान डा. रमेशचंद्र, प्रेमनाथ, शोभनाथ, राधेश्याम, जयप्रकाश, सीताराम, प्रेमलाल, कौशलेंद्र, डा.अवधेश, शिवमूरत, नरेंद्र, टिल्लू, राजेश कुशवाहा, प्रभुनाथ, राजकुमार सिंह, राजेश सिंह मौजूद रहे।

# सुंदर कांड पाठ का किया गया आयोजन



**मऊ।** श्री हनुमत कृपा सेवा समिति द्वारा नगर के छेदापूरा मुहल्ले डी एवी बालिका विद्यालय के पास मां काली मंदिर के जीर्णोद्धार के उपरान्त नवीन मूर्ति स्थापना समारोह के अवसर पर सुंदर काण्ड पाठ परिवार के द्वारा सुंदर काण्ड का संगीतमय पाठ किया गया। इस अवसर पर समिति के डा राम गोपाल ने कहा कि नगर के सभी क्षेत्रों में सुंदर काण्ड पाठ ने हिंदू जन मानस में नई स्फूर्ति भर दिया है। विपरित परिस्थितियों में भी समयानुसार पाठ में सभी लोग दूर दराज से आकर हनुमान जी महाराज के दरबार में अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर जीवन में सुख शांति और समृद्धि तथा आनंद की प्राप्ति करते हैं। इस अवसर पर मां काली मंदिर समिति के विक्रम प्रसाद, अपूर्व गुप्ता, शर्मा प्रसाद, डा पीसी विश्वास, अशोक शर्मा, अश्विनी वर्मा, दीप गुप्त आदि युवकों ने श्री हनुमत कृपा सेवा समिति का स्वागत अभिनंदन करते हुए आगामी कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए निवेदन किया। कार्यक्रम में दीप गुप्ता ने भजन गाकर सभी श्रोताओं को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अजय गुप्ता, सुनीता गुप्ता, मनोज तिवारी, रवि प्रकाश, राम प्यारे गुप्ता, अनिल शर्मा, नंद लाल मौर्य, वीरेंद्र चैहान, अर्जुन राजभर, राकेश श्रीवास्तव, धनंजय वर्मा, राजेंद्र गुप्ता, राघवेंद्र सिंह, बनारसी यादव, विजय कुमार समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### तीन वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**मऊ।** शनिवार को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना कोतवाली पुलिस द्वारा रेलवे स्टेशन के पास से मुअसं 11/23 धारा 366,506 भादवि व धारा 3(2)5 एसी/एसटी एक्ट में वांछित अभियुक्तगण मो. सलमान पुत्र अमानत अली निवासी हट्ठीमदारी थाना कोतवाली, हाफिज मो. इश्लाम पुत्र मूस्ताक अहमद निवासी कासिमपुर थाना दक्षिणटोला तथा थाना मधुबन पुलिस द्वारा कटघरा शंकर से मुअसं 483/22 धारा 363, 366504, 506 भादवि व धारा 3(2)5 एसी/एसटी एक्ट व 7/8 पोक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त विवेक यादव पुत्र रामश्रे निवासी रसूलपुर गौतम थाना मधुबन जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# शिव विवाह की कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

**बलिया।** छितौनी गांव स्थित प्रख्यात श्री छितेश्वरनाथ मंदिर प्रांगण में चल रहे सप्त दिवसीय श्रीराम कथा के दूसरे दिन मानस माधवी बाल व्यास साधना ने शिव विवाह की कथा सुनाई। बाल व्यास द्वारा शिव विवाह की संगीतमय कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति सागर में डुबकी लगाते रहे।

मानस माधवी साधना ने कहा कि आशुतोष भगवान शिव को ऊपर के रूप में प्राप्त करने के लिए माता ने कठिन तप किया था, तब त्रिपुरारी को वर के रूप में प्राप्त किया था। शिव विवाह के दौरान शिव बारात की आकर्षक झांकी भक्ति मंच पर देखने को मिली।

शिव बारात में भूत-पिचास आदि रूप धारण किए हुए बारातियों एवं बैल पर सवार भगवान भोलेनाथ की झांकी को देखकर श्रद्धालु ओम नमः शिवाय, हर-हर महादेव आदि के नारे लगाने लगे। कथा श्रवण करने के लिए श्रद्धालु प्रवचन पंडाल में उमड़ रहे है।

ज्ञातव्य हो कि श्री छितेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण में पांच वर्ष पूर्व मां लक्ष्मी की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी, तबसे प्रतिवर्ष महालक्ष्मी प्राण प्रतिष्ठा का वार्षिकोत्सव मनाया जाता है। वार्षिकोत्सव के दौरान दिन में पूजन अर्चन तथा सायं काल से भगवान कथा की अमृत वर्षा कथावाचकों द्वारा की जा रही है। इसका अमृत पान श्रद्धालु भक्ति सागर में सराबोर होकर कर रहे हैं।

आयोजक मंडल के डा.नागेंद्र दुबे ने बताया कि पूजन अर्चन सहित श्रीराम कथा निरंतर चलता रहेगा। आगामी 19 जनवरी को विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है।

# पुरानी पेंशन बहाली तक नहीं लेगें चैन की सांस: रामलाल

**अधिवेशन**

### महासंघ की कमान,बालेन्द्र त्रिपाठी के हाथ

### जिला पंचायत सभागार में महासंघ का अधिवेशन सम्पन्न


जिला पंचायत सभागार में नवनिर्वाचित पदाधिकारी।


जिला पंचायत सभागार में महासंघ के प्रदेशध्यक्ष रामलाल यादव।

**गाजीपुर।** जिला पंचायत सभागार में आयोजित अधिवेशन और चुनाव में जिलाध्यक्ष की कमान बालेन्द्र त्रिपाठी के हाथों सर्वसम्मति से देने की मुहर लग गई। वही जिलामंत्री की जिम्मेदारी राम प्रकाश गुप्ता को सौंपी गई।

इस अवसर पर आए प्रांतीय अध्यक्ष रामलाल यादव ने कर्मचारियों में जोश भरते हुए कहा कि वर्तमान सरकार कर्मचारी शिक्षक विरोधी हो गई है। समस्याओं का समाधान करना तो दूर, उस पर विचार करने तथा वार्ता करने तक की फुर्सत नहीं है। ऐसी विपरीत परिस्थितियों में जब तक संगठन ब्लाक, तहसील, जिला तथा प्रान्त स्तर पर मजबूत नहीं होगा, तब तक निर्णायक संघर्ष संभव नहीं है। आज का यह अधिवेशन और चुनाव मील का पत्थर सिद्ध होगा। जनप्रतिनिधि यदि एक माह के लिए भी विधायक, सांसद बन जाते हैं, तो जीवन भर पेंशन के अधिकारी बने रहते हैं। अगर दो पद पर चुनाव जीतते हैं, तो दोनों पदों का अलग-अलग पेंशन प्राप्त करते हैं। साथ ही पचासों तरह की अतिरिक्त सुविधाएँ प्राप्त करते हैं और कर्मचारी शिक्षक 40 वर्षों तकनीकी सेवा करने के बाद आज पेंशन से महफूज हैं, बहादुर साथियों चट्टानी एकता कायम करिये और प्रतिज्ञा करना है कि जब तक पुरानी पेंशन बहाली नहीं होती तब तक चैन की सांस नहीं लेंगे। इस मौके पर प्रांत से आए यूपी. सिंह, पदम नाथ त्रिवेदी, उमेश चन्द्र श्रीवास्तव, गौरव सिंह (पिन्चू) के अलावा विनोद पाण्डेय, जनार्दन यादव, रंगनाथ सिंह यादव, गोपाल राय, गोरख यादव, राजेश यादव, ओम प्रकाश, नगीना यादव, प्रदीप कुमार, संतोष यादव, हरेराम यादव, राजनाथ, प्रतीक, हरेराम यादव, चन्द्र सोनकर, ईश्वर यादव, अतुलेश राय, पवन राय, संजय कुमार, कामेश्वर रावत, उमेश कुमार आदि मौजूद थे।

**मुख्य मांगें**

पुरानी पेंशन बहाली, सफाई कर्मचारियों के लिए नियमावली बनाने, कनिष्ट सहायक को न्यूनतम 2800 ग्रेड वेतन देने, वेतन विसंगतियां दूर करने, आंगनबाड़ी, आशा बहू पीआरडी, रसोईया, चौकीदार आदि को 24 हजार मानदेय देने के साथ ही इन्हें राज्य कर्मचारी की दर्जा देने की मांग प्रमुख रही। जिस पर आने वाले दिनों में व्याप्त आंदोलन किया जाएगा।

## पुरानी पेंशन बहाल होने पर अटेवा पेंशन बचाओ मंच में खुशी

**गाजीपुर।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच के पदाधिकारियों ने विकास भवन के परिसर में उपस्थित होकर हिमाचल प्रदेश में एनएमओपीएस इंडिया के संघर्षों के परिणाम स्वरूप पुरानी पेंशन बहाल होने पर एक दूसरे को मिठाईयां खिलाई और खुशियों का इजहार किया गया। पदाधिकारियों ने 12 फरवरी को लंका मैदान में अटेवा पेंशन बचाओ मंच के तत्वावधान में होने वाले पुरानी पेंशन बहाली हेतु महासम्मेलन को सफल बनाने पर रणनीति भी तैयार की गई। जिला अध्यक्ष सरफराज खान ने कहा कि महा सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रुप में एनएमओपीएस इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष और अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष पेंशन पुरुष विजय कुमार बंधु का जनपद आगमन होगा। इस अवसर पर प्रभारी डा. वीरेंद्र यादव, सरफराज खान, कन्हैया यादव, अकबर अंसारी, मुजम्मिल अंसारी, हसीन अहमद, पीयूष कांत यादव, राजेश सिंह यादव आदि साथी उपस्थित थे।

## विद्युत तार पर अवैध कनेक्शन का मकड़जाल, विभाग मौन

**जनसंदेश न्यूज**


बारा गांव के बाजार मोहल्ले में विद्युत तार पर अवैध कनेक्शन

**बारा।** तमाम प्रयास के बाद भी ग्रामीण अंचलों में कटिया कनेक्शन की भरमार है। जर्जर व ढीले विद्युत तार को बांस का खपच्चा लगाकर जुगाड़ के सहारे विद्युत आपूर्ति जैसे - तैसे की जा रही है। इससे आम जनजीवन असुरक्षित हैं। सबकुछ जानते हुए भी इस ओर से विभाग अनभिज्ञ बना हुआ है।

बारा विद्युत उपकेंद्र से जुड़े बारा गांव के मोहला इकरा नगर, रकबा, रिट्ठी, रौजा, सागररोड, सक्रवार, मस्तानबाग, माझली पट्टी, बारा बाजार सहित दर्जओं मोहल्लों की स्तिथि बेहद ही खराब बनी हुई है। गांव के इन मोहल्लों में एबीसी केबल नहीं लग सके हैं। इन मोहल्लों में दशकों पूर्व एलटी के लगे तार जर्जर हो जाने के बावजूद नहीं बदले जा सके हैं। नतीजा कटिया के सहारे अधिकांश लोग बिजली का उपयोग खुलेआम कर रहे हैं। जब कभी विभाग जांच-पड़ताल अभियान शुरू करता है तो लोग कटिया कनेक्शन हटा लेते हैं। रामप्रवेश चौहान अवर अभियंता विद्युत उपकेंद्र बारा-गहमर ने बताया कि जर्जर तारों व खंभों को बदलने को विभाग गंभीर है। कार्य योजना बनाकर इन्हें दुरुस्त किया जाएगा। जहां कहीं भी नंगे तार हैं, वहां जल्द ही एबीसी केबल लगाया जाएगा।

## एलजी जम्मू कश्मीर आज करेंगे प्राइमरी पाठशाला का लोकार्पण

**गाजीपुर।** अखिल भारतीय पिछड़ा दलित संघ तथा सेवा समर्पण संस्थान के तत्वाधान में रविवार को खिचड़ी सहभोज तथा नवनिर्मित अम्बेडकर प्राइमरी पाठशाला का उद्घाटन समारोह ग्राम असैचन्दपुर जमानियां में आयोजित किया गया है। संस्था के अध्यक्ष मदनलाल भारती व सेवा समर्पण के प्रमुख रामराज बनवासी ने बताया कि जम्मू कश्मीर के महामहिम मनोज सिन्हा के प्रयास से प्राइमरी पाठशाला ग्राम असैचन्दपुर जमानियां का पुर्ननिर्माण 40 लाख रुपए की लागत से बाबतपुर एयरपोर्ट के सीएसआर फण्ड से हुआ है। जिसका वर्जुअल उद्घाटन उपराज्यपाल जम्मू कश्मीर मनोज सिन्हा के हाथों से होगा। उद्घाटन कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष भानू प्रताप सिंह, प्रभुनाथ चौहान, डा. संगीता बलवंत, सुनीता सिंह, अलका राय, रामराज बनवासी, सुभाष पासी, कालीचरन राजभर, रामनरेश कुशवाहा,मुन्ना मास्टर मौजूद रहेंगें।

# मुसीबत बना गौ आश्रय केंद्र तक जाना, प्रशासन ने खड़े किये हाथ

**परेशानी**

### ग्राम प्रधान ने ग्रामीणों के साथ मिलकर पशुओं को किया एकत्र



**सेवराई।** तहसील क्षेत्र के किसानों के लिए सर दर्द बने छुट्टा पशुओं को गो आश्रय केंद्र तक पहुंचाना बड़ा संकट पैदा कर रहा है। ग्राम प्रधान एवं ग्रामीणों द्वारा एकत्र किए गए छुट्टा पशुओं को गो आश्रय केंद्र तक पहुंचाने के लिए प्रशासन हाथ खड़ा कर दे रहा है। इसका उदाहरण शनिवार को करहिया गांव में देखने को मिला। जहां प्राथमिक विद्यालय में सैकड़ों की संख्या में पशु एकत्र किए गए थे। ज्ञात हो कि किसानों की समस्या को देखते हुए प्रशासन द्वारा इन छुट्टा पशुओं को एकत्र करने की जिम्मेदारी ग्राम प्रधान को दी गई है। करहिया ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह ने बताया कि 54 छुट्टा पशुओं को उन्होंने किसानों की मदद से तीन दिन पूर्व ही गॉव के प्राथमिक विद्यालय में रखवाया था। प्रधान द्वारा ही इन पशुओं के खाने पीने की व्यवस्था की जा रही थी। अजय सिंह ने आरोप लगाया कि इनको एकत्र करने के बाद इनको गो आश्रय केंद्र भेजवाने के लिए बीडीओ सहित सभी जिम्मेदार लोगों से कहा गया। लेकिन सभी ने टालमटोल कर दिया। शनिवार की दोपहर जब ग्रामीणों के साथ प्रधान प्रतिनिधि ने जिलाधिकारी से वार्ता कर पूरी बात बताने के बावजूद आश्वासन दिया गया।समाचार लिखे जाने तक पशुओं को गो आश्रय नहीं भेजवाया गया था। वही मौके पर मौजूद उमेश सिंह, विकाश, बबलू,रमेश ,सुरेंद्र उपा. राकेश, मिंटू,घरभरण यादव, सोल्हा यादव, जवाहिर,जोधा सिंह, त्रिवेणी सिंह, हरि सिंह, इंद्रजीत,अंगद सिंह आदि लोगो ने आरोप लगाया की विगत तीन दिन से सम्बंधित अधिकारियों को वे पशुओं को गोआश्रय केंद्र भेजवाने की अपील कर रहे है। लेकिन उनके कानों पर जूं तक नही रेंग रहा है। वही उनका कहना था कि सोमवार से विद्यालय भी खुल रहा है और पशु यहा रहेंगे तो बच्चों का पढ़ाई भी बाधित हो सकता है। जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। किसानों ने जल्द से जल्द पशुओं को गो आश्रय केंद्र भेजवाने की मांग की है।

# गंगा विलास क्रुज का पहुंचना जनपद के लिए गौरव:डीएम

**आगमन**

### गंगा विलास क्रुज के विदेशी सैलानियों का भव्य स्वागत


रजागंज जेटी पर गंगा विलास क्रुज के सैलानियों का स्वागत करते अधिकारी।

**गाजीपुर।** गंगा विलास क्रुज के विदेशी सैलानियों का डीएम आर्यका अखौरी अपने मातहतों के साथ रजागंज जेटी पर पहुंचकर शनिवार को भव्य स्वागत किया और लहुरी काशी की परपंरा से अवगत कराया। क्रुज से उतरने के बाद गोराबाजार स्थित लार्ड कार्नावालिस मकबरा का सैलानियों ने दीदार किया। प्रयागराज से आई लोक नृत्य कला ढेढिया की टीम ने सैलानियों का अपनी पारम्परिक नृत्य ढेढिया से स्वागत किया और उसके बाद जिलाधिकारी एंव सहायक प्रोफेसर डा. सारिता सिंह ने विदेशी सैलानियों स्वागत करते हुए जनपद के इतिहास के बारे में अवगत कराया कराया। रजागंज जेटी पर ही विदेशी सैलानियों को गाजीपुर की ओडीओपी योजना के तहत बनी हुई वॉल हैंगिंग भी भेंट स्वरूप दिया गया। जिसको उन्होंने प्रसन्नता पूर्वक ग्रहण भी किया। उसके बाद विदेशी सैलानी ई-रिक्शा के माध्यम से लार्ड कार्नवालिस के मकबरा पहुंचकर मकबरा का दिदार किया एवं लार्ड कार्नवालिस के बारे में विस्तृत जानकारी ली। लार्ड कार्नवालिस गेट पर पहुंचे ही विदेशी पयटकों का धोबिया नृत्य से भव्य स्वागत किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि ये हमारे लिये गौरव की बात है कि गंगा विलास क्रूज यहां पहुंचा है। लार्ड कार्नवालिस का मकबरा घूमने के बाद दोपरहर 01:30 बजे क्रूज आगे के लिये रवाना हुआ। जनपद में स्वागत से लेकर भ्रमण एवं गन्तव्य तक विदेशी सैलानी प्रसन्न दिखे। गंगा विलास क्रूज का गाजीपुर में पहला पड़ाव है और काशी के बाद लहुरी काशी का कितना महत्व है इस बात से समझा जा सकता है। बताते चले की 13 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को सबसे लंबे जलमार्ग पर वाराणसी से डिब्रूगढ़ के लिए गंगा विलास क्रूज और मालवाहक जलयान को वर्चुअली हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इसके साथ उन्होंने गंगा पार रेती पर बसी टेंट सिटी और गाजीपुर व बलिया में बनी चार फ्लोटिंग जेटी का बटन दबाकर उद्घाटन किया। वहीं बिहार के दो जिलों में पांच सामुदायिक घाट की भी आधारशिला रखी। मौके पर मुख्य विकास अधिकारी श्रीप्रकाश गुप्ता, अपर जिलाधिकारी वि.रा अरूण कुमार सिंह, एसपी सिटी गोपी नाथ सोनी, उपजिलाधिकारी सदर प्रतिभा मिश्रा, अपर उपजिलाधिकारी आकाश कुमार, जिला सूचना अधिकारी राकेश कुमार, जिला पर्यटन सूचना अधिकारी दिव्या तिवारी, जीएमडीआईसी प्रवीण मौर्या, जिला पूर्ती अधिकारी कुमार निर्मलेन्दू, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, पीडब्ल्यूडी अधिशासी अभियंता एसबी सिंह आदि रहें।

## असहायों को मुख्यधारा में जोड़ने के लिए संक्रांति पर लिया संकल्प : ओपी



**सेवराई।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय सेवराई व ब्लाक संसाधन केंद्र के संयुक्त परिसर में मकर संक्रांति के मौके पर जमानिया विधायक ओमप्रकाश सिंह द्वारा समाज अंतिम बनवासी समाज दलित, गरीब व असहाय लोगों को दही-चूड़ा खिलाकर सभी असहाय गरीबों को ठंड से बचाव के लिए लगभग कंबल वितरित कर मकर संक्रांति खिचड़ी का त्यौहार दलितों गरीबों व असहायों के साथ मनाया। पूर्वमंत्री एवं विधायक ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि मैं जब क्षेत्र में राजनीतिक कैरियर शुरू किया तो देखा कि गरीब असहाय लोग हाड़ कपाती ठंड में भी सड़क व फुटपाथ पर किसी तरह अपना जीवन गुजर-बसर करते थे। क्षेत्र में एक ही वर्ष में तीन हत्याएं हो जाने के बाद मैं बहुत विचार करने के पश्चात सन 1991 से दलित असहाय व गरीबों को मुख्यधारा में जोड़ने के लिए मकर संक्रांति का त्यौहार इन्हीं लोगों के बीच मनाने का संकल्प लिया। जिसके पीछे मेरा कोई राजनीतिक स्वार्थ नहीं होने के कारण आज गरीब असहाय दलित समुदाय के लोग प्रतिवर्ष मकर संक्रांति के त्योहार को बड़े बेसब्री से इंतजार करते हैं। इस अवसर पर एक स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें लगभग 750 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित की गई । इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि मन्नू सिंह, प्रधान सुभाष यादव, श्री राम यादव,रामप्रताप सिंह, आकाश सिंह, विवेक कुमार मौर्य, नितेश सिंह, अनिल यादव, धर्मेंद्र बाबा , प्रभाकर सिंह, प्रमोद यादव, अनिल यादव,संजीत कुशवाहा,विपुल सिंह, आनन्द कुमार,हर्ष सिंह आदि लोग उपस्थित रहे ।

## न्यायालय के निर्णय से दावेदारों को झटका

**निकाय चुनाव**

### चुनाव टलने से खम ठोक रहे प्रत्याशियों के अरमानों पर फिरा पानी

**गाजीपुर।** नगर निकाय चुनाव में आरक्षण को लेकर न्यायालय से मिले फैसले से राजनीतिक दलों के अलावा चुनाव में दम ठोंक रहे प्रत्याशियों को जोरदार झटका लगा है।

सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी आरक्षण को लेकर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है। इतना ही नही सरकार को तीन महीने की देरी से चुनाव कराने की भी अनुमति दी है। इससे तय हो गया है कि अब मार्च तक चुनाव नहीं होंगे। इससे पिछले कई महीनों से पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे दावेदारों के अरमानों पर संशय के बादल गहरा गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने प्रदेश सरकार को चुनाव कराने को तीन महीने का समय दिया है। इसमें सरकार को आरक्षण के लिए नए सिरे से नोटीफिकेशन जारी करने को कहा गया है। प्रदेश सरकार ने निकाय चुनाव में परिषद और नगर पंचायतों के अध्यक्ष और पार्षदों की सीटों का आरक्षण घोषित कर दिया था। इससे पहले से ही सियासी सरगर्मियां भी तेज हो गईं थी। नगर निकाय चुनाव लड़ने वाले संभावित उम्मीदवार राजनीतिक दलों से टिकट की दावेदारी के साथ-साथ अपने प्रचार में भी पूरे दमखम के साथ जुटे हुए हैं। गाजीपुर के अलावा मुहम्मदाबाद, जमानियां, सैदपुर, सादात, जंगीपुर, बहादुरगंज और दिलदारनगर कस्बों की गलियों और मोहल्ले तक चुनावी बैनर-पोस्टर से पट गए थे। चुनाव प्रचार भी जोर-शोर से चल रहा है। नगर पालिका, नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के दावेदार चुनाव में लाखों रुपये प्रचार में फूंक चुके हैं। प्रत्याशी घर-घर जाकर दस्तक दे रहे थे और मतदाताओं को रिझाने का प्रयास कर रहे थे। इतना ही नहीं कुछ दावेदारों ने तो बिना चुनाव कार्यक्रम घोषित हुए और पार्टी का सिंबल मिले बिना ही अपने-अपने चुनावी कार्यालय भी खोल लिए हैं। उन्हें दिसंबर- जनवरी में निकाय चुनाव होने की संभावना थी। ऐसे मे सुप्रीम कोर्ट के फैसले से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे दावेदारों के लिए संकट खड़ा हो गया है।

### विद्युत विभाग की लापरवाही से वार्डवासियों की जिदंगी में अंधेरा

**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय विद्युत वितरण खंड द्वितीय के कर्मचारियों और अधिकारियों की लापरवाही से नगर क्षेत्र के चार वार्डों के नागरिकों को दोहरा कठिनाइयों का दंश झेलना पड़ रहा है। यह कठिनाई विगत कई माह से चली आ रही है। किंतु कोई भी अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। ऐसा कोई दिन नहीं है जिस दिन वार्ड नंबर 7, 17 ,नोनियापुरा और भट्ठी मोहल्ला के नागरिकों को कठिनाइयों का दंश झेलना पड़े बल्कि स्थिति यह है की कभी फ्यूज उड़ रहा है, तो कभी ट्रांसफार्मर से कनेक्शन कट जा रहा है। जिसकी वजह से इन वार्ड के नागरिक अंधेरे में अपनी जिंदगी गुजार रहे हैं। दूसरी ओर विद्युत आपूर्ति बंद होने की वजह से इन वार्डों के भीतर दो पानी टंकीया है जिसकी वजह से जलापूर्ति भी बाधित हो जा रही है। नगर पालिका ने जलापूर्ति के लिए जनरेटर की व्यवस्था की है। लेकिन वह मात्र शोपीस है। उपजिला अधिकारी हर्षिता तिवारी से नागरिकों ने कई बार शिकायत किया लेकिन स्थिति जस की तस बनी है। यदि लाइनमैन को कहा जाता है तो वह क्षेत्र के नागरिकों से पैसे की मांग करता है और जब तक चंदा द्वारा पैसा वसूल कर उसे नहीं दिया जाता है तब तक वह विद्युत आपूर्ति सही नहीं करता है।

# ठेकेदारों को विकास कार्यों में घाटे का सता रहा डर

**महंगाई**

### ईंट की महंगाई से गांव में गुणवत्तापूर्ण निर्माण चुनौती

**जनसंदेश न्यूज**

**गाजीपुर।** सरकारी दर की तुलना में भट्ठों पर ईंट की महंगाई गुणवत्तापूर्ण विकास कार्य कराना चुनौती है। भवन, नाली, पुलिया आदि का निर्माण कराने में कठिनाई हो रही है। घाटा के कारण ठेकेदार कार्य कराने से कतरा रहे हैं।

सभी सरकारी विभागों में पीडब्ल्यूडी के जरिए निर्माण सामग्री की दर तय होती है। वर्तमान में ए क्लास ईंट की सरकारी दर 6,550 रुपये प्रति हजार है। जबकि भट्ठों पर इसकी दर आठ हजार रुपये प्रति हजार है। बी क्लास की ईंट का बाजार मूल्य 6,500 रुपये प्रति हजार है। पीडब्ल्यूडी, जिला पंचायत, आरईएस समेत अन्य कार्यदायी संस्थाओं की तरफ से भवन, सड़क, नाली और पुलिया आदि में ईंट का प्रयोग होता है। सरकारी दर कम होने से गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने में विभागों को पसीना छूट रहा है। पीडब्ल्यूडी के जिम्मेदार कहते हैं कि निर्माण सामग्री का भुगतान सरकारी दर पर किया जाता है। शासन निर्माण सामग्री की दर संशोधन लिए रिपोर्ट भेजी जाती है। वहां मिले निर्देश के क्रम में ही रेट निर्धारण होता है।

**कोयले की महंगाई का असर**

ईंट भट्ठा संचालकों का कहना है कि ईंट निर्माण में अधिक लागत के कारण? मूल्य वृद्धि हुई है। ईंट भट्ठा संचालकों का कहना है कि कोयले का बाजार मूल्य वर्तमान में 17 से 22 हजार रुपये प्रति टन है। बाहर से आ रहे कोयले के दाम में मनमानी वृद्धि से ही ईंट निर्माण की लागत बढ़ गई है। ऐसे में ईंट का रेट बढ़ाना मजबूरी है।

**मनरेगा कार्य हो रहा प्रभावित**

ग्राम पंचायतों में मनरेगा से मिट्टी कार्य, सड़क, नाली और पुलिया के लिए मजदूरी व सामग्री के लिए 60 और 40 प्रतिशत हिस्सा निर्धारित है। सरकारी दर की तुलना में बाजार मूल्य अधिक होने से लोग मनरेगा कार्य में ए क्लास ईंट का प्रयोग करने से कतराते हैं। इससे या तो निर्माण कार्य की गुणवत्ता प्रभावित होती है अथवा लोग पक्का कार्य कराने से हिचकते हैं। इससे गांवों का विकास प्रभावित हो रहा है।

### बनवासी बस्ती में चूड़ा-तिलवा बांटा

**दिलदारनगर।** मकर संक्रांति के अवसर में कुशवाहा विचार एवं विकास मंच की ओर से बनवासी बस्ती में ढूंढा,चूड़ा,तिलवा वितरण किया गया। कुशवाहा विचार एवं विकास मंच दिलदारनगर के तरफ से मुसहर बस्ती में ढूंढा,चूड़ा,तील बांटा गय। इस दौरान बौद्ध विहार परिसर में समाज के सभी वर्ग के लोगों ने ढूंढा मिलन समारोह भी मनाया।

## संक्षेप

### चेतक प्रतियोगिता में घोड़ों ने लगाई लंबी छलांग



**जखनिया।** स्थानीय तहसील अंतर्गत सिद्धपीठ भुड़कुड़ा मठ के महंत रामबरन दास इंटर कॉलेज के मैदान में चेतक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश ही नहीं अपितु बिहार तथा मध्य प्रदेश के घोड़ों तथा घुड़सवार इस प्रतियोगिता में अपने घोड़ों के कौशल को प्रदर्शित करने के लिए थे। जिसमें प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले चेतक को क्रम से एलईडी टीवी कूलर और साइकिल पुरस्कार के रूप में दिया गया। चेतक प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि के रूप में प्रोपराइटर भुड़कुड़ा तथा शाहपुर ग्राम पंचायत के प्रधान प्रतिनिधि बढ़-चढ़कर प्रतियोगिता संपंन कराने में आर्थिक सहयोग दिया। विशिष्ट अतिथि तहसीलदार जखनिया रहें। उन्होंने कहा कि आज के परिवेश में ऐसी प्रतियोगिताओं के आयोजन से ग्रामीण परिवेश में सामाजिक उत्थान होता है और लोग अपने कल्चर को याद रखते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना सहयोग देते हैं। ग्रामीण अंचलों में ऐसा आयोजन कराने से भारतीय संस्कृति की पहचान बनी रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से हवलदार यादव, सुभाग्ग यादव, कमलेश यादव,काशी मौर्य, अमित यादव, अवधेश गिरी, राजू यादव आदि रहें।

### करंट की जद में आने से युवक झुलसा

**जमानियां।** कोतवाली क्षेत्र के हेतिमपुर ग्राम स्थित कुशवाहा इंजिनियरिंग वर्क्स के पास शनिवार की दोपहर करीब एक बजे करंट से 43 युवक झुलस गया। जानकारी के अनुसार ग्राम दोहरी घाट जनपद मऊ निवासी राजनरायन मौर्य वीएसएनएल का वाई फाई फाइवर का कार्य कर रहे थे। तभी अचानक सीढ़ी हाई टेंशन तार में टच कर गई। संयोग था कि करंट तेज झटके से दूर धकेल दिया। करंट के चपेट में आने से युवक झुलस गया। जिसे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया जहाँ स्थिति सामान्य है।

### संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत



**सेवराई।** गहमर थाना क्षेत्र के देवल गांव में शुक्रवार की दोपहर दहेज के लिए एक विवाहिता को जान से मार दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतका के पिता द्वारा सास ससुर एवं पति के खिलाफ दहेज हत्या की नामजद तहरीर दी गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए विधिक कार्यवाई में जुट गयी । जानकारी अनुसार कैमूर भभुआ जनपद (बिहार) के फुल्ली कुदरा गांव निवासी रामध्यान कुम्हार ने अपनी पुत्री ज्योति (24) का विवाह गहमर थाना क्षेत्र के देवल गांव निवासी सूरज प्रजापति पुत्र सुभाष प्रजापति के साथ जून 2021 में बड़े धूमधाम से किया था । गहमर थाना में मृतका के पिता रामध्यान कुम्हार द्वारा दिये गए लिखित तहरीर में आरोप लगाते हुए बताया कि शादी के कुछ दिन बाद से ही मेरी पुत्री के पति, सास एवं ससुर दहेज के समान के लिए उसको प्रताड़ित करते थे । शुक्रवार की शाम सूरज के मामा ने उन्हें फोन कर जानकारी दी कि उनकी पुत्री की मौत हो गई है। सूचना के बाद जब लड़की के ससुराल देवल पहुंचा। तब मेरी बेटी के शव को पुलिस चौकी देवल पर लिटाया गया था। मेरी पुत्री के गले में निशान थे । उन्होंने अपने पुत्री को गला दबाकर जान से मारने की आशंका सास किरण देवी,ससुर सुभाष प्रजापति, पति सूरज प्रजापति मेरी पुत्री को गला दबाकर जान से मार दी है। इस संबंध में कोतवाल पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि मृतका के पिता रामध्यान कुम्हार के तहरीर पर पति सूरज प्रजापति, ससुर सुभाष प्रजापति एवं सास किरण देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। शव के अंत्य परीक्षण हेतु जिला चिकित्सालय भेजा गया है।

### मकर संक्रांति पर श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में डूबकी



**गाजीपुर।** मगर संक्रांति के पर्व पर शनिवार को श्रद्धालुओं ने गंगा में डूबकी लगाई। भोर से ही हर-हर गंगे के उद्घोष से माहौल भक्ति मय हो गया। श्रद्धांलुओं ने गंगा में स्नान कर दान पुन किया। मंकर संक्रांति का पर्व हर वर्ष चौदह जनवरी को मनाया जाता था। लेकिन तीन वर्षों से तिथियों के उलझन में लोग दो दिन पर्व मना रहे है। हालांकि दो तिथि को लेकर गंगा तट पर भीड़ कम दिखी। मुहम्मदाबाद। स्थानीय नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में मकर संक्रांति का पर्व दो दिवसीय हो चुका है। मकर संक्रांति हिंदू धर्म का प्रमुख त्यौहार है। मकर संक्रांति के साथ-साथ शुभ कार्य आरंभ हो जाते हैं। स्थानीय क्षेत्र के गौसपुर गंगा घाट पर हरिहरपुर, तिवारीपुर ,बैजलपुर एवं कठऊत गांव के लोगों द्वारा शनिवार को मकर संक्रांति का पर्व मनाया जा रहा है। सुबह से ही गंगा के किनारे गौसपुर घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ इकट्ठी हो गई।

### जीवन अनमोल धरोहर,यातायात नियमों का करें पालन:सुशील



**गाजीपुर।** सड़क सुरक्षा माह के तहत यातायात प्रभारी सुशील कुमार मिश्रा ने लोगों को गुलाब का फूल देकर यातायात के प्रति जागरूक शनिवार को किया। श्री मिश्रा ने बताया कि नगर सहित रौजा तिराहा, जमानियाँ मोड़, के जगहों पर यातायात का उल्लंघन करने वाले लोगों को जागरूक किया गया। जिला मुख्यालय के कईं मार्गों पर चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट, एक बाइक पर तीन सवारी ,चार पहिया वाहन, आटो चालक व टोटो चालकों को गुलाब का फूल देकर यातायात के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि जीवन बड़ा अनमोल धरोहर है। सड़क पर सफर करते वक्त हमेशा यातायात नियमों को पालन करें ताकि समय रहते अपने जीवन को बचाया जा सके। लोगों की चंद गलतियों से जीवन अभिश्राप बन जाता है या लोग अपने परिवार को दुःख की घड़ी में छोड़कर चले जाते है।

### सड़क पर दिखे पशु तो प्रशासन को दें सूचना

**गाजीपुर।** मुख्य विकास अधिकारी श्रीप्रकाश गुप्ता ने सूचित किया है कि जनपद में कहीं पर भी निराश्रित गो-वंश विचरण करते हुए दिखाई देते हैं तो जनपद स्तर पर बनाए गए कंट्रोल रूम नंबर 7007279577 एवम 9415527413 पर सुबह 10 बजे से शाम 05 बजे तक सूचित कर सकते है।

### घर में घुसकर भैंस चोरी

**बिरनो।** स्थानीय अंतर्गत ग्राम रसूलाबाद में हौसला बुलंद पशु चोरों ने बीती रात को घर में घुसकर रामजी राजभर की भैंस को पिकअप पर लेकर फरार हो गए। इस घटना ने ग्रामीणों में दहशत बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिरनो थाना अंतर्गत रसूलाबाद ग्राम के निवासी रामजी राजभर पुत्र स्व. मीना राजभर नित्य की भांति खा पीकर अपने घर में सो गए। लेकिन शनिवार को रात्रि के दो बजे उन्हें कुछ खड़खड़ाहट की आवाज सुनाई दी। वे तुरंत बाहर आकर देखे की कुछ लोग उनकी भैंस को उठाकर पिकअप में लाद कर भाग रहे। इस संबंध में बिरनो थानाध्यक्ष कृपेंद्र प्रताप सिंह बताया कि पीड़ित के द्वारा तहरीर मिली है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### नाली व सड़क निर्माण के लिए लगाई गुहार

**मरदह।** इंदौर ग्राम पंचायत में मंदिर एवं मस्जिद तक जाने वाले मुख्य मार्ग एवं नाली के निर्माण न होने से ग्रामीण आंदोलित है। बीडीसी सदस्य कमली देवी ने बताया कि ब्लाक से इंदौर गांव में तीन कार्य उसके बिना प्रस्ताव के करवायं गए है । इस जर्जर जलजमाव वाले मार्ग से लम्बे समय से आवागमन कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से मांग के बाद भी जनप्रतिनिधियों की उदासीनता से निर्माण कार्य नही हो पा रहा है।बीडीसी सदस्य कमली देवी,संजय विक्रम सिह,त्रिलोकी कुशवाहा ,सन्तोष पटेल,रविंद्र ठाकुर ,रियाज अहमद ,रामदयाल चौरसिया,कपिलदेव सिह,गुलाब गुप्ता,छेदी सिंह, अरविंद पाण्डेय,रामनिवास ठाकुर,सन्तोष ठाकुर आदि जिलाधिकारी को पत्र प्रेषित कर निर्माण कार्य कराने की मांग की है । निर्माण कार्य न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

## हम हार गये हैं पर अभी थके नहीं हैं: अशोक वाजपेयी की नौ कविताएं

1.
हम अन्त की ओर जा रहे हैं, यह तो पता है।
पर क्या अन्त भी हमारी ओर आ रहा है, यह पता नहीं।
पते तो बहुत सारे खो या गुमा दिये गये हैं,
हमारा पता भी कुछ शब्द ही रह गया है।
हम किस पते पर आगे मिलेंगे, इसका ठिकाना नहीं।

2.
एक दस्तक, एक पुकार, एक आहट
दरवाजा बन्द है
खोलते हुए आशंका होती है
हमसे मिलने काल के अलावा
और कौन अब आयेगा?

3.
ठण्ड में बहुत कुछ पास आ जाता है
धूप झिझकते हुए निकलती है
शब्द ठिठुरे हुए न जाने कहाँ दुबके हैं?
कविता, फिर भी, आती लग रही है।


4.
जब सब कुछ स्थगित, बन्द, बिलमता रहता है
तब भी अथक अविराम जीवन आता रहता है-
हवा के ठण्डे झोकों में, बाहर असमय हो गये अँधेरे में,
गलियारों में पसरी खामोशी में,
पुस्तकों में अचानक रोशन हुई इबारतों में,
जीवन आता रहता है-

5.
उसने एक हरा कुरता पहना
ऊपर का नीला आकाश हरिताम हो गया-
पृथ्वी पर नहीं पड़ी कोई परछाईः
कहीं पानी दिगम्बर बहता रहा...

6.
आकाश में शब्द खोजता है कवि
पृथ्वी पर छाये आकाश में
आकाश की अपनी वर्णमाला है
जिसे बूझने की कोशिश करता है कविः
जैसे पृथ्वी वैसे ही आकाश
कुछ भी नहीं छुपाते कवि से,
फिर भी, कवि के पास शब्दों की कमी है।

7.
जंगल और चट्टानों से घायल
नदी बहती है हरे पानी में।
किनारे की डाल पर बैठी पीली चिड़िया
चहककर गाती है एक प्रफुल्ल गान-
तैरता रहता है उत्तप्त रक्तिम गान
दूर तक नदी में-
समय, नदी की तरह,
अपना हर आवरण उतारता है।

8.
एक आवाज आती है
आकाशगंगाओं में नहाकर स्वच्छ हुई,
सूर्यों और चन्द्रमाओं को ठेलती हुई,
अन्तरिक्ष की कई खिड़कियों से टकराती हुई,
एक आवाज आती है-
एक आवाज जो कहीं जाने को नहीं चली है,
एक आवाज जो कहीं पहुँचने की जल्दी में नहीं है,
एक आवाज जो प्रार्थना नहीं बनना चाहती,
इन सबको रौंदती हुई,
हिमगिरियों नदियों समुद्रों को पार करती हुई,
मृत्यु या जीवन की गन्ध का लेप करती हुई,
एक आवाज आती है-
धीरे-धीरे समय की तरह सिसकती हुई,



निरस्त्र उज्ज्वल असम्बोधित
एक आवाज आती है-
वह कविता में समा नहीं सकती
पर आत्मा को घर में उजास जैसा भर देती है
एक आवाज आती है...

9.
मैं अब भी कभी-कभी आवाज देता हूँ
भुला दिये गये देवताओं को
अपने पद्यों में लिपटे प्राचीन कवियों को
अपनी असहमति के लिए मारे गये लोगों को---
मुझे पता है साहस पर हमारा एकाधिकार नहीं,
जोखिम हम होशियारी से उठाते हैं,
हमारा चौकन्ना होना रणनीति है,
हमने प्रतिरोध में अपने को नष्ट नहीं होने दिया है---
हमें उनका समर्थन नहीं चाहिये
जिन्हें मैं आवाज देता हूँ
सिर्फ.यह आश्वासन
कि उनका उत्तराधिकार थोड़ा-बहुत बचा हैः
हम हार गये हैं पर अभी थके नहीं हैं।
मैं आवाज देता हूँ---

(वरिष्ठ कवि एवं साहित्यिक, सांस्कृतिक चिंतक अशोक वाजपेयी 16 जनवरी को अपने जीवन के 82 वर्ष पूरे कर रहे हैं। इस उम्र में भी उनके कवि कर्म की की निरंतरता, समाज और साहित्य के प्रति उनके सरोकार एवं सक्रियता और नयी पीढ़ी के साथ उनके गहन संवाद की अविरलता किसी को भी अचम्भित कर सकती है। कला, साहित्य, समय, सत्ता और समाज के प्रश्नों पर उनका हस्तक्षेप हमारा न केवल उत्साह जगाता है बल्कि हमें साहस भी देता है। उन्होंने अपने सक्रिय और रचनात्मक जीवन के 60 से भी ज्यादा वर्षों में विचार, कला, साहित्य और संरचना के क्षेत्र में जो योगदान किया है, वह अभूतपूर्व है। उनके अवदान को किसी की स्वीकृति की अपेक्षा नहीं है। जनसंदेश टाइम्स उन्हें स्वस्थ, सक्रिय और सुदीर्घ जीवन की शुभकामनाएँ देता है। इस मौके पर प्रस्तुत है जीवन, कला और साहित्य से जुड़े प्रश्नों पर उनसे पूनम अरोड़ा की एक बातचीत)

### अकेले सच या अकेले पड़ जाने को विवश किये गये सच को लाख झूठ दबा नहीं सकतेः अशोक वाजपेयी

# स्वतंत्रता और प्रश्नवाचकता बनाये रखनी होगी

*** आज के समय कला और साहित्य मनुष्य को उसके अधिकार, उसका अस्मितापूर्ण अस्तित्व प्रदान करता है और आपकी कविताओं में प्रकृति के माध्यम से यह घटना घटती है। क्या आप जीवन और कला को प्रकृति का एक तटस्थ और ठोस आधार मानते हैं?**

* यह दावा करना कठिन है कि साहित्य और कलाएँ हमारे समय में मनुष्य को 'अधिकार, उसका अस्मितापूर्ण अस्तित्व प्रदान' करते हैं। इतना भर कह सकते हैं कि साहित्य और कलाएँ मनुष्य के संसार में अपने मौलिक अधिकारों की चेतना जगाते हैं। शायद यह कहना बेहतर हो कि यह अधिकार यथार्थ को समझने, उसका विकल्प खोजने, कल्पना से दूसरे संसार की रचना करने और उसमें जा पाने की क्षमता का अवबोध कराने का है। मनुष्य की मनुष्यता जितनी जैविक रूप से दी हुई है उतनी ही उसे रचना-गढ़ना, संशोधित-परिवर्द्धित भी करना होता है। शायद साहित्य और कलाएँ इसमें मददगार होती या हो सकती हैं।

मनुष्य की अस्मिता का एक अनिवार्य सन्दर्भ प्रकृति हैः वह उसका अंग भी है और भाषा-अमूर्तन-आत्मचेतना के कारण उससे अलग भी। मनुष्य का प्रकृति से संवाद, सामंजस्य, स्पर्धा आदि सदियों से चले आ रहे हैं। वह कविता और साहित्य के लिए सदियों से उपजीव्य रही है- अनेक छवियों, रूपकों और प्रतीकों का, बिम्बों और सौंदर्य का स्रोत रही है। मेरी कविता इस परम्परा की सजग उत्तराधिकारी हैः उस पर ध्यान कम गया है क्योंकि, दुर्भाग्य से, इधर की कविता प्रकृति से निरन्तर दूर जाती कविता है। प्रकृति हमारी संवेदना को तीक्ष्ण करती है, हमारी सौंदर्य-चेतना को अधिक समावेशी और बहुल बनाती हैः वह इबारत भी है और प्रसंग भी। ये सभी हमारी बुनियादी मानवीयता को पुष्ट-समृद्ध करते हैं। शायद इसे समग्र रूप से मनुष्य को इस ब्रह्माण्ड में अपनी जगह खोजने-पाने के लिए अधिकृत करना भी कहा जा सकता है। प्रकृति तटस्थ होती और नहीं भी होती है। वह मनुष्य का और कविता का बड़ा असमाप्य स्रोत रही है, आज भी है।

*** कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया को अपने में सिमटा कर रख दिया है। इंसान चुना हुआ एकांत नहीं बल्कि जबरन दिया गया अकेलापन अपनाने को बाधित हो गया। ऐसे में एकांत की आपकी परिभाषा क्या रही? लिखने-पढ़ने से इतर किस कार्य या विचार ने आपको सबसे अधिक व्यस्त या कहें अपने एकांत में सुरक्षित रखा?**

* महामारी का विश्व-व्यापी प्रभाव हुआ है और हम सभी पर जबरन अनिच्छित



सैयद हैदर रजा के साथ अशोक वाजपेयी

एकांत लाद सा दिया गया। महामारी होने के बावजूद सत्ताओं ने नीचता, क्रूरता से काम कर सामाजिक और अन्य स्वतंत्रताओं में कटौती की। भौतिक दूरी और सामाजिक दूरी कहकर उसका आशय दूषित करने की कोशिश हुई। लाखों प्रवासी मजदूरों ने सत्ताओं की अमानवीयता झेली। दूसरी ओर, नयी तकनीक ने संवाद-सहकार-सामुदायिकता के नये मंच तैयार किये और उनसे, आगे जाकर हो सकता है, नयी सामाजिकता के रूपाकार निकलें। जिस विशाल जीवन और उसके स्पन्दन से हम भौतिक रूप से दूर हो गये, वह हमें साहित्य और अन्य कलाओं से, परोक्षतः सही, मिलता रहा। मैंने इस दौरान लिखना और उससे कई गुना ज्यादा पढ़ना जारी रखा। एकांत ने कुछ आत्मसमीक्षा का अवसर भी आसानी से दिया। यह भी कि दिनचर्या में कुछ अधिक नियमितता और उस कारण खासी यांत्रिकता भी आ गयी है। इस विचार ने लगातार परेशान किया कि वे इतने लम्बे इतिहास, इतनी व्यापक और बहुल संस्कृति, इतने लम्बे और कठिन संघर्ष के बावजूद हमारी संस्थागत उपलब्धियाँ जैसे लोकतंत्र, स्वतन्त्रता-समता-न्याय, संवैधानिक और अन्य संस्थाएँ इतनी आसानी से टूट-फूट गयी हैं और लगातार बिखर और अवमूल्यित हो रही हैं। भारतीय समाज में भयानक टूटन है और उसे बचाने की चिन्ता और चेष्टा इतनी कम दिखायी दे रही है। महामारी भी, अमानवीय ढंग से, इस टूटफूट को सरंजाम देने का बहाना बन गयी, इतनी आसानी से।

*** कविता अदृश्य का आख्यान होती है। आपके अनुसार कविता में रंग, ध्वनि और आत्मिक संतुष्टि के मायने क्या हो सकते हैं?**

* कविता अदृश्य को, अकथ को दृश्य और कथन के अहाते में लाने की कोशिश करती है। अगर आपका रंगबोध घना हो तो आपको कुछ कविताओं में रंग भी महसूस हो सकते हैः कुछ कविताएँ नीलवर्ण, कुछ रक्ताभ, कुछ पियरायी और कुछ हरीतिमा लिये हुए लग सकती हैं। कविता शब्द के साथ-साथ ध्वनि का भी संयोजन है और उसमें अन्तर्ध्वनियाँ भी होती हैं। उसमें ध्वनि चित्रलिखित या बिम्बलिखित भी हो सकती है। अच्छा कवि शब्द के साथ-साथ ध्वनि और रंग को भी साधता है।

कविता से आत्मिक सन्तुष्टि कभी-कभार ही मिल पाती हैः उसकी रचना तो हमेशा एक किस्म की असन्तुष्टि से ही होती है। बेचैनी के बिना कविता संभव ही नहीं होती। यह भी सही है कि कविता अपने अनुभव, प्रतिक्रिया, सूझ आदि को व्यतीत होने से बचाने की कोशिश भी होती है। हम लिखते ही इसलिए हैं कि बचाना चाहते हैं और भाषा में जो व्यतीत होने को अभिशप्त है उसे बचाया जा सकता है। ऐसा कर पायें तो आत्मसन्तुष्टि होती है कि हमने कुछ हमेशा के लिए गँवा नहीं दिया।

*** सिनेमा, संगीत, नृत्य और चित्रकारी, आपकी इन सभी कलाओं में रुचि रही है। क्या साहित्य और कला की विभिन्न विधाओं के गुणधर्मों ने आपको अपनी कविता में, आपके भीतर चलती आवाजों को पहचान कर, कई बार उनका विरोध कर पाने का अतिरिक्त साहस या कहूँ कि सौंदर्य बोध दिया?**

* मेरा यह सौभाग्य है कि मेरे अनुभव-संवेदना-कार्यक्षेत्र में, विशेषतः शास्त्रीय संगीत, शास्त्रीय नृत्य और ललित कलाएँ रहे हैं। ये सभी जीवनदर्शी विधाएँ हैं और उनसे मुझे तीसरे जीवन का कुछ अनुभव मिलता रहा। इन कलाओं का साहित्य से कुछ साम्य है और पर्याप्त अन्तर भी। मेरी समझ और अनुभव यह है कि हर कला की भाषा अलग है और इसलिए उसमें चरितार्थ होने वाला सच भी। संगीत, नृत्य और ललित कलाएँ जो करती हैं वह कविता नहीं कर सकतीः साथ ही जो कविता करती है वह संगीत-नृत्य-ललित कलाएँ नहीं कर सकते। दूसरी तरफ, लय-बिम्ब-छवियाँ-आख्यान अभिप्राय आदि में सबकी साझेदारी भी होती है। मेरी कविता पर संगीत और ललित कलाओं का विधेयात्मक प्रभाव पड़ा है। आवर्तन, बिम्बों की लड़ियाँ, चित्रमयता आदि वहीं से आये हैं। कई बार इन कलाओं की जो जीवन्त उपस्थिति होती है, भौतिक रूप से, उससे कविता की अपर्याप्तता का बोध भी गहराया। अमूर्तन और निर्गुण को जैसे संगीत या ललित कला साध सकते हैं वैसे कविता नहींः भाषा अनतिक्रम्य रूप से सगुण होती है और उसमें वैसा अमूर्तन या निर्गुण सम्भव नहीं। मेरा सौन्दर्यबोध इन कलाओं से समृद्ध जरूर हुआ है। यह पहचान भी हुई कि संगीतकार, नर्तक या चित्रकार का सर्जनात्मक संघर्ष कवि के संघर्ष से किसी भी अर्थ में कमतर नहीं होता। व्यापक रूप से सृजन-विचार-सम्वेदना-साहस-संघर्ष की एक बड़ी बिरादरी है। मैंने उस पर ध्यान खींचने और उसे आगे बढ़ाने की कुछ कोशिश की है, कविता में, आलोचना और आयोजन में। शायद मैंने कलाओं और कलाकारों पर सबसे अधिक कविताएँ लिखी हैं, संगीत और ललित कलाओं पर विस्तृत आलोचना लिखी है।

> 'कविता से आत्मिक सन्तुष्टि कभी-कभार ही मिल पाती हैः उसकी रचना तो हमेशा एक किस्म की असन्तुष्टि से ही होती है। बेचैनी के बिना कविता संभव ही नहीं होती।'

*** एक कवि के रूप में, क्या आपकी धार्मिक आस्था और सामाजिक संस्कार ने आपको अपने रचना-कर्म के लिए एक आधार दिया या आपकी कविताएँ आपके चिन्तन और मनन की बुनियाद पर अपनी विचारधारा का प्रतिनिधित्व करती हैं?**

* मुझे धार्मिक आस्था का वरदान नहीं मिला। धर्म के जो पारिवारिक संस्कार थे, वे भी 17-18 बरस की उम्र होते तक शिथिल पड़ गये और जल्दी ही पूरी तरह से गायब। इसलिये ऐसी आस्था कविता का आधार नहीं बन पायी। अलबत्ता कविता से ही मैंने धीरे-धीरे यह समझना शुरू किया कि जो विराट ब्रह्माण्ड है जिसमें हम सौभाग्य से हैं, उसका स्पन्दन आत्म का विस्तार करता है। कभी मैंने इसे 'ईश्वरहीन अध्यात्म' की संज्ञा दी थी। मेरी यह समझ बनती और गहरी होती गयी है कि साहित्य और कलाएँ हमारे समय में अध्यात्म की भी विधाएँ हैं, उस अध्यात्म की, जो धर्मों से अब बहिष्कृत है। धर्म-मुक्त अध्यात्म संभव है इस विचार ने मुझे बहुत प्रभावित-उत्प्रेरित किया है। भले ऐसा मानने में व्यापक रूप से हिचक है पर मैं तो कविता को सामाजिक संस्कार ही मानता हूँः उसका आत्मजनित होकर परसम्बोधित होना इसका स्पष्ट और अकाट्य साक्ष्य है।

मैं यह जोड़ना चाहूँगा कि मेरे विचार हैं, कुछ बाहर से लिये गये और कुछ साहित्य पढ़ने-रचने से पाये हुए पर उनकी कोई धारा नहीं है। प्रतिगामी और पीछे देखे विचारों को छोड़कर मेरे जैसा कवि जैसे शब्दों से खेलता है, वैसे ही विचारों से। यह निरा विनोद नहीं है- उसमें गम्भीरता और जिम्मेदारी भी होती है। आप जानती ही हैं कि कवि-आलोचक के रूप में मैं इस पर दशकों से इसरार करता रहा हूँ कि कविता और साहित्य की अपनी वैचारिक सत्ता होती है- वे सोच-विचार की विधाएँ भी हैं। अकसर उस विचार का सार-संक्षेप नहीं किया जा सकता क्योंकि वह शुद्ध विचार नहीं होता बल्कि संवेदना-सहानुभूति- स्मृति-कल्पना-यथार्थ आदि में धँसा-लिथड़ा विचार होता है। ऐसे विचार मेरी कविता में हैं ऐसी गलतफहमी मुझे है। संसार में हर समय हिंसा-क्रूरता के साथ-साथ सुन्दरता भी घटित होती रहती हैः कविता को दोनों की समकालिकता और होने का नोटिस लेना चाहिये। आखिर हम हिंसा-क्रूरता से जूझते ही इसलिए हैं कि सुन्दरता और मानवीयता को बचा सकें। सुन्दर को देखना-बचाना और हिंसा-क्रूरता से जूझना कविता में एक साथ हो सकते हैं, अगर एक अकेली कविता में न सही, कविता के वितान में।

*** अपनी मान्यताओं और मूल्यों में आप एक स्पष्ट छवि में दिखाई देते हैं। क्या आपका कला-बोध और आपकी मनुष्यता अपनी भाषा-स्मृति के इतिहास और उसके सत्य की पड़ताल कर यह कृतज्ञता जाहिर कर पाती है?**

* अनुराग और कृतज्ञता, प्रथमतः और अन्ततः संसार को देखने, उसमें रहने-सहने और रचने की दृष्टि है। संसार में, जैसे कि इतिहास में भी, बहुत हिंसा, क्रूरता, बर्बरता और विकृतियाँ रही हैं और आप उनसे बेखबर नहीं हो सकते। लेकिन, साथ-साथ, संसार में सौन्दर्य, संग-साथ, ऊष्मा और सुषमा, उत्सर्ग और उपकार भी हैं। अगर हिसाब ही लगाना हो तो ये विकृतियों और विद्रूपों से कहीं अधिक, भारी, व्यापक और टिकाऊ रहे हैं। एक दूसरे स्तर पर हमारी नश्वरता ही हमारी सुन्दरता को दीप्त करती है। इस जन्म, इस जीवन, इस जिजीविषा के लिए मेरा स्थायी भाव कृतज्ञता का है और यही कविता में गुणगान की ओर ले जाता है। इधर कोरोना महामारी में हुए दुष्प्रबन्ध और अमानवीयता के रहते यह कृतज्ञता जीवन की विकराल भयावह स्थिति के सामने बहुत अपर्याप्त लगती है। पर इसमें भी जीवन बचाने वाले, राह देनेवाले सामान्य लोग, एक बार फिर, हमारी मानवीयता को सत्यापित करते दीख पड़ते हैं और उनके प्रति कृतज्ञता जागती है, भले वह किसी काव्यरूप में फौरन न आ पाये।

> 'महान विचार से हमेशा महान कविता नहीं पैदा होती पर महान कविता के पीछे का विचार कभी तुच्छ या संकीर्ण नहीं हो सकता।'

*** मुझे लगता है कविता के अर्थ को अपनाने के लिए अपने-अपने सत्य भी अधूरे होते हैं। मान लीजिए कि पाठक यदि उसमें अपने सत्य का समावेश पाता है तो जरूरी नहीं कि वह सत्य सुन्दर और उपयोगी ही हो। ऐसे में बौद्धिकता और संयम की उम्मीद केवल कवि से ही की जाती है, पाठक तिरस्कार भाव में आता है। यह पाठक वर्ग पूरा का पूरा समाज भी हो सकता है और परिवार भी। ऐसी संघर्षपूर्ण स्थिति पर आप क्या सोचते हैं?**

* मेरी यह धारणा रही है कि कविता अधूरा याने अपूर्ण सच होती है और वह सच पूरी या पूर्ण तभी होती है जब कोई रसिक-पाठक उसमें थोड़ा सा अपना सच भी मिलाता है। सच से आशय है अनुभव-स्मृति-संवेदना-समझ-कल्पना का समुच्चय। यह हर पाठक के पास हो ऐसी अपेक्षा की जा सकती हैः कम से कम आदर्श पाठक में। अगर ऐसा है तो कविता के कई अर्थ या आशय हो सकते हैं। उसकी कई व्याख्याएँ सम्भव हैं और होती आयी हैं।

पाठक का सच विलोम भी हो सकता हैः तब भी वह कविता का कोई न कोई अर्थ ग्रहण करेगा ही। कविता का कुपाठ हो सकता है पर, फिर भी, वह पाठ ही है और अपाठ से बेहतर है। इतना ही कह सकता हूँ कि इस सन्दर्भ में कवि को बौद्धिकता और संयम के उच्च धरातल पर रखना और पाठक को किसी निचले स्तर पर, लोकतांत्रिक नहीं है। अगर पूरा समाज ही किसी विकृत पाठ पर इसरार



अशोक वाजपेयी

करे या बिना पढ़े, जैसा कि अकसर होता है, कोई प्रतिकूल प्रतिक्रिया करे तो कविता कुपठित होकर अपने अर्थ में बन्द हो जायेगी, कवि अकेला छूट जायेगा।

***एक पाठक के लिए कविता का अस्तित्व कई बार संशयपूर्ण भी हो जाता है। कवि द्वारा कविता के इलाकों में स्थापित परंपराओं का उल्लंघन कई बार पाठक के लिए एक आन्तरिक अपराधबोध बन कर सामने आता है। अपराधबोध का प्रकटीकरण क्रूर और असभ्य भी हो सकता है। ऐसी विषमताओं को आप 'अन्य' यानी एक पाठक की दृष्टि से देखने का प्रयास करते हैं तो आप क्या देख पाते हैं?**

* आधुनिकता का जन्म ही विचलित करने की प्रवृत्ति के साथ हुआ हैः वह सचाई, व्यवहार-आस्था आदि के बने-बनाये ढाँचों और पूर्वग्रहों को प्रश्नांकित करती है। यह प्रश्नांकन सामान्य पाठक को थोड़ी देर विचलित करता है और फिर अगर उसका मन साहित्य के साथ लगा रहता है तो वह इस विचलन को स्वीकार कर लेता है। जो कुछ परिचित और प्रत्याशित है उसके साथ हर कोई सहज और समंजस अनुभव करता है। जहाँ कुछ अपरिचित या अप्रत्याशित होता है तो पाठक उसे या तो देर-सबेर स्वीकार कर लेता है या अस्वीकार कर देता है।

> 'साहित्य और कलाएँ हमारे समय में अध्यात्म की भी विधाएँ हैं, उस अध्यात्म की, जो धर्मों से अब बहिष्कृत है। धर्म-मुक्त अध्यात्म संभव है इस विचार ने मुझे बहुत प्रभावित-उत्प्रेरित किया है।'

आधुनिकता के साथ ऐसे व्यापक अस्वीकार की लम्बी परम्परा रही है। आम तौर पर पाठक को परिचित गलियों में रमना-भटकना ठीक लगता है- अपरिचित में भटकने के लिए वह आसानी से तैयार या प्रेरित नहीं होता। भारतीय आधुनिकता भारतीय मानसिकता से ही उपजी है। इस मानसिकता में, लगता है, 'महाभारत' जैसे महाकाव्य की कोई स्मृति नहीं बची है जिसमें अकसर विचलन, भटकाव, अपरिचित और अप्रत्याशित से भेंट होती रही है। कई बार लगता है कि आज का आम पाठक, न तो पारंपरिक पाठक या रसिक है और न ही वह आधुनिक पाठक हो पाया है। प्रायः हर आधुनिक लेखक को इस विडम्बना का सामना करना पड़ता है। आखिर हिंदी अंचल यों ही पश्चगामी, जातिग्रस्त, साम्प्रदायिक और धर्मान्ध नहीं है- वह लगातार अपनी उजली परम्परा और प्रखर आधुनिकता से मुँह फेरे है।

*** दुर्भाग्य से हमारे यहाँ रचनाओं के कुपाठ अकसर होते रहते हैं। प्रश्न उठते हैं कि फलां आदर्श या विचार से कवि समाज को क्या देना चाहता है? ऐसे प्रश्न साहित्य और कला को संदेह की दृष्टि से देखते हैं। आपके समक्ष भी ऐसी स्थितियाँ आई होंगी। आपने उन्हें किस तरह लिया?**

* यह भ्रम साहित्यकारों को कुछ जरूरत से ज्यादा होता है कि समाज उनसे किसी आदर्श विचार पाने की अपेक्षा करता है। अव्वल तो यह बहुत भोंथरी अपेक्षा है, दूसरे, यह साहित्य या कलाओं से बेजा माँग करना है। साहित्य उन्हें शुद्ध विचार वैसे भी नहीं दे सकताः उसमें विचार तो आवयविक रूप से सम्वेदना-स्मृति-कल्पना-भाषा आदि में संगुम्फित होता है और उसे इन सबसे अलग कर या उनसे साफ कर नहीं दिया जा सकता। साहित्य पाठक के मन में विचार उत्तेजित कर सकता है और उसे अपने किसी विचार को प्रश्नांकित करने की ओर ठेल सकता है। वह पाठक में ऐसी भावनाएँ जगा सकता है जो उसे अपने जीने और जीवन को कुछ नये ढंग से देखने-समझने के लिए उत्साहित करे। यह सब कुछ न कर पाये तो उसे अपनी भाषा का ही कुछ आनन्द दे।

साहित्य और कलाएँ अपने पर, अपने सच पर ईमानदार सन्देह करते हैं। उन पर पाठक भी सन्देह करे इस स्थिति से आप बच नहीं सकते। उनसे आक्रान्त होना जरूरी नहीं है बल्कि हानिकारक हो सकता है। कवि अपने संशयग्रस्त सच पर अड़ा रहे और अकेला पड़ जाये यह लगभग स्वाभाविक है और इतना अवांछनीय भी नहीं। बचती तो है कविता और उसमें समाया सच। हर कविता को, हमारे क्रूर आधुनिक समय में, एक भविष्य पाठक की प्रतीक्षा रहती है।

*** कला में जहाँ अमूर्तन या कल्पना का गुण आ जाता है वहाँ कवि को कलावादी कह दिया जाता है। क्या यह तिरस्कार भाव है?**

* चित्रकार रैने माग्रीत ने कहा थाः 'मस्तिष्क अज्ञात से प्रेम करता है। वह उन बिम्बों से प्रेम करता है जिनका अर्थ अज्ञात होता है क्योंकि मस्तिष्क के लिए स्वयं का अर्थ अज्ञात होता है।' कविता खोजती और पाती या पाने में सफल-विफल होती है। वह जो पाती है वह अप्रत्याशित हो यह सुखद-सार्थक होता है। कोरा यथार्थ कुछ नहीं होताः अगर वह हमसे स्वतंत्र वस्तुगजगत है तो वह यथार्थ तभी हो पाता है जब भाषा में याने कविता की काया में आ जाये। कविता यथार्थ से प्रतिकृत होती है पर उसके आतंक में नहीं आती। साहित्य में यथार्थवाद यथार्थ



अशोक वाजपेयी और पूनम अरोड़ा

> 'साहित्य पाठक के मन में विचार उत्तेजित कर सकता है और उसे अपने किसी विचार को प्रश्नांकित करने की ओर ठेल सकता है।'

को समझने-विन्यस्त करने की एक विधि पर है, वह न तो अपने आप में यथार्थ होता है और न ही यथार्थ पर उसका, अन्य विधियों के मुकाबले, विशेष या एकाधिकार होता है। एक तरह का यथार्थ मूर्तन से प्रगट होता है तो दूसरी तरह का यथार्थ अमूर्तन से। कविता में अमूर्तन अधिक कठिन और दुस्साध्य होता है जबकि वह शास्त्रीय संगीत या ललित कला में सहज संभव हो पाता है और उनमें बहुमान्य भी है। साहित्य में, हमारी परम्परा में, मूर्तन और अमूर्तन सहचर रहे हैंः कबीर की निर्गुण कविता इसका श्रेष्ठ उदाहरण है।

कलावाद हिन्दी में एक लोकप्रिय लांछन है। शुद्ध कविता के लिए कविता, जीवन से असम्बद्ध और अप्रतिकृत, मेरे जाने, हिन्दी में आज तक नहीं है। अगर कला जीवन से उपजती है तो वह जीवन से मुक्त नहीं हो पाती। हिन्दी में कलावाद का जुमला अपनी विचारधारा से असहमत या विरत लेखकों को लांछित करने की रणनीति का उत्पाद रहा है। सामाजिक यथार्थ का दावा करनेवाले और उनसे अलग या असहमत दोनों ही वर्ग के लेखक साहित्यवादी ही ठहरते हैंः हिन्दी समाज इन दोनों से असम्पृक्त, अप्रभावित समाज है। कविता में न्याय-बुद्धि सक्रिय होती है पर उसका घेरा व्यापक होता हैः वह प्रकृति, समाज, वस्तुजगत, आत्मलोक, समय अन्य, सबके साथ न्याय करने की कोशिश करती है। कविता पर कई दबाव होते हैं भाषा, यथार्थ, कल्पना, स्मृति, परम्परा आदि के और इनमें से कोई दबाव अधिक गहरा या तीखा हो सकता है। हर सच्चे कवि को तिरस्कार के लिए तैयार रहना चाहिये क्योंकि ऐसा प्रायः हर समाज में, हर समय में होता आया है। भवभूति से लेकर कबीर, तुलसी, मीरा, प्रसाद, निराला, मुक्तिबोध, शमशेर आदि ने अपने समय में तिरस्कार झेला है।

*** ऐसा माना जाता रहा है कि कविता में व्यक्तिगत अनुभव, भोगा हुआ यथार्थ, स्मृतियाँ और दमित इच्छाएँ आदि प्रवृतियाँ काव्य की श्रेष्ठ अभिव्यक्तियाँ हैं। इनके अतिरिक्त और इनमें अन्तर्निहित अन्य किन मूल्यवान सत्यों को आपने अपनी कविता में बरता है जिन पर अब तक बहुत कम पाठकों ने अपना ध्यान केंद्रित किया है।**

* व्यक्तिगत अनुभव, भोगा हुआ यथार्थ, दृश्य, स्मृतियाँ और इच्छाएँ आदि की आत्मीय अभिव्यक्ति उस कविता में, जिसे लिरिक कहते हैं, स्वाभाविक रूप से हो पाती है। अपनी कविता में मेरी कोशिश इस निजता को व्यापक करने की रही हैः इसका आशय यह है कि उसमें विराट का स्पन्दन हो सके, प्रकृति के सौन्दर्य रचने की असमाप्य क्षमता का बोध हो साधारण में असाधारण नैतिक आभा हो, स्मृति निजी होकर भी जातीय स्मृति को अनुगुंजित करे, देवताओं द्वारा तज दिये गये संसार में कविता पवित्रता की जगह तलाशे और बने, रोजमर्रा में भी अप्रतिम जाहिर हो आदि ये आशय है जो ध्यान में आते हैं। इनमें से कितने पाठकों की पकड़ में आते हैं इसका ठीक अनुमान नहीं लगा सकता। भले यह छोटे मुँह बड़ी बात लगे मैंने निपट भंगुरता और अनिवार्य नश्वरता में अनन्त को छूने, अपनी आवाज में दूसरे पूर्वज कवियों की आवाज मिलाने, संसार का उसके असंख्यमानवीय-प्राकृतिक-आध्यात्मिक-सामाजिक ब्यौरों में गुणगान करने की चेष्टा की है। अपने कुछ अधिक उग्र समकालीनों जिनमें विष्णु खरे, आग्नेय, वीरेन डंगवाल आदि की तरह कविता में दूसरे कवियों को नीचा दिखाने या उनसे बदला लेने का प्रयत्न कभी नहीं कियाः कालिदास, भवभूति, कबीर, गालिब, देव, अज्ञेय, शमशेर, मुक्तिबोध आदि कवियों को कविता की काया में उनकी उक्तियों-छबियों-बिम्बों द्वारा याद कर कृतज्ञता-ज्ञापन ही किया है। आदर्श कवि और आदर्श पाठक दोनों ही असम्भावनाएँ होते हैं। अब तक मेरी कविता की चित्रमयता और संरचना पर ललित कला और शास्त्रीय संगीत का कितना-कैसा प्रभाव है इसका बारीकी से विश्लेषण नहीं हुआ है। कभी लगता है किसी को इस पर भी ध्यान देना चाहिये कि मेरी कविता में शब्दक्रीड़ा और विचारक्रीड़ा कैसी है और उनमें परस्पर क्या सम्बन्ध या संवाद है।

*** कला और साहित्य से सम्बन्धित बौद्धिक वर्ग की 'राजनैतिक विचारधारा' की राह में आप कौन से दोष, जवाबदेही और आदर्श चिंतन को देख पाते हैं? इस वर्ग द्वारा राष्ट्रीय चेतना की निष्पक्ष सत्ता में अपनी भूमिका निभाने की सक्षमता पर आपके क्या विचार हैं?**

* अव्वल तो राजनैतिक विचारधारा एक नहीं कई रही हैंः मोटे तौर पर वाम, समाजवादी और दक्षिणपन्थी। वाम, समाजवादी और दक्षिण पंथियों में द्वन्द्व और तनाव रहे हैं पर कई बार, एक तरह की अवसरवादिता के तहत उनमें साझा और साँठ-गाँठ भी होती रही है। साहित्य में उनकी स्थिति और सक्रियता कुछ अलग रही है। वाम प्रगतिशील, जनवाद और जन संस्कृति में त्रिमाजित रहा है और एक ध्रुवान्त नकसलपंथियों का भी रहा है। वाम ने साहित्य में अपना वर्चस्व स्थापित किया है और अकादमिक संस्थानों, पत्र-पत्रिकाओं, आलोचना-आयोजन आदि में वह बेहद सक्रिय रहा है। मेरी समझ से उसमें शामिल लेखकों-कलाकारों में

> 'हिन्दुत्व अब अपने प्रगट सत्तारूढ़ रूप में बहुलता, प्रश्नवाचकता और निर्भयता का लगातार, क्रूर और अलोकतांत्रिक, हनन करता है।'

वही महत्वपूर्ण हो पाये जिन्होंने सर्जनात्मक ढंग से और वैसे काम में विचारधारा का अतिक्रमण किया है जिनमें शमशेर, मुक्तिबोध से लेकर मंगलेश डबराल, अरुण कमल तक शामिल हैं। ये कवि अपने माध्यम, भाषा, आत्म और समाज सभी के प्रति जवाबदेह रहे हैं। लेकिन विचारधारा के दायरे में रहकर भी अच्छी कविता लिखी गयी है। ऐसी हर स्थिति में बहुत कूड़ा भी लिखा और मान्यता पा लेता है सो इस सन्दर्भ में भी हुआ है। एक दुर्भाग्यपूर्ण पक्ष यह है कि इस विचारधारा ने अपने कई संगठनों द्वारा अपने से असहमत लेखकों और उनकी कृतियों को देशनिकाला देने का काम भी बड़ी मुस्तैदी से किया है। महान विचार से हमेशा महान कविता नहीं पैदा होती पर महान कविता के पीछे का विचार कभी तुच्छ या संकीर्ण नहीं हो सकता। उससे बहुत सारी खराब कविता भी उपजती ही है जिसमें सर्जनात्मक दुस्साहस और कल्पनाशीलता नहीं, निरी वैचारिक वफादारी होती है जो कविता को ऊपर नहीं उठा पाती। समाजवादी दृष्टि ने कई महत्वपूर्ण लेखक पैदा कियेः शायद यह कहना बेहतर होगा कि कई महत्वपूर्ण लेखकों ने समाजवादी दृष्टि अपनायी। उनमें अज्ञेय, रघुवीर सहाय, सर्वेश्वर दयाल सक्सेना, निर्मल वर्मा, कृष्णा सोबती, कृष्ण बलदेव वेद, श्रीकान्त वर्मा आदि शामिल हैं। दुर्भाग्य से, दक्षिण पन्थ उल्लेखनीय ढंग से अनुर्वर रहा है। उसके कोई महत्वपूर्ण लेखक आसानी से याद नहीं आते।

राष्ट्रीय चेतना एक गोलमोल लेकिन हमारे समय में खतरनाक हो गया पद है। उसकी चालू राजनीति में जो संकीर्ण और अपराधमूलक अवधारणा है, वह अपने आप में साहित्य-विरोधी है। जो भी सचाई ईमानदारी, साहस, कल्पनाशीलता, मानवीय संवेदना से लिखता है, अपने राष्ट्र को ही लिखता और उसकी अब तक अक्षत और अनिवार्य बहुलता को सत्यापित और सशक्त करता है। इससे अलग किसी राष्ट्रीय चेतना का हलफ उठाने की कोई जरूरत नहीं है।

*** आपके अनुसार मौजूदा समय की सामाजिक और राजनैतिक सतर्कताएँ और विषमताएँ क्या हैं?**

* सच्ची सतर्कता तो यह है कि जो हो रहा है उसका आप लगातार चौकन्ने रहकर अनुभव, बखान और विश्लेषण करते रहें। अपने बस में बहुत अधिक नहीं है यह जानते हुए भी हम जो कुछ संभव है वह करते रहें ताकि लोकतांत्रिक प्रश्नवाचकता मन्द या शिथिल न हो पाये। समाज को, सारी कटौतियों और सिकोड़ों के बावजूद, यह बताते रहें कि उनके साथ कैसा अन्याय, गैरबराबरी की बढ़त और न्याय की वंचना की जा रही है। विषमता यह है कि ऐसा कर पाने के मंच जैसे मीडिया, सांस्कृतिक संस्थाएँ, अकादेमिक संस्थाएँ आदि ऐसी स्वतंत्रता और प्रश्नवाचकता के लिए प्रस्तुत नहीं है। आप पर लांछन और कीचड़-उछाल हो सकती है। पर अन्ततः अकेले सच या अकेले पड़ जाने को विवश किये गये सच को लाख झूठ दबा या नष्ट नहीं कर सकते। अपने समय के संकटों को लेकर जो चौकन्ना नहीं है वह लेखक क्या है?

***आपकी दृष्टि में क्या हिंदूवादी होना बुद्धिजीवियों और सत्ताधारियों को आक्रांत करता है? क्या यह एक ठप्पा है जिसे अन्य विचारधाराओं से भिन्न माना जाता है? यदि केवल हिंदूवादी होने को एक कट्टर विचारधारा माना जाता है तो कौन-सी कट्टरताएँ हैं जिन्हें हिंदुत्व की पहचान के रूप में इंगित किया जाता है?**

* जहाँ तक मुझे पता है, हिन्दूवाद नामक कोई प्रवृत्ति नहीं है। जो प्रवृत्ति बहुत आक्रामक ढंग से सक्रिय है वह हिन्दुत्व है जो कि एक राजनैतिक विवारधारा है जो सत्ताधारी है। वे उसके माध्यम से एक हिन्दू राष्ट्र स्थापित करना चाहते हैं। मेरी समझ में हिन्दुत्व का हिन्दू धर्म की बहुलतामूलक परम्परा से, उसके चिन्तन और अध्यात्म से, उसके दैनंदिन जीवन में इजहार से कुछ लेना देना नहीं है। हिन्दुत्व हिन्दू धर्म का कोई नया या वैध संस्करण नहीं है। हिन्दू परम्परा का एक अनिवार्य पक्ष रहा है प्रश्नवाचकता, विवाद और संवाद। उपनिषदों से लेकर 'रामायण' और 'महामारत', छहों शास्त्रीय दर्शन सभी प्रश्नप्रधान ग्रन्थ या वृत्तियाँ हैं। यह माना जाता रहा है कि बिना पूछे ज्ञान नहीं मिल सकता। नचिकेता यमराज से और अर्जुन कृष्ण से प्रश्न पूछते हैं। इस प्रश्नवाचक परम्परा का एक और पक्ष



मकबूल फिदा हुसेन के साथ अशोक वाजपेयी

था इसकी निर्भयता। हिन्दुत्व अब अपने प्रगट सत्तारूढ़ रूप में बहुलता, प्रश्नवाचकता और निर्भयता का लगातार, क्रूर और अलोकतांत्रिक, हनन करता है। वह समाज में एक भयोत्पादक शक्ति के रूप में अपनी जगह बनाता, बना रहा है। हिन्दू धर्मन्तिन, हिन्दू परम्परा और हिन्दू अध्यात्म का हिन्दुत्व में कोई आभास तक नहीं है। हिन्दू ज्ञान परम्परा के सन्दर्भ में यह स्पष्ट देखा जा सकता है कि हिन्दुत्व ज्ञान की अवज्ञा और अवहेलना और अज्ञान के वर्चस्व को बढ़ावा दे रहा है। हिन्दुत्व की रणनीति घृणा, भेदभाव, वैमनस्य, भय, अफवाहें फैलाने केरही हैं जो किसी भी दृष्टि से नैतिक या वांछनीय नहीं कहे जा सकते।

एक और तथ्य इस हिन्दुत्व को अपना चिन्तन-स्रोत मानने वाला निजाम देश के मतदाताओं के कुल 38 प्रतिशत मत पाकर सत्तारूढ़ हुआ है जिसका सीधा आशय यह भी है कि देश के अधिकांश हिन्दू मतदाता उसके समर्थक नहीं बल्कि उससे असहमत हैं। यह भी आकस्मिक नहीं है कि इतने दशकों से सक्रिय रहने और अब सात वर्षों से सत्ता पर होने के बावजूद हिन्दुत्व ने अपने प्रतिपादन या समर्थन में कोई उल्लेखनीय बौद्धिक सामग्री या साहित्य उत्पन्न या प्रेरित नहीं किया है। यह उसकी मूलभूत सर्जनात्मक और बौद्धिक अनुर्वरता का साक्ष्य है। हिन्दू मानस का अंतिम पुनराविष्कार महात्मा गांधी से सम्भव हुआ था और उस पुनराविष्कार का यह हिन्दुत्व घोर विरोधी है। हिन्दी अंचल के हिन्दू समाज में सामाजिक सुधार का कोई आन्दोलन नहीं हुआ है और, दुर्भाग्य से, विराट से जुड़ने की स्वाभाविक मानवीय आकांक्षा का दुर्लक्ष्य हुआ है। इससे जो आध्यात्मिक शून्य पैदा हुआ उसमें अपनी छद्म धार्मिकता, सतही अध्यात्म से हिन्दुत्व की शक्तियाँ घुसकर काबिज हो गयी हैं। कम से कम मेरी समझ यही है कि हिन्दुत्व न सिर्फ.हिन्दू धर्म का कोई संस्करण नहीं है, वह न तो हिन्दुओं का वैध या समुचित प्रतिनिधित्व करता है और न ही उसकी लम्?बी परम्परा से उसका कोई संबंध या संवाद है।वह धर्म का सहारा लेकर उसी की एक भयावह विकृति है।

*** पिछले कुछ वर्षों में देखा गया कि हिन्दी साहित्य में स्त्री लेखकों के प्रति असंवेदनशीलता का माहौल रहा। असंवेदनशील बयानबाजी, चरित्र हनन करते हुए अपमानपूर्ण भाषा का प्रयोग क्या लेखक के सरोकारों को प्रश्नांकित नहीं करते?**

* हिन्दी साहित्य-समाज, हिन्दी समाज की ही तरह, पुरुष-प्रधान रहा है। उसने भारतीय संविधान द्वारा दी गयी स्त्री-पुरुष समकक्षता को एक लोकतांत्रिक वृत्ति और मूल्य के रूप में आज तक खुलेपन से स्वीकार नहीं किया है जबकि संविधान को लागू हुए 70 से अधिक वर्ष बीत चुके। यह अकारण नहीं है कि स्त्रियों के साथ अत्याचार-बलात्कार-हिंसा आदि की घटनाएँ देश में सबसे अधिक हिन्दी अंचल में ही होती हैं। हिन्दी साहित्य इस अभागे अर्थ में हिन्दी समाज का दर्पण है। लेकिन इसका दूसरा पक्ष भी है। लेखकों का एक वर्ग बल्कि गिरोह लेखिकाओं के साथ नीचता के व्यवहार, चरित्र-हनन और दूसरे विद्रूपों पर उतारू हैं, वह एक छोटा-सा अभद्र गिरोह भर है जो लेखकों के रूप में व्यापक मान्यता न पा सकने के कारण ऐसे भद्दे ध्यानाकर्षण के लिए ऐसी हरकतें करता है। हम जैसे लेखकों की संख्या कम नहीं है जो लेखिकाओं की बड़ी संख्या उतरने, मुखर और सक्रिय होने, निर्भीकता और दुस्साहस के साथ सृजन और विचार करने को हिन्दी साहित्य के लोकतंत्र का विस्तार और उसका विलंबित सत्यापन मानते हैं। हिन्दी के इतिहास में स्त्रियों की यह उपस्थिति और बिना कोई रियायत चाहे अपने पर इसरार निर्णायक मोड़ है।

# कलयुगी पुत्र ने पिता को उतारा मौत के घाट

**नृशंस**

## घटना के बाद शव के साथ सोया पूरी रात



रोते बिलखते मृतक के परिजन

**निजामाबाद (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नसीरपुर खालसा गांव में कलियुगी पुत्र ने पिता का सर में टार्च से मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद पूरी रात शव के साथ सोया रहा। सुबह अकेले ही दाह संस्कार करने जा रहा था। पड़ोसी की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

निजामाबाद थाना क्षेत्र के नसीरपुर खालसा गांव निवासी मुरली 70 वर्ष से उनके बेटे धर्मेंद्र 25 वर्ष से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते पिता-पुत्र में मारपीट होने लगी। इसी बीच धर्मेंद्र ने अपने पिता पर टार्च से सर में मार दिया। जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई और वो जमीन पर गिर पड़े। पिता-पुत्र में मारपीट होता देख पड़ोसी जुटे तो पुत्र ने रात में सबको भगा दिया। पिता की मौत के बाद पुत्र सारी रात शव के पास आराम से सोता रहा। शुक्रवार की सुबह अकेले ही शव के अंतिम संस्कार की तैयारी करने लगा। इसी दौरान एक पड़ोसी ने पुत्र की करतूत की सूचना निजामाबाद पुलिस को दे दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। वहीं आसपास के लोगों का कहना है कि धर्मेंद्र नशे की हालत में था जिसने अपने ही पिता को मार दिया। गांव के मनोज पुत्र सीताराम की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। शनिवार को पुलिस ने आरोपित पुत्र को गिरफ्तार कर हत्या में इस्तेमाल टार्च बरामद करते हुए जेल भेज दिया।

## सोशल मीडिया पर असलहा लहराने वाला गिरफ्तार

**आजमगढ़।** थाना महराजगंज पुलिस ने सोशल मीडिया पर असलहा के साथ फोटो वायरल करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। अभियुक्त करन कुमार पुत्र जयप्रकाश निवासी अराजी बगहवा (जगमनजोत) थाना महराजगंज द्वारा पूर्व में अवैध तमंचे के साथ फोटो फेसबुक व सोशल मीडिया में वायरल किया गया था। इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मुकदमा दर्ज किया गया था। शनिवार को पुलिस ने उक्त अभियुक्त को शिवपुर ढाला से गिरफ्तार कर लिया। जामा तलाशी में उसके पास से फोटो में वायरल कर अवैध तमंचा व एक जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद हुआ।

## गैंगस्टर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**लालगंज (आजमगढ़)।** देवगांव पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के वांछित अभियुक्त को टीकमगढ़ हाईवे चैराहे से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। प्रभारी निरीक्षक गजानंद चैबे मय हमराह अभियुक्तों की तलाश में क्षेत्र में मौजूद थे। इसी दौरान उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम 1986 में वांछित अभियुक्त चन्दन बनवासी पुत्र स्व.नखड्डू बनवासी निवासी ठकठऊआ थाना देवगांव को टीकमगढ़ हाईवे चैराहे से गिरफ्तार कर चालान कर दिया। अभियुक्त के खिलाफ तीन मुकदमें दर्ज हैं।

# संपूर्ण समाधान दिवस पर अधिकारियों ने सुनी फरियाद



थाना तरवां में जनसुनवाई करते डीएम व एसपी

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** वादकारियों को त्वरित न्याय दिलाने के लिए थाना दिवस व तहसील दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जहां फरियादी अपनी फरियाद अधिकारियों को सुनाते हैं और अधिकारी उनकी समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण करने का प्रयास करते हैं अन्यथा की स्थिति में अधीनस्थों को गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध निस्तारित करने हेतु निर्देशित करते हैं। उसी क्रम में शनिवार को जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज व पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा थाना तरवां व थाना देवगांव में संपूर्ण समाधान दिवस पर जनता की समस्याओं को सुना गया। इस दौरान थाना तरवां पर 10 प्रार्थना पत्र व थाना देवगांव पर 8 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

## संक्षेप

### महिला को धमकी देने वाला गिरफ्तार



**आजमगढ़।** थाना रौनापार पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घर में घुसकर जबरदस्ती महिला का यौन उत्पीड़न करने व धमकी देने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान करते हुए जेल भेज दिया। थाना रौनापार की निवासी एक महिला ने तहरीर दिया कि बीते 23 अक्टूबर को देर रात अभियुक्त धीरज यादव शराब के नशे में कमरे में घुसकर छेड़खानी की। शोर करने पर कमरे में आये आवेदिका के पुत्र का गला दबाकर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में थी। अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### समाजसेवी नफीस अहमद ने असहायों में बांटा कम्बल



**सरायमीर (आजमगढ़)।** स्थानीय नगर पंचायत के पठान टोला मोहल्ले में नफीस अहमद ने आवास पर जरूरतमंदों में कंबल का वितरण किया। इस दौरान मोहल्ला गढ़वा, खुदकश्ता, सेराजी का पूरा, नई बाजार, तलिया, पूनापोखर, पठान टोला, पूराना थाना सहित अन्य मोहल्लो से आए जरूरतमंद महिलाओं एवं पुरुषों को लगभग 500 कम्बल दिया गया। कंबल पाकर गरीब असहाय लोगों के चेहरे पर खुशी की झलक देखने को मिली। समाजसेवी नफीस अहमद ने बताया कि वे पिछले 14 वर्षों से गरीबों की सेवा करते चले आ रहे हैं। जरूरतमंदों के बीच में हर साल ठंड के मौसम में कंबल का वितरण करते चले आ रहे हैं उसी कड़ी में आज भी कंबल का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि गरीबों की मदद करके उन्हें अपार खुशी मिलता है। मैं जनता की आवाज पर इस बार सरायमीर नगर पंचायत क्षेत्र से अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ रहा हूं। जनता का आशीर्वाद मिला तो सरायमीर नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों की बाढ़ लगा दूंगा। उन्होंने वर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके द्वारा नगर क्षेत्र में कोई भी विकास कार्य नहीं किया गया है। इस मौके पर परवेज अख्तर, अबूसाद उर्फ चुन्नू, अफजल, शेर अफगन उर्फ नाटे, हारून खान, करीमुल्ला, अरशद उर्फ नन्हू, शफीकुर्रहमान आदि उपस्थित रहे।

### क्रांति दौड़ में नूर हसन रहे प्रथम



**फूलपुर (आजमगढ़)।** मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर नव युवक क्रान्ति दल के तत्वाधान में अंतर्जनपदीय क्रान्ति दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डा.अजीम, डा.फैसल, व कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने फीता काट कर किया। लगभग 3 किमी के दायरे में धावकों को दौड़ाया गया। सभी धावकों को तीन ग्रुप में बांटा गया। हर ग्रुप से 20-20 धावकों को फाइनल मुकाबले में पुनः जगह मिली। शंकर जी तिराहा, सिनेमा रोड, बस स्टॉप, रामलीला रोड, पशु अस्पताल तिराहा, पुरानी मिर्चा मंडी, चूना चैक, शनिचर बाजार से पुनः शंकर जी तिराहा तक मार्ग पर धावकों ने दौड़ लगाया। जिसमें प्रथम स्थान मऊ जिले के नूर हसन को, द्वितीय पुरस्कार हरियाणा के बलिराम को, तृतीय पुरस्कार अजय बिंद भदोही, चतुर्थ पुरस्कार शुभम यादव, प्रयागराज, पंचम पुरस्कार पौढ़ी गढ़वाल के हरी सिंह ने प्राप्त किया। कार्यकम की अध्यक्षता डा. अजीम व संचालन अनिल प्रजापति ने किया। इस अवसर पर रामाशीष, सुरेश मौर्य, शैलेन्द्र प्रजापति, अखिलेश सोनकर, बृजेश यादव, अभय सिंह, नीलू, सुनील प्रजापति, मनोज सोनी आदि उपस्थित रहे।

### शराब माफिया गनिका यादव की संपत्ति कुर्क

**आजमगढ़।** थाना जीयनपुर पुलिस ने डी-13 गैंग के सक्रिय सदस्य शराब माफिया गनिका यादव पुत्र इन्द्रदेव यादव, निवासी करैला, थाना जीयनपुर द्वारा अपराध जगत से अर्जित कुल सम्पति क्रय की गयी भूमि जिसका वर्तमान मार्किट मूल्य लगभग 40 लाख रुपये का है, अन्तर्गत धारा 14(1) उ.प्र. गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम-1986 के तहत कुर्क किया गया। अभियुक्त गनिका यादव पुत्र इन्द्रदेव यादव के विरूद्ध वर्ष 2007 से 2022 तक कुल 21 आपराधिक मुकदमें पंजीकृत हैं। अभियुक्त द्वारा भौतिक दुनियाबी लाभ अर्जित करने के लिए अवैध शराब के निर्माण, परिवहन, विक्रय तथा अपमिश्रित शराब के सेवन से हुई मौत से सम्बन्धित जघन्य अपराध कारित किया गया।

### बस में मृत वृद्ध की हुई शिनाख्त

**लालगंज (आजमगढ़)।** चन्दवक से लालगंज के लिए अनुबंधित बस पर सवार होकर एक वृद्ध लालगंज का टिकट कटाया और लालगंज पहुंचने के उपरांत वृद्ध को बस से उतरने के लिए कन्डक्टर ने बुलाया तो उसके न उठने पर कंडक्टर जब उसके पास जाकर देखा तो वृद्ध की मौत हो गयी थी। चालक परिचालक ने बस को ले जाकर लालगंज पुलिस चैकी में इसकी सूचना दी तो पुलिस चैकी लालगंज से चैकी प्रभारी देवेंद्रनाथ दुबे वृद्ध को आनन-फानन में सीएचसी लालगंज ले गए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में पता चला कि मृत वृद्ध राम पलट पुत्र हरिहर 62 वर्ष निवासी महापुर थाना चंदवक जौनपुर के निवासी थे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ताकि यह स्पष्ट हो सके कि वृद्ध की मौत कैसे हुई।

### डॉ.अबुल फैज मेडिकल आफिसर पद पर चयनित



**अंबारी (आजमगढ़)।** उत्तर प्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन प्रयागराज ने बुधवार को यूनानी एवं आयुर्वेदिक मेडिकल ऑफिसर का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है जिसमें जिले के अंबारी (हाजीपुर) गांव निवासी रिटायर्ड प्रभारी अधिकारी फामेर्सी डॉ.नइमुद्दीन के बेटे डॉ.अबुल फैज ने 68वां स्थान प्राप्त किया है। उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। डॉ.अबुल फैज ने इंटरमीडिएट की परीक्षा माहुल के अशरफिया इंटर कॉलेज से पास किया था। इसी कालेज से हाईस्कूल में जिले में स्थान हासिल किया था और इसके आगे की पढ़ाई अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से पूरी की। इसी विश्वविद्यालय से उन्होंने (एमडी) भी किया। डॉ.अबुल फैज का शुरू से ही डॉक्टर बनकर समाज सेवा करना चाहते थे जिसके लिए रिटायर्ड प्रिंसिपल चाचा दिलशाद अहमद व बड़े भाई प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक शाह मोहम्मद सऊद, वन्य जीव वैज्ञानिक हल्द्वानी (उत्तराखंड) शाह मोहमद बेलाल व शिक्षक मोहम्मद आमिर ने लगातार प्रेरित किया। डॉ. अबुल फैज के मेडिकल ऑफिसर बनने से गांव सहित आसपास के लोगों में खुशी का माहौल है।

# चार के सापेक्ष एक मामले का हुआ निस्तारण



अतरौलिया थाने में सुनवाई करते क्षेत्राधिकारी व नायब तहसीलदार

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना परिसर में समाधान दिवस का आयोजन नायब तहसीलदार धर्मेंद्र कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी बूढ़नपुर महेंद्र शुक्ला के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर कुल 4 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें एक का मौके पर निस्तारण करते हुए शेष 3 राजस्व मामलों को संबंधित लेखपाल को प्रेषित कर दिया गया। समाधान दिवस पर थाना संबंधित मामलों में आपसी सहमति से लंबित मामलों का निस्तारण किया गया वहीं कुछ मामले न्यायालय में विचाराधीन होने के चलते संबंधित फरियादियों को निर्देशित किया गया कि मौके पर यथा स्थिति बनाकर शांति व्यवस्था कायम रखें। मौके पर प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल व पुलिसकर्मी मौजूद रहे। लालगंज प्रतिनिधि के अनुसार देवगांव थाना परिसर में एसडीएम लालगंज सुरेन्द्र नारायण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 8 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए जिसमें से 2 आवेदन पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष 6 मामलों को निर्धारित समय सीमा के अंदर निस्तारित किए जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित कर दिया गया।

आईजी अखिलेश कुमार, डीएम विशाल भारद्वाज, एसपी अनुराग आर्य औचक निरीक्षण करने देवगांव कोतवाली परिसर पहुंचे और सब कुछ दुरूस्त पाया गया। मौके पर क्षेत्राधिकारी लालगंज मनोज रघुवंशी, प्रभारी निरीक्षक गजानन चैबे, नायब तहसीलदार पंकज शाही राजस्व निरीक्षक हरेंद्र यादव तथा लेखपाल दिवाकर उपाध्याय, कृष्ण, प्रदीप, अरविंद, लाल, आशा, सुषमा, रेनू, अश्विनी मौजूद रहीं।

# मकर संक्रांति के लिए सजे बाजार



मकर संक्रांति पर अतरौलिया में सजी दुकान



पतंग की खरीददारी करते लोग

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय नगर पंचायत समेत ग्रामीण इलाकों में मकर संक्रांति पर्व मनाने की तैयारी में लोग जुटे है वहीं सामानों के भाव बढ़ने का भी लोगो पर कोई असर नहीं दिख रहा है। 15 जनवरी को शुभ मुहूर्त में खिचड़ी का त्योहार मनाया जाएगा।

मकर संक्रांति पर्व मनाने के लिए बाजार में दुकानें सज गई हैं। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष मकर संक्रांति के सामानों के मूल्य में करीब 20 फीसदी बढ़ोतरी हुई है, उसके बावजूद बाजार में काफी रौनक है। शनिवार को लोग तिल, चावल, लाई, मक्का,

**त्योहार**

## पतंग की खरीदारी में दिखा उत्साह

मूंगफली आदि की खरीदारी करते नजर आए तो धूप खिलने से बाजार में लोगों की अच्छी भीड़ रही। मकर संक्रांति के लिए महिलाएं सप्ताह भर पहले से तैयारी शुरू कर देती हैं। लोग घर के अलावा रिश्तेदारी में खिचड़ी भी भेजने की परंपरा का निर्वहन करते हैं। मकर संक्रांति पर लोग अपने घरों में भूजा और गुड़ से तैयार लइया बांधते हैं। दुकानदार शिव कुमार गुप्ता, संदीप मोदनवाल ने बताया कि मकर संक्रांति पर्व आस्था से जुड़ा हुआ है। बहन-बेटियों के यहां लाई, गुड़ और तिल भेजने की परंपरा है। इसलिए इसकी तैयारी पहले से ही की जा रही थी, महंगाई व ठंड के चलते दुकानों पर बिक्री कम हो रही है।

बाजार में रौनक तो बढ़ी है लेकिन खरीदार नजर नहीं आ रहे। स्थानीय निवासी पवन कुमार ने बताया कि दुकान पर रंग बिरंगी पतंग सजाई गई है। आज ग्राहकों की अच्छी खासी भीड़ दुकान पर दिखाई दे रही है।

### मकर संक्रांति पर खिचड़ी भोज

**पटवध (आजमगढ़)।** विकास खंड बिलरियागंज अंतर्गत पटवध कौतुक शिव मंदिर पर शनिवार को मकर संक्रांति के अवसर पर मंदिर परिसर में मंदिर के महंत राजेश्वर दास जी द्वारा खिचड़ी भोज भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। महंत ने बताया कि मंदिर प्रांगण में खिचड़ी भोज करने का एक अलग ही फल मिलता है। मौके पर पटवध कौतुक के ग्राम प्रधान पति सुरेश्वरी दत्त, सूरज प्रकाश, सोनू, बृहस्पति, रवि, राजा मौर्य, गुड्डू, उमेश सहित सैकड़ों लोगों ने भंडारे में शामिल होकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

# एसपी ने अधीनस्थों को दिया दिशा निर्देश



अधीनस्थों को दिशा निर्देश देते एसपी अनुराग आर्य

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ ने आगामी पर्व-त्योहार व अपराध नियंत्रण पर प्रभावी अंकुश हेतु अपराध गोष्ठी कर सभी थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। आगामी पर्व-त्यौहार मकर सक्रांन्ति, बसन्त पंचमी के सम्बंध में तैयारियों की समीक्षा की। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर शैलेंद्र लाल, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राहुल रूसिया व समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष उपस्थित रहे।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए एसपी अनुराग आर्य ने कहा कि पशु चोर, नकबजन के खिलाफ सत्यापन अभियान चलाया जाय। अवैध शराब के निष्कर्षण, परिवहन, बिक्री के खिलाफ कार्यवाही की जाय। कुख्यात अपराधियों द्वारा अवैध रूप से अर्जित की सम्पत्ति को चिन्हित की जाय। अपराधिक प्रवृत्ति वाले व्यक्तियों के खिलाफ गुण्डा, गैंगस्टर व हिस्ट्रीशीट की कार्यवाही की जाय। उन्होंने कहा कि व्यापारिक प्रतिष्ठान की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में व्यापारियों के साथ गोष्टी की जाये तथा सभी प्रतिष्ठान पर सीसी टीवी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाय। संवेदनशील स्थानों पर भी सीसीटीवी कैमरा लगवाये जाय। गोवध, तस्करी, बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाया जाय।

लम्बित विवेचनाओं का निस्तारण प्रथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाय। पुलिस लाइन्स, शाखाओं एवं थानों पर स्वच्छता अभियान के तहत साप्ताहिक श्रमदान के रूप में प्रत्येक रविवार को साफ-सफाई सुनिश्चित की जाय। आगामी त्यौहार-पर्व के दृष्टिगत शान्ति व्यवस्था, नियमानुसार विधिक कार्यवाही हेतु दिशा निर्देश दिया।

### लापरवाह मातहतों पर गिरी गाज

**आजमगढ़।** जनपद में सुदृढ़ कानून व्यवस्था के दृष्टिगत अपराध गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक ने टाप व सक्रिय अपराधियों की जानकारी न होने, दिसम्बर माह में चलाए गए अभियानों में लापरवाही बरतने पर थाना प्रभारी तहबरपुर को क्राइम ब्रांच स्थानांतरित कर दिया। पीड़ित व्यक्तियों व फरियादियों के साथ समानुभूति व सहानुभूति रखते हुए जनसुनवाई के निर्देश दिया। वर्ष 2022 में निरोधात्मक कार्यवाही करने में सर्किल लालगंज व थाना देवगांव सबसे उत्कृष्ट रहे। जनसुनवाई में सकारात्मकता सुधार में सर्व प्रथम थाना कोतवाली रहा। जनपद में वर्ष 2022 के उत्कृष्ट चैकी प्रभारी सिंहपुर रहे। जनसुनवाई में लापरवाही बरतने पर थानाप्रभारी मुबारकपुर व गम्भीरपुर को चेतावनी दी गई। लूट व नकबजनी की घटनाओं के अनावरण में थाना देवगांव व जीयनपुर द्वारा उत्कृष्ट कार्यवाही की गई तथा थाना तहबरपुर द्वारा सबसे असंतोषजनक कार्यवाही की गई है। वर्ष 2022 में थाना प्रभारी कन्धरापुर को एक भी हिस्ट्रीशीट न खोलने पर चेतावनी जारी की गई। जनसुनवाई में लापरवाही पर चैकी प्रभारी एलवल (कोतवाली) को चेतावनी जारी की गई।

### सुंदरीकरण व सुधार के लिए मिला बजट

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि जनपद के थाना परिसरों में सुंदरीकरण व सुधार के लिए वार्षिक अनुरक्षण बजट से थाना कोतवाली को 5 लाख, गम्भीरपुर को 3 लाख, अतरौलिया को 3 लाख, देवगांव को 2 लाख, बरदह व मेंहनगर को एक-एक लाख, महाराजगंज को 3 लाख रुपए आवंटित किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में प्रत्येक माह अपराध नियंत्रण, अपराधियों पर कार्यवाही व जनसुनवाई की सफलता के आधार पर माह के सर्वश्रेष्ठ थानाध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। इसके लिए मार्किंग सिस्टम बनाया गया है जिसमें कार्यवाही के लिए नम्बर निर्धारित किये गए हैं। असंतोषजनक कार्यप्रणाली वाले थाना प्रभारियों पर कार्यवाही की जाएगी।

# युवा कौशल परख दौड़ में भोला ने मारी बाजी



विजेता धावक को पुरस्कृत करते आयोजक

**जनसंदेश न्यूज**

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** वीर लोरिक सभा द्वारा शनिवार को तीन किमी युवा कौशल परख दौड़ प्रतियोगिता करायी गयी जिसमें भोला यादव निवासी बड़ैलाताल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ पहलवान लालचंद यादव ने परिचय प्राप्त कर किया। तीन किमी की दौड़ नदौली से मोतीगंज बाजार तक रही। दौड़ में 50 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें भोला यादव बडैल्लाताल प्रथम, रामराज यादव निजामाबाद द्वितीय, ज्योति शंकर अंधौरी तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिया गया। संयोजक विजय शंकर यादव ने कहा कि प्रतियोगिता से स्पर्धा की भावना आती है, एक दूसरे से आगे निकलने के साथ ही प्रेम सद्भाव भी जागृत होता है। गांवों में ऐसे आयोजन से खेलों को बढावा मिल रहा है। इस मौके पर कमलेश यादव, विजय कुमार, राजनाथ, टिल्ठू सोनकर, चंद्रिका प्रसाद, शैलेश यादव आदि मौजूद रहे।

# मनरेगा के पैसे की हेराफेरी का लगाया आरोप



जिलाधिकारी को ज्ञापन देने जाते दम्पति

**आजमगढ़।** कन्धरापुर थाना क्षेत्र के मबतनपुर गांव निवासी शिवकुमार ने जिलाधिकारी को पत्रक सौंपकर मनरेगा के पैसा का बंदर बांट करने व हेराफेरी का प्रधान पति पर आरोप लगाया। तथा जिलाधिकारी से उक्त प्रकरण की जांच की मांग की। जिलाधिकारी को सौपे पत्रक के माध्यम से कंधरापुर थाना क्षेत्र मातनपुर निवासी शिव कुमार पुत्र दलसिंहर ने अपने ही गांव के प्रधान पति कालीचरण पुत्र सुधई राम पर दबंगई का आरोप लगाया। शिवकुमार ने बताया कि गांव की प्रधान पुष्पा देवी के पति कालीचरण साइबर कैफे चलाने वाले राजकुमार पुत्र जोधन प्रसाद के साथ हमारे घर पर आये और उन्होंने कहा कि तुम्हारे खाते में मनरेगा का पैसा भिजवाया है निकालकर दो मेरे द्वारा यह कहने पर कि जब मैने काम ही नहीं किया है, तो पैसा क्यों भेजे हो यह सरकार के साथ-साथ आम जनता के साथ भी धोखा है। इसलिए मै यह पैसा निकालकर नहीं दूंगा। इस बात से खफा होकर प्रधान पुष्पा देवी और उनके पति कालीचरण गाली गुप्ता देते हुए डंडे से मारने लगे। बचाने के लिए आई मेरी पत्नी फूलमती को भी उन्होंने मारा पीटा। इस संबंध में स्थानीय थाने पर मुकदमा दर्ज कराया गया। गांव के प्रधान पति कालीचरण द्वारा ऐसे ही अवैध रूप से बिना काम के लोगों के खाते में मनरेगा का पैसा भेज कर निकालते है। उनके डर और दहशत से कोई नहीं बोलता है। शिवकुमार ने जिलाधिकारी को पत्रक सौपकर जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

# चौदह कला के अवतार थे मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामः कौशल किशोर

**आजमगढ़।** मानव जनहित सेवा संस्थान व रामकथा समिति के संयुक्त तत्वावधान में चकगोरया में चल रहे सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन व्यास पूजन के साथ कथा क्रम को आगे बढ़ाते हुए बाल व्यास कौशल किशोर जी महाराज ने बताया कि मयार्दा पुरूषोत्तम राम चन्द्र जहां चैदह कला के अवतार थे वहीं श्रीकृष्ण सोलह कला के पूर्ण अवतार थे। उन्होंने कहा कि राजाराम का जन्म सूर्यवंश में हुआ था तो श्रीकृष्ण का जन्म चन्द्रवंश में हुआ। श्रीमद्भागवत में कलयुग में स्वयं योगीराज कृष्ण विद्यमान रहते हैं। कंस ने पूतना को भेजकर बालक कृष्ण का वध कराना चाहा परंतु पूतना ही स्वर्ग सिधार गई। भगवान जिसे पकड़ लेते है उसे छोड़ते नहीं है। तृणावर्त का उद्धार प्रभु ने किया। आचार्य का कार्य हरेन्द्र पाठक तथा संचालन राय अनूप कुमार श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर धनश्याम तिवारी, रामप्रकाश तिवारी, डा.अवंतिका श्रीवास्तव, राम ऐश्वर्य, नित्यानंद लाल, नरेन्द्र लाल, सुमन, संगीता, विनय, सत्यम, हर्ष आदि मौजूद रहे।

# कैंसर पीड़ित बेटे के लिए परिजनों ने सामाजिक संगठनों से लगायी गुहार



पत्रक के साथ मासूम के माता-पिता व सामाजिक कार्यकर्ता रामकुंवर यादव

**आजमगढ़।** विकास खण्ड तरवां के ग्राम पंचायत जमीरपुर निवासी सुशीला पत्नी राजेन्द्र राजभर ने अपने बेटे के इलाज के लिए आ रही आर्थिक समस्या के लिए जिले के सामाजिक संगठनों व सामाजिक कार्यकताओं से मदद की गुहार लगायी। मासूम-सा बच्चा ब्लड कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से जूझ रहा है और उससे भी बड़ा दुर्भाग्य कि अपने कलेजे के टुकड़े के बेहतर उपचार के लिए न तो मां-बाप के पास फूटी-कौड़ी है न ही आयुष्मान कार्ड।

जनपद के तरवां क्षेत्र के जमीरपुर गांव निवासी राजेन्द्र राजभर अपने परिवार के भरण पोषण के लिए कानपुर में पल्लेदारी का काम करते है और इनकी पत्नी सुशीला देवी घर पर रहकर ही बच्चों की देखभाल करती है। तीन माह पूर्व इनके 12 वर्षीय पुत्र पवन राजभर को बुखार होना शुरू हुआ और प्राइमरी दवाइयां दी गई लेकिन बुखार ठीक नहीं हुआ। इसके बाद परिजनों ने कई चिकित्सकों को दिखाया लेकिन सुधार नहीं हो सका। चिरैयाकोट स्थित एक सेवानिवृत्त सरकारी चिकित्सक ने पवन के सिमटम देखकर उसे तत्काल किसी हायर सेंटर में उपचार कराने की सलाह दिया। पवन की मां अपने कलेजे के टुकड़े को लेकर कानपुर पहुंची, जहां चिकित्सकों ने उसे ब्लड कैंसर रोग से पीड़ित बताया। कैंसर की जानकारी होते ही परिवार भयभीत हो गया और किसी तरह कानपुर के जेके कैंसर संस्थान में तीन माह से अपने कलेजे के टुकड़े का इलाज करा रहा है लेकिन इस उपचार में आर्थिक अड़चनें मां-बाप के आगे विकराल रूप धारण करती चली जा रही है। ब्लड कैंसर से पीड़ित पवन की तीन बहनें है जिसमें एक की शादी हो चुकी है, अन्य दोनों बहनें कली और आंचल अपने एकलौते भाई के लिए दिन-रात किसी चमत्कार की दुआ करते हुए नहीं थक रही हैं। वहीं सामाजिक लोगों से मदद की आस लगाए हुए हैं।

### आर्थिक व्यवस्था के लिए रामकुंवर करेंगे भिक्षाटन

**आजमगढ़।** जैसे ही इस बात की जानकारी पूर्व जिला पंचायत सदस्य व सामाजिक कार्यकर्ता रामकुंवर यादव को हुई तो उन्होंने कहा कि पवन की जिन्दगी बचाने के लिए वे भिक्षाटन करेंगे और उसका बेहतर उपचार हो इसके लिए सांसद, विधायक, मुख्यमंत्री कोष से पैसों की मांग की जाएगी ताकि मासूम पवन के इलाज के लिए पैसों की कमी न हो सकें। उन्होंने सामाजिक संस्थाओं व समक्ष लोगों से इलाज में मदद की गुहार लगाई है। इसके पूर्व भी रामकुंवर यादव ने गोलू के लिए भिक्षाटन करके लाखों रूपए जुटाया था लेकिन अब देखना यह है कि इस बार पवन की जिन्दगी के लिए कौन आगे आता है।

# अम्बेडकर डिपो व आजमगढ़ डिपो के चालक-परिचालक को किया सम्मानित



समारोह में सम्मानित चालक, परिचालक व तकनीकी शाखा के कर्मचारी

**आजमगढ़।** बस स्टेशन परिसर आजमगढ़ के प्रांगण में समारोह आयोजित कर औसत डीजल, अच्छा संचालन व अच्छा प्रतिफल अर्जित करने वाले चालकों परिचालको एवं तकनीकी शाखा के कर्मियों को सम्मानित किया गया।

बस स्टेशन परिसर आजमगढ़ के प्रांगण में रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद, द्वारा डीजल बचाओ, आय बढ़ाओ, परिवहन निगम को सुदृढ़ बनाओ कार्यक्रम के तहत आमसभा का आयोजन किया गया। जिसमें वर्ष 2022 में अच्छा डीजल औसत, अच्छा संचालन प्रतिफल अर्जित करने वाले डा. अम्बेडकर डिपो एवं आजमगढ़ डिपो के चालकों, परिचालकों व तकनीकी शाखा के कार्मिकों को माल्यार्पण कर व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर 16 कर्मियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जशवन्त सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष द्वारा किया गया। आयोजन के दौरान पीएन सिंह, क्षेत्रीय मंत्री चन्द्रशेखर सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय, क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह, क्षेत्रीय उपमंत्री के साथ-साथ सेवा प्रबन्धक, डा.अम्बेडकर व आजमगढ़ डिपो, सहित डिपो के सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे। कर्मचारी इस कार्यक्रम से काफी उत्साहित हैं एवं निगम आय बढ़ाने के प्रति पूर्ण समर्पण की भावना से ओतप्रोत दिखे।

# मकर संक्रांति के पर्व पर विशाल मेले का किया गया आयोजन



मेले में उमड़ी भीड़

**चील्ह।** विकास खंड कोन के हरसिंहपुर गंगा घाट पर शनिवार को मकर संक्रांति के पावन पर्व पर विशाल मेला लगा। जानकारी के अनुसार विगत कई वर्षों से मकर संक्रांति पर गंगा घाट पर मेला लगता है जिसमें लोग गंगा स्नान और दान कर पुण्य के भागी बनते हैं। मेला में क्षेत्र के मल्लेपुर, पखवैया, विष्णु पट्टी, श्री पट्टी, तिलठी, मवैया, लखनपुर, जगदीशपुर, अनुरुद्ध पुर पूरब पट्टी, पुजार्गीर ,चेकसारी, सहित भारी संख्या में ग्रामीणों स्नान करने के लिए भोर से आने लगे थे। विन्ध्याचल से भारी संख्या में लोग नाव से गंगा पार कर मेला में आते थे। नाव संचालन पर रोक के कारण विन्ध्याचल के लोग मेला में नहीं पहुंच पाये। गंगा की रेत पर मेले में ऊंट की सवारी बेहद आकर्षक का केंद्र बना हुआ था। बच्चों के लिए आकर्षण झूला लगाया गया था। महिलाएं घर गृहस्थी का सामान चाट फुलकी तथा बच्चे खिलौना ले करके खुश होकर मेला का आनंद ले रहे थे। गंगा की रेत पर काफी दूर तक मेला लगे रहने के कारण मेला क्षेत्र जुहू चौपाटी की याद दिलाता है। मेले में सुरक्षा के दृष्टि से चेतगंज चौकी इंचार्ज हरिकेश सिंह अपने हमराहियो के साथ पूरे मेला क्षेत्र का चक्रमण करते रहे।

### 20 हजार भक्तों ने किया गंगा स्नान

**जिगना।** शनिवार को विमलेश्वर महादेव हरगढ़ पश्चिम वाहिनी घाट पर लगभग बीस हजार श्रद्धालु गंगा में डुबकी लगाई और दही और चूडा चढ़ाया। यह घाट हरगढ़ पश्चिम वाहिनी घाट के नाम से विख्यात है। जहां की लगभग बीस से चालीस गांव के लोग यहां पर दर्शन करने व गंगा स्नान करने आते हैं। शनिवार के दिन खिचड़ी व चूड़ा चढ़ाने से बहुत ही शुभ माना जाता है। विद्वानों द्वारा बताया गया कि शनिवार के दिन खिचड़ी खाने से बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। श्रद्धालुओं द्वारा गंगा में स्नान करने के बाद नौका विहार करने भी जाते हैं। यहां पर पुलिस प्रशासन द्वारा भी प्रशासनिक व्यवस्था की गई है। जैसे कि श्रद्धालुओं को स्नान करने में कोई परेशानी या ना होने पाए वही स्नान करने में कोई दिक्कत व परेशानियां न हो और छोटे छोटे बच्चे व महिलाएं स्नान कर पाए इसलिए शासन प्रशासन द्वारा बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई है।

## स्कॉर्पियो और साइकिल की टक्कर में अधेड़ की मौत

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के दुबार कलां चौकी अंतर्गत बरकछ कस्बा के पास स्कॉर्पियो एवं साइकिल सवार में टक्कर होने से पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। जहां देर रात मण्डलीय अस्पताल में उपचार के दौरान पिता रामसजीवन मुसहर उम्र 45 वर्ष की मौत हो गई। वहीं पर बेटे लवकुश मुसहर उम्र 17 वर्ष को गम्भीर अवस्था में चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया। बताया गया कि शुक्रवार को नया गांव निवासी राम सजीवन अपने पुत्र लव कुश को साइकिल पर बैठा कर महुलार स्थित कोटे की दुकान पर खाद्यान्न लेने के लिए जा रहा था।

जैसे ही साधन सहकारी समिति बरकछ के सामने पहुंचा की विपरीत दिशा से आ रही स्कॉर्पियो ने धक्का मार दिया धक्का लगते ही पिता पुत्र दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस घायल पिता पुत्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज भेजा गया। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया था। जहां देर रात रामसजीवन मुसहर की मौत हो गई। मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध की मौत

**मीरजापुर।** थाना देहात कोतवाली क्षेत्र के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध की की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार देहात कोतवाली क्षेत्र करनपुर समोगरा गाँव निवासी साधु बिंद पुत्र स्व झूरू बिंद उम्र65 वर्ष हर रोज की भांति साइकिल से माला लेकर बेचने गए थे। घर वापस लौटते समय समोगरा के पास किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए जिससे उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

## संक्षेप

### एडीएम ने किया गौशाला का औचक निरीक्षण



**कछवां।** आदर्श नगर पंचायत क्षेत्र में स्थित सिंचाई विभाग परिसर में अस्थाई गौशाला का शनिवार को एडीएम वित्त शिव प्रताप शुक्ला ने औचक निरीक्षण किया। और निरीक्षण के पश्चात अधिशासी अधिकारी नवनीत कुमार सिंह को निर्देशित करते हुए कहा कि गौशाला के क्षेत्रफल को बढ़ाया जाएं। परिसर में ही स्थित विद्युत टावर के चारों ओर चहारदीवारी बनाने व पोल के सहारे उपर से पालीथीन लगाने का भी निर्देश दिया। जिससे पशुओं को किसी तरह का नुकसान ना होने पाएं। वही टूटी हुई चहारदीवारी को भी दुरुस्त कराया जाए। जोकि कोई भी बाहरी लोगों द्वारा नल कलाप ना कर पाएं। रजिस्टर का अवलोकन भी किया। वही समीप ही स्थित कांशीराम आवास पर भी चर्चा किया। अधिशासी अधिकारी से जल्द कागजात उपलब्ध कराने को कहा और कहा कि जल्द से जल्द आवास गरीबों को आवंटन किया जाएं जिससे गरीबों को लाभ मिल सके। वहीं पशुओं के खाद्य सामग्री व चारा को देख संतुष्ट रहे। गौशाला कुल 90 गौवंश पाये गये सभी गौवंश की इयर टेगिंग पायी गयी। सफाई व्यवस्था संतोषजनक रही। मौके पर 1.50 कुन्तल पशु आहार एवं 15 कुन्तल भसा पाया गया। सभी गौवंश स्वस्थ थे। कोई भी गौवंश अस्वस्थ नहीं पाया गया।

### समय पर मिले जनता को न्याय : एडीएम वित्त



**कछवां।** थाना पर आयोजित माह के दूसरे शनिवार को थाना समाधान दिवस पर जनता की समस्याओं को सुनने एडीएम वित्त शिव प्रताप शुक्ल व एसपी सिटी श्री कांत प्रजापति पहुंचे थे। इस दौरान जनता की समस्याओं को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का निर्देश और लापरवाही करने पर सख्त कार्यवाही की चेतावनी भी दिया। निर्देशित किया कि पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीमें मामलों का जल्द से जल्द निस्तारण करें। और कहा कि ईमानदारी से निस्तारण करें तो प्रार्थना पत्र की भीड़ कम रहेगी। वहीं थाना समाधान दिवस के अवसर पर कुल 13 मामलों में प्रार्थना पत्र दिए गये। जिसमें बारह राजस्व विभाग व एक पुलिस विभाग से संबंधित रहा। जिनमें तीन मामलों का त्वरित निस्तारण भी किया गया। बाकी के मामलों में एडीएम वित्त ने जल्द से जल्द टीमें गठित कर निस्तारण करने का भी निर्देश दिया। इस दौरान नायब तहसीलदार वैशाली शुक्ला, थानाध्यक्ष रामस्वरूप वर्मा समेत समस्त लेखपाल व चौकी प्रभारी मौजूद रहे।

### खंड विकास अधिकारी ने गांव में लगाई चौपाल

**लालगंज।** स्थानीय विकासखंड के पतुलखी एवं बसही कला गांव में आयोजित चौपाल में खंड विकास अधिकारी शिव नारायण सिंह ने शासन द्वारा संचालित की जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि शासन द्वारा पात्र प्रत्येक व्यक्तियों को विधवा वृद्धा आयुष्मान कार्ड दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अवशेष लोगों का वृद्धा व विधवा पेंशन बनाए जाने के लिए वंचित पात्रों का चयन करने का निर्देश दिए। उन्होने आयुष्मान कार्ड के लिए लोगों को प्रेरित किया। लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि शासन द्वारा सभी संचालित योजनाएं गरीबों को मुहैया कराई जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि अखिलेश बिंद ने किया। इसी अवसर पर ग्राम प्रधान गणेश शंकर दुबे, रहीस अहमद, विधायक प्रतिनिधि अखिलेश बिंद, उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ आईडीएन चतुर्वेदी, सीडीपीओ अरुण लता सिंह, एडीओ पंचायत अजय कुमार, एडीओ आईएसबी महेंद्र कुमार, एडीओ एजी संजय पटेल, एडीओ एसके राजेश कुमार, अशोक सिंह, सीडीपीओ अरुण लता सिंह, अनूप पांडे आदि लोग मौजूद रहे।

### हनुमना ने बंजारी कलां को दस रनों से हराया



**हलिया।** क्षेत्र के ड्रमंडगंज बाजार में राम रहीम क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित कैनवस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन शनिवार को मध्यप्रदेश के मऊगंज के पूर्व विधायक सुखेन्द्र सिंह बन्ना ने फीता काटकर किया। उद्घाटन मैच मध्य प्रदेश के हनुमना व क्षेत्र के बंजारी कलां के बीच खेला गया। जिसमें हनुमना की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए बंजारी कलां को दस रनों से हराकर जीत हासिल की। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सुखेन्द्र सिंह बन्ना ने कहा कि ग्रामीण अंचल में खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है। यहीं खिलाड़ी आगे चलकर प्रदेश और देश का नाम रोशन करते हैं। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनकी हौसला अफजाई की। इस दौरान ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष हलिया शिव बाबू सेठ, ग्राम प्रधान देवहट कौशलेंद्र गुप्ता, मार्तंड सिंह, बृजकिशोर सिंह बिरजू पंकज सोनी, अनिल केशरी, सुशील पटेल, दिलशाद अंसारी, राम लाल सरोज, ओंकार केसरी, सोनू सिंह आदि मौजूद रहे।

### डीआईजी ने जिगना थाने पर सुनी जनता की समस्यायें

**मीरजापुर।** शासन के निदेर्शानुसार (प्रत्येक माह के द्वितीय व चतुर्थ शनिवार) जनता की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु जनपद के समस्त थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र आर.पी. सिंह द्वारा थाना जिगना पर आने वाले आमजन की शिकायतें सुनी गईं तथा निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। थानाध्यक्ष व राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण के साथ थाने पर आने वाले आमजन की समस्याएं सुनकर मौके पर निस्तारण कराया गया तथा शेष मामलों के निस्तारण हेतु राजस्व विभाग व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर रवाना किया गया।

## छानबे विधायक का कुशलक्षेम जानने पहुंचीं केंद्रीय राज्य मंत्री



विधायक के परिजनों से वार्ता करतीं सांसद

**मड़िहान।** क्षेत्र के पटेहरा कला में शनिवार को केन्द्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल छानबे विधायक राहुल प्रकाश कोल के आवास पर पहुँची जहां केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने विधायक के पिता सोनभद्र सांसद पकौड़ी लाल कोल से कैंसर से ग्रसित विधायक का कुशलक्षेम जाना और हर सम्भव मदद करने का अश्वासन दिया।

विधायक के पिता सोनभद्र सांसद पकौड़ी लाल कोल से केंद्रीय मंत्री ने उपचार सम्बंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त किया। विधायक के पिता सांसद पकौड़ी लाल कोल ने दुःख के साथ कहा की हम जानते है की बीमारी बड़ी है पर हमारे पास लड़ने के अलावा और कोई चारा नही है।

मंत्री के पहुँचने के कुछ देर बाद सांसद ने विधायक राहुल प्रकाश को बुलवाया। मंत्री को देखते ही विधायक के आँखों से आंसु छलक पड़े जिन्हें देख केंद्रीय मंत्री ने विधायक के सर पर हाथ रखकर उनको हिम्मत से काम लेने और मदद के लिए हमेशा साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया।

## गैंगस्टर के वांछित चल रहे आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित दुर्जनीपुर मोड़ ओवरब्रिज के ऊपर से शनिवार दोपहर गैंगस्टर के वांछित चल रहे आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। ड्रमंडगंज थानाध्यक्ष अतुल कुमार पटेल को मुखबिर से सूचना मिली कि गैंगस्टर का वांछित चल रहा आरोपी जिगना थाना क्षेत्र के बिहसड़ा गांव निवासी विजय शंकर प्रजापति पुत्र राजबली प्रजापति बाइक से मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 से अपाचे बाइक से जा रहा है। सूचना मिलने के बाद तत्परता दिखाते हुए थानाध्यक्ष अतुल कुमार पटेल एस आई उदय नारायण सिंह हेड कांस्टेबल मिथिलेश पांडेय, कांस्टेबल श्रीनिवास यादव, सुनील सिंह ने ओवर ब्रिज के ऊपर पहुंचकर बाइक से आ रहे गैंगस्टर के वांछित चल रहे आरोपी विजय शंकर प्रजापति को गिरफ्तार कर लिया। गैंगस्टर आरोपी द्वारा बाइक का कागजात नहीं दिखाने पर पुलिस ने बाइक को एमवी एक्ट के तहत सीज कर दिया।

# चोरी की तैयारी कर रहे दो चोरों को पुलिस ने दबोचा



चोरी का खुलासा करतीं सीओ चुनार

**अदलहाट।** स्थानीय पुलिस ने बीतीरात थाना क्षेत्र के शाहपुर के पास हाईवे अंडर पास के नीचे चोरी की घटना की तैयारी तैयारी कर रहे तीन शातिर चोरों को घेरा बंदी कर दो को दबोच लिया। जबकि एक अंधेरे का लाभ उठाकर भाग निकला। पुलिस ने पकड़े गए चोरों के पास से चोरी की एक बाइक, चोरी करने के उपकरण, एक तमंचा 12 बोर, एक जिंदा कारतूस को बरामद कर शनिवार को जेल भेज दिया। क्षेत्राधिकारी चुनार मंजरी राव ने थाना परिसर में हुए प्रेस वार्ता में बताया कि थाना प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार चौरसिया मकर संक्रांति के त्योहार के मद्देनजर क्षेत्र में भ्रमण पर निकले थे कि उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के शाहपुर के पास हाईवे अंडर पास के नीचे तीन व्यक्ति चोरी की घटना को अंजाम देने की तैयारी कर रहे हैं। जिसपर थाना प्रभारी ने चौकी प्रभारी नरायनपुर रणविजय सिंह और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर दिवाल की आड़ लेकर घेरा बंदी कर दी। पुलिस को देख शातिर चोर एक बाइक पर दो व्यक्ति बैठकर भागने लगे लेकिन पुलिस ने उन्हें दबोच लिया जबकि तीसरा व्यक्ति अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में कामयाब हो गया। पुलिस के पूछने पर इन दोनों ने बताया की ये अदलहाट थाना क्षेत्र के नरायनपुर के निवासी हैं जिनका नाम मनीष सिंह पुत्र स्व. मुन्ना सिंह और दूसरा गणेश विश्वकर्मा पुत्र स्व. विद्यार्थी विश्वकर्मा है। तीसरा भागने वाला आरोपी भभुआर गांव का अजय यादव उर्फ मुलायम पुत्र मोतीलाल यादव था। इन दोनों के पास से पुलिस ने चोरी की एक मोटर साइकिल, एक तमंचा 12 बोर, एक जिंदा कारतूस, चोरी करने के उपकरण भी बरामद किया। चोरी की बरामद हुई मोटर साइकिल सोनभद्र जिले के मारकुंडी क्षेत्र के घुरमा निवासी सोनू पुत्र स्व. राम सजीवन की है। ये नंबर प्लेट बदलकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे।

# हर माह 15 तारीख को मनाया जायेगा नि:क्षय दिवस : सतीश शंकर यादव

**बैठक**

### टीबी रोग की रोकथाम के लिए दिया गया प्रशिक्षण



प्रशिक्षण देते सतीश शंकर यादव

**मीरजापुर।** 2025 तक देश से क्षय रोग को पूर्ण रूप से समाप्त करने के प्रधानमंत्री के लिए गए संकल्प को पूरा करने हेतु सरकार द्वारा समय-समय पर नई-नई योजनाओं को संचालित करते हुए उपरोक्त लक्ष्य प्राप्ति हेतु जी तोड़ मेहनत किया जा रहा है। उक्त क्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा अब महीने के हर 15 तारीख को निःक्षय दिवस के रूप में मनाने का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। उक्त दिवस के दिन स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा अपने अपने कार्य क्षेत्र से नए व छिपे टीबी रोगियों को ढूंढ कर उन्हें उपचार पर लाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

उपरोक्त दाहित्व अंतर्गत क्षेत्र की सीएचओ व आशाओं के साथ-साथ ट्रांसपोर्टरों की भूमिका महत्वपूर्ण है, इन कर्मियों द्वारा अब नए अज्ञात मरीजों की खोज कर उनके बलगम की जांच एवं इलाज की सुविधा मरीज के घर के नजदीकी एचडब्ल्यूसी सेंटर पर ही दिलाने का कार्य किया जाएगा। उक्त क्रम में विकास खंड सीखड़ में स्थित मंगरहा पीएचसी पर संबंधित कर्मचारियों को योजना को सफल बनाने हेतु पीएचसी प्रभारी डॉक्टर निलेश कुमार वर्मा एवं क्षय विभाग के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव की उपस्थिति में प्रशिक्षण दिया गया। सतीश यादव द्वारा कर्मियों के बीच क्षय रोग के समस्त लक्षणों की जानकारी देते हुए मरीजों की जानकारी एवं उपचार के दौरान उपलब्ध सरकारी सुविधाओं आदि के विषय में विस्तार से बताया।

प्रभारी डॉ निलेश द्वारा मिले टीबी रोगियों के प्रति संवेदनशीलता के साथ साथ उनके रोग के प्रति गोपनीयता वर्तने का सुझाव दिया गया।

### खिचड़ी से छह दिन तक चलने वाले मेले का शुभारंभ

**हलिया।** स्थानीय विकास खंड के औरा गांव स्थित महादेव नदी के तट पर बने शिव एवं हनुमान मंदिर पर 14 जनवरी से 19 जनवरी तक चलने वाले मेला का आगाज हो गया है जहां शनिवार को हजारों भक्तों ने दर्शन पूजन किया। इस दौरान मेले में लाई, मिठाई, चूड़ी की दुकानों के अलावा झूला आदि की दुकानें शनिवार से ही सज गई हैं। मंदिर पुजारी आनंद गिरी ने बताया कि खिचड़ी से 6 दिन तक यह मेला अनवरत चलता है। जहां हजारों लोग प्रति दिन दर्शन पूजन करते हैं।

वही गाँव निवासी मदन सेठ ने बताया कि सन 1945 से अनवरत खिचड़ी पर मेला लगता चला आ रहा है। इसके बाद गाँव के ही प्रकाश शुक्ल ने मंदिर का निर्माण करा दिया है। इस मेले का आयोजन स्वर्गीय हरी सेठ व सूर्य प्रताप सेठ गांव के मुखिया रघुराज सिंह से परामर्श कर मेले का आयोजन किया था। मुख्य रूप से गांव वालों का मानना था कि फगुनी तेरस, शिवरात्रि आदि पर्व पर शिव मंदिरों पर मेला लगता है। यहां के मेले का आयोजन खिचड़ी पर ही किया जाए तब से अनवरत यह मेला लगता चला आ रहा है। सुरक्षा व्यवस्था में चौकी इंचार्ज मतवार लल्लन यादव मय फोर्स चक्क्रमण करते रहे।

## लापरवाही करने वाले क्रेन ऑपरेटर को आरपीएफ ने किया गिरफ्तार



आपरेटर को पत्रकारों के समक्ष पेश करते प्रभारी

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** झिंगुरा स्टेशन के पास ओएचई पोल के कार्य में लगी क्रेन के कार्य समाप्ति के बाद क्रेन ऑपरेटर की लापरवाही के कारण ट्रेन 12314 राजधानी से क्रेन के अगले भाग टकराने के कारण ओएचइ तार टूटने के कारण डाउन लाइन प्रभावित हो गई।

उपरोक्त मामले के संबंध में घटना को कारित करने वाला हाइड्रा के चालक देवेंद्र कुमार पुत्र राजेंद्र कुमार उम्र निवासी गांव सुखपुर थाना थरियांव जिला फतेहपुर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।घटना से संबंधित हाइड्रा व उसके हुक को, झींगुरा स्टेशन पर सुरक्षित व आरपीएफ निगरानी में कराकर उपरोक्त आरोपी को पोस्ट पर लाकर उसके विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा गया है। मामले की जांच उप निरीक्षक संदीप कुमार के द्वारा किया जा रहा है।

# डीएम व एसपी ने सुनी जन समस्याएं, निस्तारण के दिये निर्देश



पड़री में समस्या का समाधान करतीं डीएम व एसपी

**मीरजापुर।** शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी थाना/कोतवाली में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा थाना पड़री पर आमजन की शिकायतें सुन कर त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा थाना पड़री में आये हुये फरियादियों की जन समस्याओं को सुना गया तथा उपस्थित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये गयें। उन्होंने कहा कि प्राप्त सभी शिकायतों को रजिस्टर में सूचीबद्ध किया जाय तथा फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से लेते हुये समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण करे। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित लेखपालों को निर्देशित करते हुये कहा कि टीम बनाकर विवादित जमीनों की पैमाइश करते हुये गरीब व पात्र व्यक्तियों को न्याय दिलायें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि गरीब, असहाय कि समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाये और उनका निस्तारण भी कराया जाये। उन्होंने कहा कि गलत रिर्पोटिंग संज्ञान में आती है तो संबंधित अधिकारी उसे तत्काल संज्ञान में लेकर गुणवक्ता पूर्ण ढंग से उसका निस्तारण सुनिश्चित करें।

### ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने थाना दिवस पर सुनी फरियाद



लालगंज थाने में समस्या सुनते ज्वाइंट मजिस्ट्रेट

**लालगंज।** स्थानीय थाना परिसर में समाधान दिवस ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस उप जिलाधिकारी के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। फरियादियों द्वारा कुल 6 मामले आए जिनमें 2 मामलों का मौके पर निस्तारण करने का दावा किया गया। शेष बचे चार प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करने हेतु पुलिस एवं राजस्व की टीम गठित कर निस्तारण करने का आदेश दिए। समाधान दिवस में जमीन संबंधित आधा दर्जन मामले आए थे। थाना क्षेत्र के चर्की गुड़िया गांव निवासी आशिफ अली, गुलालपुर की उषा देवी एवं उमाकांत, खोमर मैना गांव के रामप्रसाद आदि लोगों ने जमीन विवाद संबंधित मामले को लेकर प्रार्थना पत्र देकर निस्तारण की मांग की। जिसमें दो मामले बसकोप एवं दुबार कला का निस्तारण करते हुए शेष बचे प्रार्थना पत्रों को निस्तारण करने के लिए टीम गठित किया गया। टीम को निर्देशित करते हुए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नवनीत सेहरा ने कहा कि फरियादियों को बार बार थाना का चक्कर न लगाना पड़े। मौके पर जाकर फरियादी से मिलकर प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करते हुए समय के अंदर प्रस्तुत करें। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगा। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक श्री मती ज्ञानू प्रिया क्षेत्रीय लेखपाल कानूनगो आदि मौजूद रहे।

### नायब तहसीलदार व थाना प्रभारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ थाना दिवस

**मड़िहान।** संतनगर थाना परिसर में शनिवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया। नायब तहसीलदार बिंदुनन्दन सिंह व थाना प्रभारी कमल टावरी के अध्यक्षता में थाना दिवस सम्पन्न हुआ। इस दौरान कुल तीन शिकायती पत्र पड़े रहे जिसमें बहरछठ गांव निवासी सरस्वती देवी द्वारा अपने पति कल्लु कोल के ऊपर गांजा पीकर मारने का आरोप लगाया। राहकला गांव निवासी भीखम पुत्र बुद्धू ने प्रार्थना पत्र देकर कहा कि घर बना रहा था तो गांव निवासी विपक्षी बसंत अशोक द्वारा अपनी जमीन बताकर रोक रहा है। मझारी गांव निवासी फोटो देवी पत्नी रमाकांत द्वारा शिकायती पत्र देकर पड़ोस के तीन लोगों के विरुद्ध लकड़ी को लेकर विवाद बताया गया। जिसमें दो पुलिस सम्बंधित मामले का त्वरित निस्तारण कर दिया गया। एक राजस्व सम्बंधित मामले का निस्तारण हेतु टीम गठित कर भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि थाना दिवस पर आने वाले शिकायती पत्रों का मौके पर पहुँचकर दोनों पक्षों के सामने निस्तारण कराया जा रहा है जिसमें दो पुलिस सम्बंधित मामले रहे जिसका त्वरित निस्तारण करा दिया गया।

### समाधान दिवस में मधुमक्खियों का हमला, मंडलीय अस्पताल रेफर

**लालगंज।** स्थानीय थाना समाधान दिवस में शनिवार को मधुमक्खियों की हमले से एक व्यक्ति घायल हो गया। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहां से बेहतर उपचार के लिए मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर किया गया। लालगंज थाने में आयोजित समाधान दिवस में उस समय अफरातफरी का माहौल बन गया। जबकि भारी संख्या में पहुंची मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। मधुमक्खियों के हमले से पतार कला निवासी जवाहर लाल मौर्या उम्र 45 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गये जिन्हें ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नवनीत सेहरा ने कम्मल की व्यवस्था कराकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज भेजवाया। जहां पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार किए जाने के बाद मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। मधुमक्खियों के आतंक से थाने में जनसुनवाई कर रहे ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस नवनीत सेहरा एवं प्रभारी निरीक्षक ज्ञानू प्रिया भी वहां से हट कर अगल बगल हो लिए। समाधान दिवस में मौजूद लेखपाल कानून गो, फरियादी एवं अन्य पुलिसकर्मी भी सुरक्षित जगह की तलाश कर मधुमक्खियों से बचाव किया। कुछ देर के बाद मधुमक्खियों के शान्त होने पर ही समाधान दिवस की कार्यवाही संचालित हो सकी।

### उपजिलाधिकारी न्यायिक ने सुनी समस्यायें

**चुनार।** उपजिलाधिकारी न्यायिक विजय नारायण सिंह की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन चुनार कोतवाली में किया गया। रैपुरिया गांव निवासी सोती ने प्रार्थना पत्र दिया कि गांव के ही बेचन साहनी व अन्य घर से बाहर निकलने वाले रास्ते को अवरुद्ध कर रहे हैं। पुलिस में शिकायत करने पर भी कोई सुनवाई नही हो रही है। कुल तीन प्रार्थना पत्र पडे जिसमें एक का भी निस्तारण नही हुआ। इस दौरान अरविंद पाण्डेय मौजूद रहे।

### थाना समाधान दिवस पर पांच प्रार्थना पत्र पड़े दो निस्तारित

**हलिया।** शनिवार को नायब तहसीलदार राम नारायण वर्मा एडिशनल एसपी महेश सिंह अत्रि के नेतृत्व में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें कुल 5 प्रार्थना पत्र पड़े। दो प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। तीन प्रार्थना पत्रों के लिए टीम मौके पर भेजी गई है। सोठिया गांव निवासी देवकली ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि सड़क के किनारे जमीन पर गांव निवासी एक व्यक्ति जबरन गुमटी रखकर कब्जा कर लिया है वही वेदर गांव निवासी रामकिशन ने प्रार्थना पत्र दिया कि जामुन तथा एकलेप्टेस के पेड़ को पड़ोसी ने एक व्यक्ति के हाथ बेच दिया है। हिस्सेदारी में मेरे था। उसका पैसा भी नहीं मिला है। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, लेखपाल कृष्ण चंद्र मिश्र, संजीव कुमार उपाध्याय, राजेंद्र यादव सहित बादकारी उपस्थित रहे।

# सोनांचल में परंपरा के अनुसार मना मकर संक्रांति का पर्व

पर्व

## दर्जनों स्थानों पर लगे मेले रक्तदान व कंबल वितरण का आयोजन, खिलाई खिचड़ी

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र/ओबरा।** जिले में मकर संक्रांति का पर्व इस वर्ष दो दिन मनाया जा रहा है। कुछ लोगों ने शनिवार को मना लिया तो वहीं कुछ लोग रविवार को मनाएंगे। मकर संक्रांति पर तमाम स्थानों पर मेले खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया तो वहीं आयोजित दंगल में पहलवानों ने दांव आजमाया। ओबरा राम मंदिर प्रांगण में मेगा रक्तदान शिविर, कंबल वितरण व भव्य भंडारे का आयोजन किया गया।

मकर संक्राति का पर्व इस वर्ष दो दिन मनाया जा रहा है। शनिवार की सुबह लोगों ने नदियों व पवित्र सरोवरों में स्नान करने के उपरांत मंदिरों में पूजन-अर्चन कर चावल व



रक्तदान करते अमित अग्रवाल

तिल का दान किया और चूड़ा दही व गुड़ का भोग लगाया। तमाम स्थानों पर मेले का आयोजन किया गया। ओबरा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ओबरा विधायक व समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव गोंड़ एवं विशिष्ट अतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे मौजूद रहे।

मौके पर मुख्य आयोजक रिक्की अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान और मानव सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए निरंतर ऐसे कार्यक्रमों के आयोजनों के लिए प्रोत्साहित किया। शिविर में150 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में 1000 से ज्यादा जरूरतमंदों में कंबल वितरित किए गए। वहीं भव्य भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

इसके साथ ही शनिवार को नगर के श्री गीता मंदिर के प्रांगण में तथा नवनिर्माण सेना द्वारा बीएमएस कार्यालय के समीप गरीबों को खिचड़ी सहित कंबल एवं गरम वस्त्र वितरित किए गए। इस मौके पर नपं अध्यक्ष प्रानमती देवी, नीलकांत तिवारी, दिलीप कुमार दुबे, सीएमओ सोनभद्र, प्रभारी निरीक्षक ओबरा मिथिलेश मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य जुगैल प्रतिनिधि संजीव त्रिपाठी, विशाल गुप्ता, म्योरपुर ब्लाक प्रमुख मान सिंह, रमेश सिंह यादव, देव प्रकाश मौर्या, रमेश सिंह, कन्हैयालाल जायसवाल, राज सुशील पासवान, संजीव चौबे, आशीष तिवारी आदि मौजूद रहे।

## मेले में उमड़ी भीड़, बांटे गए कंबल



असहायों में कंबल बांटते सदर विधायक व अन्य

**रामगढ़।** सिदेश्वर महादेव मेला ट्रस्ट द्वारा ईस वर्ष भी प्राचीन सिद्धेश्वर महादेव मंदिर अहेंई शिवाला गांव प्रांगण में मकर संक्रांति पर्व पर शनिवार को दो दिवसीय मेले का आयोजन प्रारंभ हुआ। मेले में सैकड़ों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। सिद्धेश्वर महादेव मंदिर मेला समिति के आयोजकत्व में लगे दो दिवसीय मेले में मुख्य अतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे, बीजेपी जिला अध्यक्ष अजीत चौबे, ब्लाक प्रमुख रावर्ट्सगंज अजीत रावत, नगवा ब्लाक प्रमुख आलोक सिंह समेत अन्य की उपस्थिति में गरीब असहायों को को 500 कंबल का वितरण किया गया। सर्दी के मौसम में कम्बल पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर मेला समिति के सचिव दिलीप चौबे, अरुण तिवारी, भोला सिंह सुनील सिंह, कृष्ण मुरारी गुप्ता, किरण त्रिपाठी, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पुष्पा सिंह, राज बहादुर सिंह, शिव प्रकाश सिंह, लालबहादुर पांडे, समेत कई लोग उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी सिंगरौली में धूमधाम से मना लोहड़ी



कार्यक्रम में शामिल लोग

**शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली में कर्मचारी मनोरंजन केंद्र द्वारा लोहड़ी का त्यौहार हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि बसुराज गोस्वामी कार्यकारी निदेशक एवं जयिता गोस्वामी अध्यक्षा वनिता समाज द्वारा लोहड़ी की लकड़ियों में अग्नि प्रज्ज्वलित करने के बाद परंपरा के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बसुराज गोस्वामी ने कहा कि लोहड़ी का त्यौहार इस बात का प्रतीक है कि हम सभी को बुराइयों को समाप्त करके जीवन को प्रकाश की ओर ले जाने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर अमरीक सिंह भोगल महाप्रबंधक मैंटेनेंस, अशोक कुमार सिंह महाप्रबंधक ऑपरेशन वनिता समाज की वरिष्ठ सदस्याएं, विभाग प्रमुख, यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधिगण आदि उपस्थित रहे। संयोजन जेपी कुशवाहा, उपाध्यक्ष मनोरंजन केंद्र, बी डी सिंह व प्रभु नाथ ने किया।

## संक्षेप

### पीएसी के साथ कस्बा इंचार्ज ने किया नगर भ्रमण



पुलिस बल के साथ नगर भ्रमण करते कस्बा इंचार्ज

**दुद्धी।** पीएसी जवानों के साथ कस्बा इंचार्ज संजय कुमार सिंह ने शनिवार को नगर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर शांति सुरक्षा का जायजा लिया। उन्होंने संकट मोचन मंदिर, तहसील तिराहा, मां काली रोड के अलावा विभिन्न क्षेत्रों का जायजा लिया। इसके अलावा नगर में आने जाने वालों को यातायात नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। यातायात नियमों के साथ चलने से होने वाले दुर्घटनाओं में बड़ी कमी आएगी। उन्होंने लोगों से अपील किया कि धीरे चलिए, सुरक्षित चलिए। कहीं कोई भी कोई घटना हो तो इसकी जानकारी तत्काल पुलिस को दें।

### बीस लीटर कच्ची शराब संग महिला तस्कर गिरफ्तार

**बीजपुर।** एसपी द्वारा चलाये जा रहे अवैध शराब अभियान के क्रम में पुलिस टीम ने ग्रामसभा सिरसोती के टोला नकटू मोड़ की ओर जाने वाली सड़क पर एक महिला को बीस लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत चालान कर दिया। पुलिस ने बताया कि मंती देवी पुत्री जगदीश बैगा टोला नकटू सिरसोती कच्ची शराब जरकिन में लेकर कहीं बेचने की नीयत से जा रही थी कि गस्त कर रहे अमिताब चंद्र, अनूप सिंह, अरविंद कुमार व रिया यादव ने मुखबीर की सूचना पर महिला को पकड़ उसके पास से कच्ची शराब बरामद कर लिया।

### शिविर में 173 मरीजों का हुआ परीक्षण

**सोनभद्र।** बनारस पॉली हॉस्पिटल द्वारा मकर सक्रांति के उपलक्ष में आयोजित मुफ्त चिकित्सा शिविर में 173 मरीजों को चिकित्सा सलाह दी गयी। वाराणसी से आए चिकित्सक डॉ रवि रंजन, डॉ उत्पल हृदय रोग विशेषज्ञ ने मरीजों को स्वास्थ्य संबंधित सलाह दी। डॉ पीयूष तथा डॉ सूर्य प्रकाश पांडेय के सौजन्य से मुफ्त चिकित्सा शिविर सफल हुआ। प्रबंधन ने बताया कि इस प्रकार के और भी वरिष्ठ चिकित्सकों को जिले में बुला कर नगर की जनता को लाभ दिया जाएगा।

### पूर्व सीएम का जन्मदिन आज

**सोनभद्र।** बसपा के तत्वावधान में जिला कार्यालय पर रविवार को पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती का जन्मदिन जन कल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया जायेगा। यह जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष बी सागर ने पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकताओं की उपस्थिति अनिवार्य की है।

### फाइनल में बनारस की टीम सरंगा सोनभद्र को हराकर बनी विजेता

**मीरजापुर।** मड़िहान विकासखंड राजगढ़ के करौंदा गांव में स्थित शिवाजी स्टेडियम में ड्यूज बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शनिवार को फाइनल मैच खेला गया। टॉस जीतकर सरंगा सोनभद्र के कैप्टन ने बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 20 ओवरों में सरंगा की टीम 127 रन पर ऑल आउट हो गई। दूसरी पारी में बनारस की टीम 19 ओवर में 4 विकेट खोकर 128 रन बनाकर विजई घोषित हुई। फाइनल मैच की मुख्य अतिथि केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री अनुप्रिया पटेल रही। उन्होंने विजेता टीम को 21000 नगद व ट्राफी, तथा उप विजेता टीम को 11000 नगद एवं ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। पूरे टूनामेंट में सर्वाधिक रन, विकेट एवं फील्डिंग के लिए मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार बनारस टीम के खिलाड़ी अमित 5100 नगद का पुरस्कार दिया गया। शिवाजी स्टेडियम के प्रबंधक राजेंद्र सिंह ने स्टेडियम में दर्शक दीर्घा बनवाने हेतु अनुप्रिया पटेल से आग्रह किया। स्टेडियम में पेयजल समस्या से भी स्थानीय सांसद को अवगत कराया गया। जिस पर उन्होंने तत्काल इन दोनों समस्या के निराकरण के लिए आश्वासन दिया।

# रोडवेज चालक व परिचालकों को सड़क सुरक्षा की दिलाई शपथ

अभियान

## सड़क सुरक्षा माह के तहत चलाया गया जागरूकता अभियान

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** सड़क सुरक्षा माह के तहत शुक्रवार को परिवहन विभाग के अफसरों ने परिवहन निगम के चालक-परिचालक समेत कर्मचारियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान एआरटीओ प्रवर्तन राजेश्वर यादव और संभागीय निरीक्षक आलोक यादव द्वारा जागरूक करते हुए शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही पंपलेट वितरित किए गए। इस दौरान सड़क सुरक्षा के नियमों को पालन करने और दूसरे को पालन कराने के लिए जागरूक किया। संभागीय निरीक्षक आलोक यादव ने बताया कि सरकार की तरफ से पांच जनवरी से



चालकों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाते एआरटीओ प्रवर्तन राजेश्वर यादव

चार फरवरी तक सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। सड़क सुरक्षा माह के तहत जगह-जगह जाकर लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। रोडवेज परिसर में चालक व परिचालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए शपथ दिलाई गई। रोडवेज चालकों और परिचालकों को नशा करके वाहन न चलाने को कहा गया। बताया गया कि सड़क पर चलते समय नियमों का पालन जरूर करें। इसके बाद परिवहन विभाग के अधिकारियों ने धर्मशाला चौक के समीप टेम्पो चालकों को भी यातायात सड़क सुरक्षा माह की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर एआरएम छेदी प्रसाद वर्मा, यातायात प्रभारी प्रमोद कुमार, सारथी अशोक पाण्डेय, हरिओम, राजेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव

**बीजपुर।** थाना क्षेत्र के डोड़हर गांव में अज्ञात कारणों से विवाहिता ने रस्सी के सहारे बड़ेर से लटक कर जान दे दी। बताया गया कि शुक्रवार की शाम डोड़हर निवासी रामजी बैगा जब काम से वापस घर लौटा तो बड़ेर से पत्नी रामकली 27 का शव लटकता देख भौचक रह गया। शोर शराबा सुन पड़ोसी मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस शव अपने कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही में जुट गयी। मृतका के पति रामजी ने बताया कि वो सुबह मजदूरी करने चला गया था, घर पर उसकी पत्नी व तीन बच्चे थे। रामकली ने तीनों बच्चों को अलग कमरे में बंद कर दिया था। जब वह घर पहुंचा तो बच्चे दूसरे कमरे में सो रहे थे। मृतका के भाई चरगोड़ा मध्यप्रदेश निवासी रंगलाल ने बताया कि बहन ने ऐसा कदम क्यों उठाया, यह उसके समझ से परे है। उधर पुलिस प्रधान की मौजूदगी में पंचनामे की कार्यवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए दुद्धी भेजवाते हुए जांच में जुट गई।

# डॉ. वैशाली का मेडिकल ऑफिसर पर हुआ चयन

**ओबरा।** बेटियां हर क्षेत्र में नए-नए कीर्तिमान बनाकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय फलक पर जिले का नाम रोशन कर रही हैं। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश पब्लिक सर्विस कमिशन प्रयागराज ने बुधवार को यूनानी एवं आयुर्वेदिक मेडिकल ऑफिसर का परीक्षा परिणाम घोषित किया, जिसमें जिले के ओबरा तहसील अंतर्गत ओबरा निवासी प्रवक्ता ओबरा इंटर कॉलेज जयप्रकाश की पुत्री डॉ वैशाली ने इस परीक्षा में 100वां स्थान प्राप्त कर नगर सहित जिले का मान बढ़ाया है। डॉक्टर वैशाली के मेडिकल ऑफिसर बनने पर लोगों में हर्ष व्याप्त है। बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। लोगों ने वैशाली की इस सफलता पर उनके पिता को बधाई दी। डा. वैशाली की प्राथमिक शिक्षा आर्य विद्या मंदिर ओबरा से तथा हाई स्कूल व इंटरमीडिएट ओबरा इंटर कॉलेज से उत्तीर्ण किया है। आगे की पढ़ाई बीएएमएस राजकीय आयुर्वैदिक



डॉक्टर वैशाली

महाविद्यालय लखनऊ से किया है। यूपीएससी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्साधिकारी (आयुर्वेद और यूनानी) के 962 पदों पर भर्ती का परिणाम बुधवार को जारी किया, जिसमें 422 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है, इसमें से वैशाली का 100 वां स्थान है। वैशाली ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने सभी गुरुजनों वह परिजनों को दिया। बताया कि वर्तमान में वह राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय चौकाघाट वाराणसी में प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग विभाग में मास्टर ऑफ सर्जरी में शोध कर रही है।

# सदर विधायक की तहरीर पर आईटी एक्ट का मुकदमा दर्ज

**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा का अगरतला में जनविश्वास यात्रा के समापन पर जनसभा को संबोधित करते समय के वीडियो को कूटरचित तरीके से प्रस्तुत करके सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में सदर विधायक भूपेश चौबे ने राबर्ट्सगंज कोतवाली में तहरीर देकर कांग्रेस कार्यकर्ता ललन कुमार पर प्राथमिकी दर्ज कराया है।

विधायक ने तहरीर के माध्यम से बताया कि ललन कुमार ने फेसबुक व अपने ट्वीटर एकाउंट से कूटरचित वीडियो डालकर पार्टी की छवि धूमिल करने का प्रयास किया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा अगरतला (त्रिपुरा) में जनविश्वास यात्रा के समापन पर उनके सम्बोधन का वीडियो मीडिया व सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर उपलब्ध है लेकिन जब मैनें देखा कि कॉंग्रेस पार्टी के ललन कुमार जो कि सोशल मीडिया पर अपने को कॉंग्रेस पार्टी का मीडिया



सदर विधायक भूपेश चौबे

कन्वीनर लिखे हैं, के द्वारा 13 जनवरी को अपने वेरीफाइड ट्विटर एकाउंट एवं वेरीफाइड फेसबुक पेज पर जानबूझ कर कूटरचित वीडियो बनाकर प्रसारित करने का काम किया जिससे राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पार्टी की छवि को धूमिल करने का प्रयास है। राबर्ट्सगंज कोतवाली पुलिस ने इस मामले में धारा 501 व 66डी व आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## जच्चा-बच्चा केंद्र पर एम्बुलेंस न पहुंचने की राज्यमंत्री से शिकायत

**डाला।** मेडिकल कैम्प में शिरकत करने आए राज्यमंत्री संजीव कुमार गोड़ को नव निर्माण सेना द्वारा डाला नगर पंचायत के रेक्सहवा वार्ड 8 में स्थित सामुदायिक जच्चा बच्चा केंद्र तक एंबुलेंस न पहुंच पाने के मामले में पत्रक सौंपा। जिसपर राज्यमंत्री ने चोपन अधीक्षक सुभाष चंद्रा को समस्या का समाधान करने की बात कही।

अध्यक्ष अंशु पटेल ने कहा कि सामुदायिक जच्चा बच्चा केंद्र में प्रतिदिन महिलाओं की डिलीवरी होती है, परंतु जब समस्या गंभीर हो जाती है तो अन्यत्र इलाज के लिए रेफर किया जाता है, रेफर होने के उपरांत मौके पर एंबुलेंस नहीं पहुंच पाती है। इस मौके पर प्रशांत कुमार पाल, गोविंद भारद्वाज, राजू पाठक, रोहित पाठक, विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# फर्जी दस्तावेज बनाकर जमीन हड़पने के पांच आरोपी गिरफ्तार

**बभनी।** अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने फर्जी दस्तावेज बनाकर जमीन हड़पने के पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक कार्रवाई के बाद पुलिस ने सभी आरोपियों का चालान कर दिया। बताया गया कि जिरवा कोरवा पत्नी स्व. बोधन निवासिनी ग्राम कुड़पान, बभनी ने स्वयं की जमीन को विपक्षी शोभनाथ आदि के द्वारा फर्जी रजिस्ट्री करा लेने के संबंध में तहरीर देकर मामला पंजीकृत कराया था। मामले की विवेचना क्षेत्राधिकारी दुद्धी द्वारा की जा रही थी।

विवेचना में साक्ष्यों का गहनता से संकलन किया गया एवं विभिन्न स्तरों पर अभिलेख साक्ष्य एकत्रित करने पर ज्ञात हुआ कि कुड़पान निवासी बोधन कोरबा जाति के हैं, बोधन व चन्द्रिका के नाम से है। बोधन कोरबा की वर्ष 2018 में मृत्यु हो चुकी है, जिसकी भूमि पर उसी के गांव के रहने वाले अभियुक्तगण द्वारा जोत कोड़ की जा रही थी। अभियुक्त शोभनाथ द्वारा स्व. बोधन की जमीन को हड़पने की नीयत

सजा

### बोधन की मृत्यु के बाद उसकी फर्जी आईडी बना हड़प ली जमीन

से बोधन का फर्जी आधार कार्ड बनवाया गया, जिसमें शोभनाथ द्वारा अपनी फोटो लगाई और नाम पता बोधन का लगाया। साथ ही तहसील में ले जाकर उन फर्जी दस्तावेजों, आधार कार्ड इत्यादि को प्रयोग करते हुए बीते 2 जुलाई को स्व. बोधन के नाम से पंजीकृत जमीन का फर्जी बैनामा स्व. बोधन के स्थान पर खुद फर्जी तरीके से बोधन बनकर अपनी पत्नी समुद्री देवी तथा अपने भाई हरिप्रसाद यादव की पत्नी जिरमनिया देवी के नाम से करवा लिया और इसमें अपने भाई हरीप्रसाद पुत्र बंसराज और अपने लड़के प्रेमलाल यादव को गवाह के तौर पर रखा था। फर्जी आधार कार्ड व फर्जी बैनामा को स्वयं की निशानदेही पर बरामद करके पर्याप्त साक्ष्य पाते हुए आरोपियों को गिरफ्तार चालान कर दिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में शोभनाथ पुत्र वंशराज, समुद्री देवी पत्नी शोभनाथ, हरिप्रसाद पुत्र बंशराज, जिरमनिया देवी पत्नी हरिप्रसाद व प्रेमलाल पुत्र शोभनाथ निवासीगण ग्राम कुड़पान बभनी शामिल हैं।

### अज्ञात कारणों से अधेड़ ने लगायी फांसी

**ओबरा।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत अग्रवाल नगर में एक व्यक्ति ने शनिवार को अज्ञात कारणों से पेड़ में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। थाना अंतर्गत अग्रवाल नगर निवासी बीना यादव ने थाने में तहरीर देकर अवगत कराया कि वह पानी भरने घर से बाहर गयी थी। जब वह लौट कर आई तो उसने देखा कि घर के समीप अमरूद के पेड़ में उनके पति 46 वर्षीय आशा यादव पुत्र मीता लाल यादव का शव लटका हुआ है। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे आस पास के लोग आशा को पेड़ से उतारकर परियोजना अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# 48वीं उत्तर प्रदेश पावर सेक्टर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

जनसंदेश न्यूज

**ओबरा।** स्थानीय अम्बेडकर स्टेडियम में शनिवार को 48वीं उत्तर प्रदेश पावर सेक्टर अंतर परियोजना डिस्कॉम एथलेटिक्स, रस्साकसी एवं कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश पावर सेक्टर के पांच जोनों ओबरा, वाराणसी, अनपरा, लखनऊ, मेरठ के परियोजना से जुड़े खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि तापीय परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक इं दीपक कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय कर खेल का शुभारंभ कराया। पहले दिन खेले गए शॉटपुट में बलराम ओबरा प्रथम, ए एन राय द्वितीय तथा बीके यादव लखनऊ तृतीय स्थान पर रहे।

800 मीटर दौड़ में ओबरा के गौतम भारती प्रथम, मेरठ के देवेंद्र द्वितीय तथा अनपरा के अमित तृतीय स्थान पर रहे। हैमर थ्रो में विजय कुमार प्रजापति वाराणसी प्रथम, पवन विश्वकर्मा



खेल का शुभारंभ करते मुख्य महाप्रबंधक इं दीपक कुमार

अनपरा द्वितीय तथा शमशाद अहमद ओबरा तृतीय स्थान पर रहे। डिस्कस थ्रो में मेरठ के अंकित प्रथम, योगेश मेरठ द्वितीय तथा बी के यादव लखनऊ तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रशासन इं जी के मिश्र, महाप्रबंधक (ब) इं योगेश कुमार गुप्ता, इं जबर सिंह, इं एके राय, इं. समीर, इं अंकुर सिंह, दिनेश सिंह, अनुराग मिश्र, आशीष मसीह आदि उपस्थित रहे।

# संगीतमय सुंदरकांठ पाठ का हुआ आयोजन



रामजानकी मंदिर पर सुंदरकांड पाठ का गायन करते श्रद्धालु

**सोनभद्र।** मकर संक्रांति के अवसर पर नगर के रामजानकी मंदिर परिसर में संगीतमय सुंदर कांड का आयोजन किया गया। इसके बाद न्यास की बैठक रामजानकी मंदिर न्यास अध्यक्ष डा. मार्कण्डेय राम पाठक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस दौरान अध्यक्ष ने कहा कि हम विश्व का कल्याण हो कि भावना के प्रति समर्पित रहने वाले सनातनी हैं। सनातन धर्म ही ऐसा धर्म है जो विश्व का कल्याण हो की बात करता है। रामजानकी ट्रस्ट उत्तराखंड के जोशीमठ में आ रही दरारों व बड़ी दैवीय आपदा के प्रति चिंतित है। कहा कि मंदिर भगवान का घर है, जिसमें पूजा पाठ, सुरक्षा व सफाई की व्यवस्था को और सुसज्जित कराया जाएगा। बैठक में मिथिलेश द्विवेदी, अमरनाथ पांडेय, सुरेंद्र पांडेय, आशुतोष पाठक, कमलेश कुमार मौर्य, कैलाश नाथ पाठक, राकेश शरण मिश्र, आनंद मिश्रा, महेंन्द्र प्रसाद शुक्ला, अनिल मिश्रा, उमापति पांडेय, विजयानंद चौबे, कौशलेश पाठक, शैलेन्द्र चतुवेर्दी, मृदुल मिश्रा समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

# सांई पालकी यात्रा में बाबा के लगे जयकारे, प्रसाद का वितरण

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** सांई मंदिर सेवा समिति राबर्ट्सगंज के मूर्ति स्थापना दिवस पर शनिवार को साईं बाबा की पालकी कलश, शोभायात्रा निकाली गई। नगर भ्रमण के दौरान कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। पालकी शोभायात्रा में कलाकारों ने सुंदर झांकियां प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। बाबा के जयकारें के साथ महिला पुरूष श्रद्धालुओं ने डीजे के धून पर थिरकते नजर आए। सांई बाबा की पालकी यात्रा नगर के सांई मंदिर से मेन चौक, मेन मार्केट, बढौली चौक, सिविल लाइन रोड, महिला थाना रोड, पन्नूगंज रोड बाजार व गलियों से होती हुई बाबा के मंदिर पर पहुंची।

पालकी यात्रा के दौरान जहां कस्बा में बाबा के भगतों ने जगह-जगह बाबा का प्रसाद बांट कर बाबा की पालकी का स्वागत किया और माथा



सांई पालकी यात्रा का पूजन अर्चन करते भक्त

टेककर मुरादें मांगी, वहीं बाबा की पालकी यात्रा के दौरान भगत जमकर बाबा के भजनों पर झूमे। पालकी यात्रा का सिविल लाइन रोड पर जायसवाल यूथ क्लब द्वारा, लायंस क्लब अध्यक्ष अजीत जायसवाल के घर के सामने व कचहरी के सामने होटल के सामने पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा द्वारा महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक की पत्नी अर्पिता कुशवाहा आदि ने पालकी यात्रा का पूजन अर्चन कर माथा टेका। इस मौके पर राजेंद्र प्रसाद जैन, परमेश जैन, अजीत जायसवाल, विमल अग्रवाल, ठाकुर प्रसाद, कृष्ण मुरारी गुप्ता, विजय कुमार, रमेश जायसवाल आदि रहे।

# मकर संक्रांति: बलुआ घाट पर श्रद्धालुओं ने लगायी डुबकी


मकर संक्रांति पर्व पर बलुआ गंगा तट पर स्नान करते श्रद्धालु।

**चहनियां।** मकर संक्रांति के पर्व पर तिथि भ्रम में बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनी गंगा तट पर शनिवार को सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगायी। इस दौरान भोर से ही हर हर गंगे उद्घोष से माहौल भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने गंगा नदी में स्नान कर मंदिरों में पूजा-अर्चना के बाद अन्न, वस्त्र, द्रव्य का दान कर पुण्य अर्जित किया । सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं मां गंगा के तट पर डुबकी लगायी। मकर संक्रांति के मद्देनजर भोर से लोग घाट पर पहुंचने लगे थे। स्वार्थियों की सुरक्षा को लेकर घाट पर पुलिस फोर्स तैनात रही। मकर संक्रांति का पर्व हर वर्ष 14 जनवरी को मनाया जाता था। किंतु विगत तीन वर्ष से तिथियों के उलझन में लोग दो दिन मकर संक्रांति का पर्व मना रहे है। पुरोहितों व पंचांगों के अनुसार इस बार सूर्य धनु राशि से मकर राशि में 14 जनवरी की रात 08:21 मिनट पर प्रवेश करेगा। शुभ मुहूर्त स्नान दान का है। इस परंपरा को निभाते हुए शनिवार को भी बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर क्षेत्रीय व दूरदराज से श्रद्धालु पश्चिम वाहिनीं गंगा नदी तट पर पहुंचकर आस्था की डुबकी लगायी। क्षेत्र के महड़ौरा, कांवर, विशापुर, सराय, महुअर, सोनबरसा, टांडा कला, तिरगांवा हसनपुर, बढ़ावा, नादी निधौरा, सहेपुर आदि गंगा तट पर आस्थावानों ने डुबकी लगाई। वहीं स्थानीय कस्बा स्थित चहनिया, बलुआ, रामगढ़, मोहरगंज, पपौरा, मारूफपुर, टांडा कला, रमौली, मजिदहा आदि बाजार व चट्टी चौराहों पर तिलकुट, लाई, चूड़ा, गुड, मटर आदि की खरीदारी के लिए भीड़ लगी रही। घाट पर बलुआ थाना इंस्पेक्टर विनय प्रकाश सिंह मय फोर्स व गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक जायसवाल के नेतृत्व में समिति के दर्जनों लोग डटे रहे।

# थाना पर आने वाली शिकायतों का समय से करें निस्तारण

**आयोजन**

### 7 प्रार्थना पत्रों में तीन प्रकरणों का हुआ निस्तारण

**धानापुर।** स्थानीय थाने में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। जिलाधिकारी ईशा दुहन व पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में थाना-धानापुर में फरियादियों की समस्याओं व शिकायतों को सुनकर निर्धारित समयावधि के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी ने राजस्व कर्मियों एवं थाना प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा कि तहसील एवं थाना से 10-10 शिकायतों को चिन्हित कर टीम गठित करते हुए प्राथमिकता पर निस्तारण हो। जिलाधिकारी ने शिकायत पंजिका का अवलोकन किया। साथ ही पुराने पंजीकृत प्रार्थना पत्रों की प्रकरणों में गंभीरता से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने राजस्व कर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पक्की पैमाइश के लिए प्रार्थना पत्रों में शिथिलता न बरतें, प्रकरण की गंभीरता व निष्पक्षता से कार्यवाही करते हुए निस्तारण सुनिश्चित करें। कहा कि राजस्व कर्मियों द्वारा पक्की पैमाइश करने के बावजूद भी विवाद उत्पन्न हो रहा है तो व्यवधान उत्पन्न करने वाले के खिलाफ कठोर कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश राजस्व कर्मियों को दिये।

थाना समाधान दिवस के दौरान आवाजापुर के लेखपाल दीपराज पंकज द्वारा अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश नायब तहसीलदार को दिया। थाना समाधान दिवस के दौरान कुल 07 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुई, जिसमें मौके पर तीन प्रकरणों का निस्तारण किया गया। साथ ही दो प्रार्थना पत्रों में राजस्व व पुलिस विभाग की तत्काल टीम बनाकर निस्तारण हेतु निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस के दौरान नायब तहसीलदार अमित कुमार सिंह, थानाध्यक्ष विपिन सिंह,नायब तहसीलदार अमित सिंह सहित अन्य राजस्व व पुलिस विभाग के संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।


धानापुर थाने में आमजन की फरियाद सुनती डीएम व एसपी।

### पांच प्रार्थना पत्रों में किसी का नहीं हुआ निस्तारण

**चंदौली।** मुख्यालय से सदर कोतवाली परिसर में थाना दिवस का आयोजन शनिवार को किया गया। जिसमें 5 फरियादियों ने प्रार्थना पत्र देकर फरियाद की गुहार लगाई,लेकिन एक भी प्रार्थना पत्रों का निस्तारण नहीं हो। पाया सभी राजस्व के मामले बताए जा रहे है। सदर कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने बताया कि पांच प्रार्थना पत्र राजस्व विभाग के पड़े थे। जिनके निस्तारण के लिए संबंधित को सौंप दिया गया है, ताकि समय से उसका निर्धारण हो सके। डीडीयू नगर। मुगलसराय कोतवाली में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान एसडीएम व सीओ ने आमजन की समस्याओं का निस्तारण किया। समाधान दिवस पर राजस्व से जुड़े मामलों की अधिकता रही। पुलिस और राजस्व अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनी और समाधान किया। हालांकि अधिकतर मामलों को जांच के लिए रख लिया गया।

## संक्षेप

### मुगलसराय के डॉ. शोएब अहमद बने चिकित्सा अधिकारी


डा. शोएब अहमद।

**चंदौली।** जनपद के मिनी महानगर मुगलसराय के कसाब महाल (ईस्टर्न बाजार) निवासी सेवानिवृत्त गुलाम मुहम्मद के पुत्र डॉ. शोएब अहमद (हमूद) का उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) में चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य के पद पर चयन हुआ है। प्रदेश में कुल 422 अभ्यर्थियों का चयन हुआ, जिसमें चंदौली जिले से कसाब महाल मुगलसराय निवासी डा. शोएब अहमद ने 291वीं रैंक प्राप्त की। डा. शोएब के चयन की जानकारी होते ही उनके परिवार में खुशी का माहौल है। परिजनों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कर खुशी का इजहार किया। डा.शोएब अहमद ने बीएएमएस की पढ़ाई राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एण्ड हास्पिटल लखनऊ से पूर्ण की और वर्तमान में राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एण्ड हास्पिटल लखनऊ से एमडी कर रहे हैं। वह समाज के अंतिम पायदान पर मौजूद गरीब व आमजन को बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध के सपने के संबल प्रदान करने के लिए डाक्टरी की पढ़ाई की और अपने हूनर से लोगों की सेहत सुधारने में लगे हैं।

### एसडीएम नौगढ़ ने पशु आश्रय स्थल का लिया जायजा

**नौगढ़।** उपजिलाधिकारी डा.अतुल गुप्ता ने शुक्रवार को देर रात क्षेत्र के पशु आश्रय स्थलों का औचक निरीक्षण कर के पशुओं को दी जाने वाली सुविधाओं का हकीकत परखा। जहां पर कुछ कमियां प्रतीत होने पर तत्काल सुधार लाने का निर्देश दिया। उपजिलाधिकारी डा.अतुल गुप्ता ने बताया कि पशु आश्रय स्थल चकचोईयां व नौगढ़ (काजी हाऊस)का रात्रि में किए गए औचक निरीक्षण के दौरान पशुओं को काउ कोट पहनाया हुआ पाया गया। साथ ही अलाव की समुचित व्यवस्था रही। पशु आश्रय स्थलों पर समुचित साफ सफाई का अभाव रहा। जिसके लिए कार्यरत कर्मियों को सुधार लाने का सख्त निर्देश दिया गया है। वहीं पशुओं को देय भूसा चारा व खली आदि सामान की उपलब्धता के बारे में भी पूछताछ कर मौजूद सामग्री का मिलान स्टाक रजिस्टर से किया गया।

### धूमधाम से मना खिचड़ी बाबा का वार्षिकोत्सव

**कंदवा।** क्षेत्र के ग्राम सभा बकौड़ी के सिसौरा गांव में खिचड़ी बाबा का वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया, जिसमें बाबा का पूजन भी किया गया। तत्पश्चात उसके उपलक्ष्य में बिरहा गायन का मुकाबला हुआ। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कन्हैया प्रसाद ने कहा कि आगे भी पूरी श्रद्धा व भक्तिभाव के साथ आमजन के सहयोग खिचड़ी बाबा के वार्षिक उत्सव में रहेगा और खिचड़ी बाबा का वार्षिक उत्सव मनाया जाएगा। कमेटी के अध्यक्ष आशीर्वाद कुमार, उपाध्यक्ष बलिराम त्यागी, कोषाध्यक्ष राजूराम व राजकुमार ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कन्हैया प्रसाद, उपेंद्र कुमार, रमेश कुमार, अरविंद राम उपस्थित रहे।

### समाधान दिवस की समस्याओं का हो गुणवत्तापूर्ण निस्तारण

**सकलडीहा।** समाधान दिवस पर राजस्व का एक ही मामला दोबारा नही आये। ऐसा होने पर सम्बन्धित क्षेत्र के लेखपाल और कानूनगों जिम्मेदार होगे। शनिवार को समाधान दिवस पर नवागत तहसीलदार विकासधर दूबे ने राजस्व कर्मियों को निर्देशित किया। इस मौके पर कुल पांच राजस्व सम्बन्धित मामलों में एक का मौके पर निस्तारण किया गया। इस मौके पर कोतवाल अनिल कुमार पांडेय, कस्बा प्रभारी राजकुमार, मनेश शंकर द्विवेदी, शिरोमणि त्रिपाठी, महफूज अहमद, शिवप्रसाद गिरी, कानूनगो गयासुद्दीन, प्रदीप सिंह, संजीव सिंह, पूजा सिंह, रश्मि गुप्ता, श्वेता सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### पतंग उड़ाते समय छत से गिरा बालक, घायल

**इलिया।** स्थानीय कस्बा में मकर संक्रांति के अवसर पर शनिवार को पतंग उड़ाते समय छत के ऊपर से गिर जाने से गोलू गुप्ता 12 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज शहाबगंज स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया जा रहा है। बताते हैं कि मकर संक्रांति के अवसर पर अनुज गुप्ता का पुत्र गोलू दोपहर के वक्त अपने घर के बगल में छत पर पतंग उड़ा रहा था, मकान के बाहरी हिस्से पर ग्रिल नहीं लगा था। इसी बीच पतंग उड़ाते वक्त वह छत से नीचे गिर गया जिससे उसके सर में गंभीर चोटें आई है। आनन-फानन में उसे घरवाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शहाबगंज ले गए जहां उसका इलाज चल रहा है।

# डीपीआरओ ने गंगा घाट की साफ-सफाई व्यवस्था देखी

जनसंदेश न्यूज


बलुआ घाट पर साफ-सफाई कार्य का निरीक्षण करते डीपीआरओ ब्रह्मचारी दूबे व बीडीओ।

**चहनियां।** मौनी अमावस्या को लेकर चंदौली डीपीआरओ ब्रह्मचारी दूबे व खंड विकास अधिकारी प्रदीप गुप्ता ने शनिवार को बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं पर निरीक्षण किया। घाट के सीढ़ियों पर जमे मिट्टी, घाट की साफ-सफाई शौचालय, शमशान स्थल के पास जमे मिट्टी को हटाने के साथ ही महिला चेंजिंग रूम की सफाई कर्मचारी एवं मनरेगा मजदूरों सफाई कराने का निर्देश दिया। विदित हो कि इस बार मौनी अमावस्या 21 जनवरी को पड़ रहा है।

जिसमे दूरदराज जनपद, गैर जनपदों व अन्य प्रांतों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु गंगा नदी में आस्था की डुबकी लगाते है। जिसे लेकर तैयारियां अभी से शुरू है। शनिवार को डीपीआरओ ब्रम्हचर्य दुबे ने घाट पर जमे मिट्टी की सफाई, शौचालयों की सफाई, महिला चेंजिंग रूम, शमशान स्थल आदि का निरीक्षण कर कर्मचारियों को जल्द व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया। डीपीआरओ ने बताया कि मौनी अमावस्या मेले को लेकर घाट पर व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए 100 सफाई कर्मचारी व 50 मनरेगा मजदूरों द्वारा घाट पर पक्के सीढ़ियों पर जमे मिट्टी, घाट की साफ-सफाई, बगल में बने शमशान स्थल, महिला व पुरुष शौचालयो में पानी के लिए पाइप लाइन, बाल्टी आदि का बंदोबस्त किए जाने के साथ ही सफाई कार्य विगत एक सप्ताह से कराया जा रहा है। इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन के जिला सलाहकार मनोज श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत कौशलेंद्र विक्रम सिंह, राजन सिंह, जागृति यादव, आनंद यादव, केशरी यादव, मनोज यादव, ज्ञानेंद्र कुमार, विद्या देवी, ग्राम प्रधान दिलीप कुमार मौजूद रहे।

## यदुवंश चेतना मंच ने शरद यादव को दी श्रद्धांजलि

**चहनियां।** क्षेत्र के ग्राम सभा लक्ष्मणगढ़ स्थित पूर्व प्रधान दीनानाथ यादव के आवास पर शनिवार को यदुवंश चेतना मंच द्वारा जेडीयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव की मृत्यु पर शोकसभा का आयोजन लालता प्रसाद यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। जिसमे दो मिनट मौन धारण कर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया गया।

तत्पश्चात वक्ताओ ने पूर्व मंत्री स्वर्गीय शरद यादव जी के समाजवादी विचार धारा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया और कहा कि नेता जी एक मात्र ऐसे सांसद रहे जो तीन तीन प्रदेशों का प्रतिनिधित्व किया। साथ ही जीवन पर्यंत किसानों ,मजदूरों, गरीबों के लिए आवाज उठाने का काम किया। इस अवसर पर हरिदास यादव पूर्व प्रमुख चहनिया, दीनानाथ यादव, ओम प्रकाश सिंह यादव, बालमूर्ति यादव, बिरेंद्र यादव, रामदरस यादव, सदानंद यादव, परमानंद, देवेंद्र कुमार, तुलसीदास, करुणानिधि यादव उपस्थित रहे।

# फुटबॉल : कांटे के मुकाबले में बारा ने उसिया को हराया


फुटबॉल प्रतियोगिता में गेंद पर नियंत्रण के लिए जद्दोजहद करते खिलाड़ी।

**धानापुर।** फुटबाल प्रतियोगिता में शनिवार को गाजीपुर जनपद के ही बारा और उसियाँ के बीच खेला गया। कांटे के मुकाबले में बारा की टीम ने 1-0 से मैच जीत लिया। अमर वीर इंटर कॉलेज के मैदान पर अमर शहीद धानापुर स्पोर्टिंग क्लब द्वारा आयोजित अंतरप्रांतीय फुटबाल प्रतियोगिता के रोमांचक मैच में दोनो टीमों में कांटे का मुकाबला हुआ। बारा की टीम ने दूसरे हाफ में शानदार गोल दाग कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई जो मैच अंत तक बरकरार रहा। उसियां की टीम मैच के अंत तक कोई गोल नही कर पाई। मैच के निर्णायक अमित सिंह रहे। कमेंट्री आतिफ खान और इमरान खान ने संयुक्त रूप से किया। आज के मैच के मुख्य अतिथि प्रधान संघ के ब्लाक अध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर इतनी बड़ी प्रतियोगिता एक सराहनीय प्रयास है। ऐसे आयोजन से ग्रामीण स्तर की प्रतिभाओं को निखरने का अवसर मिलता है। साथ ही गांव गिरांव के बच्चो को सीखने को भी मिलता है। इस दौरान काफी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# घोसवां समिति पर यूरिया नदारत दर्जनों गांव के किसान परेशान

**कंदवा।** रवि के सीजन में घोसवां साधन सहकारी समिति पर यूरिया नदारद है। किसानों की मानें तो अब तक समिति पर पूरे सीजन में एक भी बोरी यूरिया नहीं आई है, जिससे किसान यूरिया के लिए परेशान हैं। किसानों की माने तो विकासखंड बरहनी के अन्य समितियों पर भी पर्याप्त यूरिया की उपलब्धता नहीं है जिससे किसान यूरिया के लिए परेशान हैं। विकास खंड बरहनी में घोसवां, बरहनी, कम्हरियां, असना, चिरईगांव, जेवरियाबाद, छतेम, बगही, सैयदराजा, अदसड, डिग्घी सहित कुल दर्जन भर समितियां है जहां से किसानों को उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित की है।

यहां आलम यह है कि रवि के सीजन में गेहूं की बुवाई कर किसान अब सिंचाई में जुटे हुए हैं ऐसे में उन्हें यूरिया की आवश्यकता है। बावजूद इसके पूरे सीजन मे घोसवां समिति पर यूरिया की उपलब्धता ही नहीं हो पाई। बताया जा रहा है कि घोसवां, इमिलियां, जमुडा, बाकरपुर, बडीहा, भरहुलियां सहित करीब आधा दर्जन से ज्यादा गांव के किसान घोसवां साधन सहकारी समिति पर आश्रित हैं लेकिन साधन सहकारी समिति पर यूरिया उपलब्ध न होने के कारण संबंधित गांव के किसान मारे मारे फिर रहे हैं।

दूसरी ओर निजी दुकानों से ऊंचे दामों में सल्फर के साथ यूरिया खरीदने को मजबूर हैं। जिसको लेकर किसानों में आक्रोश व्याप्त है। किसान नरेन्द्र सिंह, रघुवर सिंह, गोवर्धन सिंह, जयप्रकाश, इंद्रदेव, राजेश गुप्ता सहित अन्य द्वारा उच्च अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए साधन सरकारी समिति पर यूरिया उपलब्ध कराए जाने की मांग की गई है। इस संबध में सहायक विकास अधिकारी को ऑपरेटिव बरहनी राजेश सिंह का कहना है कि घोसवां साधन सहकारी पर अब तक यूरिया उपलब्ध नहीं हो पाई है वहीं अन्य समितियों पर यूरिया की खेप आई हुई थी और यूरिया की मांग है रोस्टर के अनुसार वितरित किया जा रहा है।

### लाइव सीसीटीवी फुटेज देख दो चोरों को दबोचा

**धीना।** थाना अंतर्गत बहोर गांव के पास जिओ टावर से बैटरी चोरी करने वाले गैंग को जिओ के कर्मचारियों ने लाइव सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पकड़ लिया और उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार के रात में जब बहोरा गांव के पास लगे जिओ टावर में अंतरप्रांतीय गैंग द्वारा बैटरी चोरी की जा रही थी, तभी इसका फुटेज लखनऊ स्थित कैमरे में दिख रहा था और उसके बाद जिओ के अधिकारियों ने इस मामले की जानकारी क्षेत्रीय के कर्मचारियो को दिया। इसके बाद कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर चोरों को पकड़ना चाहा तो चोर स्कार्पियों से भागने लगे। इस प्रयास में स्कार्पियो अनियंत्रित होकर गड्ढे फंस गई। मौका देखकर दो लोग मौके से फरार हो गए, जबकि दो चोरों को पकड़ कर धीना पुलिस को खबर दी गई। मौके धीना पूछताछ में उन्होंने अपना नामचन्द्र शेखर गुप्ता पुत्र लक्छमण गुप्ता निवासी बिसापुर थाना बलुआ तथा नीरज कुमार सिंह पुत्र रमेश सिंह निवासी न डिया थाना सीधी जिला सीधी मध्यप्रदेश के रहने वाला बताया। चोरों के पास से चार चोरी की बैट्री बरामद हुई है। पुलिस कागजी कार्यवाही कर चोरों को जेल भेज दिया।

# कार्य में कमी पाए जाने पर होगी कठोर कार्रवाई : जिलाधिकारी

जनसंदेश न्यूज


कलेक्ट्रेट में अफसरों संग बैठक करती डीएम ईशा दुहन।

**चंदौली।** जिलाधिकारी ईशा दुहन की अध्यक्षता में जनपद में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक शुक्रवार की शाम कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन शासन की अति महत्वाकांक्षी योजना है। जनपद में इसकी प्रगति अपेक्षानुरूप नहीं है। उन्होंने इस योजना के अंतर्गत लक्ष्य के सापेक्ष अवशेष कार्यों के डीपीआर शीघ्र तैयार कराकर प्रेषित कराए जाने के निर्देश संबंधित कार्यदायी एजेंसियों को दिए।

उन्होंने कहा कि शत-प्रतिशत स्थलों पर अविलंब कार्य शुरू हो जाने चाहिए। जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत कराए जाने वाले निर्धारित समस्त कार्यों ट्यूबवेल, ओवरहेड टैंक निर्माण, पाइप लाइन बिछाने, कनेक्शन आदि के कार्य अविलंब कराए जाने के निर्देश दिए, जिससे शासन के मंशानुरूप लोगों को नल से स्वच्छ पेयजल शीघ्र मुहैया हो सके। कहा कि इस परियोजना के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाई जाने के बाद क्षतिग्रस्त व टूटी सड़कों व रास्तों को ठीक नहीं कराने की शिकायतें मिल रही हैं, ऐसी सड़को व रास्तों को अविलंब ठीक कराये जाने तथा भविष्य में भी इस पर ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत कराए जा रहे कार्यों के दौरान यदि कहीं भूमि संबंधी या अन्य कोई बाधा आ रही है तो जिला विकास अधिकारी, संबंधित उपजिलाधिकारी के संज्ञान में लाकर, उनसे समन्वय स्थापित कर अविलंब समाधान कराते हुए कार्य में प्रगति सुनिश्चित किया जाय। कहा कि इसमें संबंधित अधिकारी व उपजिलाधिकारी कार्यदाई एजेंसियों का पूरा सहयोग करेंगे। कार्य में कमी की शिकायत संज्ञान में आई तो जांच कराई जाएगी और शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मण प्रसाद उपस्थित रहे।

# हिंदू में हिंदू नहीं, ढूंढी जा रही उसकी जातिः नीरज सिंह

**समरसता खिचड़ी भोज**

### समरसता खिचड़ी भोज में नीरज सिंह ने हिन्दू एकता का किया आह्वान

जनसंदेश न्यूज


समरसता खिचड़ी भोज को संबोधित करते मुख्य अतिथि नीरज सिंह।


समरसता खिचड़ी भोज में उमड़ी लोगों की भीड़।

**चंदौली।** हिन्दू युवा संगठन, भारत के राष्ट्रीय संरक्षक नीरज सिंह ने चंदौली की धरती पर हिन्दू एकता का शंखनाद किया। उन्होंने कहा कि हम हिन्दू में हिन्दू नहीं उसकी जाति ढूंढ रहे हैं यही वजह है कि आज हिन्दू बंटा हुआ है, बिखरा हुआ है। जिस दिन देश के 135 करोड़ लोग एकजुट होकर एक लक्ष्य के साथ एक दिशा में बढ़ेंगे उस दिन भारत को विश्व गुरु बनने से कोई रोक नहीं सकता। श्री सिंह शनिवार को नगर के मां शारदा मंगलम लान में आयोजित समरसता खिचड़ी भोज व सांस्कृतिक कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने अपने पिता रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की धरा को मंच संभालने ही नमन किया। बड़ों से आशीष की आकांक्षा की, वहीं हमउम्र साथियों के बीच अपना स्नेह लुटाया। कहा कि प्रकृति जब हमें संसाधन देती है तो वह जाति व धर्म नहीं देखती। ऐसे में हमें भी अपने अंदर से सवर्ण, पिछड़ी व अनुसूचित जाति का भेद मिटाना होगा।

कतिपय राजनेता अपने निजी व राजनीतिक स्वार्थ के लिए हिन्दू समाज को जातियों में बांटने का काम कर रहे हैं। कहा कि यह हमारे पुरखों की धरा है, जिसे धान का कटोरा कहा जाता है। लेकिन अब चंदौली केवल धान का कटोरा नहीं बल्कि धन-धान्य की थाली बननी चाहिए।

यहां अपार संभावनाएं है जो चंदौली को तरक्की प्रदान करेंगी। अंत में उन्होंने भाजपा सरकार के कामकाज व उपलब्धियों को गिनाया। कहा कि भाजपा सरकार अंत्योदय के भाव से काम कर रही है। सरकार ने गरीबों को आवास, मुफ्त राशन आदि योजनाओं से आच्छादित किया है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुवीर सिंह जडेज़ा ने कहा कि जब तक कोई भी हिन्दू अपने आप को असहाय व असुरक्षित महसूस करता है। कोई भी भूखे पेट है तब तक हम सभी को मिलकर समाज को संगठित व समृद्ध करने की दिशा में काम करना होगा। राष्ट्रीय महासचिव कौशलेंद्र सिंह ने मकर संक्रांति पर्व की सभी को शुभकामनाएं दी और एकजुट होकर सशक्त होने का संकल्प दिलाया। प्रदेश महासचिव राजेश सिंह रिन्कू ने कहा कि सिंधु से लेकर सागर के बीच भारत भूभाग पर निवासरत सभी लोग हिन्दू हैं।

अपनी इस एकता को बनाए रखना होगा। हिन्दू-हिन्दू भाई हैं लिहाजा एक-दूसरे का दुख-दर्द को बांटना और कमजोर को सहयोग देकर समृद्ध बनाना हमारी जिम्मेदारी व प्राथमिकता होनी चाहिए। इस अवसर पर राणा प्रताप सिंह, साधना सिंह, अजय सिंह, संजय सिंह, अनुग्रह नारायण सिंह, सुजीत सिंह, अवधेश सिंह, पवन प्रताप सिंह, संदीप सिंह, अमन सिंह आदि उपस्थित रहे।

### लोगों ने खाई खिचड़ी गरीबों में बंटा कंबल

**चंदौली।** चंदौली जिला मुख्यालय पर हिन्दू युवा संगठन भारत की ओर से आयोजित समरसता खिचड़ी भोज में चंदौली जनपद के साथ ही वाराणसी, मीरजापुर, सोनभद्र, गाजीपुर के अलावा पड़ोसी प्रांत बिहार से भारी संख्या में लोगों की भीड़ जमा थी। लोगों ने कार्यक्रम में जमा अतिथियों के विचारों को सुना। साथ ही समरसता भोज कार्यक्रम के दौरान खिचड़ी खायी। इसके बाद मुख्य अतिथि नीरज सिंह व विशिष्ट अतिथि रघुवीर सिंह जाडेजा ने गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने नीरज सिंह का किया स्वागत


डीडीयू नगर में नीरज सिंह का स्वागत करते भाजपाई।

**डीडीयू नगर।** सुधीर चौहान के नेतृत्व में भारी संख्या में शनिवार को बीजेपी कार्यकताओं ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के छोटे पुत्र नीरज सिंह का नगर में प्रथम आगमन पर स्वागत किया। इस दौरान कैलाशपुरी मोड़ के समीप बीजेपी नेता सुधीर चौहान राणा प्रताप सिंह के साथ बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। स्वागत करने के लिए महिला मोर्चा एवं युवा मोर्चा के साथ अन्य सभी मोर्चों के कार्यकताओं की भी इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित रही। इस अवसर पर नीरज सिंह ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपका अपार स्नेह एवं प्यार पाकर मैं अभिभूत हूं। साथ ही भाजपा संगठन के प्रति अपना आभार भी व्यक्त किया।

# स्पोर्ट्स

## विराट ने शर्टलेस होकर अनुष्का के साथ शेयर की तस्वीर, कुछ ही घंटों में हो गई वायरल

भारत के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अपने परिवार के काफी करीब हैं। वो अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा और बेटी वामिका के साथ फुर्सत के पल बिताने का कोई मौका नहीं छोड़ते। कोहली फिलहाल श्रीलंका के खिलाफ सीरीज के लिए केरल के तिरुवनंतपुरम में हैं। इस बीच उन्हें अनुष्का के साथ तस्वीर शेयर की है. कोहली ने जो तस्वीर शेयर की है उसमें वो और अनुष्का समंदर किनारे बीच पर लंच करते हुए नजर आ रहे हैं। कोहली शर्टलेस होकर बैठे हैं और शायद यही वजह है कि ये तस्वीर जमकर वायरल हो रही है। कोहली ने तस्वीर के कैप्शन में बिना कुछ लिखे सिर्फ दिल का इमोजी पोस्ट किया है।



# स्पेन के बाद अब इंग्लैंड को हराने के इरादे से उतरेगा भारत

## भारतीय टीम के सामने रविवार को एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप के दूसरे पूल मैच में इंग्लैंड की चुनौती होगी...इस कड़ी परीक्षा में खरा उतरने के लिएआत्मविश्वास से भरी होगी

हॉकी वर्ल्डकप 2023



**राउरकेला।** स्पेन पर दबदबे भरी जीत से बेहतरीन तरीके से अपना अभियान शुरू करने वाली भारतीय टीम के सामने रविवार को यहां एफआईएच पुरूष हॉकी विश्व कप के दूसरे पूल मैच में इंग्लैंड की चुनौती होगी और वह इस कड़ी परीक्षा में खरा उतरने के लिएआत्मविश्वास से भरी होगी। भारत ने नए बिरसा मुंडा स्टेडियम में पूल डी के शुरूआती मैच में शुक्रवार को शानदार प्रदर्शन दिखाते हुए स्पेन को 2-0 से हरा दिया लेकिन इंग्लैंड की टीम भी उतनी ही चुनौतीपूर्ण होगी। पहले दो क्वार्टर में भारत ने शानदार आक्रामक हॉकी खेली और स्थानीय खिलाड़ी अमित रोहिदास की मदद से पेनल्टी कॉर्नर में किये गोल से बढ़त बनायी और फिर हार्दिक सिंह की बदौलत इसे दोगुना किया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह और उप कप्तान रोहिदास ने फिर बेहतरीन रक्षात्मक खेल दिखाया जिससे मुख्य कोच ग्राहम रीड काफी प्रभावित दिखे। हरमनप्रीत एंड कंपनी इंग्लैंड के खिलाफ एक और मजबूत रक्षात्मक प्रदर्शन करना चाहेगी। इंग्लैंड ने वेल्स के खिलाफ जीत में सभी चार क्वार्टर में गोल किये हैं। रीड ने कहा, पहला मैच जीतना अच्छा है। लेकिन डिफेंसिव प्रयास देखना सुखद था और हमने गेंद पर कब्जा बनाये रखा। बमुश्किल से कुछेक ही लोग थे जो अच्छा नहीं खेले। आपको विश्व कप में जीतने के लिये इसी चीज की जरूरत होती है।

हम इसे अगले मैच में भी जारी रखेंगे। अनुभवी पीआर श्रीजेश और कृष्ण बहादुर पाठक भी भारतीय गोल के आगे बेहतरीन थे लेकिन इंग्लैंड के गोलकीपर ओलिवर पेने ने भी वेल्स के खिलाफ काफी प्रयासों को विफल किया, विशेषकर अंतिम क्वार्टर में। भारतीयों की एकमात्र कमजोरी पेनल्टी कॉर्नर थी क्योंकि स्पेन के खिलाफ पांच में से वे किसी एक को भी सीधे गोल में तब्दील नहीं कर सके। हाल के वर्षों में लगभग प्रत्येक टूनार्मेंट में टीम के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और शीर्ष स्कोरर रहे हरमनप्रीत हालांकि पेनल्टी स्ट्रोक चूकने के अलावा पेनल्टी कॉर्नर से भी गेंद को लक्ष्य तक नहीं पहुंचा सके। उन्होंने इसे स्वीकार किया और वह इंग्लैंड के खिलाफ इस प्रदर्शन की भरपायी करना चाहेंगे। इंग्लैंड के खिलाफ पेनल्टी कॉर्नर को गोल में नहीं बदल पाना भारत को भारी पड़ सकता है। भारतीय खिलाड़ियों को साथ ही सतर्क रहना होगा कि उन्हें रैफरी कोई कार्ड नहीं दिखा दे क्योंकि उन्हें स्पेन के खिलाफ अंतिम क्वार्टर में अभिषेक के बिना ही खेलना पड़ा था जिन्हें फाउल के लिये पीला कार्ड दिखाया गया था। इंग्लैंड के खिलाफ जीत महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे भारत क्वार्टरफाइनल के एक कदम करीब पहुंच जायेगा। मेजबान टीम अपने पूल में शीर्ष पर रहना चाहेगी और ग्रुप की निचली रैंकिंग की टीम वेल्स के खिलाफ निश्चित रूप से दबदबा बनाये रखेगी। इंग्लैंड विश्व रैंकिंग में भारत से एक स्थान ऊपर पांचवें स्थान पर है लेकिन दोनों टीमों के बीच प्रदर्शन में बीते वर्षों में ज्यादा अंतर नहीं रहा है। पिछले साल दोनों टीमों ने एक दूसरे के खिलाफ तीन मैच खेले थे। राष्ट्रमंडल खेलों में दोनों के बीच मैच 4-4 से ड्रा रहा था। एफआईएच प्रो लीग के पहले चरण में मैच 3-3 से ड्रा रहा और इसके बाद दूसरे मैच में भारत ने 4-3 से जीत दर्ज की। राष्ट्रमंडल खेल 2002 में 11 गोल से शीर्ष स्कोरर रहे निक बांडुराक ने वेल्स के खिलाफ गोल किया और बर्मिंघम में शानदार प्रदर्शन करने वाले फिल रोपर भी शानदार रहे।

## नीदरलैंड-दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच से हमें अपने खेल के स्तर को सुधारने में मदद मिलेगी : सविता



**बेंगलुरू।** भारतीय महिला हॉकी टीम 16 जनवरी से शुरू होने वाले सात मैचों के अभ्यास दौरे पर दक्षिण अफ्रीका जाएगी जिसमें दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड के खिलाफ भी तीन मैच शामिल हैं। सविता पूनिया की अगुआई वाली टीम मेजबान दक्षिण अफ्रीका से केप टाउन में चार मैच खेलेगी। इसके बाद 23 जनवरी से तीन मुकाबलों में नीदरलैंड के सामने होगी। सविता ने कहा, हम वार्षिक कैलेंडर में काफी अभ्यास मैच आयोजित कराने के लिए हॉकी इंडिया के आभारी हैं क्योंकि इस साल हम एशियाई खेलों के लिये अच्छी तैयारी करने और पेरिस ओलंपिक के लिये सीधे क्वालीफाई करने पर ध्यान लगा रहे हैं। भारतीय कप्तान को लगता है कि इस दौरे से टीम को एशियाई खेलों से पहले अपने कमजोर पक्ष को जानने और इन पर काम करने में मदद मिलेगी। सविता ने कहा, दक्षिण अफ्रीका और दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड के खिलाफ मैच से हमें अपने खेल के स्तर को सुधारने में मदद मिलेगी और साथ ही हम जिस विभाग में पिछड़ रहे हैं, उसे भी हम पता कर पायेंगे। बेंगलुरू में दो हफ्ते के शिविर के बाद हम इस दौर के लिये अच्छी तरह तैयार हैं। सविता की अगुवाई में टीम ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने कहा, खिलाड़ी 2022 में हॉकी के लिये अच्छे साल के बाद आत्मविश्वास से भरी हैं और हम अच्छे प्रदर्शन से सत्र की शुरूआत करना चाहते हैं।

# ऑस्ट्रेलिया सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान रोहित शर्मा कप्तान, सूर्यकुमार-ईशान भी टीम में

## रोहित शर्मा दोनों टेस्ट मैचों में टीम की कप्तानी करेंगे



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले दो मैचों के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। रोहित शर्मा दोनों टेस्ट मैचों में टीम की कप्तानी करेंगे। खास बात यह है कि टेस्ट टीम में पहली बार सूर्यकुमार यादव और ईशान किशन को भी जगह मिली है। वहीं असम के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच में कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 379 रन की पारी खेलने वाले पृथ्वी साव को न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिये चुना गया है जबकि न्यूजीलैंड दौरे के लिये वनडे टीम में केएल राहुल की जगह केएस भरत ने ली है । घुटने का आपरेशन कराने वाले रविंद्र जडेजा को टेस्ट टीम में चुना गया है बशर्ते वह फिट हो जायें । आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो टेस्ट के लिये टीम : रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उपकप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएस भरत, ईशान किशन, आर अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, रविंद्र जडेजा, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव, जयदेव उनादकट, सूर्यकुमार यादव । न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला के लिये टीम : रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, ईशान किशन, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, केएस भरत, हार्दिक पंड्या, वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, शार्दुल ठाकुर, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज , उमरान मलिक । न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिये टीम : हार्दिक पंड्या (कप्तान), सूर्यकुमार यादव, ईशान किशन, रूतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, जितेश शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, उमरान मलिक, शिवम मावी, पृथ्वी साव, मुकेश कुमार।


# बॉलीवुड न्यूज

## शाहिद कपूर व विजय सेतुपति अभिनीत 'फर्जी' का ट्रेलर रिलीज




**मुंबई।** प्राइम वीडियो ने आज अपनी आगामी भारतीय अमेजन ओरिजिनल सीरीज फजी के ट्रेलर को लॉन्च किया है। इस क्राइम ड्रामा के जरिए सुपरस्टार शाहिद कपूर और 'मक्कल सेलवन', विजय सेतुपति अपना डिजिटल डेब्यू करने जा रहे हैं। उनके साथ, सीरीज में प्रतिभापूर्ण अभिनेता के. के. मेनन, राशी खन्ना, भुवन अरोड़ा, रेजिना कैसेंड्रा और अमोल पालेकर मुख्य भूमिकाओं में हैं। डी2आर फिल्म्स द्वारा निर्मित और राज एंड डीके द्वारा निर्देशित, फर्जी का प्रीमियर 10 फरवरी को विशेष रूप से प्राइम वीडियो पर किया जाएगा। राज और डीके के साथ, फर्जी को सीता आर मेनन और सुमन कुमार ने लिखा है। ट्रेलर हमें एक कुछ ही समय में ठग बने कलाकार सनी (शाहिद) के जीवन की एक झलक देता है, जो एक सही ठगी करते हुए भी खुद को अंधेरे में पाता है। हालांकि, एक तेजतर्रार और अपरंपरागत टास्क फोर्स अधिकारी (विजय) ने देश को उसके द्वारा उत्पन्न खतरे से छुटकारा दिलाने को अपना मिशन बना लिया है। आठ एपिसोड में फैली, फजी एक तेज-तर्रार, तीव्र और अपनी तरह की अनूठी क्राइम थ्रिलर है, जिसमें निर्देशक जोड़ी का ट्रेडमार्क ह्यूमर है, जो अमीरों का पक्ष लेने वाली व्यवस्था से जीतने के लिए एक चतुर अंडरडॉग स्ट्रीट आर्टिस्ट की खोज के इर्द-गिर्द रचा गया है। ट्रेलर के लॉन्च के दिन सीरीज के बारे में बात करते हुए, शाहिद कपूर ने बताया कि अमेजन ओरिजिनल सीरीज, फजी के लिए मेरे दिल में एक खास जगह है। कहने को तो यह मेरा डिजिटल डेब्यू है, लेकिन राज और डीके के साथ काम करना मुझे अपने घर की तरह लगा और विजय सेतुपति, नानू (अमोलजी), के के मेनन, राशी जैसे शानदार सह-अभिनेताओं के साथ काम करने का अपना अलग मजा है। कलाकार उर्फ सनी की भूमिका आसान नहीं है, चरित्र काफी उलझा हुआ है, उसकी परिस्थितियाँ और बेहतर जीवन के लिए उसका लालच उसे कुछ निर्णय लेने पर मजबूर करता है, जिसके बारे में सोचना उसने जरूरी नहीं समझा है।

## शेफाली ने 'ह्यूमन' के एक साल पूरे होने पर जाहिर की खुशी



**मुंबई।** 14 जनवरी 2022 को रिलीज हुई, विपुल अमृतलाल शाह की मेडिकल थ्रिलर 'ह्यूमन' वास्तव में एक ऐसी वेब सीरीज है, जो उस सामान्य वेब सीरीज से अलग है जिसे हम अपनी स्क्रीन पर देखते हैं। फार्मास्युटिकल कंपनियों की दुनिया पर कटाक्ष करते हुए, शेफाली शाह स्टारर इस वेब सीरीज ने फार्मा कंपनियों, अस्पतालों और राजनेताओं की करेप्ट, और धोखेबाज दुनिया की दर्दनाक रिएलिटी पर रोशनी डालते हुए लोगों पर दवा परीक्षण की प्रक्रिया को दशार्या, जो हेल्पलेस लोगों को को टॉर्चर करने के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार है। दर्शकों की आंखें खोलने वाली इस सीरीज ने आज अपनी रिलीज के एक साल पूरे कर लिए हैं। ह्यूमन एक ऐसी सीरीज है जिसने अपनी शानदार कहानी से दर्शकों को झकझोर कर रख दिया था और यह वास्तव में फिल्म निमार्ता विपुल अमृतलाल शाह का एक ऐसा विजन था, जो दर्शकों के लिए इस तरह की दिलचस्प और पहले कभी नहीं देखी गए कंटेंट को पेश करता है। जैसा कि 'ह्यूमन' ने आज एक साल पूरा कर लिया है, निर्देशक और निमार्ता, विपुल अमृतलाल शाह ने कहा कि मुझे लगता है कि हमारे दिमाग में जो एकदम साफ था वह यह कि हम आगे बढ़कर एक बहुत ही ईमानदार शो बनाने जा रहे हैं। हम बैलेंसिंग एक्ट नहीं करने जा रहें, हम राजनीतिक रूप से सही नहीं होने जा रहे हैं, हम कुछ भी कसर नहीं छोड़ने जा रहे हैं। इसलिए हम इसके लिए सब कुछ करेंगे, हम ईमानदार होने जा रहे हैं और हम परिणाम से डरने वाले नहीं हैं। मुझे पूरा यकीन था कि अगर हम कहानी को पूरी ईमानदारी और पूरी निष्ठा के साथ कहें तो यह एक ऐसी कहानी है जो 100% लोगों से जुड़ जाएगी।

## असहायों व गरीबों की मदद से मिलता है सुकूनः बाबिल



**इलिया।** क्षेत्र के खिलची रजडीहा गांव में समाजसेवी एवं पूर्व ग्राम प्रधान विजय शंकर सिंह बाबिल ने अपने पिता स्वर्गीय चंद्रभूषण सिंह के स्मृति में मकर संक्रांति के अवसर पर कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया। जिसमें लगभग 350 जरूरतमंदों में कंबल वितरित किया गया। समाजसेवी बाबिल सिंह ने कहा कि गरीब व असहाय वर्ग की मदद पुनीत कार्य है इससे मन को सुकून मिलता है। गांव के किसी भी व्यक्ति को कंबल अथवा किसी ऐसे जरूरत की चीजों से वंचित नहीं होना पड़ेगा, इसके लिए वह बराबर गांव के लोगों के जरिए मानिटरिंग कराते रहते हैं। गरीबों को स्वास्थ्य की सुविधाओं का ध्यान में रखते हुए पिछले दिनों उन्होंने निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन कराकर दवा और चश्मा का वितरण भी मुफ्त करवाया था। हर वर्ष जाड़े के मौसम में पिछले कई वर्षों से वह जरूरतमंदों में कंबल का वितरण करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांव की किसी भी गरीब व्यक्ति को खाने-पीने, सोने, रहने किसी भी चीज की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। इसके लिए वह सदैव तैयार रहेंगे। इस अवसर पर रामअवध सिंह, राजेश्वर सिंह, कामेश्वर सिंह, शिवाजी, कृष्णा सिंह, गोपाल, छोटू, भरत यादव, विक्की, हीरा सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# इंटरनेशनल लीग टी20 : रोवमैन पॉवेल-रॉबिन उथप्पा का धमाल



**दुबई।** कप्तान रोवमैन पॉवेल के हरफनमौला खेल और रॉबिन उथप्पा की सूझबूझ भरी पारी से दुबई कैपिटल्स ने इंटरनेशनल लीग (आईटीएल) टी20 टूनार्मेंट के शुरूआती मुकाबले में शुक्रवार को यहां अबू धाबी नाइट राइडर्स को 73 रन के बड़े अंतर से हराकर शानदार आगाज किया। मैन ऑफ द मैच पॉवेल ने 29 गेंद की आक्रामक पारी में तीन छक्के और इतने ही चौके की मदद से 48 रन बनाये। भारत के पूर्व बल्लेबाज उथप्पा ने पारी का आगाज करते हुए 33 गेंद में दो छक्के और तीन चौके जड़ 43 रन की उपयोगी पारी खेली। आखिरी ओवरों में रवि बोपारा (तीन गेंद में नाबाद 11 रन) और इसुरू उदाना (चार गेंद में नाबाद 12) रन की तेज बल्लेबाजी से टीम ने 20 ओवर में छह विकेट पर 187 रन बनाने के बाद अबू धाबी नाइट राइडर्स को नौ विकेट पर 114 रन पर रोक दिया। अबू धाबी के लिए पॉल स्टर्लिंग ने 54 रन की पारी खेली लेकिन टीम के सिर्फ दो ही बल्लेबाज दहाई के आंकड़े में रन बना पाये। आयरलैंड के इस खिलाड़ी ने 38 गेंद की पारी में पांच चौके और दो छक्के लगाये। पॉवेल के अलावा दुबई की टीम के लिए अकीफ राजा और मुजीब उर रहमान ने दो-दो जबकि उदाना , हजरत लुकमान और सिकंदर रजा ने एक-एक सफलता हासिल की। अबू धाबी की टीम के लिए रवि रामपॉल ने 36 रन देकर दो जबकि अली खान ने 45 रन देकर दो विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करते समय बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान की सह-स्वामित्व वाली अबू धाबी नाइट राइडर्स 10वें ओवर में दो विकेट पर 71 रन बनाकर अच्छी स्थिति में थी लेकिन इसके बाद लगातार अंतराल पर विकेटों के पतन के कारण टीम लक्ष्य से काफी दूर रह गयी। इस दौरान आंद्रे रसेल (12)और सुनील नारायण (चार) जैसे आक्रामक बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर सके। इससे पहले पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर मुश्किल पिच पर इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट (26) और उथप्पा ने दुबई कैपिटल्स को सुधी हुई शुरूआत दिलायी। रूट ने चौथे ओवर में अकील हुसैन के खिलाफ चौका और दो छक्के जड़े। वह हालांकि पावर प्ले के आखिरी ओवर में अली खान की गेंद पर आउट हो गये। उन्होंने पहले विकेट के लिए उथप्पा के साथ 35 रन की साझेदारी की। दूसरे छोर से अब तक संभल कर खेल रहे भारत के पूर्व बल्लेबाज उथप्पा ने इसी ओवर में छक्के के साथ अपना हाथ खोला। उथप्पा ने 12वें ओवर में कप्तान सुनील (28 रन पर एक विकेट) की गेंद को दर्शकों के पास भेजा लेकिन ओवर की आखिरी गेंद पर बोल्ड हो गये।

# टांडाकला में चोरों ने चार पेटी बीयर संग नकदी उड़ाया



टांडाकला स्थित बीयर की दुकान पर चोरी की शिकायत के बाद जांच करते चौकी इंचार्ज दीपक पाल।

**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के टांडाकला बाजार स्थित बीयर की दुकान से बीते शुक्रवार की देर रात पीछे का दरवाजा तोड़कर चार पेटी बीयर सहित 6000 नकदी चोर उठा ले गये। सेल्समैन की सूचना पर मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी मारूफपुर दीपक पाल ने जांच पड़ताल कर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। बताते हैं कि टांडाकला बाजार में पिंकी सिंह के नाम से लाइसेंसी बीयर की दुकान है। जिसपर रामगढ निवासी मन्नू यादव पुत्र चन्द्रशेखर यादव सेल्समैन के रूप में कार्यरत है। बीते शुक्रवार को प्रतिदिन की भांति देर शाम को दुकान बंद कर घर चला गया।

शनिवार की सुबह जब दुकान पर आया तो पीछे का दरवाजा टूटा हुआ देखकर सन्न हो गया। दुकान में जाकर देखा तो चार पेटी बीयर व गल्ले में से 6000 रुपए गायब था। जिसकी सूचना सेल्समैन ने चौकी इंचार्ज मारूफपुर दीपक पाल को दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज ने मौका मुआयना कर सीसी कैमरे की जांच करने की बात कही तो सेल्समैन ने कोड याद ना होना बता दिया। जिसपर अग्रिम कार्यवाई का भरोसा देते हुए पुलिसकर्मी चले गए।

# पात्र व्यक्ति को योजनाओं का दिया जाए लाभः मनोज



बहेरी में जन चौपाल के दौरान उपस्थित एसडीएम व ब्लॉक प्रमुख।

**कंदवा।** क्षेत्र के बहेरी गांव में शनिवार को चलो चंदौली अभियान प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत एसडीएम सकलडीहा मनोज पाठक, ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह, सीओ सकलडीहा राजेश कुमार राय, पूर्व जिपंस सुशील सिंह जनौली ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसमें पंचायती विभाग, शिक्षा विभाग, आजीविका मिशन, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग,बाल विकास एवं पुष्टाहार आदि स्टाल शामिल रहे। मौके पर एसडीएम सकलडीहा मनोज पाठक, ब्लॉक प्रमुख धानापुर अजय सिंह, पूर्व जिपंस सुशील सिंह जनौली, सीओ सकलडीहा राजेश कुमार राय ने सभी स्टालों का बारी-बारी अवलोकन किया। इस मौके पर आवास का लक्ष्य स्वीकृती, शौचालय के बारे में जानकारी लिया।

# लोक विद्यार्थी शिक्षक एसोसिएशन ने जिलाधिकरी को सौंपा ज्ञापन



डीएम को ज्ञापन सौंपते लोक विद्यार्थी शिक्षक एसोसिएशन के लोग।

**चंदौली।** लोक विद्यार्थी शिक्षक एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष गुलाब सिंह मौर्य के नेतृत्व में जिलाधिकारी ईशा दुहन से मिलकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिले में स्कूल प्रबंधकों के सामने आ रही विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। संघ के द्वारा दिए गए मांग पत्र में आरटीई के तहत विगत तीन वर्षों से शुल्क प्रतिपूर्ति को अति शीघ्र दिलाने की मांग की। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष गुलाब सिंह मौर्य ने कहा कि कोरोना काल के बाद निजी विद्यालयों की आर्थिक स्थिति विकट होती जा रही है। जिसको लेकर शिक्षक संघ के द्वारा डीएम से मिलकर समस्याओं से अवगत कराया गया है। वही संघ के द्वारा दिए गए मांग पत्र में आरटीई के तहत विगत तीन वर्षों से शुल्क प्रतिपूर्ति को अविलंब देने की मांग की गई। वहीं प्रदेश संगठन मंत्री पारसनाथ मौर्य ने बताया कि सरकार द्वारा निजी विद्यालयों को पचीस प्रतिशत बच्चों को निःशुल्क विद्यालयों में पढ़ाना है। जिसके लिए सरकार द्वारा शुल्क प्रतिपूर्त निजी विद्यालयों को दी जाती हैं। लेकिन विगत तीन वर्षों से एक रुपया भी निजी विद्यालयों को अभी तक नहीं मिला, जिससे प्रबंधकों के सामने कर्मचारी व शिक्षकों का वेतन सहित अनेक समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं।

प्रदेश सचिव शाहनवाज खान ने बताया कि पूर्व में भी मान्यता को लेकर संगठन के माध्यम से रक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री से मिलकर अवगत कराया था। जिसके संदर्भ में राहत प्रदान की गई थी। वही पुनः शुल्क प्रतिपूर्ति के अलावा अग्निशमन व नेशनल बिल्डिंग कोड की समस्या को लेकर संगठन के माध्यम से अपनी बातों को रक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का काम भी करेंगे। इस अवसर पर शाहनवाज खान, पारसनाथ मौर्य, विष्णु विश्वकर्मा, अभिषेक अग्रहरी, अंजनी कुमार चौबे, वसीम खान, गुरुचरण चौहान, पंकज यादव, जैनेंद्र शर्मा, मुरारी प्रसाद, सहित आदि उपस्थित रहे।

# चोरी के वाहन सहित शातिर अभियुक्त गिरफ्तार



वाहन के साथ गिरफ्तार अभियुक्त

**मुंगराबादशाहपुर।** स्थानीय पुलिस ने एक चोरी की बाइक समेत अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस के अनुसार थानाध्यक्ष व उपनिरीक्षक कमलेश कुमार की संयुक्त टीम द्वारा शनिवार को समय करीब सुबह 8.40 बजे क्षेत्र भ्रमण व वर्तमान में हो रहे लगातार चोरी व छिनैती, वाहन चोरियो के दृष्टिगत रवाना होकर नडार रेलवे क्रासिंग पर मौजूद थे कि तभी एक संदिग्ध विशाल कुमार तिवारी पुत्र अशोक कुमार तिवारी निवासी असवा जंघई थाना मीरगंज उम्र करीब 19 वर्ष गरियांव की तरफ रोड से आते हुए दिखाई दिया जिसे नडार रेलवे क्रासिंग से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की एक अदद मोटरसाइकिल थाना हाजा लाकर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध पहले से पंजीकृत मुकदमें में नाम प्रकाश में लाकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में विवेक कुमार तिवारी थानाध्यक्ष, उ.नि. कमलेश कुमार, का. लक्षमण कुमार, अनवारुल हक, गया प्रसाद पटेल आदि शामिल रहे।

### ट्रक का एक्सेल टूटने से लगा जाम

**चंदवक।** आजमगढ़-वाराणसी मार्ग पर डोभी रेलवे क्रासिंग पर ट्रक का एक्सेल टूटने से दोपहर में डेढ़ घंटे तक भीषण जाम लग गया। पुलिस ने जेबीसी की मदद से ट्रक को हटवाया तब जाकर यातायात बहाल हुआ। बताया जाता है कि वाराणसी से आजमगढ़ की ओर माल लदी ट्रक जा रही थी। डोभी क्रासिंग पार करते ही गड्ढे के कारण एक्सेल टूट गया जिससे दोनों तरफ लंबा जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद जेसीबी की मदद से ट्रक हटवाया तब जाकर यातायात डेढ़ घंटे बाद बहाल हुआ।

## दो वांछित अभियुक्तों को पुलिस ने दबोचा



गिरफ्तार वांछित व पुलिस टीम

**मुंगराबादशाहपुर।** स्थानीय पुलिस ने दो वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी मय उ.नि. राकेश कुमार राय के संयुक्त टीम द्वारा शनिवार को समय करीब 7.30 बजे क्षेत्र भ्रमण व वर्तमान में हो रहे लगातार चोरी व छिनैती, वाहन चोरियों के दृष्टिगत रवाना होकर तरहटी मोड पर मौजूद थे कि तभी दो संदिग्ध प्रमोद यादव पुत्र राकेश यादव 22 वर्ष व इन्द्रजीत यादव पुत्र मंगरू यादव 30 वर्ष निवासीगण छेहता थाना मुंगराबादशाहपुर प्रतापगढ़ तिराहे से आते हुए दिखाई दिये जिनको तरहटी मोड़ पर करीब 7.30 बजे गिरफ्तार कर थाना हाजा लाकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## सुखद स्मृतियों को संजोए लौटी युवा महोत्सव की टीम

समारोह

- प्रदेश से आई टीमों की विश्वविद्यालय परिसर से हुई विदाई
- दो दिनों के कार्यक्रम में आए लोक कलाकारों ने भी रखी अपनी बात
- लोकगीतों के साथ प्रतिभागियों ने मनाया लोहड़ी महोत्सव



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में दो दिवसीय युवा महोत्सव के लिए आई टीम ने शनिवार को अपने अपने विश्वविद्यालयों के लिए सुखद स्मृतियों के साथ रवाना हुई। विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए शिक्षकों एवं टीम लीडरों को विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किए गए कार्यक्रम एवं मेजबानी के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। शुक्रवार की रात प्रतिभागियों ने लोक गीतों के साथ लोहड़ी महोत्सव मनाया।

युवा महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति के लिए आए लोक कलाकार आल्हा सम्राट फौजदार सिंह ने युवाओं से कहा कि नई पीढ़ी को लोक कलाओं में जोड़ने में विश्वविद्यालय की महती भूमिका है। अगर विश्वविद्यालय इसी तरह विद्यार्थियों को अपनी कला के लिए मंच देंगे तो निश्चित तौर पर लोक कलाएं जीवित और फलती फूलती रहेंगीं। इसी क्रम में ख्यातिलब्ध नाटककार अभिषेक पंडित ने कहा कि विश्वविद्यालयों के मंच से प्रतिभा निकलकर अंतरराष्ट्रीय पटल पर पहुंचती हैं। मूक अभिनय के राजकुमार साह ने भी प्रतिभागियों के कला को खूब सराहा। नई दिल्ली से आए बॉलीवुड के कलाकार अखिलेश कुमार ने कहा कि आज की पीढ़ी पढ़ाई के साथ-साथ कला के मर्म को समझेगी तभी वास्तविक भारत का चित्रण हो सकेगा। कला से जुड़े विद्यार्थी की प्रतिभा एक अलग तरीके से निखरती है जिसके दूरगामी परिणाम होते हैं। नोडल अधिकारी डॉ. मनोज मिश्र एवं आयोजन सचिव डॉ. गिरधर मिश्र ने विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए समस्त टीम लीडरों को धन्यवाद ज्ञापित किया। टीम वापसी के समय वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, प्रो. रजनीश भास्कर, डॉ. गिरिधर मिश्र, डॉ. प्रवीण सिंह, सौरभ बी. कुमार, डॉ. श्याम कन्हैया सिंह, लाल बहादुर, जय सिंह सहित परिसर के शिक्षक और वालेंटियर उपस्थित रहे।

## युवक की उपचार के दौरान मौत

**मुफ्तीगंज।** केराकत कोतवाली क्षेत्र के मुर्तजाबाद गांव में ननिहाल में रह रहे एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गयी। एक सप्ताह पूर्व सड़क हादसे में वह घायल हो गया था और वह कोमा में चला गया था। उसका उपचार वाराणसी के ट्रामा सेंटर में चल रहा था जहां छठें दिन उसने दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि सौरां गांव निवासी अनिल यादव अपने ससुराल मुर्तजाबाद गांव में परिवार सहित रहता है। एक सप्ताह पूर्व उसके पुत्र नीरज यादव 28 देवकली बाजार के पास किसी अज्ञात वाहन से घायल होकर कोमा में चला गया था जिसका इलाज ट्रामा सेन्टर बनारस में चल रहा था। इलाज के दौरान छठे दिन उसकी मौत हो गयी।

चर्चा के अनुसार मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। लोगों के अनुसार वह घायल होकर देवकली बाजार के पास रात में बेहोश पड़ा मिला था लेकिन उसकी बाइक में कहीं खरोंच तक नहीं थी।

# तैयारियां पूरी, मकर संक्रांति पर्व आज



दुकान पर पतंग की खरीदारी करते लोग



लाई चूड़ा की दुकानों पर उमड़ी महिलाओं की भीड़

**जौनपुर।** मकर संक्रांति की तैयारी जोरों पर है। जिसको लेकर पिछले दो दिनों से बाजार पूरी तरह से गुलजार है। मकर संक्रांति 15 जनवरी को होने से बाजार में चूड़ा, गुड़, तिलकुट, घीवर, खस्ता तिलकुट की कई दुकाने सजी रहीं और लोगों ने जमकर खरीददारी भी की। वहीं बाजारों में मकर संक्रांति पर्व में सामानों की खरीदारी के लिए सुबह से देर शाम तक लोगों की भीड़ उमड़ी रही। वहीं लोग पुस्तैनी परम्पराओं को निभातें हुए अपने सगे संबंधियों के लिये लाई, तिलकुट, चूड़ा आदि समान खरीद ले जाते हुए नजर आए।

मकर संक्रांति पर पवित्र नदियों में स्नान, दान और पूजन को विशेष महत्व माना गया है। इस दिन सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण होते हैं, साथ ही धनु राशि से निकल कर मकर राशि में प्रवेश करते हैं। मकर राशि में सूर्य के प्रवेश करने के कारण ही इस दिन को मकर संक्रांति कहा जाता है। इस पर्व के साथ ही करीब एक महीने से जारी खरमास समाप्त होता है और रूके हुए सभी शुभ कार्य एक बार फिर से शुरू हो जाते हैं। मकर संक्रांति पर इस साल लोग दो तिथियों को लेकर असमंजस में हैं। अपने संशय को दूर करने के लिए यह जान लें कि मकर संक्रांति तब शुरू होती है जब सूर्य देव राशि परिवर्तन कर मकर राशि में पहुंचते हैं। दो दिन को लेकर मनाए जाने वाले मकर संक्राति पर्व के मद्देनजर बाजार में शनिवार को काफी चहल पहल रही। सुटहट्टी बाजार से लेकर लाइनबाजार तक का क्षेत्र चुड़ा-गुड़ व तिलकुट की खुशबू से महक उठा। एक तरफ व्यापारी तिलावा और तिलकुट बनाने में व्यस्त है तो दूसरी और इन सामानों के लिए बाजार में खरीददारी की काफी भीड़ देखी गई।

त्यौहार

### पूर्व संध्या पर बाजारों में खरीदारों की उमड़ी भीड़

हिन्दू धर्म में खासा महत्व रखने वाले इस पर्व को लेकर बाजार में काफी चहल पहल बढ़ गई है। हालांकि मकर संक्रांति का पर्व रविवार को मनाया जाना है। लेकिन बाजार में दो दिन पहले से ही काफी भीड़ देखते हुए दुकाने सजने लगी। वहीं लोग गुड़, तिल व चूड़ा खरीदने में व्यस्त थे। इस त्योहार में तिल, गुड़ तिलावा व तिलकुट की मांग अधिक होने की वजह से संबंधित दुकानों पर काफी भीड़ देखने को मिली। मकर संक्रांति को लेकर शानिवार को सुटहट्टी बाजार सहित कोतवाली चौहारा, ओलन्दगंज आदि बाजारें ग्राहकों की उमड़ी भीड़ से गुलजार रहा। तो वहीं युवाओं के मनोरंजन के साधन पतंग की दुकानों पर खरीदारों का काफी भीड़ जुटी रहीं। पर्व से जुड़ी सामग्री खरीददारी करने वालों की उमड़ी भीड़ के कारण बाजार में किराना दुकान से लेकर सब्जी दुकान, तिलकुट व पतंग की दुकानों पर ग्राहक पर्व से जुड़ी सामग्री की खरीदारी की तो वहीं दही दुकान पर भी ग्राहकों की भीड़ रही। कपड़ों की दुकानों पर लोग साड़ियों और अन्य सामानों की खरीदारी करते रहे।

## संक्षेप

### किसान का बेटा बना मेडिकल ऑफिसर



**गभिरन।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग परीक्षा परिणाम में जिले के एक किसान के बेटे ने बाजी मारी है। इस प्रतिभावान छात्र का चयन मेडिकल ऑफिसर पद पर हुआ है। उसने इसका श्रेय अपने माता, पिता, गुरु तथा क्षेत्रीयजनों को दिया है। सूचना मिलते ही परिवारीजनों, नात रिश्तेदार तथा शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। खुटहन थाना क्षेत्र के इमामपुर गांव निवासी कृपा शंकर पाल तथा उर्मिला देवी के होनहार पुत्र पंकज कुमार पाल बचपन से ही मेधावी छात्र रहे है। उन्होंने हाइस्कूल की परीक्षा ग्राम विकास इंटर कॉलेज खुटहन से अच्छे नम्बरों से पास किया। उनके पिता खेती किसानी करके किसी तरह बेटे की पढ़ाई में निवेश किया। परिणामस्वरूप बेटे ने यूपीपीएससी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा पास कर क्षेत्र ही नहीं, अपितु जनपद का भी नाम रोशन किया है। इस बड़ी सफलता पर उनके घर बधाई देने वालों का तांता लगा है।

### थाना समाधान दिवस में 4 शिकायती पत्रों का हुआ निस्तारण



थाने में शिकायतों का निस्तारण करते एसडीएम

**बदलापुर।** शनिवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन नवागत एसडीएम रिषभ पुंडीर तथा सीओ शुभम तोदी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। विभिन्न क्षेत्रों से आए कुल 7 फरियादियों ने अपनी जन समस्याओं से संबंधित शिकायती पत्र को उक्त अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया। मौके पर 4 शिकायती पत्रों का निस्तारण हो सका और शेष शिकायती पत्रों को उक्त अधिकारियों द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारियों को देते हुए एक सप्ताह के भीतर कार्यवाही का आश्वासन दिया है। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार पाण्डेय, चौकी प्रभारी अनिल कुमार, लेखपाल अजय पांडेय, बीरेन्द्र कुमार, घनश्याम पटेल, ज्योति, श्रद्धा तिवारी सहित आदि फरियादी मौजूद रहे।

### अपहरण, छेड़खानी व बलात्कार का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



गिरफ्तार आरोपी

**पवांरा।** अपराध की रोकथाम, अपराधियों की धरपकड़ व वांछित की गिरफ्तारी अभियान के तहत मु.अ.सं.137/2022 धारा 354 क व बढ़ोत्तरी धारा 323, 342, 366, 376 आईपीसी एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त पवन कुमार सरोज पुत्र अवधनरायन सरोज निवासी रामपुर सवाई थाना पवांरा को मुखबिर की सूचना पर शनिवार की सुबह थानाध्यक्ष राज नरायन चौरसिया, उपनिरीक्षक अंजनी सिंह ने पुलिस बल के साथ नहर पुलिया से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## नेशनल मेडिको ऑर्गेनाइजेशन शाखा ने गरीबों में वितरित किया कंबल



गरीबों में कम्बल वितरित करते ऑर्गेनाइजेशन के लोग

**जौनपुर।** मकर संक्रांति पर नेशनल मेडिको ऑर्गेनाइजेशन शाखा जौनपुर काशी प्रांत संस्था की तरफ से शनिवार को शहर के सूरज घाट पर कंबल वितरण का कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर जौनपुर संस्था के अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार सिंह ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 151 लोगों को कंबल दिया गया और सचिव विपिन कुमार सिंह व कोषाध्यक्ष मुकेश शुक्ला का कार्य सराहनीय रहा। आए हुए सभी चिकित्सकों ने खिचड़ी का सहभोज किया।

इस अवसर पर न्यूरो सर्जन डॉ. शशि प्रताप सिंह, ऑर्थो सर्जन डॉक्टर नवीन सिंह, ईएनटी सर्जन डॉक्टर राजेश कुमार, दंत रोग विशेषज्ञ संजीव पांडे, डॉ. कौशिक, डॉक्टर विकास सिंह, डॉ. संदीप सिंह, डॉ. प्रमोद सिंह, डॉ. वीके सिंह, डॉ. गौरव सिंह, सतीश कनौजिया, डॉक्टर विपुल सिंह, डॉ. अजय पांडे, राकेश सिंह मुरारी व अमित निगम उपस्थित रहे। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ काशी प्रांत अध्यक्ष ऑर्थो सर्जन डॉक्टर सुभाष सिंह व सह सचिव काशी प्रांत डॉक्टर विकास सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

## दो बाइकों में हुई भिड़ंत, एक घायल

**पवांरा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत उचौरा बाजार में शुक्रवार की शाम करीब सात बजे दो बाइकों में जोरदार भिड़न्त हो गयी। इस दुर्घटना में एक बाइक चालक लालमनि पाण्डेय पुत्र मुरलीधर पाण्डेय निवासी जलालपुर थाना सरायममरेज जिला प्रयागराज गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि दूसरा बाइक सवार मौके से फरार हो गया।

घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची और उसे एम्बुलेन्स के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सतहरिया पहुंचवाय, जहां चिकित्साधिकारी ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखते हुए बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पर परिजन भी पहुंच चुके थे और उसे स्वरुपरानी नेहरु अस्पताल प्रयागराज लेकर गये जहां उसका इलाज चल रहा है।

## सड़क नहीं बनने पर ग्रामीणों का प्रदर्शन



**धर्मापुर।** गौराबादशाहपुर कस्बे के कुकुहा मोड़ सखैला वार्ड तीन के नागरिकों ने शनिवार की दोपहर सड़क नहीं बनाये जाने के विरोध में प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया।

ग्रामीणों का कहना की यह चकरोड मार्ग कुकुहा मोड़ से होकर डॉ. विकास सोनकर के घर होकर बंजारेपुर की तरफ पहुंचता है। करीब दो सौ घरों के लोगों का आना जाना इस मार्ग से होता है। मगर बरसात होने के बाद इस मार्ग से पैदल गुजरना मुश्किल हो जाता है। कई बार ग्रामीणों ने इस मार्ग को बनाने के लिए कई बार उपजिलाधिकारी, जिलाधिकारी और नगर पंचायत के इओ से मांग की थी।

आश्वासन मिला था कि बरसात बाद निर्माण शुरू होगा। बरसात खत्म होने के बाद भी सड़क का निर्माण कार्य शुरू नही हुआ जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। प्रदर्शन करने वालों में अनिल सोनकर, पिंटू सोनकर, राजबहादुर सोनकर, डब्लू सोनकर, राशिद कमाल, सोनू सोनकर, शेरू सोनकर, प्रदीप सोनकर आदि ग्रामीण उपस्तिथ रहे।

# पतंग महोत्सव के माध्यम से दिया गया स्वच्छता का संदेश

कार्यक्रम

### डीएम मनीष वर्मा व डा. अंकिता राज ने भी उड़ायी पतंग, मकर संक्रांति की दी बधाई

### शाही किले में नगर पालिका परिषद के सौजन्य से हुआ भव्य आयोजन



शाही किले में पतंग उड़ाते डीएम और उनकी धर्मपत्नी

**जौनपुर।** स्वच्छ भारत मिशन नगरी की कड़ी में स्वच्छ विरासत अभियान के अन्तर्गत शाही किला में नगर पालिका परिषद द्वारा पतंग महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, विशिष्ठ अतिथि आकांक्षा समिति अध्यक्ष डा. अंकिता राज व अपर जिलाधिकारी (भू.रा.) गणेश प्रसाद सिंह का ईओ संतोष कुमार मिश्र व समाज सेवी संस्थाओं के लोगों ने बुके व पतंग देकर स्वागत किया। अतिथियों का स्वागत सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने किया।

इस अवसर पर पतंग की डोर स्वच्छता की ओर पतंग प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें जनपद के प्रसिद्ध पतंगबाजों ने भाग लिया। मो. शकील गद्दा प्रथम, माजिद मंसूरी द्वितीय व पंकज वर्मा तृतीय स्थान पर रहे। लोगों ने पतंग उड़ाकर स्वच्छता के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया। इस पतंग महोत्सव का मुख्य आकर्षण जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा व डा. अंकिता राज का जोश के साथ पतंग उड़ाना रहा। इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने सभी को लोहड़ी व मकर संक्रांति की बधाई देते हुए कहा कि स्वच्छ विरासत अभियान के अंतर्गत 14 जनवरी से 24 जनवरी तक पर्यटक और ऐतिहासिक स्थल को स्वच्छ धरोहर के रूप में स्थापित करने के साथ-साथ स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने की जनभागीदारी लाने, देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को ऐतिहासिक स्थलों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण लाने, सभी पर्यटक और स्थानीय लोगों को स्वच्छता और स्वच्छ भारत मिशन के प्रति जागरूक करने स्वच्छता परमो धर्म के मूल सिद्धांत को निरंतरता देने हेतु है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि चायनीज मांझा का प्रयोग बिल्कुल भी न करें, चायनीज मांझा बेचना व प्रयोग करना मना है। आकांक्षा समिति अध्यक्ष डा. अंकिता राज ने कहा कि जनपद के लोगों में पतंगबाजी का बहुत शौक है। पतंग महोत्सव/प्रतियोगिता आयोजन का उददेश्य लोगों को साफ सफाई व स्वच्छता के लिए प्रेरित व जागरुक करना है। ईओ संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि अभियान के अंतर्गत विरासत स्थल की तरफ जाने वाले समस्त मुख्य मार्गों को गड्ढा मुक्त करना, विरासत स्थल पर रेड येलो स्पॉट को साफ करना, एसबीएम प्रोटोकॉल के अनुसार दो डस्टबिन (नीला और हरा) की उपलब्धता, शौचालय की सुविधा, सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध, कचरे से वेस्ट टू हेल्थ की गतिविधियां करना नगर पालिका द्वारा किया जा रहा है। उक्त स्थल पर स्वच्छ विरासत के लिए प्रेरित करने हेतु बनाई गई सेल्फी प्वाइंट पर लोगो में फोटो खिंचवाने के लिए उत्सुकता देखा गया। आभार ईओ नगर पालिका परिषद संतोष कुमार मिश्र ने व्यक्त किया, संचालन सलमान शेख ने किया। इस अवसर पर डा. जावेद पप्पू, स्वच्छता अभियान के ब्रांड एम्बेसडर स्वराम शर्मा, अमित गुप्ता, उर्वशी सिंह, प्रदीप सिंह रिंकू, एसआई हरिशचंद्र यादव, अवधेश चंद्र, डीपीएम अमित यादव, ओएस अनिल यादव, जेई राग्नी मौर्या, अबूजर शेख, विकास यादव, सरस गौण आदि सहित विभिन्न संस्थाओ के लोग उपस्थित रहे।

# खिचड़ी सहभोज के आयोजन से बढ़ता है सामाजिक सद्भाव : पुष्पराज

जनसंदेश न्यूज



**जौनपुर।** सामाजिक एकता, समरसता, ओजस्विता एवं प्रगति के पर्व मकर संक्रांति पर खिचड़ी सहभोज के आयोजन से सामाजिक सद्भाव और समरसता में वृद्धि होती है और इस तरह का आयोजन समाज के सभी जाति धर्म पंथ और वर्ग के लोगों को एकजुट रखने में सहायक होती है। उपरोक्त बातें भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने नगर दक्षिणी में आयोजित खिचड़ी सहभोज कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

पूर्व जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र सिंह ने मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए कहा कि पूरे भारत वर्ष में यह त्योहार विभिन्न नामों से मनाया जाता है। सभी प्रांतों में इस त्योहार को मिल जुलकर मनाने की परंपरा रही है। नगर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव ने कहा कि इस तरह के आयोजन से भाजपा के कार्यकर्ता वर्ग, मत, पथ, संप्रदाय को जोड़कर संपन्न और सशक्त भारत का निर्माण करना चाहते हैं। भारतीय जनता पार्टी जिला महामंत्री अमित श्रीवास्तव ने कहा कि समाज के सभी दबे, कुचले, शोषित, अमीर, गरीबों के साथ भोजन कर ऊंच-नीच जात पात का भेदभाव खत्म करने का जो प्रयास भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता प्रत्येक वर्ष मकर संक्रांति के अवसर पर करते हैं वह समाज के अन्य लोगों के लिए अनुकरणीय है। निवर्तमान नगर अध्यक्ष आशीष गुप्ता एवं अपना दल के राष्ट्रीय सचिव पप्पू माली ने कहाकि खिचड़ी सहभोज के कार्यक्रम से सामाजिक एकता बलवती होती है। भारतीय जनता पार्टी सभासद दल के नेता नंद लाल यादव ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में सहभोज कार्यक्रम आदि काल से चला आ रहा है जो हमारी समृद्ध परंपरा का द्योतक है। पंजाबी अकादमी उत्तर प्रदेश सरकार के सदस्य जसविंदर सिंह एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष अनिल गुप्ता ने भी खिचड़ी सहभोज के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि साथ बैठने से, साथ भोजन करने से परस्पर प्रीति बढ़ती है और संगठन मजबूत होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव ने की। आए हुए अतिथियों का आभार कार्यक्रम संयोजक/नगर अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा शिव कमल मौर्य ने प्रकट किया। भारतीय जनता पार्टी नगर दक्षिणी इकाई द्वारा आयोजित खिचड़ी सहभोज में रिक्शा चालक, ठेला चालक, श्रमिक बंधुओं व स्थानीय लोगों ने सहभागिता की। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, कृष्ण कुमार जायसवाल, भूपेंद्र सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष श्याम मोहन अग्रवाल, सूर्य प्रकाश सिंह मुन्ना, मिलन श्रीवास्तव, मानिक चंद सेठ, रतन निषाद, श्रवण मौर्य, भूपेंद्र पांडे, अभिषेक कुमार, आयुष अस्थाना, राजवीर सिंह, पंकज श्रीवास्तव, सिपिन सिंह, अजीत श्रीवास्तव, रोहन सिंह, प्रदीप गुप्ता, अंकित सिंह, रोहित मौर्य आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

नेक कार्य

### मकर संक्रांति पर्व पर भाजपा ने आयोजित किया कार्यक्रम

# गंगा घाट का एएसपी ने किया निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज


घाट का निरीक्षण करते अधिकारीगण

**भदोही।** सेमराधनाथ माघ मेला कल्पवास की सुरक्षा एवं शान्ति व्यवस्था का जायजा अपर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा भ्रमण कर लिया गया। सुरक्षा के दृष्टिगत माघ मेले मे पर्याप्त पुलिस बल, बैरिकेटिंग, जल पुलिस, नाविक, गोताखोर, महिला पुलिस की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा दिए गए निर्देश।

सेमराधनाथ माघ मेला व कल्पवास की तैयारियों एवं शान्ति व्यवस्था हेतु डॉ. अनिल कुमार पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में राजेश भारती अपर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा सेमराधनाथ माघ मेला का स्थलीय निरीक्षण करते हुए सुरक्षा.व्यवस्था का मुआयना किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा सुरक्षा के दृष्टिगत मेले में पर्याप्त पुलिस बल, बैरिकेटिंग, जल पुलिस, नाविक, गोताखोर, महिला पुलिस की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए गए।

शनिवार को मकरसंक्रान्ति में सम्भावित भीड़ की दृष्टिगत उनकी सुरक्षा व्यवस्था हेतु मेला अधिकारी उप जिलाधिकारी ज्ञानपुर व पुलिस क्षेत्राधिकारी को मेला को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को कुशलता के साथ पूर्ण कराने का निर्देश दिया। जनपद में सेमराधनाथ धाम माघ मेला अन्तर्गत मकर संक्रान्ति पर रामपुर घाट एवं सीतामढ़ी घाट पर भी उपर्युक्त आवश्यक व्यवस्थाएं किया गया है।

## दलित बस्ती में भाजपा नेता ने बांटा कम्बल

**गोपीगंज।** भाजपा के वरिष्ठ नेता गगन गुप्ता अपनी पत्नी सरिता गुप्ता के साथ गोपीगंज नगर के दलित बस्ती में कंबल का वितरण किया। इस दौरान सरिता गुप्ता ने कहा कि दान का कोई स्वरूप नही होता। दलितों, गरीबों की सेवा ही ईश्वर की सेवा है। कंबल पाने वालो ने कहा कि इनका काम सराहनीय कदम है। कहा जाता है कि जिसका कोई सहारा नहीं होता उसका भगवान ही सहारा होता है।एक ओर जहा ठिठुरती ठंढ मे रजाई एवं कम्बल के सहारे घरों में लोग सो जाते है, लेकिन उसकी जिंदगी कैसे गुजरती होगी जो एक साधारण चादर के सहारे ठंढी रात गुजारते है। असहायो पर सबकी दया नही होती बल्कि भगवान की जिसपर कृपा होती है वही इस तरह के पुन्य कार्य करते हैं। सरिता गुप्ता ने बताया कि यह कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। नगर में प्रशासन द्वारा अभी तक कंबल वितरण नहीं करने से इस तरह आयोजन शुरू करना पड़ा। जो लोगों द्वारा सराहनीय कदम बताया जा रहा है।

## जेलर ने जिला कारागार में महिला बंदियों में बांटा शॉल

जनसंदेश न्यूज

**नेक कार्य**

**सभी बंदियों को मकर संक्रांति पर खिलाई गयी खिचड़ी**



जिला कारागार में महिला बंदियों को शॉल वितरित करते जेलर राजेश वर्मा

**ज्ञानपुर।** जिला कारागार ज्ञानपुर में कैदियों को ठण्ड से बचाव के लिए जेल में निरूद्ध बन्दियों को मकर संक्रान्ति के अवसर पर शनिवार को महिला बन्दियों को कारागार प्रशासन की तरफ से जेलर राजेश वर्मा ने महिला बन्दियों को गर्म शाल वितरित किया। महिला बन्दी के साथ रह रहे एक बच्चे को ऊनी वस्त्र व जूता-मोजा प्रदान किया गया।

शाल वितरित करते हुए जेलर राजेश वर्मा ने कहा कि जरूरतमंदों की मदद करना पुनीत कार्य है। जेल में निरुद्ध बंदियों को ठंड से बचाव हेतु पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। शाल वितरण के दौरान सभी बंदियों को संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए खिचड़ी खिलाई गयी। बताया कि इस ठंड के मौसम में महिला बंदियों के पास बचाव के अलावा कोई और व्यवस्था न होने से ये इंतेजाम उनके लिए बड़ा सहारा बनेगा। बताया कि महिला बन्दियों के बच्चों के साथ खुशी बांटने का एक अलग ही अनुभव रहा है। इस अवसर पर शिक्षा अध्यापक संजय राय, अनिल श्रीवास्तव, शालू सिंह, शिखा पटेल, आकांक्षी वर्मा एवं राजेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### रात के अंधेरे में नगर अध्यक्ष ने जरूतमंदो में बांटा कम्बल



**गोपीगंज।** नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष श्रीकांत जायसवाल ने शुक्रवार की देर रात्रि को सड़को पर निकलें और गरीब बेसहारों मजबूर लोगो को कंबल वितरण किया। ऐसे जरूरतमंद जिनके पास आशियाने भी नही थे।सड़क के किनारे, बस स्टैंड पर, रेलवे स्टेशन पर डिवाइडर पर सो रहे थे। उन्हे पता भी नहीं चला कि कौन लोग आए और सोते समय कंबल डाल कर चले गए। जब सुबह उनसे संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया की हमे पता ही नही चला की कौन ईश्वर का दूत आया और हम मजबूरों असहायों की मदद की। जब इस संबंध में श्रीकांत जायसवाल से संपर्क किया तो उन्होंने बताया की अभी 1250 कंबल का वितरण किया गया था। परंतु आत्मा को शांति नहीं मिली थी। अंतरात्मा की आवाज पर आज गरीबों, असहायों की मदद करने निकला हूं, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, जीटी रोड, ज्ञानपुर रोड आदि स्थानों पर दो दर्जन कंबल का वितरण किया है, और हमेशा मदद करने का प्रयास करता रहूंगा।

### ग्राम पंचायत सचिवालय सहित 32 लाख रुपये के विकास कार्यो का लोकार्पण आज

**ज्ञानपुर।** सुरियावां ब्लॉक के महजूदा गांव के ग्राम सचिवालय सहित दो इंटरलाकिंग सड़कों, जनपद के पहले पब्लिक एड्रेस सिस्टम व संकुल भवन के सुंदरीकरण के कार्यो का लोकार्पण मुख्य अतिथि जिलाधिकारी गौरांग राठी व विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी के कर कमलो द्वारा रविवार को सम्पन्न होंगा। जानकारी देते हुए ग्राम प्रधान राजमणि पांडेय ने बताया कि ग्राम सभा द्वारा बनाये गए ग्राम पंचायत सचिवालय सहित लगभग 32 लाख रुपये के विभिन्न कार्यो का लोकार्पण किया जाएगा।

### अगलगी से बकरी व बकरे की मौत

**ज्ञानपुर।** भदोही लोकसभा क्षेत्र के जिला प्रयागराज एवं भदोही सीमा पर स्थित चकमासूम गांव निवासी लालमन बिंद के छप्पर में आग लग जाने के कारण उसमें बांधी गई एक गर्भवती बकरी एक बकरा दो बच्चा झुलस कर मर गए। लालमन दिव्यांग व्यक्ति है। किसी तरह बकरी चरा कर जीवन यापन करता था। दुर्भाग्य से उसका रोजी रोटी भी चली गई। ग्राम प्रधान काली प्रसाद सरोज ने सांसद रमेश चंद बिंद व जिला प्रशासन से प्रदेश शासन से समुचित मुआवजे की मांग की है।

### वनवासी बस्ती में खिचड़ी बांटकर मनाया पर्व

**सुरियावां।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर अवधेश ऊमर वैश्य पूर्व जिला महामंत्री भाजपा ने कार्यकर्ता एवं समर्थको के साथ नगर के वनवासी बस्तियों में खिचड़ी सामग्री का वितरण किया। उन्होंने कहा कि उत्तरायण सूर्य देव सभी नगर एवं क्षेत्र वासियों में नई ऊर्जा एवं उत्साह का संचार करें। इस अवसर पर शेषधर गुप्ता,डा. सन्तोष ऊमर, सुरेन्द्र तिवारी, छेदीलाल, दिनेश कौशल, आलोक उपाध्याय, पिण्टू विश्वकर्मा, मन्नू जायसवाल,भृगु नारायण, विकास वर्मा, चन्द्रमा उपाध्याय, जयचंद यादव, मूलचंद गुप्ता, रेशमा बानो, रीना श्रीवास्तव, पहपट, सजन जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

### दलित बस्ती में भाजपा नेता ने बांटा कम्बल



**गोपीगंज।** भाजपा के वरिष्ठ नेता गगन गुप्ता अपनी पत्नी सरिता गुप्ता के साथ गोपीगंज नगर के दलित बस्ती में कंबल का वितरण किया। इस दौरान सरिता गुप्ता ने कहा कि दान का कोई स्वरूप नही होता। दलितों, गरीबों की सेवा ही ईश्वर की सेवा है। कंबल पाने वालो ने कहा कि इनका काम सराहनीय कदम है। कहा जाता है कि जिसका कोई सहारा नहीं होता उसका भगवान ही सहारा होता है।एक ओर जहा ठिठुरती ठंढ मे रजाई एवं कम्बल के सहारे घरों में लोग सो जाते है, लेकिन उसकी जिंदगी कैसे गुजरती होगी जो एक साधारण चादर के सहारे ठंढी रात गुजारते है। असहायो पर सबकी दया नही होती बल्कि भगवान की जिसपर कृपा होती है वही इस तरह के पुन्य कार्य करते हैं। सरिता गुप्ता ने बताया कि यह कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। नगर में प्रशासन द्वारा अभी तक कंबल वितरण नहीं करने से इस तरह आयोजन शुरू करना पड़ा। जो लोगों द्वारा सराहनीय कदम बताया जा रहा है।

### क्रिकेट मैच के लिए पत्रकार एकादश टीम घोषित

**भदोही।** जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे यातायात सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान के समर्थन में रविवार को चिकित्सक और पत्रकार भी क्रिकेट के मैदान में दो-दो हांथ करेंगे। अभयनपुर मैदान में चल रहे क्रिकेट टूनार्मेंट के दर्मियान यह मैत्री मच रविवार को सुबह 10.30 बजे से खेला जाएगा। इस मैच के लिए पत्रकार एकादश के कप्तान साजिद अंसारी ने टीम की घोषणा करते हुए बताया कि टीम में अजय राय, कैसर परवेज, पंकज उपाध्याय, फिरोज खां, शाहनवाज खां, मिसबाह खां, चंद्रबालक राय, आफताब अंसारी, नैरंग आलम खां, संजय केशरी, हैदर संजरी, खुर्शीद खां, सुरेश गुप्ता, मुन्ना खां आदि शामिल हैं। पत्रकार एकादस के कप्तान ने टीम के सभी खिलाड़ियों से रविवार 10 बजे अभयनपुर मैदान पहुचने का आग्रह किया है।

### थाना समाधान दिवस का हुआ आयोजन

**शाहगंज।** कोतवाली परिसर में सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन उपजिलाधिकारी अंकित कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें फरियादियों ने कुल 6 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जिसमें पांच राजस्व से सम्बंधित व एक पुलिस से मौके पर एक भी प्रार्थना पत्र का निस्तारण नहीं हो सका। दो मामले में टीम रवाना किया गया है। इस दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सदानंद राय, अपराध इंस्पेक्टर जनार्दन यादव, एसआई विजय सिंह गौड़, एसआई वरूणेन्द्र राय, एसआई प्रभूनाथ यादव, प्रशांत पांडे समेत राजस्वकर्मी मौजूद रहे।

### भाजपा शासन के विकास को देख सियासी पार्टियों में घबराहट : लक्ष्मण आचार्य



**करंजाकला।** विधान परिषद के उपनेता एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण आचार्य ने कहाकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आवास योजना प्रदेश की जनता के लिए मील का पत्थर साबित हो रही है। मूलभूत समस्या को यूपी सरकार ने खत्म करने का कार्य किया है। लोग खुशहाल है, योगी और मोदी का डंका बज रहा है। विपक्षी पार्टियों के पास अब कोई मुद्दा नही रह गया है। वह शनिवार को ब्लॉक के भकुरा स्थित एक पब्लिक स्कूल में जनकल्याण कार्यक्रम के तहत कम्बल वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि कही। श्री आचार्य ने कहा कि धर्मवाद, जातिवाद और भाषा के नाम पर राजनीति करने वालों को जनता ने नकार दिया है। आज सभी स्कूलों में कायाकल्प योजना के तहत विद्यालयों की तस्वीर बदली जा चुकी है। हर गरीब के घरों में शौचालय और खाना बनाने के लिए उज्जवला योजना दी गयी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कोरोना की दवा बनाकर पूरे भारत में निःशुल्क दवा देकर लोगों की जिंदगी बख़्शी है। करोड़ो बेसहारा लोगों को मुफ़्त राशन का वितरण हुआ है जितना विकास भाजपा शासन में हुआ है, उसे देखकर सियासी पार्टियों की नींद हराम हो गई है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबन्धक ओमप्रकाश सिंह ने जबकि संचालन आनन्द सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अशोक सिंह, सुशील मिश्रा, श्याम कनहैया सिंह, रामतेज पांडेय, अश्वनी कुमार सिंह, अनिल पांडेय, शिव बहादुर सिंह समेत अन्य लोग शामिल रहे।

### श्रद्धा से मना मां महा मैत्रायणी योगिनी का निर्वाण दिवस

**जौनपुर।** अघोरेश्वर महाप्रभु अवधूत भगवान राम की जननी मां महा मैत्रायणी योगिनी का निर्वाण दिवस शनिवार को श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर रामरायपट्टी वन विहार रोड स्थित श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा कार्यालय पर गरीब व जरुरतमंद लोगों को 300 कम्बल वितरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अघोरेश्वर महाप्रभु व गुरुपद बाबा के पूजन व आरती से हुआ। विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने मां महा मैत्रायणी योगिनी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा किया। कहा कि मां योगिनी महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने महिलाओं को नई दिशा दी। श्री सर्वेश्वरी समूह के माध्यम से मानव सेवा, दीन दुखियों की मदद से सम्बन्धित 19 सूत्रीय कार्यक्रमों का निर्धारण किया। इस मौके पर शाखा मंत्री ओमप्रकाश सिंह, डॉ. अरविंद सिंह, तेज बहादुर सिंह, भानुप्रताप सिंह, राना प्रताप सिंह, राजेश प्रताप सिंह, विकास सिंह, अजीत रावत, संत कुमार, नवीन सिंह आदि मौजूद रहे।

### सामाजिक समरसता और राष्ट्र सेवा का पर्व है मकर संक्रांति

**मछलीशहर।** नगर के कायस्थाना मोहल्ले में स्थित एक विद्यालय के प्रांगण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाया गया। समारोह के प्रारंभ में भारत माता के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर देश के प्रति सदैव समर्पित रहने का संकल्प दिलाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि और क्षेत्र बौद्धिक शिक्षा प्रमुख मिथिलेश ने समारोह को संबोधित करते हुए कहाकि मकर संक्रांति का पर्व सामाजिक समरसता का भी पर्व है जिस प्रकार लड्डू और खिचड़ी अलग-अलग खाद्य पदार्थों को मिला कर तैयार किए जाते हैं उसी तरह हिंदू धर्म को भी सशक्त बनाने के लिए ऊंच-नीच और जात पात का बंधन तोड़ना पड़ेगा तभी हिंदुत्व मजबूत होगा। समारोह को नगर संघचालक उमेश ने भी संबोधित किया।

## केंद्रों पर सात दिनों तक होने वाला नियमित टीकाकरण आज से शुरू

जनसंदेश न्यूज

**तैयारी**

**केन्द्रों पर पर्याप्त मात्र में वैक्सीन रहेगी उपलब्ध**

**भदोही।** विभाग ने अर्बन के चार केन्द्रों पर सात दिनों तक नियमित टीकाकरण करने की व्यवस्था शुरू की है। इस आशय की जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर सन्तोष कुमार चक ने दी।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि नियमित टीकाकरण से वंचित बच्चों को प्रतिरक्षित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने नई पहल की है, जिसके तहत 15 जनवरी से महाराजा चेतसिंह जिला चिकित्सालय ज्ञानपुर, महाराजा बलवंत सिंह चिकित्सालय, राजकीय चिकित्सालय भदोही व 100 शैया संयुक्त चिकित्सालय सरपतहां ज्ञानपुर में सातो दिन सुविधा उपलब्ध होगी। टीकाकरण की सुविधा होने से बच्चो को विभिन्न बीमारियों से बचाया जा सकेगा और शत प्रतिशत टीकाकरण हो कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे। टीकाकरण बच्चो को हानिकारक रोगों से बचाने का एक सरल, सुरक्षित और प्रभावी उपाय है, इससे पहले की वह रोगों के संपर्क में आएं।

टीकाकरण द्वारा पोलियो, डिष्थीरिया, टिटनेस और खसरा जैसी रोगों से बचाया जा सकता है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि बच्चो को जन्म के बाद से दिये जाने वाले नियमित टीकाकरण का होना बहुत ही आवश्यक है।

नियमित टीकाकरण के जरिये बच्चो को 12 बीमारियों से आसानी से बचाया जा सकता है। बचपन में होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए सबसे बेहतर उपाय टीकाकरण है। ये सारे टीके बिल्कुल निःशुल्क लगाया जायेगा।

## बरगदा हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड के बाद भंडारे का हुआ आयोजन

**गोपीगंज।** मकर सक्रांति के दिन शनिवार को प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गोपीगंज नगर के पड़ाव स्थित बरगदा हनुमान मंदिर पर सुंदर काण्ड का आयोजन किया गया। उसके बाद विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। भंडारे में मुख्य रुप से रामचंद्र उर्फ कानपुरी अपने 15 सहयोगियों के साथ भंडारे का कार्य भार निःस्वार्थ भाव से करते है। मुख्य पुजारी अजय कुमार दुबे उर्फ अज्जू गुरु ने बताया कि हम पैतीस वर्षो से पुजारी है और पूजा करते कराते चले आए है। यहां का भंडारा ग्रामीणों, भक्तों के सहयोग से किया जाता है। जिसमें हजारों की संख्या में भक्त प्रसाद ग्रहण करते हैं। इसमें प्रमुख रूप से सहयोगियों में पूर्व ब्लाक प्रमुख बबलू उर्फ अखिलेश्वर प्रताप सिंह, पप्पू , मनीष सिंह, पांडेय चायवाले, शिबू सिंह, आस बहादुर सिंह, नवीन सिंह चौरसिया, अरुण मिश्रा सहित काफी संख्या में लोगों का योगदान रहता है।

## नए सत्र में प्राथमिक विद्यालय स्मार्ट क्लास से होग युक्त: डीएम गौरांग राठी

**आयोजन**

**पल्हैया गाँव में जन चौपाल आयोजित कर डीएम ने विकास कार्यों का लिया फीडबैक**

**60 ग्रामीणों को फ्लोराइड वाटर फिल्टर का किया गया वितरण**


जन चौपाल के दौरान ग्रामीणों से विकास कार्यों का फीडबैक लेते डीएम गौरांग राठी

**भदोही।** जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में शासन की सर्वोच्च विकास प्राथमिकता कार्यो का₹प्रशासन आपके द्वार₹ के अंतर्गत, ग्राम पल्हैया वि. ख एवं तहसील भदोही में ₹जन चौपाल गॉव की समस्या, गॉव में समाधान कार्यक्रम लगाकर समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध निस्तारण व फ्लोराइड वाटर फिल्टर वितरण किया गया ।

जिलाधिकारी ने जन चौपाल में सभी को मकर संक्रांति की बधाई व शुभकामना देते हुए बताया कि गांधी जी ने कहा था भारत की आत्मा गांवों में बसती है। पल्हैया गांव के प्रत्येक नागरिक को सड़क, बिजली, पानी उत्तम शिक्षा व स्वास्थ्य की सुविधा मुहैया हो, तभी गांव का प्रत्येक नागरिक सुशासन, प्रशासन से जुड़ा महसूस करेगा। नवागत मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार ने जन चौपाल को संबोधित करते हुए छात्र छात्राओं के अभिभावकों से कहा कि शिक्षा ही विकास की मुख्यधारा है, जिससे देश का विकास होगा। उन्होंने कहा कि कोई भी गरीब परिवार मुफ्त खाद्यान्न वितरण योजना से न छूटे तथा अमीरों का नाम सख्ती से कदम उठाते हुए काटे। उन्होंने लेखपाल को अंत्योदय लाभार्थियों की जांच कर रिपोर्ट प्रेषित करने का निर्देश दिया। उन्होंने गोवंश, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, दैवीय आपदा, अन्य योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत कराया। जन चौपाल में उपायुक्त मनरेगा, उप जिलाधिकारी भदोही, क्षेत्र अधिकारी भदोही, बीएसए, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, डीएसओ व जनता जनार्दन उपस्थित रहे।

## गाजीपुर को तीन गोल से हरा कर चंदौली बना चैंपियन

**खेल कूद**

**चौधरी चरण सिंह फुटबाल प्रतियोगिता**


विजेता टीम को पुरस्कृत करते विधायक तुफानी सरोज

**केराकत।** नार्मल स्कूल के मैदान में केराकत डेवलपमेंट एकेडमी के तत्वाधान में खेले जा रहे स्व. चौधरी चरण सिंह स्मारक राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का फाइनल मैच शनिवार को टाउन स्पोर्टिंग क्लब मोहम्मदाबाद गाजीपुर और धानापुर चन्दौली के बीच खेला गया जिसमें चन्दौली की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन गोल से मैच जीतकर प्रतियोगिता अपने नाम कर ली। प्रथम हाफ में दोनों टीमों के खिलाड़ी फुटबाल पर आक्रामक प्रहार करते हुए रोमांचक मैच का प्रदर्शन किया। खेल के 15वें मिनट में पेनाल्टी शूट के माध्यम चन्दौली के खिलाड़ी ने पहला गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। इस दौरान मैदान में खचाखच भरे हजारों की भीड़ खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करती रही। वहीं दूसरे हाफ के मैच में खिलाड़ियों ने जबर्दस्त मैच का प्रदर्शन किया। चन्दौली के खिलाड़ी ने दूसरे हाफ के 20वें मिनट में दूसरा गोल दागकर अपनी टीम को दो गोल से बढ़त दिला दी। खेल के आखिरी क्षणों में चन्दौली के खिलाड़ियों ने तीसरा गोल दाग दिया। गाजीपुर के खिलाड़ी अंत तक एक भी गोल नहीं कर सके। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक तुफानी सरोज ने कहाकि ग्रामीण अंचलों में जो प्रतिभाएं उनको विकसित करने के इस प्रकार की प्रतियोगिता को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहाकि देश में खुशहाली का रास्ता खेत और खलिहानों से होकर जाता है, यही सोच देश के विकास को तरक्की देगा। मौके पर विशिष्ट अतिथि सुमन,सरिता, माधुरी , चन्द्रसेन,आजाद कुरैशी, रमाशंकर , गुड्डू ,राजू , कृष्णाआदि रहे। निर्णायक राजेश यादव, राहुल सोनकर, स्वतंत्र कुमार यादव, विनीत सोनकर रहे। मैच का संचालन विरेन्द्र कुमार यादव वीरू ने किया।

## शरारती तत्वों ने पंपिंग सेट पर रखे बाजरे के बोझ में लगाई आग

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के बंजारी गांव मे पंपिंग सेट पर रखे बाजरे के बोझ मे शरारती तत्वों ने आग लगा दिया। घटना मे डेढ़ सौ बाजरे का बोझ व सिचाई के लिए रखा पाइप जल गया। इस संबंध में पीड़ित संतोष कुमार पांडेय ने गोपीगंज थाने मे तहरीर देकर घटना से अवगत कराया। प्रभारी निरीक्षक को तहरीर देकर अवगत कराया कि बंजारी स्थित आवास के समीप स्थित पंप पर डेढ़ सौ बाजरे का बोझ बांध कर रखा गया था। 13 जनवरी की रात में अज्ञात व्यक्ति द्वारा पशु चारा में आग लगाकर कुएं के अंदर डाल दिया गया, जिसकी वजह से प्लास्टिक पाइप जलकर नष्ट हो गई और साथ में नीम का पेड़ जलकर नष्ट हो गया। कुछ शरारती लोग आये दिन प्राथी का नुकसान कर दे रहे हैं, ऐसे लोगों से सुरक्षा की गुहार लगाते हुए शरारतीतत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

जनसंदेश न्यूज



**मुफ्तीगंज।** जंगी महाविद्यालय असबरनपुर में पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव के निधन के उपरांत श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर केराकत विधायक तूफानी सरोज कहाकि शरद यादव आरक्षण के जनक थे। वे हमेशा पिछड़े दलितों की लड़ाई लड़ा करते थे। जब वह सदन में खड़े होकर पिछड़े दलित के हक अधिकार की मांग करते थे तो पूरे देश में उनकी आवाज गूंजती थी। सदन में पूरी तरह से सन्नाटा हो जाता था और लोग बड़ी गंभीरता से उनकी बातों को सुनते थे कि शरद यादव बोल रहे हैं कोई नया पन सदन में आने वाला है। उन्हें देश के सर्वश्रेष्ठ सांसद के रूप में सम्मानित किया गया था। आज भले शरद यादव हमारे बीच में नहीं है लेकिन उनकी कीर्ति हमेशा हमेशा के लिए अमर रहेगी। शरद यादव के राजनीतिक जीवन का चरम बिंदु 1989 में तत्कालीन वीपी सिंह सरकार में मंत्री रहते हुए पिछड़ों को नौकरी व शिक्षा में आरक्षण की सिफारिश करने वाली मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू करवाना था और वीपी सिंह सरकार के मंत्रिमंडल में दो युवा सहयोगियों में शरद यादव और रामविलास पासवान ने उन पर दबाव डालकर आरक्षण लागू करवाया था। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से पूर्व सपा जिला अध्यक्ष डॉ. अवधनाथ पाल, पूनम मौर्या, संजय राजभर, जियाउल हक, सुरेश यादव, हरिराम यादव, इश पटेल आदि लोग मौजूद रहे।

## मकर संक्रांति पर पत्थर शिल्पियों का सम्मान



**शाहगंज।** मकर संक्रान्ति पर्व पर सामाजिक समरसता को समर्पित पत्थरों को तराश कर मूर्ति का रूप देनें वाले नगर से सटे हुए बिलारमऊ में मूर्ति शिल्पकार परिवार पूजन एवं सम्मान का कार्यक्रम संस्कार भारती द्वारा सम्पन्न किया गया। यह पथरकट्ट परिवार वर्षों से अभावग्रस्त होते हुए भी हिन्दू धर्म से कभी भी विचलित न होकर स्वयं बेडौल पत्थरों को तराश कर मूर्तियां बनातें हैं जो कालान्तर में हमारे लिए ही पूज्य होतें हैं। फिलहाल यह समाज प्रायः सड़कों के किनारे मूर्तियों को बना-सजा एवं बेचकर अपना जीविकोपार्जन करतें हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के संरक्षक हनुमान अग्रहरि, संजय, विशिष्ट अतिथि अरविंद के साथ ही संस्था के विभिन्न पदाधिकारियों की उपस्थिति में परिवार को सम्मानित कर दैनिक उपयोगी वस्तुओं को दिया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष अमित जायसवाल, महामंत्री वीरेंद्र यादव, विजय त्यागी, ईशान राम, अजेन्द्र, श्रवण, सिम प्रकाश उर्फ सिम्पू, आनंद, राम अवतार, राजकुमार, सुधांशु आदि मौजूद रहे। संचालन महामंत्री वीरेंद्र यादव ने किया।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**

**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**

पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. 8177008889

आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**

डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

## थाना समाधान दिवस का आयोजन

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन उप जिलाधिकारी लाल बहादुर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस मौके पर 6 शिकायती प्रार्थना पत्र पड़े मौके पर किसी भी प्रार्थना पत्र का निस्तारण नहीं हो सका। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक ओमनारायण सिंह व कोतवाली के समस्त स्टाफ व राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

## ट्रेन के सामने कूदकर महिला ने की आत्महत्या

**जौनपुर।** लाइन बाजार थाना क्षेत्र के मुरादगंज टीचर्स कॉलोनी निवासी एक महिला ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर लिया है। उक्त मोहल्ला निवासी स्व. राम कुमार पाल की पत्नी रामसजी देवी पाल बीती रात अपने घर से निकल कर कुछ ही दूरी पर स्थित वाराणसी लखनऊ रेल मार्ग पर जाकर ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर लिया। जानकारी मिलने पर इन्हें ढूंढते हुए परिजन मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर लाइन बाजार पुलिस मौके पर पहुंची और लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## अब रोजी दौड़ेगी तीन पांव पर

जनसंदेश न्यूज



**सुइथाकला।** रोजी नाम पर आप सभी का चौंकना थोड़ा लाजिमी है, पर यह कुत्तों में जर्मन सेफर्ड प्रजाति की एक मादा है जिसके पैर में सड़न होने की वजह से शनिवार को क्षेत्र के राजकीय पशु चिकित्सालय अढ़नपुर पर तैनात पशु चिकित्साधिकारी डाक्टर आलोक सिंह पालीवाल द्वारा सर्जरी कर उसके एक पैर को निकाला गया।

सर्जरी के बाद होश आने पर वह तीन पाँव पर चलने लगी। डाक्टर पालीवाल ने बताया कि जब वह महज 50 दिन की थी तभी बच्चों के साथ खेलते हुए उसका पैर टूट गया था तब सुइथाकला निवासी उसके मालिक अमित श्रीवास्तव द्वारा उन्हें दिखाया गया था जिसमें बोन पिनिंग कर पैर को सही किया गया था और वह पूरी तरह स्वस्थ हो गयी थी पर दुर्भाग्यवश ठीक एक वर्ष बाद पुनः वही पैर गाड़ी की चपेट में आने से बुरी तरह से टूट गया। हालांकि उसके मालिक द्वारा ब्लाक मुख्यालय स्थित पशु चिकित्सालय ले जाया गया परन्तु ठीक होने की बजाय पैर में सड़न होने लगी थी जिसे सर्जरी कर निकालना पड़ा। सर्जरी के बाद होश आने पर उसे तीन पाँव पर चलता देख अमित की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

## कम्प्यूटर सीखने गई किशोरी लापता

**मुंगरबादशाहपुर।** स्थानीय क्षेत्र के एक किशोरी शुक्रवार को गायब हो गई। वह एक कंप्यूटर केंद्र पर कंप्यूटर सीखने गई थी जहां से वह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला दर्ज कर लिया है।मिली जानकारी के अनुसार कक्षा 11 में शिक्षारत 16 वर्ष की एक किशोरी एक कंप्यूटर सेंटर पर कंप्यूटर सीखने जाती थी। प्रतिदिन की भांति वह कंप्यूटर सीखने सेंटर पर गई थी लेकिन घर वापस नहीं पहुंची तो परिजन उसे तलाश करते हुए कंप्यूटर सेंटर पर पहुंचे। सेंटर के लोगों ने बताया कि वह वापस घर जा चुकी है। परेशान परिजन पुलिस को इसकी जानकारी देते हुए खोजबीन शुरू कर दिए हैं। फिलहाल परिजन अपहरण की आशंका जता रहे हैं और अनहोनी की संभावना से डरे हुए हैं। इस संदर्भ में पूंछे जाने पर थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी ने बताया कि अज्ञात के विरुद्ध बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला दर्ज कर शीघ्र ही मामले का पदार्फाश किया जाएगा।

# जिंदगी में चैलेंज न हो तो जीवन व्यर्थ



जितेंद्र श्रीवास्तव

*जिदंगी में चैलेंज न हो तो जीवन व्यर्थ है। चैलेंज मिलता है तो काम भी आसान हो जाता है। चैलेंज से कभी भी इंसान को घबराना नहीं चाहिए। मनुष्य के जीवन में कोई ऐसा पल नहीं होता, जब उसे चैलेंज न मिलता हो। कभी-कभी कोई चैलेंज आसानी से हल हो जाता है और कभी-कभी चैलेंज से मन घबराने लगता है। यहीं घबराहट इंसान को मजबूत बनाता है और चैलेंज हल करने के रास्ते भी बन जाते हैं। मैं जब इस जॉब में आया तो तमाम झंझावत झेलने पड़े। झंझावतों के चलते मन भी काफी विचलित हो जाता था, लेकिन दृढ़ इच्छाशक्ति और मन में दृढ़ संकल्प के चलते तमाम झंझावतों को दरकिनार कर यहां तक पहुंचा। चुनौतियों का सामना करते हुए उसे हल करने में जो खुशी मिलती है, वह किसी और में नहीं मिलती। उपभोक्ता के चेहरे पर खुशी झलके तो इससे बड़ी संस्तुष्टि कुछ और नहीं हो सकती। उस समय जो खुशी मिलती है, उसकी कल्पना नहीं की जा सकती। यह कहना है कि अनूप कुमार वर्मा का। विद्युत विभाग में सहायक अभियंता से नौकरी की शुरूआत करने वाले अनूप कुमार वर्मा वर्तमान में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि. वाराणसी जोन के 57वें मुख्य अभियंता का पदभार संभाल रहे हैं। मूलत: देहरादून के रहने वाले अनूप कुमार वर्मा की शिक्षा-दीक्षा वहीं हुई। पंतनगर विश्वविद्यालय से बीटेक करने के बाद उन्होंने विद्युत विभाग में सहायक अभियंता पद पर नौकरी ज्वाइंन की। पहली पोस्टिंग 1987 में देहरादून के डाक पत्थर उपकेंद्र पर हुई। तत्पश्चात मुजफ्फरनगर, मुरादाबाद (मुरादाबाद), नोएडा व गाजियाबाद में भी बतौर सहायक अभियंता काम किया। अधिशासी अभियंता पद पर प्रोन्नति के बाद मुरादाबाद व हापुड़ में यह जिम्मेदारी संभाली। इटावा और आगरा में बतौर अधीक्षण अभियंता जनता की सेवा की। इस दौरान उनको आपरेशन, हाइड्रो, राजस्व, स्टोर, टेस्ट डिवीजन में काम करने का मौका मिला। मुख्य अभियंता बनने के बाद पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि. के आजमगढ़ जोन में तैनाती मिली और वर्तमान में वाराणसी जोन का मुख्य अभियंता पदभार संभाल रहे हैं। उनका कहना है कि वितरण इकाई में काम करने का अपना अलग ही मजा है। यहां आप सीधे जनता से जुड़ते हैं और उनकी सेवा करते हैं। सिर्फ विद्युत विभाग में ही नहीं, किसी भी विभाग में काम करते हुए यदि आप जनता से सीधे जुड़ते हैं और उनकी सेवा करते हैं तो उससे बड़ी आत्मसंतुष्टि कुछ और नहीं होती। एक सवाल के जवाब में उनका कहना रहा कि जनता के कष्ट को दूर करना ही एक सफल अधिकारी के रूप में पहचान दिलाता है। काम के प्रति उदासीनता बरतने वाला जीवन के किसी भी मोड़ पर सफल नहीं होता। यह मेरा कटु अनुभव रहा है। यहीं वजह है कि शिकायत कैसी भी हो, किसी के माध्यम से मिले, उसे तत्काल दूर करना मेरी हॉवी रही है।*

**चुनौतियों का सामना करते हुए हल करने में जो खुशी वह किसी और में नहीं**

**उपभोक्ता के चेहरे पर खुशी झलके, इससे बड़ी संस्तुष्टि कुछ नहीं : अनूप वर्मा**

**सहायक अभियंता से वाराणसी जोन के 57वें मुख्य अभियंता का तय किया सफर**

जनसंदेश टाइम्स
अनूप कुमार वर्मा के साथ
खास मुलाकात

## रिवैंप्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम से होगी विद्युत आपूर्ति व्यवस्था मजबूत

पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि. (पूर्वांचल-डिस्कॉम) के अधीन जिलों में अंतिम उपभोक्ता तक विद्युत आपूर्ति व्यवस्था मजबूत करने की पहल शुरू कर दी गयी है। इसके लिए रिवैंप्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम लागू हुई है। इसके तहत जहां लाइनलॉस 12 से 15 प्रतिशत तक लाने का संकल्प है, तो वहीं वितरण क्षेत्र के नेटवर्क को मजबूत बनाया जाएगा। मुख्य अभियंता अनूप कुमार वर्मा बताते हैं कि वाराणसी जोन के वाराणसी, चंदौली, जौनपुर व गाजीपुर में इस स्कीम के तहत शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में शत-प्रतिशत उपभोक्ताओं के यहां मीटर लगाने, एलटी लाइनों की जगह एरियर बंच कंडक्टर लगाने, जर्जर एचटी तारों को बदलने, कैपिसिटर बैंक लगाने, वितरण ट्रांसफॉर्मरों की क्षमतावृद्धि, सभी वितरण ट्रांसफॉर्मर पर भी एनर्जी ऑडिट मीटर लगाने एवं वितरण क्षेत्र के अंतिम छोर तक विद्युत आपूर्ति को मजबूत करने का काम होना है। इन सभी काम के लिए कार्यदायी एजेंसी की तैनाती कर दी गयी है।

## संकरी गलियों व घनी आबादी में सर्वाधिक बिजली चोरी

एक सवाल के जवाब में मुख्य अभियंता अनूप कुमार वर्मा ने स्वीकार किया कि सकरी गलियों और घनी आबादी वाले इलाकों में बिजली चोरी सबसे अधिक होती है। नवविकसित कॉलोनियों में बिजली चोरी का दायरा बढ़ा है। बिजली चोरी पकड़ने के लिए मार्निंग रेड की जाती है। इसके अलावा सघन चेकिंग अभियान भी चलाया जाता है। विजिलेंस की टीम भी समय-समय पर रेड करती रहती है। उन्होंने बड़ी बेबाकी से कहा कि यदि निचले स्तर के कर्मचारी ईमानदारी से अपना काम करें तो निश्चित रूप से बिजली चोरी पर अंकुश लग सकता है। फिर भी बिजली चोरी पर काफी हद तक अंकुश लगा है। रिवैंप्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के मूर्तरूप लेने के बाद निश्चित रूप से इस पर विराम लगेगा और लाइनलॉस भी कम होगा।

## बिजली चोरी रोकेगा एबीसी

मुख्य अभियंता अनूप कुमार वर्मा ने बताया कि रिवैंप्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के तहत नंगे एलटी तारों की जगह एरियर बंच कंडक्टर (एबीसी) लगाये जाने से जहां बिजली चोरी पर अंकुश लगेगा, वहीं लाइनलॉस भी कम होगा। वाराणसी जोन में 11 केवी के 563 फीडर है। इन फीडरों से जुड़े 2759 किलोमीटर (किमी) एलटी लाइनों को एबीसी में तब्दील किया जाएगा। एलटी लाइनें खुली होती है और इसमें कटियामारी कर लोग बिजली चोरी करते हैं। लेकिन एबीसी लग जाने पर बिजली चोरी की संभावना पर अंकुश लग जाएगा। उन्होंने बताया कि रिवैंप्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के तहत 33 केवी की पुरानी लाइनों को भी बदला जाएगा। इसके तहत वाराणसी जिले में 204 किलोमीटर, चंदौली में 129 किलोमीटर, गाजीपुर में 206 किलोमीटर और जौनपुर में 135 किलोमीटर की लाइनें बदली जानी है। उन्होंने बताया कि रिवैंप्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के तहत सिस्टम को मजबूत बनाने में करीब 338.10 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके तहत वाराणसी जिले में 120 करोड़ रुपये खर्च कर सिस्टम को मजबूत बनाया जाएगा। वहीं, चंदौली में 37.67 करोड़, गाजीपुर में 83.44 करोड़ और जौनपुर में 96.99 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

## घर-घर 4जी प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने की तैयारी

एक सवाल के जवाब में मुख्य अभियंता अनूप कुमार वर्मा ने बताया कि घर-घर 4जी प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने की तैयारी चल रही है। इस मीटर की खासियत यह है कि यदि कोई उपभोक्ता इसके साथ छेड़छाड़ करेगा तो अलार्म बज उठेगा और उपभोक्ता के घर की बत्ती गुल हो जाएगी। 4जी प्रीपेड स्मार्ट मीटर पूरी तरह नयी तकनीकी फीचर से लैस हैं। इसमें बिजली चोरी से लेकर अन्य टेम्परिंग रोकने के लिए सभी फीचर्स लगाये गये हैं। इसके चलते इस मीटर में बिजली चोरी की गुंजाइश रत्ती भर भी नहीं है। उनका कहना है कि शहरी क्षेत्र में 4जी प्रीपेड स्मार्ट मीटर तीन चरणों में लगाया जायेगा। इसमें पहले चरण के तहत एक लाख से अधिक उपभोक्ताओं के परिसर में यह मीटर लगाया जाएगा। विभाग की ओर से निर्धारित कंपनी के कर्मचारी ही उपभोक्ता के यहां मीटर लगायेंगे। दूसरे चरण में एक लाख से अधिक और तीसरे चरण में 80 हजार से अधिक उपभोक्ताओं के यहां यह मीटर लगाया जाएगा। उपभोक्ताओं के यहां लगने वाले 4जी स्मार्ट मीटर पूरी तरह प्रीपेड बेस्ड होंगे। इसके तहत विद्युत के उपभोगकर्ता को पहले यूपीपीसीएल की बेवसाइट से आनलाईन रिचार्ज करवाना होगा। वे जितनी यूनिट बिजली के लिए रिचार्ज कराएंगे, उतनी ही मात्रा में बिजली का उपभोग कर पाएंगे। इसके बाद मीटर स्वत: उनकी आपूर्ति रोक देगा।



### जिलेवार एरियर बंच कंडक्टर लगाने का प्लान

| जिला | एबीसी |
|---|---|
| वाराणसी | 833 किमी |
| चंदौली | 528 किमी |
| गाजीपुर | 843 किमी |
| जौनपुर | 555 किमी |
| योग | 2759 कमी |

### जिलेवार लगे हैं इतने वितरण ट्रांसफॉर्मर

| जिला | ट्रांसफॉर्मर |
|---|---|
| वाराणसी | 26249 |
| चंदौली | 18194 |
| गाजीपुर | 31469 |
| जौनपुर | 62050 |
| योग | 137962 |

### घरेलू व वाणिज्यिक उपभोक्ताओं की संख्या

| जिला | उपभोक्ता |
|---|---|
| वाराणसी | 762869 |
| चंदौली | 275212 |
| गाजीपुर | 479615 |
| जौनपुर | 652377 |
| योग | 2170073 |

## 'सोलर एनर्जी' पर भी फोकस

एक सवाल के जवाब में मुख्य अभियंता ने बताया कि सोलर एनर्जी को बढ़ावा देने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना को मूर्तरूप देने के लिए यूपी नेडा, उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लि. (यूपीपीसीएल) और पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि. (पूर्वांचल-डिस्कॉम) ने कमर कस ली है। पूर्वांचल-डिस्कॉम के अधीन प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र में प्रथम चरण में करीब 25 हजार उपभोक्ताओं को कवर करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सोलर कनेक्शन लगवाने वाले उपभोक्ताओं को 14588 रुपये से लेकर 94822 रुपये तक की सब्सिडी दी जाएगी।

## जी20 सम्मेलन : सड़क किनारे शिफ्ट होंगे पोल

एक सवाल के जवाब में मुख्य अभियंता ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र काशी में जी-20 सम्मेलन के कुछ कार्यक्रम होने हैं। इसको लेकर तैयारियां भी शुरू हो गयी है। विद्युत विभाग भी अपने हिस्से के काम को पूर्ण करने के लिए पूरी जिम्मेदारी से जुट गया है। जी-20 सम्मेलन में भाग लेने आने वाले देशों के राष्ट्राध्यक्षों के आगमन को देखते हुए सुगम यातायात की कवायद के बीच के ऐसे विद्युत पोलों को सड़क किनारे शिफ्ट करने की तीन चरण की कार्ययोजना बनायी गयी है, जो सुगम यातायात में बाधक बने हुए हैं। ऐसे करीब 1300 विद्युत पोल है, जिनको शिफ्ट किया जाना है। पहले चरण में सड़कों के चौड़ीकरण की जद में आए पोल, चौराहों-तिराहों व सम्पर्क मार्गों के बेतरतीब पोलों को चिह्नित किया गया है, जिनकी संख्या करीब एक हजार है, इनको शिफ्ट किया जाएगा। पोल शिफ्ट करने के दौरान इस बात का पूरा ध्यान रखा जाएगा कि इससे यातायात में व्यवधान उत्पन्न न हो। खंडवार अवर अभियंताओं की मदद से यह कार्ययोजना बनायी जा रही है। उन्होंने बताया कि पीडब्ल्यूडी जिन सड़कों का चौड़ीकरण करेगा, उन सड़कों के करीब तीन सौ पोल चिह्नित किये गये हैं, जिनको शिफ्ट किया जाना है। पोल शिफ्टिंग के काम को मूर्तरूप देने में नगर निगम का भी सहयोग लिया जाएगा।

## केवाईसी कराएं, समस्याओं से निजात पाएं

एक सवाल के जवाब में मुख्य अभियंता अनूप कुमार वर्मा ने कहा कि विद्युत विभाग अपने उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए लगातार प्रयासरत रहता है। कभी-कभी समस्याओं के निस्तारण में विलंब हो जाता है। इसके पीछे एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय तक कागजों का दौड़ना माना जाता है। ऐसे में विभाग अपने समस्त उपभोक्ताओं को केवाईसी कराने को कह रहा है। बावजूद इसके अभी भी तमाम उपभोक्ता इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे। जबकि केवाईसी कराने से उपभोक्ताओं को अपनी समस्याओं के समाधान में सहूलियत होगी। उन्होंने बताया कि फिलहाल उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर ही विभाग में कनेक्शन लेते समय पंजीकृत होता रहा है। समय-समय पर तमाम उपभोक्ता अपने मोबाइल नंबर बदलते रहते हैं, लेकिन उसे विभाग में अपडेट नहीं कराते हैं। लिहाजा, उनको विभाग की तरफ से जारी होने वाले महत्वपूर्ण संदेश तक नहीं मिल पाते हैं। ऐसे में उपभोक्ताओं को विभाग के संदेश की जानकारी नहीं हो पाती। इसके अलावा, उपभोक्ता भी अपनी समस्याओं को उपकेंद्र या संबंधित अभियंता को बताते हैं और उसके आधार पर निराकरण कराया जाता रहा है। लेकिन इसमें तमाम तरह की त्रुटियां भी सामने आती है। इसको ध्यान में केवाईसी प्रक्रिया शुरू हुई है। केवाईसी के तहत उपभोक्ताओं का मोबाइल नंबर, व्हाट्सअप नंबर और ई-मेल आईडी को उनके कनेक्शन से जोड़ा जा रहा है। उपभोक्ताओं को चाहिए कि वे अपना मोबाइल नंबर, व्हाट्सअप नंबर और ई-मेल आईडी अपने संबंधित खंड या उपखंड कार्यालया या फिर उपकेंद्र पर जाकर नोट करा दें ताकि उनके कनेक्शन के साथ अपडेट कराया जा सकें।

# आयुष सेवा को और मजबूत बनाने में जुटी सरकार

**आयुर्वेद, योग प्राकृतिक, यूनानी सिद्धा, होम्योपैथी व सोवा-रिग्पा चिकित्सा के प्रति रुझान का ले रहे फीडबैक**



सुरोजीत चैटर्जी

**वाराणसी।** मोदी सरकार जहां आयुष चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न स्तर पर पहल कर रही है वहीं, इस क्षेत्र को और मजबूत करने की दिशा में व्यापक स्तर पर सर्वे भी करा रही है। ताकि यह पता चल सके कि आयुष के तहत शामिल आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्धा और सोवा रिग्पा पद्धतियों के प्रति आम जनता में किस स्तर तक जागरूकता है। साथ ही यह भी जानकारी भी मिले कि आयुष की किस पद्धति के प्रति लोगों में अधिक रुचि है। यदि रुचि नहीं है तो क्यों और यदि रुचि है तो उस पद्धति को नागरिकों तक बेहतर ढंग से पहुंचाने के लिए क्या-क्या पहल करना संभव होगा। इसके लिए सामाजिक एवं आर्थिक समेत कई बिंदुओं पर सर्वेक्षण करने वाला वाले विभाग नेशनल सैंपल सर्वे ऑफ इंडिया को अबकी आयुष का भी सर्वेक्षण करने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।केंद्र सरकार बीते कुछ अरसे से देशभर में आयुष संबंधी इंफ्रास्ट्रक्चर का जाल बिछाने में जुटी है। ताकि इस चिकित्सा से जुड़ी पद्धतियों के जरिये लोगों को सरलतापूर्वक उपचार की सुविधा मिल सके। जानकारी के मुताबिक इसके लिए देशभर में आयुष का विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार हो रहा है। देश में आमतौर पर लोग एलौपैथी चिकित्सा और 'अंग्रेजी' दवा को अधिक महत्व देते हैं। जबकि विशिष्ट देशी उपचार पद्धति को पर्याप्त बढ़ावा नहीं मिला। इसलिए सर्वे के माध्यम से फीडबैक लिया जा रहा है कि आयुष में सम्मिलित चिकित्सा पद्धति के प्रति जनता का रुझान क्या है। जनपद में यह सर्वेक्षण ग्रामीण इलाकों समेत शहरी क्षेत्र में कर रहे हैं। सेवापुरी विकास खंड, बड़ागांव ब्लॉक, काशी विद्यापीठ विकास खंड, शिवपुर, भोजूबीर, कचहरी क्षेत्र, डीआईजी कॉलोनी क्षेत्र, बीएलडब्ल्यू परिसर, चेतगंज समेत विभिन्न इलाकों में यह सर्वे जिला अर्थ एवं संख्या विभाग की टीमें विभिन्न चरणों में कर रही हैं। इस सर्वेक्षण का एक चरण (इकाई) बीते शुक्रवार को पूर्ण हुआ। आगामी जून माह तक संपूर्ण सर्वे रिपोर्ट मुख्यालय भेजने का लक्ष्य है।

उम्मीद की जा रही है कि आयुष से जुड़े सर्वेक्षण की देशभर से रिपोर्ट प्राप्त करने के बाद विशेषज्ञों के माध्यम से उसकी समीक्षा कर सरकार नागरिकों के बीच आयुष की चिकित्सा पद्धतियों को और भी सशक्त ढंग से लाएगी। हालांकि इस बात की पुष्टि फिलहाल संभव नहीं है।

**सराहनीय पहल**

**सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण में अब आयुष पद्धति से संबद्ध सर्वे भी हुआ शामिल**

**आगामी जून माह तक केंद्र को भेजनी है रिपोर्ट, जिले की 36 यूनिट में हो रहा सर्वे**



### सर्वे के लिए तय हैं सवाल : आरएन यादव



जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी रामनारायन यादव ने बताया कि आयुष से संबद्ध यह सर्वे जनपद की 36 यूनिटों यानि इलाकों में करा रहे हैं। सर्वे के दौरान लोगों से पूर्व निर्धारित प्रश्न पूछते हैं। उनमें ऐसे परिवार जो आयुष पद्धति से इलाज कराते हैं और वह जो इसमें रुचि नहीं लेते। इस पद्धति में रुचि लेने वाले के लिए सवाल तय हैं। जिसके के तहत आयुद्ध पद्धति से इलाज पर विश्वास है या नहीं? यदि है तो इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती हुए या चिकित्सक की सलाह पर दवा ली? अथवा किसी के कहने पर स्वयं अपना उपचार किया? आयुष की दुकान व अस्पताल घर से कितनी दूर है? दवा सरकारी अस्पताल से लेते हैं या प्राइवेट दुकान से? क्या इस पद्धति की दवाएं महंगी हैं? तात्कालिक रूप से इलाज में आयुष की दवा लेते हैं? घर के आसपास का वातावरण कैसा है। योग-प्राणायाम करते या नहीं आदि।

# टीवी चैनल के एंकरों और हेट स्पीच पर क्यों सुप्रीम कोर्ट सख्त

**नाराज**

**कहा, इसे सरकार ही रोक सकती है, कोर्ट ने माना, चैनल में लगे पैसे से काफी कुछ तय होता है**




सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को हेट स्पीच और हेट क्राइम को लेकर कहा कि 'यह सरकार ही रोक सकती ह' क्योंकि यह अपराध समाज के साथ किए जा रहे हैं। अंग्रेजी अखबार द हिंदू के मुताबिक, सरकार इस बात पर सहमत है कि नफरत किसी भी धर्म के रंग के पीछे छिप नहीं सकती है।

जस्टिस बीवी नागरत्ना वाली खंडपीठ में जस्टिस केएम. जॉसेफ ने कहा, हम सरकार के सामने किसी भी मामले में आना पसंद नहीं करते, लेकिन कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जब धार्मिक स्वतंत्रता, सौहार्द और व्यवस्थित प्रगति गंभीर रूप से प्रभावित हो रही हो तो दखल देना होता है। आज हम किस लिए लड़ रहे हैं? हमें एक राष्ट्र के रूप में बहुत कुछ हासिल करना है, लोग बिना नौकरी के भूखे मर रहे हैं। खंडपीठ की ये टिप्पणी उत्तर प्रदेश सरकार की उस सूचना के बाद आई जिसमें उसने कोर्ट को जानकारी दी है कि उसने साल 2021-2022 में हेट स्पीच के 580 मामले दर्ज किए गए। इनमें से 160 मामले स्वतः संज्ञान के थे। उत्तराखंड सरकार ने बताया कि उसने 118 मामले दर्ज किए थे। जस्टिस जोसेफ ने कहा कि यह (हेट स्पीच) पूरी तरह से संकट के अलावा कुछ भी नहीं है।सुनवाई के दौरान कोर्ट ने टीवी पर हेट स्पीच की समस्या की ओर ध्यान दिलाया। इस दौरान कहा गया कि टीवी चैनल और उसके एंकर्स शक्तिशाली विजुअल मीडियम के जरिए, अपनी टीआरपी के लिए समाज में विभाजनकारी और हिंसक प्रवृत्ति पैदा करने के लिए कुछ खास 'एजेंडा' को बेचने का औजार बन गए हैं। जस्टिस नागरत्ना ने कहा, हमें भारत में एक स्वतंत्र और संतुलित मीडिया की आवश्यकता है। लेकिन वे संतुलित नहीं है। हमें टीवी मिले दशकों हो गए हैं लेकिन आपने (सरकार) टीवी के लिए कुछ भी नहीं सोचा और इसी वजह से वो आज सभी के लिए मुफ़्त बन गया है।

कोर्ट ने यह भी पूछा कि बढ़ती नफरत या टीवी पर पूर्वाग्रह के खिलाफ संदेश देने के लिए क्या किसी एंकर को 'ऑफ एयर' करने का फैसला लिया गया।कोर्ट ने कहा कि 'अगर स्वतंत्रता के साथ एजेंडा का इस्तेमाल किया जाए या एजेंडा को बढ़ावा दिया जाए तो आप लोगों की सेवा नहीं कर रहे हैं बल्कि इसकी कुछ और वजहें हैं। इसलिए आपको उससे निपटना होगा। कोर्ट ने कहा कि एंकर्स और चैनल के संपादकीय प्रमुखों को कंटेंट पर फैसला करना चाहिए। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा कि चैनल के पीछे लगे 'पैसे' से वो सब तय होता है।

# पगड़ी को लेकर सिख समाज गरम

**रंज का इजहार**

**सिख सैनिकों के लिए हेलमेट की शर्त पर नाराजगी**

**कहा, यह हमारे लिए केवल कपड़ा नहीं**

भारत में सिखों के धार्मिक संगठनों और राजनीतिक नेताओं ने सेना में सिखों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य किए जाने के फैसले का विरोध किया है। उनका कहना है कि पारंपरिक पगड़ी सिखों की धार्मिक पहचान का अहम हिस्सा है और उसे दबाया नहीं जा सकता है। भारतीय सेना ने हाल ही में सिख सैनिकों के लिए खास 'बैलिस्टिक हेलमेट' की खरीद का ऑर्डर दिया है। भारतीय सेना में बड़ी संख्या में सिख सैनिक हैं। सिख धर्म की परंपरा के तहत उन्हें अब तक हेलमेट पहनने से छूट दी जाती रही है।रक्षा मंत्रालय ने 400 मीटर तक दूरी से दागी गई गोलियों से सुरक्षा देने के लिए सिख सैनिकों के लिए विशेष डिजाइन के 12370 हेलमेट खरीदने का टेंडर जारी किया है. इनमें 8911 लार्ज साइज और 3819 एक्स्ट्रा लार्ज साइज के हैं। भारतीय सेना की सिख रेजीमेंट, सिख लाइट इंफेंट्री और पंजाब रेजीमेंट में सिख सैनिकों की बड़ी संख्या है। सिखों को उनकी धार्मिक परंपरा को ध्यान में रखते हुए अब तक हेलमेट पहनने से छूट दी गई थी. लेकिन अब सेना ने अन्य सैनिकों की तरह ही सिख सैनिकों को भी बेहतर सुरक्षा देने के लिए विशेष हेलमेट खरीदने का फैसला लिया है।

हेलमेट के इस टेंडर को जमा करने की आखिरी तारीख 27 जनवरी है। हेलमेट खरीदने का फैसला टेंडर जमा होने के बाद ही किया जाएगा। भारतीय सेना सिखों की धार्मिक परंपराओं, खासकर पगड़ी को लेकर काफी संवेदनशील रही है। खतरनाक स्थितियों में बेहतर सुरक्षा प्रदान करने की दृष्टि से हेलमेट इस्तेमाल करने का निर्णय लिया गया है। चूंकि यह एक संवेदनशील मामला है, इसलिए राजनीतिक स्तर पर काफी विचार-विमर्श और सिफारिशों के बाद ही यह निर्णय लिया गया है। सिख धर्मस्थलों का प्रबंधन देखने वाली संस्था शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने रक्षा मंत्रालय को एक पत्र लिखकर हेलमेट के फैसले को तुरंत वापस लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि एक सिख सैनिक को उसकी पगड़ी उतरवा कर उसकी जगह हेलमेट पहनने का आदेश देना, ताकि उससे बेहतर सुरक्षा हो सके, इस बात का सबूत है कि फैसला करने वालों को 'सिखों की सोच की समझ नहीं है और वो सिखों की पगड़ी को लेकर धार्मिक आस्था को भी नहीं जानते हैं। अमृतसर में जारी किए गए एक बयान में हरजिंदर धामी ने कहा, ₹पगड़ी एक कपड़ा नहीं है. आध्यात्मिक और धार्मिक महत्व के अलावा ये सिखों की पहचान का प्रतीक भी है। सिखों का उनकी पगड़ी से लगाव सिख गौरव और गुरुओं की शिक्षा के पालन का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि सिख सैनिकों को हेलमेट पहनने के लिए मजबूर करने के फैसले से सिखों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। सिखों के सबसे पवित्र स्थल अकाल तख़्त के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने हेलमेट के फैसले को 'सिख पहचान पर हमला' करार दिया है। उन्होंने केंद्र सरकार और सेना से इस फैसले को तुरंत वापस लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पगड़ी को हेलमेट से बदलने की कोशिश को 'सिख पहचान को दबाने की कोशिश' के रूप में देखा जाएगा। उन्होंने कहा, दूसरे विश्व युद्ध के दौरान ब्रितानी शासकों ने भी ऐसी ही कोशिश की थी लेकिन उस वक़्त भी सिखों ने उसे नाकाम कर दिया था। पगड़ी किसी सिख के सिर पर 5-7 मीटर का महज एक कपड़ा नहीं है बल्कि ये हमारे गुरुओं के जरिए दिया गया ताज है. ये हमारी खास पहचान का प्रतीक है। पंजाब में प्रभाव रखने वाली राजनीतिक पार्टी अकाली दल ने भी इस फैसले का विरोध किया है। पार्टी के अध्यक्ष सुखविंदर सिंह बादल ने कहा, सरकार ने सिखों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य करार देने का जो फैसला लिया है वो सिखों की धार्मिक पहचान पर हमला है. मैं सरकार से अपील करता हूं कि वो इस फैसले पर फिर से विचार करे। सिख धर्म में अनुयायियों के लिए पांच चीजें अनिवार्य की गई हैं. ये हैं केश, लकड़ी की कंघी, कड़ा, कृपाण और कशहरा।

### परंपरा का हिस्सा

सिख अपने सिर या दाढ़ी के बाल नहीं काटते हैं। वो अपने साथ बाल काढ़ने के लिए कंघी रखते हैं। हाथ में लोहे या स्टील का कड़ा पहनते हैं, सुरक्षा के लिए कृपाण (तलवार) रखते हैं और इसके अलावा अंत: वस्त्र अवश्य पहनते हैं। सिर के बालों को बांधकर और संभाल कर रखने के लिए सिख पगड़ी पहनते हैं जिसे दस्तार भी कहा जाता है। सिख सिर्फ.भारत ही नहीं बल्कि अमेरिका, कनाडा, यूरोप के कई देशों और ऑस्ट्रेलिया में भी आबाद हैं. फ्रांस को छोड़कर लगभग सभी देशों में फौज में शामिल सिखों को पगड़ी पहनने की इजाजत है। हालांकि नई पीढ़ी के कई सिख नौजवान धार्मिक परंपरा के विपरीत अब बाल कटवाने लगे हैं और पगड़ी भी नहीं पहनते हैं। सिखों की धार्मिक परंपरा के मुताबिक सिख मर्दों के लिए पगड़ी से और औरतों के लिए दुपट्टे से अपने बाल ढंकना अनिवार्य है. हेलमेट या किसी और चीज से सर ढंकने को टोपी पहनने जैसा माना जाता है, जिसे सिख नहीं पहनते है। साल 1988 में पंजाब हाई कोर्ट ने बाइक चलाने वाले सिर्फ.उन सिखों को हेलमेट पहनने से छूट दी थी जो पगड़ी पहनते हों. इस फैसले का उस समय काफी विरोध भी हुआ था। वहीं साल 2018 में चंडीगढ़ प्रशासन ने बाइक या स्कूटी चलाने वाली या उसके पीछे बैठने वाली सिख औरतों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य किया था। लेकिन सिखों के धार्मिक संगठनों और राजनीतिक पार्टियों के सख़्त विरोध के बाद ये फैसला वापस ले लिया गया था।